सच, सिर्फ सच
**
# वॉयस ऑफ लखनऊ
रविवार, 06 जुलाई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 182, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

**अपनी ताकत के दम पर बातचीत करता है भारत**

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत समयसीमा के तहत नही, बल्कि अपनी ताकत के दम पर बातचीत करता है। } 14

**चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार व अनुसंधान समय की मांग**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार व अनुसंधान समय की मांग है तथा स्वास्थ्य चुनौतियों के समाधान के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में तेजी से हो रही प्रगति का लाभ उठाया जाना चाहिए। } 16



## गिल ने तोड़ा सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड

### एक टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

एजेंसी



बर्मिंघम। कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 100) ने चार पारियों में अपना तीसरा शतक जड़ा जिससे भारत ने शनिवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन चाय तक दूसरी पारी में चार विकेट पर 304 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 484 रन तक पहुंचा दी।

शुभमन गिल ने किसी भी भारतीय के एक टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा रन जुटाने के मामले में महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 1971 में पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ एक टेस्ट में 344 रन बनाए थे। गिल ने लंच ब्रेक के बाद गियर बदलते हुए स्कोरिंग गति बढ़ाई और फिर चाय से तुरंत पहले मैच का अपना दूसरा शतक पूरा किया। भारत ने दूसरे सत्र में 30 ओवर में 127 रन जोड़े। गिल ने चाय के ब्रेक से पहले शोएब बशीर के ओवर में एक रन लेकर एक मैच में दो शतक जड़ने की उपलब्धि हासिल की। पहली पारी में गिल ने दोहरा शतक जड़ा था। दूसरी पारी में शतक जड़ने के बाद उन्होंने ज्यादा जश्न नहीं मनाया क्योंकि उनकी निगाहें श्रृंखला बराबरी करने पर लगी हैं।

(विस्तृत खबर भीतर)

## बौद्ध व सिख श्रद्धालुओं को तीर्थ यात्रा करायेगी योगी सरकार

### आस्था को सम्मान, बौद्ध तीर्थ दर्शन और पंच तख्त यात्रा योजना का ऐलान

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बौद्ध और सिख श्रद्धालुओं की धार्मिक यात्राओं की आस पूरी करने के लिए एक बड़ा निर्णय लिया है। शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि तीर्थ यात्राएं भारतीय संस्कृति में आत्मिक उत्थान और सामाजिक समरसता का माध्यम रही हैं। ऐसे में राज्य सरकार का दायित्व है कि वह नागरिकों को उनकी आस्था से जुड़े स्थलों तक पहुंचने में सहायता प्रदान करे।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बौद्ध श्रद्धालुओं की विशिष्ट तीर्थ यात्राओं के लिए 'बौद्ध तीर्थ दर्शन योजना' और सिख श्रद्धालुओं के लिए 'पंच तख्त यात्रा योजना' प्रारम्भ की जाए। इन योजनाओं के माध्यम से श्रद्धालुओं को आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा, जिससे वे अपनी आस्था के प्रमुख तीर्थस्थलों की यात्रा सुलभता से कर सकें। मुख्यमंत्री के मंशानुसार बौद्ध तीर्थ दर्शन योजना का उद्देश्य प्रदेश के निवासी हिन्दू/बौद्ध श्रद्धालुओं को देश के विभिन्न भागों में स्थित बौद्ध तीर्थ स्थलों की यात्रा की साध पूरी कराना है। मुख्यमंत्री ने योजना के लाभार्थियों के चयन में बौद्ध भिक्षुओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, पंच तख्त यात्रा योजना



सिख श्रद्धालुओं के लिए होगी। इसके अंतर्गत प्रदेश के निवासी सिख श्रद्धालुओं को भारत के पांच पवित्र ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अब फूल किसानों को नहीं देना होगा मंडी शुल्क : सीएम योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फूल की खेती से जुड़े किसानों को बड़ी राहत देते हुए 'सभी प्रकार के फूलों' को विनिर्दिष्ट कृषि उत्पाद की श्रेणी से हटाकर गैर-विनिर्दिष्ट श्रेणी में रखने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फूलों की ताजगी अल्पकालिक होती है और यह नाशवान प्रकृति का उत्पाद है। मंडी तक लाने में समय लगने से फूलों की गुणवत्ता पर असर पड़ता है और किसान उचित मूल्य से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में किसानों को फूलों की बिक्री मंडी के बाहर करने पर किसी भी प्रकार का मंडी शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए। यह निर्णय विशेष रूप से छोटे, सीमांत और फूलों की मौसमी खेती करने वाले किसानों के लिए बड़ा संबल सिद्ध होगा। शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सम्पन्न उत्तर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर 6 पुलिसकर्मी सस्पेंड

फिरोजाबाद। जनपद में तैनात एक पुलिस कांस्टेबल द्वारा समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को लेकर सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में जांच रिपोर्ट के आधार पर छह पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने एक बयान में बताया कि दो जुलाई को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गयी थी। इसकी शिकायत 3जुलाई को समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष शिवराज सिंह यादव और पूर्व विधायक अजीम भाई द्वारा पुलिस अधीक्षक से मिलकर की गई थी। इस पर संज्ञान लेते हुए दीक्षित ने पूरे मामले की जांच क्षेत्राधिकारी सदर चंचल त्यागी को सौंपी थी, जिनकी रिपोर्ट के आधार पर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात पुलिसकर्मी प्रदीप ठाकुर समेत छह पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया। ठाकुर ने कथित आपत्तिजनक पोस्ट को स्टेटस पर लगाया।

### राजा भइया के पिता 13 समर्थकों संग नज़रबंद

प्रतापगढ़। जिला प्रशासन ने मुहर्रम को देखते हुए कुंडा के बाहुबली विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भइया के पिता कुंवर उदय प्रताप सिंह को शनिवार को उनके 13 समर्थकों के साथ 40 घंटे के लिए नज़रबंद कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय ने बताया कि मुहर्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए निरीक्षक संजय सिंह पुलिसकर्मियों के साथ शनिवार राजा कुंवर उदय प्रताप सिंह के आवास भदरी कोठी पहुंचे और शनिवार सुबह पांच बजे से रविवार रात नौ बजे तक नज़रबंद करने का नोटिस चस्पा किया। नोटिस चस्पा करने के दौरान कुंवर उदय प्रताप सिंह भदरी कोठी में 13 समर्थकों के साथ मौजूद थे तथा इन सभी को नज़रबंद कर आवास पर पुलिस बल तैनात किया गया है।

# आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हो वैश्विक समुदाय

## भारत, त्रिनिदाद और टोबैगो ने संबंधों को विस्तार देने के लिए छह समझौतों पर किये हस्ताक्षर

एजेंसी

पोर्ट ऑफ स्पेन। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद को मानवता का दुश्मन करार देते हुए कहा कि वैश्विक समुदाय को इसे पनाह या कोई भी जगह नहीं देने के लिए एकजुट होना चाहिए। त्रिनिदाद एवं टोबैगो की संसद की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत ग्लोबल साउथ के देशों में वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने के लिए एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) उपकरण विकसित कर रहा है और इस मामले में कैरेबियाई राष्ट्र को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि नयी चुनौतियां हैं और पुरानी संस्थाएं शांति व प्रगति लाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। मोदी ने कहा समय आ गया है कि हम साथ मिलकर काम करें, ताकि ग्लोबल साउथ को सही मंच पर उसका उचित स्थान मिल सके। प्रधानमंत्री ने कहा आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। इसी रेड हाउस (त्रिनिदाद एवं टोबैगो की संसद) ने खुद आतंकवाद के घाव



और निर्दोष लोगों के खून को बहते देखा है। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़े होने के लिए कैरेबियाई देश की जनता और सरकार को धन्यवाद दिया। शनिवार को जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि त्रिनिदाद और टोबैगो ने विस्तारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारत को अपना पूर्ण समर्थन देने की पुष्टि की है। वैश्विक मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श करते हुए मोदी और बिसेसर ने संयुक्त राष्ट्र में व्यापक सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का विस्तार भी शामिल है ताकि वर्तमान वास्तविकताओं को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित किया जा सके। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक संघर्षों को स्वीकार करते हुए दोनों नेताओं ने बातचीत और कूटनीति को आगे बढ़ने का रास्ता बताया। इस बात पर भी सहमति बनी कि भारत 2027-28 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अस्थायी सीट के लिए त्रिनिदाद और टोबैगो की उम्मीदवारी का समर्थन करेगा तथा यह द्वीपीय राष्ट्र 2028-29 की अवधि के लिए नयी दिल्ली की दावेदारी का समर्थन करेगा। विदेश मंत्रालय ने कहा प्रधानमंत्री की त्रिनिदाद और टोबैगो की ऐतिहासिक यात्रा से दोनों देशों के बीच विशेष संबंधों को बढ़ावा मिला है। मोदी पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में बृहस्पतिवार को पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचे। यह 1999 के बाद से किसी भारतीय प्रधानमंत्री की त्रिनिदाद एवं टोबैगो की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान बिसेसर ने कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अर्जेंटीना पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

ब्यूनस आयर्स। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अर्जेंटीना के राष्ट्रीय नायक माने जाने वाले जनरल जोस डी सैन मार्टिन के स्मारक पर यहां पुष्पांजलि अर्पित की। जोस फ्रांसिस्को डी सैन मार्टिन वाई मटोरस को दक्षिण अमेरिकी देशों अर्जेंटीना, चिली और पेरू के मुक्तिदाता के रूप में भी जाना जाता है। मोदी दो दिवसीय यात्रा पर अर्जेंटीना पहुंचे। इस दौरान वह देश के शीर्ष नेतृत्व के साथ जारी सहयोग की समीक्षा करेंगे और प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। यह 57 वर्षों में अर्जेंटीना में प्रधानमंत्री स्तर की पहली भारतीय द्विपक्षीय यात्रा है। प्रधानमंत्री के रूप में यह मोदी की दूसरी अर्जेंटीना यात्रा है, उन्होंने 2018 में जी 20 शिखर सम्मेलन के लिए यहां का दौरा किया था। यह प्रधानमंत्री की पांच देशों की यात्रा का तीसरा पड़ाव है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, मोदी रक्षा, कृषि, खनन, तेल और गैस, नवीकरणीय ऊर्जा, व्यापार और निवेश सहित प्रमुख क्षेत्रों में भारत-अर्जेंटीना साझेदारी को और बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रपति मिलेई के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। अर्जेंटीना यात्रा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अमेरिका में धरा गया नीरव मोदी का भाई

नयी दिल्ली। अमेरिकी अधिकारियों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के प्रत्यर्पण अनुरोधों के आधार पर भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के छोटे भाई निहाल मोदी को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अमेरिकी अधिकारियों ने भारत को सूचित किया कि निहाल मोदी को शुक्रवार को हिरासत में ले लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मामले की सुनवाई की अगली तारीख 17 जुलाई है और उस सुनवाई में निहाल जमानत का अनुरोध कर सकता है, लेकिन अमेरिकी अभियोजक इसका विरोध करेंगे। प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई द्वारा संयुक्त रूप से किये गये प्रत्यर्पण अनुरोध पर यह कदम उठाया गया। अमेरिकी अभियोजकों द्वारा प्रत्यर्पण की कार्यवाही दो आरोपों पर की गई, जिसमें धन शोधन रोकथाम अधिनियम, 2002 की धारा 3 के तहत धन शोधन का एक मामला और दूसरा भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) व 201 (फरार होने) के तहत आपराधिक साजिश का मामला शामिल है।

## एक मंच पर आये उद्धव-राज ठाकरे

### उद्धव ने नगर निकाय चुनाव साथ मिलकर लड़ने का दिया संकेत

एजेंसी

मुंबई। शिवसेना (उबाठा) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि वह और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे एकजुट रहने के लिए साथ आए हैं। दोनों चचेरे भाईयों ने मराठी पहचान और हिंदी भाषा थोपने के खिलाफ दो दशक के बाद पहली बार शनिवार को राजनीतिक मंच एक साथ नजर आए।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार द्वारा हिंदी भाषा संबंधी सरकारी आदेश (जीआर) वापस लिए जाने का जश्न मनाने के लिए वर्ली में आयोजित विजय रैली को संबोधित करते हुए उद्धव ने आगामी नगर निकाय चुनाव साथ मिलकर लड़ने का संकेत दिया। यहां के एनएससीआई डोम में



आयोजित रैली में भारी भीड़ की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उन्होंने कहा, हम एकजुट रहने के लिए एक साथ आए हैं। हम एक साथ मिलकर बृहन्मुंबई महानगरपालिका और महाराष्ट्र में सत्ता ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उम्मीद पोर्टल पर देना होगा वक्फ संपत्ति का हिसाब

नयी दिल्ली। केन्द्र सरकार ने एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास नियम, 2025 को अधिसूचित कर दिया है जो वक्फ संपत्तियों के पोर्टल और डेटाबेस, उनके पंजीकरण के तरीके, ऑडिट कराने और खातों के रखरखाव जैसे मुद्दों से संबंधित हैं।

इन नियमों को 1995 के अधिनियम की धारा 108 बी के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए बृहस्पतिवार को अधिसूचित किया गया, जिसे वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के माध्यम से शामिल किया गया था। यह कानून आठ अप्रैल 2025 से प्रभावी हुआ। नियमों के अनुसार, वक्फ का ब्यौरा दाखिल करने, औकाफ (वक्फ) की सूची अपलोड करने, नये वक्फ का पंजीकरण करने, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सीएम धामी बने किसान, रोपा धान

### मुख्यमंत्री ने कृषि संस्कृति से गहरे जुड़ाव का दिया परिचय

विशेष संवाददाता

खटीमा (उत्तराखंड)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को खटीमा के नगरा तराई स्थित अपने पैतृक खेत में धान की रोपाई कर एक बार फिर यह साबित किया कि वे केवल प्रशासनिक नेतृत्व तक सीमित नहीं, बल्कि मिट्टी से जुड़े जननायक भी हैं।

पारंपरिक कृषि वेशभूषा में मुख्यमंत्री को खेत की पंक्तियों में धान रोपते देख न केवल ग्रामीण अभिभूत हुए, बल्कि पूरा माहौल आत्मीयता और गर्व से भर उठा। मुख्यमंत्री ने किसानों के साथ संवाद करते हुए कहा कि देश की समृद्धि की जड़ें खेतों में हैं और किसान ही वह हाथ हैं, जो पूरे राष्ट्र के लिए अन्न का निर्माण करते



हैं। उन्होंने कहा कि किसान का जीवन त्याग, परिश्रम और आत्मबल का प्रतीक है, जो हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा है। धान रोपते समय मुख्यमंत्री भावुक हो उठे और कहा कि यह क्षण उन्हें उनके बचपन की ओर लौटा ले गया, जब वे अपने परिवार के साथ खेतों में काम किया करते थे। उन्होंने कहा, आज फिर उसी मिट्टी में उतरना, मेरे लिए केवल कर्म नहीं, एक भावना है, एक संवाद है उस धरती से जिसने मुझे बनाया। मुख्यमंत्री ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- उधैला झील पर्यटकों के लिए बनेगी आकर्षण (पृष्ठ-02)
- 15 को मनेगा विश्व युवा कौशल दिवस (पृष्ठ-02)
- ईवाई पर लगा कदाचार का आरोप (पृष्ठ-14)
- भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कर रहे वार्ता (पृष्ठ-14)
- रिलायंस का बाजार मूल्य 50 अरब डॉलर बढ़ेगा (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** अयोध्या से शेरू होकर नंदीग्राम, सीतामढ़ी, जनकपुर, बक्सर, वाराणसी, चित्रकूट, नासिक, प्रयागराज, हम्पी, दक्षिण भारत के रामेश्वरम द्वीप तक जायेगी ट्रेन

# भगवान राम से जुड़े तीर्थस्थलों के लिए चलेगी विशेष ट्रेन

एजेंसी

नयी दिल्ली। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की लोकप्रियता के मद्देनजर भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) 25 जुलाई 2025 से श्रीरामायण यात्रा के नाम से अपनी पांचवीं विशेष ट्रेन यात्रा शुरू करने जा रहा है। यह यात्रा 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिये आयोजित समारोह के बाद से शुरू हुई श्रृंखला का हिस्सा है।

आईआरसीटीसी के अनुसार श्री रामायण यात्रा, 25 जुलाई 2025 से शुरू होगी और इसमें भगवान राम से जुड़े 30 से अधिक स्थलों को शामिल किया जाएगा। यात्रा की शुरुआत अयोध्या से होगी और इसके बाद नंदीग्राम, सीतामढ़ी, जनकपुर, बक्सर, वाराणसी, चित्रकूट, नासिक, प्रयागराज, हम्पी और अंत में दक्षिण भारत के रामेश्वरम द्वीप तक जाएगी, जिसके बाद यह यात्रा




दिल्ली लौटकर समाप्त होगी। आईआरसीटीसी अधिकारियों ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के बाद धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बड़ा प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु देशभर से इन स्थलों की यात्रा में रुचि दिखा रहे हैं। आईआरसीटीसी के एक अधिकारी ने कहा, राम मंदिर के उद्घाटन के बाद से यह हमारी पांचवीं रामायण यात्रा है। पहले की सभी यात्राओं को तीर्थयात्रियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। यात्रा का किराया तृतीय श्रेणी वातानुकूलित यान (थर्ड एसी) के लिए प्रति व्यक्ति 1,17,975 रुपये, द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित यान (सेकेंड एसी) के लिए 1,40,120 रुपये, प्रथम श्रेणी वातानुकूलित यान (फर्स्ट एसी) केबिन के लिए 1,66,380 रुपये और फर्स्ट एसी कूप के लिए 1,79,515 रुपये निर्धारित किया गया है।

पैकेज शुल्क में ट्रेन यात्रा, तीन सितारा होटलों में ठहरने की व्यवस्था (सभी श्रेणियों के लिए), शुद्ध शाकाहारी भोजन, वातानुकूलित बसों से यात्रा एवं दर्शन, यात्रा बीमा और आईआरसीटीसी यात्रा प्रबंधक की सेवाएं शामिल हैं। आईआरसीटीसी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह यात्रा दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से शुरू होगी और आधुनिक सुविधाओं वाली भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन के जरिये संचालित की जाएगी।

## बिहार : प्रसिद्ध व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या

एजेंसी

पटना। बिहार के जाने-माने व्यवसायी गोपाल खेमका की यहां उनके आवास के निकट मोटरसाइकिल सवार हमलावर ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

सात साल पहले हाजीपुर में बदमाशों ने उनके बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजकर 40 मिनट पर गांधी मैदान इलाके में गोपाल खेमका की हत्या कर दी गयी। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए एक बैठक की और उस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गोपाल खेमका हत्याकांड की जांच शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक (पटना मध्य) दीक्षा ने संवाददाताओं से कहा, स्थानीय थाने के अधिकारी एवं गश्ती वाहनों में सवार पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक विशेषज्ञ साक्ष्य एकत्र कर रहे हैं। जांच जारी है। उन्होंने कहा सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही हैं। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गोपाल खेमका को मोटरसाइकिल सवार एक अज्ञात हमलावर ने गोली मारी। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, मुख्यमंत्री ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# यूपी की सभी गौशालाओं में गोपाल वन स्थापित करेगी योगी सरकार

## यूपी को संवार रही योगी की वन नीति, राजनीति करने वालों को भी दिखा रही आईना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पौधरोपण महाभियान-2025 के अंतर्गत 9 जुलाई बुधवार को मुख्य आयोजन होगा। योगी सरकार इस दिन भी नया इतिहास रचने जा रही है। योगी सरकार की तरफ से इस विशेष दिन पर 37 करोड़ से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अनेक नए वनों की स्थापना के साथ ही सरकार गोपाल वन की भी स्थापना करेगी।

यह वन यूपी के सभी गोशालाओं में स्थापित किया जाएगा। गोशाला में छायादार व चारा प्रजाति के पौध लगाने के निर्देश दिए गए हैं। गोपाल वन की स्थापना में मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की मुहिम से संत समाज व गोपालक भी जुड़ गए हैं। योगी आदित्यनाथ की वन नीति न सिर्फ यूपी को संवार रही है, बल्कि राजनीति करने वालों को आईना भी दिखा रही है। जिस प्रदेश में कभी 5 करोड़ पौधे नहीं मिलते थे। उस प्रदेश में योगी सरकार ने 2025 महाभियान के तहत 52.43 करोड़ पौधे तैयार कराए हैं। इसमें से 37 करोड़ पौधे यूपी में लगाए जाएंगे। योगी सरकार के कार्यों का ही परिणाम है कि 2017 के पश्चात अब तक 204.92 करोड़ पौधे लगाए गए हैं। ग्रीन वेव की तरफ बढ़ रहा उत्तर प्रदेश हरित आवरण में देश में दूसरे स्थान पर है। यही नहीं, यूपी की हवा को शुद्ध करने के साथ ही योगी सरकार जंतु-जानवरों की तरफ भी पूर ध्यान दे रही है। इसी को देखते हुए गोपाल वन की स्थापना कराई जा रही है। उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में 6613 अस्थायी गोआश्रय स्थल, 387 वृहद गोसंरक्षण केंद्र, 305 कांजी हाउस तथा शहरी क्षेत्र में 303 कान्हा गोआश्रय स्थल सहित कुल 7608 गोआश्रय स्थल संचालित हैं। इन सभी स्थलों में गोपाल वन की स्थापना भी की जाएगी। पूरे वर्षकाल में यहां भी पौधरोपण किया जाएगा। साथ ही इसके संरक्षण पर भी विशेष ध्यान रहेगा। सरकार ने इसके अतिरिक्त निजी गोपालकों से भी अनुरोध किया है कि वे भी पौधे लगाएं। भगवान श्रीकृष्ण को गोपाल कहा जाता है। वे गायों की देखभाल व पालन करते थे। गाय निस्वार्थ भाव से बहुत कुछ देती है। इसी उद्देश्य से योगी सरकार ने निर्णय लिया कि गोशाला परिसर में निवास कर रहे पशुओं को छाया व चारा उपलब्ध कराए जाने के दृष्टिगत प्रत्येक गोशाला परिसर में गोपाल वन की स्थापना की जाए। महाभियान के तहत यह आदेश जारी किया गया है कि प्रभागों के अंतर्गत प्रत्येक गोशाला में गोपाल वन की स्थापना की जाए, जिसमें स्थल की उपलब्धता के अनुरूप छायादार व चारा प्रजातियों का रोपण किया जाए। गोपाल वन के सफलता-सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस मुहिम से संत समाज व गोपालक भी जुड़ गए हैं। संत समाज-गोपालकों ने तय किया है कि निजी और सरकारी गोशालाओं में भी पौधरोपण किया जाएगा। 9 जुलाई से सभी गोशालाओं में पौधरोपण प्रारंभ होगा। फिर इनके संरक्षण पर भी सर्वाधिक जोर रहेगा। गोसेवा आयोग ने भी पौधरोपण महाभियान में सहभागिता को लेकर तैयारी कर ली है। श्याम बिहारी गुप्ता, अध्यक्ष, गोसेवा आयोग ने बताया कि आयोग की तरफ से दो दिन पहले ऑनलाइन बैठक भी हुई है। सभी गोशालाओं में सहजन, पीपल, पाकड़, बरगद आदि के पौध लगाने पर जोर दिया गया है। छायादार पौध गोशाला में रहने वाले गोवंशों के लिए काफी कारगर साबित होंगे। 9 जुलाई को मुख्यमंत्री द्वारा पौधरोपण महाभियान-2025 प्रारंभ करने के बाद आयोग भी पूरे वर्षा काल में पौध लगाएगा और इनके संरक्षण पर जोर देगा। दीपक कुमार, मिशन निदेशक, पौधरोपण महाभियान ने बताया कि 9 जुलाई को पौधरोपण महाभियान-2025 को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। इस बार अनेक महापुरुषों के नाम पर वनों के साथ ही गोपाल वन की भी स्थापना की जाएगी। गोशालाओं में चारा व छायादार प्रजाति के पौधे लगाए जाएंगे। गोपाल वन की स्थापना में गोपालकों व संत समाज का भी सहयोग लिया जाएगा।

- गोवंशों के लिए छायादार और चारा प्रजाति के पौधे लगाने का निर्देश
- मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की मुहिम से जुड़ा संत समाज व गोपालक

# आम महोत्सव किसानों के परिश्रम और नवाचार का उत्सव है : ब्रजेश पाठक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की उर्वर भूमि में उपजा आम अब केवल स्वाद का प्रतीक नहीं, बल्कि प्रदेश की आर्थिक समृद्धि और वैश्विक पहचान का वाहक बन चुका है। योगी सरकार के प्रयासों से फलों का यह 'राजा' अब दोहा, सिंगापुर, बेल्जियम, इटली, कतर, रूस, ऑस्ट्रेलिया और ओमान जैसे देशों की रसोइयों तक पहुंच चुका है। इसी गौरवगाथा को जीवंत कर रहे आम महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अवध शिल्पग्राम में उल्लास और नवाचार के संगम के रूप में मनाया गया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दीप प्रज्वलित कर महोत्सव के दूसरे दिन का शुभारंभ किया।

- योगी सरकार के प्रयासों से आम पहुंचा दोहा से ऑस्ट्रेलिया तक
- आम महोत्सव के दूसरे दिन बच्चों की प्रतियोगिता और तकनीकी सत्रों ने बढ़ाया उत्साह



उन्होंने कहा कि योगी सरकार किसानों के जीवन में समृद्धि लाने के लिए प्रतिबद्ध है। आम महोत्सव केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि किसानों के परिश्रम और नवाचार का उत्सव है। उन्होंने वैज्ञानिकों से आम को सड़ने से बचाने के लिए दीर्घकालिक समाधान खोजने का आग्रह कियाए ताकि आम के स्वाद का आनंद पूरे वर्ष लिया जा सके। महोत्सव में 800 से अधिक देशी, कलमी, संकर, प्रसंस्कृत और विदेशी प्रजातियों के आमों की भव्य प्रदर्शनी लगाई गई। उप मुख्यमंत्री ने इन विविध प्रजातियों का अवलोकन किया और आम उत्पादक लखीमपुर के हरप्रीत सिंह तथा बदायूं के अमरपाल सिंह को शॉल, प्रशस्ति पत्र और पौधे भेंट कर सम्मानित किया।

उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि जल्द ही जेवर एयरपोर्ट का संचालन प्रारंभ होगा, जिससे निर्यात लागत में भारी कमी आएगी। इसके पास बन रहा इंटीग्रेटेड टेस्टिंग पार्क किसानों को वैश्विक मानकों के अनुरूप उत्पाद तैयार करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि कागज की थैली तकनीक से आम की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और किसानों की आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगरा में 110 करोड़ रुपये की लागत से आलू अनुसंधान केंद्र और पेरू की शाखा खोलने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। साथ ही खजूर, स्ट्रॉबेरी और ड्रैगन फ्रूट जैसे फलों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में जन-आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ औषधीय, मसालेदार और फल-फूल आधारित खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन प्रदर्शनी में विभिन्न जिलों से आए किसान, बागबान तथा स्कूली बच्चों, नागरिकों, माव जनप्रतिनिधियों द्वारा 800 से अधिक प्रदर्शों का अवलोकन किया गया। टॉमी एटकिन, अरुणिमा, आम्रपाली, योगी, मोदी अंबिका, पूसा पीतांबरा, आदि आम की किस्मों का को देख कर लोग अति उत्साहित दिखे तथा लगे स्टालों पर पहुंच कर आम के व्यंजनों और आम को चख कर रसास्वादन भी किया गया। सेंसेशन प्रजाति अपने रंग एवं आकर के कारण जनमानस को आकर्षित कर रही है। बच्चों के लिए आम खाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तकनीकी सत्र में शस्य क्रियाएं, पोषण प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, संरक्षित खेती और सहफसली खेती जैसे विषयों पर विशेषज्ञों और किसानों के बीच संवाद हुआ।

# उधैला झील पर्यटकों के लिए बनेगी आकर्षण का केंद्र

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड ने अयोध्या को इको-पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए एक नई पहल की है। इस पहल के तहत मिल्कीपुर स्थित उधैला झील को लगभग 3.81 करोड़ रुपए की लागत से एक आकर्षक इको-टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

- मिल्कीपुर में स्थित उधैला झील का 3.81 करोड़ रुपये की धनराशि से सुंदरीकरण कराया जायेगा

यह झील खास तौर पर सर्दियों में प्रवासी पक्षियों की बहुलता के लिए विख्यात है। यह स्थान पक्षी प्रेमियों, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफरों और प्रकृति प्रेमियों के लिए बेहद खास है। उन्होंने बताया कि अयोध्या शहर से महज 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह स्थल भगवान श्रीराम के मंदिर के दर्शन के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए एक आदर्श प्राकृतिक गंतव्य के



रूप में उभर रहा है। पर्यटन विभाग का मानना है कि धार्मिक यात्रा के साथ-साथ पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने का अवसर भी मिलेगा। उधैला झील में बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षियों का आगमन होता है। उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड द्वारा यहां पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। इनमें मुख्य प्रवेश द्वार, कैफेटेरिया, टिकट काउंटर, वॉकवे, दो विश्राम स्थल, गजेबो हट, शौचालय, बच्चों के खेलने का क्षेत्र और एक वॉच टावर आदि शामिल हैं। पर्यटकों को झील और उसके आस-पास आने वाले रंग-बिरंगे पक्षियों का विहंगम दृश्य भी देखने को मिलेगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और सतत पर्यटन (सस्टेनेबल टूरिज्म) को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से झील के बीचों-बीच एक विशेष मिट्टी का टीला तैयार किया जा रहा है। यह टीला विशेष रूप से पक्षियों के लिए सुरक्षित प्रजनन स्थल के रूप में कार्य करेगा। परियोजना के तहत न केवल पर्यटकों को आकर्षित करने की योजना है, बल्कि स्थानीय जैव विविधता और पक्षियों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी जा रही है।

# उच्च शिक्षा विभाग को मिला 20 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से शुरू किए गए एक पेड़ माँ के नाम संकल्प को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार ने व्यापक स्तर पर तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी विश्वविद्यालयों को पौधरोपण अभियान को समयबद्ध और गंभीरता से पूरा करने के निर्देश दिए।

मंत्री उपाध्याय ने कहा कि 9 जुलाई को पूरे प्रदेश में एक पेड़ माँ के नाम संकल्प के तहत 37 करोड़ पौध लगाने है, जिसमे उच्च शिक्षा विभाग को 20 लाख पौधे लगाने हैं। उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों को दिए गए पौधरोपण लक्ष्यों को समय से पूरा करना है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेशों के अनुरूप कार्य करते हुए विश्वविद्यालयों को न केवल पौधे लगाने हैं, बल्कि उनके संरक्षण की भी पूरी जिम्मेदारी निभायें। उन्होंने कहा कि किसी भी लक्ष्य की सफलता केवल उसकी पूर्ति से नहीं, बल्कि समयबद्धता और गुणवत्ता से तय होती है। इसलिए पौधरोपण के बाद पौधों की देखभाल, सिंचाई और सुरक्षा की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। उच्च शिक्षा मंत्री ने विश्वविद्यालयों को सुझाव दिया कि वे पौधरोपण के लिए अपने परिसरों की बाउंड्री के पास या अन्य उपयुक्त स्थानों का चयन करें, जहाँ पौधों की सुरक्षा और वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि नये और बड़े विश्वविद्यालयों को इस अभियान में विशेष सक्रियता दिखानी चाहिए।

# 15 को मनेगा विश्व युवा कौशल दिवस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में आगामी 15 जुलाई को पूरे प्रदेश में विश्व युवा कौशल दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ने की दिशा में ठोस पहल की जा रही है। इस कार्यक्रम की श्रृंखला में 12, 13 या 14 जुलाई को (जनपद की सुविधा अनुसार) रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्थानीय उद्योगों और कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को सीधी नियुक्ति का अवसर दिया जाएगा।

रोजगार मेले की तैयारी के लिए जिलाधिकारी द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त किए जा रहे हैं। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल ने बताया कि 15 जुलाई को आयोजित विश्व युवा कौशल दिवस के मुख्य कार्यक्रम में कौशल विकास की सफल कहानियां, प्रशिक्षण केंद्रों की प्रदर्शनी, प्रेरक संवाद सत्र और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी। जिले के सफल प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया जाएगा और उन्हें मंच पर अपनी कहानी साझा करने का अवसर मिलेगा। जनपद में स्थापित महत्वपूर्ण उद्योगों के प्रतिनिधियों का भी सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही, कार्यक्रम स्थल के बाहर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें समस्त प्रशिक्षण प्रदाता हिस्सा लेंगे। प्रदर्शनी में वो उत्पाद रखे जाएंगे जो इन संस्थानों के छात्र या छात्राओं द्वारा निर्मित किए गए हों। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और उद्योग जगत से जुड़े लोगों की उपस्थिति रहेगी। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में कौशल विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना है। इससे पूर्व जिलों की सुविधा के अनुसार 12 से 14 जुलाई के मध्य किसी एक दिन रोजगार मेले का आयोजन भी किया जाएगा।

- जनपद स्तरीय कार्यक्रम में दिखेगी उत्तर प्रदेश की युवा प्रतिभाओं की चमक
- समस्त जिलों में होगा कार्यक्रम, सफल प्रशिक्षुओं की कहानियां होंगी मुख्य आकर्षण
- रोजगार मेले के लिए जिलाधिकारी द्वारा नियुक्त किए जा रहे नोडल अधिकारी

# भाजपा सरकार जेपीएनआईसी को बेचने की कर रही तैयारी : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार सोची समझी रणनीति के तहत जयप्रकाश नारायण इंटर नेशनल केंद्र (जेपीएनआईसी) को बेचने की तैयारी कर रही है। जेपी समाजवादी आंदोलन के बहुत बड़े नाम है।

- सरकार जेपीएनआईसी बेचना चाहती हैं तो हम समाजवादी लोग चंदा एकत्र करके खरीदने को तैयार



समाजवादी सरकार में उनके नाम पर विश्वस्तरीय इंटर नेशनल सेंटर बनाया गया लेकिन भाजपा ने सत्ता में आते ही तमाम झूठे आरोप लगाये और उसे बर्बाद कर दिया। भाजपा सरकार ने सोसायटी को भंग कर दिया। हम और राजेन्द्र चौधरी इस सोसायटी के संस्थापक सदस्य है। सरकार ने पहले सोसायटी भंग कर दी। जेपीएनआईसी एलडीए को दे दिया। इसके बाद बेचने का रास्ता साफ कर दिया। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ पर आयोजित प्रेस कांफ्रेस में अखिलेश यादव ने कहा कि जब नेताजी ने जेपी एनआईसी बिल्डिंग का शिलान्यास किया था, तब देश भर से बड़े-बड़े समाजवादी नेता जार्ज फनार्डीज, मोहन सिंह, बृजभूषण तिवारी सब एकत्र हुए थे। जेपी और जेपीएनआईसी से हम समाजवादियों का वैचारिक और भावनात्मक लगाव है। भाजपा सरकार ने नौ सालों में इसे बर्बाद कर दिया है। सपा चाहती है कि यह अब और न बर्बाद हो। अगर सरकार इसे बेचना चाहती हैं तो हम समाजवादी लोग चंदा एकत्र करके खरीदने को तैयार है।

**भाजपा गरीबों को शिक्षा से दूर करने की कर रही साजिश :** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा गरीबों को शिक्षा से दूर करने की साजिश कर रही है। प्राइमरी स्कूल बंद कर रही है। भाजपा चाहती है महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर उससे कोई सवाल न करें। जब गरीब नहीं पढ़ेगा तो सवाल भी नहीं करेगा। भाजपा साजिश के तहत उन्हीं स्कूलों को बंद कर रही है। जिन बूथों पर वह चुनाव हारी है। 15 अगस्त को पार्टी के नेता इन स्कूलों के गांव-गांव जाकर स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फहराएंगे और गांव के लोगों को भाजपा की साजिश से सावधान करेंगे। भाषाओं को लेकर एक सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी लोग सभी भारतीय भाषाओं के पक्षधर है। हम चाहते हैं कि हिंदी, मराठी, तमिल, कन्नड़, उर्दू समेत सभी भारतीय भाषाओं का सम्मान हो। हम चाहते है भाषाओं के विकास पर हजारों करोड़ का बजट आये। भाषाओं का विकास हो। भाजपा जानबूझकर राजनीतिक लाभ के लिए इस मुद्दे को बनाये रखना चाहती है।

प्रेस कांफ्रेंस में सांसद आनन्द भदौरिया, सांसद बाबू सिंह कुशवाहा, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं एमएलसी राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

**अखिलेश ने तेंदुए से लड़ने वाले को किया सम्मानित :** अखिलेश यादव ने लखीमपुर में तेंदुए से लड़ने वाले साहसी मजदूर मिही लाल गौतम को बुलाकर सम्मानित किया। घटना 24 जून 2025 की है जब मिही लाल ग्राम सभा बबुरी भट्ठे पर गया था वहां छुपे तेदुएं ने उस पर अचानक हमला कर दिया। गौतम का कहना था कि उसके सामने जीवनमरण का प्रश्न था उसने फिर तेंदुए से भिड़ जाना ही ठीक समझा। अखिलेश यादव ने मिही लाल गौतम को दो लाख रुपये का चेक देकर राज्य सरकार से भी आर्थिक मदद किये जाने की मांग की। गौतम की पत्नी पुष्पा देवी, बेटा संजय कुमार और भांजा राजेश कुमार ने भी साथ में भेंट की। परिवार ग्राम गिरधारी पुरवा जुगनूपरु विधानसभा धौरहरा निवासी है।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**लखनऊ।** संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं उसके द्वारा संचालित स्वायत्तशासी संस्थानों में भारत माता के सच्चे सपूत, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक और सांस्कृतिक एकता के प्रबल पक्षधर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती 6 जुलाई को श्रद्धा, गौरव एवं प्रेरणा के भावों के साथ मनाई जाएगी। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह जी की प्रेरणा तथा प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन के मार्गदर्शन में संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा इस अवसर पर राज्य भर में विविध आयोजन सुनिश्चित किए जा रहे हैं। भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय के निदेशों के अनुसार 06 जुलाई, 2025 से 06 जुलाई, 2027 तक 125वीं जयंती स्मृति वर्ष के अंतर्गत प्रदेश भर में दो वर्षीय विशेष आयोजनों की श्रृंखला संचालित की जाएगी, जिसका शुभारंभ 06 जुलाई से किया जा रहा है।

# जैविक खेती के लिए 200 किसानों का चयन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से योगी सरकार ने नई योजना शुरू की है। इस योजना के तहत 200 प्राकृतिक-कृषि किसानों का चयन किया गया है, जिन्हें अब ब्रांड एंबेसडर के रूप में तैनात किया जाएगा। इस कदम का मकसद किसानों को जागरूक बनाना और प्राकृतिक खेती को एक नई पहचान देना है।

- किसानों को ट्रेनिंग-ऑफ-ट्रेनर्स मॉडल के माध्यम से किया जायेगा प्रशिक्षित

इस योजना के तहत, किसानों को ट्रेनिंग-ऑफ-ट्रेनर्स मॉडल के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा। पहले बैच के प्रशिक्षकों को तैयार किया जाएगा, जो आगे मंडल और जिला स्तर पर प्रशिक्षण देंगे। इससे आधुनिक तौर तरीकों का प्रसार तेजी से होगा और प्राकृतिक खेती को व्यापक रूप से अपनाया जाएगा। राष्ट्रीय मिशन फॉर नेचुरल फार्मिंग के तहत लोकल नेचुरल फार्मिंग इंस्टिट्यूशन किसानों को प्रशिक्षित करने और उन्हें जागरूक बनाने में मदद करेगा। इससे प्राकृतिक खेती का आधार मजबूत होगा और किसान स्वावलंबी बनेंगे। योगी सरकार ने प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष योजना शुरू की है, जिसमें किसानों को प्रशिक्षण देकर उन्हें ब्रांड एंबेसडर बनाया जाएगा। इन किसानों को प्रचार-प्रशिक्षण के साथ-साथ विशिष्ट पहचान भी दी जाएगी। इससे न केवल किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा, बल्कि पूरी कृषि प्रणाली में बदलाव आएगा। प्रथम बैच के प्रशिक्षकों का कोर्स पूरा कराने के बाद इनकी जिला स्तरीय तैनाती का मानचित्र भी तैयार किया जा रहा है। ताकि हर जिले में प्रशिक्षित किसानों की संख्या और उनके कार्यक्षेत्र का स्पष्ट दिशा-निर्देश हो सके।

# ग्राम पंचायत घर में ताले मिले तो होगी कड़ी कार्रवाई : राजभर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पंचायतीराज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि संज्ञान में आया है कि ग्राम पंचायत भवनों में ताले लगे होने की शिकायत मिली है, जो कि अत्यन्त गंभीर है। भविष्य में ऐसी स्थिति को कदापि स्वीकार नहीं किया जाएगा। पंचायत भवनों को जनसंपर्क और जनसेवा का केंद्र बनाते हुए उन्हें सर्वसुलभ तथा क्रियाशील रखा जाए। इसी क्रम में पंचायत सहायकों के अवकाश की सूचना पंचायत भवनों के नोटिस बोर्ड पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किए जाने और पंचायत उत्सव भवनों की रंगाई-पुताई में एकरूपता बनाए रखने के निर्देश दिए गए, ताकि पंचायत परिसरों में एक अनुशासित, स्वच्छ और सौंदर्यपरक वातावरण विकसित हो सके।

- पंचायतीराज मंत्री ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा



उत्तर प्रदेश के पंचायतीराज मंत्री शनिवार को पंचायतीराज निदेशालय में विभागीय योजनाओं, बजट और विकास कार्यों की जनपदीय एवम मंडलीय अधिकारियों के साथ गहन समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राज्य के समग्र ग्रामीण विकास की दिशा में पंचायतीराज विभाग की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता तथा जनसामान्य की भागीदारी सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

बैठक में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए राज्यव्यापी वृक्षारोपण अभियान के संचालन पर विशेष बल दिया गया। मंत्री ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि ग्राम्य जीवन की स्थिरता, हरियाली और जलवायु संतुलन का आधार है। साथ ही उन्होंने विभागीय बजट, ओएसआर (स्ववित्तीय संसाधनों) तथा पंचायतीराज पोर्टल्स की समीक्षा करते हुए वित्तीय अनुशासनए पारदर्शिता और डिजिटल प्रक्रियाओं को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता बताई। बैठक में परफॉर्मेंस ग्रांट के अंतर्गत कराए गए कार्यों की समीक्षा कर उनकी गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। वित्तीय लेन-देन के संदर्भ में एसएन, 'स्पर्श' पोर्टल पर समस्त जिलों से अद्यतन विवरण की समयबद्ध फीडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए, ताकि किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता या देरी की संभावना समाप्त की जा सके। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की भावना को सशक्त करने के लिए सामुदायिक शौचालयों की स्वच्छता, क्रियान्वयन एवं संचालन की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। मंत्री ने स्वयं सहायता समूहों एवं केयरटेकरों द्वारा संचालित शौचालयों के समुचित भुगतान को प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों की साख और स्वच्छता व्यवस्था तभी सुदृढ़ हो सकती है जब सभी व्यवस्थाएं स्थानीय स्तर पर आत्मनिर्भरता से संचालित हों।

# हिंसा के प्रति अंहिसा का रास्ता अपनाना है : राज बब्बर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में चल रहे संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश के सभी जनपदों में जिला/शहर कमेटियों के गठित होने सभी जिलों में जिला/शहर कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह बबलू, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी और डॉ. शहजाद आलम के संयुक्त नेतृत्व में लखनऊ जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को आयोजित हुआ।

- पूर्व सांसद राज बब्बर ने जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के नवगठित कार्यकारिणी पदाधिकारियों को दिलायी शपथ



शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राज बब्बर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज बहादुर ने की और संचालन शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित त्यागी ने किया। शपथ ग्रहण समारोह का आरंभकरने से पूर्व सांसद राज बब्बर ने सभी नवनियुक्त जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को बधाई दी। इसके बाद उन्होंने सभी पदाधिकारियों को देश की सांप्रदायिक, जातिवादी ताकतों को हराने एवं सामाजिक समरसता व भाईचारा बनाये रखने व संविधान विरोधी ताकतों से संविधान को बचाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने तथा समाज के शोषित, पीड़ित एवं वंचितों को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस की विचारधारा एवं गांधीवादी सिद्धान्तों के अनुरूप पार्टी का निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ दिलायी। साथ ही पदाधिकारियों को पार्टी द्वारा सौंपे गये दायित्व का पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने की भी शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि आज भाजपा शासनकाल में जिस तरह से समाज में नफरत फैलायी जा रही है, संविधान को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है, ऐसे दौर में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और गांधीवादी सिद्धांतों को अपनाकर ही हमें लड़ना होगा। हमें हिंसा के प्रति अंहिसा का रास्ता अपनाना है।

शपथ ग्रहण समारोह में जिला/शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के पदाधिकारी के रूप में एडवोकेट आरबी सिंह, रईस अहमद, किश्वर जहां, मनीष जायसवाल, अभय सिंह अप्पी, संजय श्रीवास्तव, फखरुल इस्लाम, अजहर बेग, डॉ. इरफान, बलदेव लाठी, हसीन सिद्दीकी, गोपाल कृष्ण चौधरी, राजीव चंद्र मिश्रा, इसरत अली, अमन यादव, एड. अनिल निषाद, शैलेन्द्र जैन, आदर्श लोधी, नरेन्द्र सिंह, राजू सरदार, विनोद रावत, रफीक गाजी आदि शामिल रहे।

संक्षेप

## खतौनी बनवाने के नाम पर हजारों हड़पे, दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** खतौनी बनवाने के नाम पर पीड़ित से हजारों हड़प लिये। पीड़ित ने शनिवार को आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। लीलापुर थानान्तर्गत बरिस्ता गांव निवासी हबीबउल्ला के पुत्र फिरोज खान ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसने हरिहरपुर कैलहा बनकटी गांव के एक व्यक्ति को खतौनी में जमीन चढ़वाने के लिए पैसे दिये। आरोपी ने उससे बीस हजार रुपए नकद व बीस हजार आनलाईन पैसा लिया। बावजूद इसके खतौनी में नाम दर्ज नहीं हुआ। अब आरोपी पीड़ित का न तो फोन उठा रहा है और न ही उससे मिल रहा है। परेशान पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक लीलापुर मनोज पाण्डेय का कहना है कि तहरीर मिली है, मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## सोशल मीडिया पर की अभद्र टिप्पणी, केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थानान्तर्गत दांदूपुर पड़ान गांव निवासी राजकुमार यादव उर्फ रोहित पुत्र स्व0 काशी प्रसाद उर्फ पण्डित ने फेसबुक पर एक जाति विशेष के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की। इसे लेकर कुछ लोगों ने पुलिस से शिकायत की। मामले में पुलिस आरोपी को पकड़कर थाने ले आयी और पूछतांछ के बाद उसका शांतिभंग में चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि आरोपी का शांतिभंग में चालान किया गया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच के बाद आगे उचित कार्रवाई की जाएगी।

## राप्ती नदी में मिली मां और दो बच्चों की लाश

**सिद्धार्थनगर।** कठेला समय माता थानाक्षेत्र के बड़ुइया में बूढ़ी राप्ती नदी से एक महिला और उसके दो बच्चों की लाश बरामद हुई है। मृतका की पहचान औरहवा ग्राम पंचायत के बड़ुइया टोले की 28 वर्षीय माया के रूप में हुई है। उसके साथ उसकी 6 वर्षीय पुत्री मोनिका और 2 वर्षीय पुत्र शिवांश भी थे। शुक्रवार की देर रात माया ने अपने दोनों बच्चों के साथ नदी में छलांग लगा दी। शनिवार सुबह छह बजे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सीओ सुजीत राय और एसओ शेषनाथ यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के मायके पक्ष के अनुसार, उसका पति सचिन दिल्ली में रहता है। प्रारंभिक जांच में घटना का कारण गृहक्लेश सामने आया है। सीओ सुजीत राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और उचित कार्रवाई की जाएगी।

## युवक ने लगायी फांसी

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने पत्नी और ससुरालियों की प्रताड़ना से तंग आकर शुक्रवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने आत्महत्या से पहले एक वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसमें उसने स्पष्ट रूप से पत्नी के अवैध संबंध, ससुराल पक्ष की प्रताड़ना और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियों का ज़िक्र किया। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मृतक की पहचान गौरव, निवासी पवन विहार, ट्रांस यमुना कॉलोनी के रूप में हुई है, जो शादी समारोहों में हलवाई का काम करता था।

# बांसी नपा प्रशासन ने श्रावण मास में सफाई के दिये निर्देश



बांसी सिद्धार्थनगर। 5 जुलाई को बांसी नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मो0 इद्रीश राईनी/ ईओ की अध्यक्षता में आदर्श नगर पालिका परिषद बाँसी कार्यालय पर अग्रिम श्रावण माह को देखते हुए नगर पालिका के सभी सफाई प्रभारियों एवं सफाई नायकों की आवश्यक बैठक हुई, इस बैठक में सभी सफाई नायकों को निर्देश दिया गया कि नगर के सभी शिव मंदिरों पर समय समय पर साफ सफाई चूना, ब्लीचिंग मैलाथियन का छिड़काव किया जाये और किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि पूर्व नपाध्यक्ष मो0 इद्रीश राईनी व ईओ ने कहा कि कोई भी लापरवाही क्षम्य नहीं होगा। इस दौरान मोहम्मद इद्रीश राईनी ने स्वच्छता पर जोर देते हुए सम्बंधित सफाई नायक एवं प्रभारियों को श्रावण मास एवं जनहित के मद्देनजर साफ सफाई स्वच्छता हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए, बैठक के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहम्मद इद्रीस पटवारी, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी लिपिक जमील अहमद सफाई प्रभारी/नायक में राजकुमार पांडेय, रामचरण यादव, राजेश वर्मा, प्रमोद अग्रहरि, राघवेंद्र द्विवेदी, राजू बाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

## दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**बांसी सिद्धार्थ नगर।** थाना कोतवाली बांसी पुलिस ने 02 नफर वारण्टीगण को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। एसपी डा0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण मे व श्री पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल निर्देशन एवं संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में 5 जुलाई को न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट बांसी जनपद सि0नगर द्वारा जारी गिरफ्तारी का अधिपत्र वाद संख्या-4810/22 धारा 323/504 भादवि में वारण्टी सुधरा पत्नी लौहर निवासी पिपरा थाना बांसी जनपद सि0नगर तथा वाद संख?ा 4944/24 धारा-60(1) आबकारी अधिनियम में वारण्टी जगराम पुत्र देवीदीन निवासी भडही उर्फ मिश्रौलिया थाना कोतवाली बांसी जनपद सि0नगर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# आगरा विवि की कुलपति को कोर्ट ने किया तलब

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि के कुलपति, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक सहित पूरी कार्यपरिषद को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने तलब किया है। मजिस्ट्रेट ने 22 जुलाई की डेट दी है। सभी आरोपियों को कोर्ट में जवाब देना है। विश्वविद्यालय के विधिक सलाहकार डॉ. अरुण दीक्षित की याचिका पर सुनवाई के बाद परिवाद के रूप में दाखिल किया गया है। बीते दिनों विविप्रशासन के द्वारा विधिक सलाहकार डॉ. अरुण कुमार दीक्षित को कार्य विरत किया गया था।

अधिवक्ता डॉ. दीक्षित ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां एक याचिका दाखिल की। इसमें उन्होंने कहा है कि जिस पत्र के माध्यम से मुझे कार्यविरत गया है उसमें जो भी उन पर आरोप लगाए गए हैं। वह सभी झूठे व कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर बनाये गए हैं। कुलसचिव के आदेश में उन्होंने उनके भुगतान संबंधी फाइल विभाग में उपलब्ध नहीं होने की बात कही है। इस पर डॉक्टर दीक्षित ने अपनी याचिका में कहा है कि उनकी फाइलों को अधिकारियों के द्वारा जानबूझकर गायब किया गया है। कुलसचिव ने अपने पत्र में जिक्र किया था कि वह केसों में सही तरीके से पैरवी भी नहीं करते हैं। इस पर उन्होंने अपनी याचिका में कहा है कि अभी तक उन्होंने शत प्रतिशत विवि को केस जिताए हैं और करोड़ों रुपए का फायदा कराया है। इसका विधि विभाग में रिकार्ड मौजूद है। अधिवक्ता ने कुलपति प्रो. आशु रानी, उप कुल सचिव पवन कुमार, प्रोफेसर राजीव वर्मा और बाबू राधिका प्रसाद पर 30% कमीशन मांगे जाने का उन्होंने आरोप लगाया है। उन्होंने अपनी याचिका में कहा है कि पूर्व में भी कमीशन के लालच में तत्कालीन कुलपति प्रोफेसर अशोक मित्तल के कार्यकाल में उनके भुगतान रोके गए थे। जिसकी उन्होंने कुलाधिपति से शिकायत की थी। शिकायत पर कुलाधिपति ने सेवानिवृत न्यायमूर्ति रंजना पंड्या की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई। इस कमेटी ने भी अधिवक्ताओं के बिलों को रोकना गलत पाया था। कुलाधिपति ने अपने आदेश में भी इस बात का जिक्र किया है। कुलाधिपति के इस आदेश को उन्होंने अपनी याचिका में संलग्न किया है। डॉ.दीक्षित ने अपनी याचिका में कहा है कि कुलसचिव द्वारा जारी पत्र में उन्हें कूट रचित दस्तावेज बनाकर 8 दिसंबर 2021 से रिटर्नशिप पर दिखाया है, जिससे उनका भुगतान न हो सके। जबकि वास्तव में वह 28 मई 2022 से रिटर्नशिप पर है। इसके सभी कागज उन्होंने याचिका में दाखिल किए हैं।

# श्रद्धालुओं ने मंदिर स्थापना उत्सव में ग्रहण किया प्रसाद



**प्रतापगढ़।** विकासखण्ड लालगंज परिसर में शनिवार को मंदिर स्थापना उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बडी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भजन संकीर्तन कर शिव मंदिर में पूजन अर्चन किया। इसके बाद आयोजित भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज के आयोजन व बीडीओ मानवेन्द्र शर्मा के संयोजन में ब्लाक में बने शिव मंदिर का स्थापना उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भजन संकीर्तन कर लोक मंगल की कामना की। वहीं भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संचालन एडीओ पंचायत विमलेश मिश्र ने किया। इस मौके पर पंचायत सचिव चंद्रमौलि सिंह, कृष्णमुरारी जायसवाल, प्रीतेन्द्र ओझा, अंकुर पाण्डेय, बजरंगी पाण्डेय, बाबूलाल तिवारी, बृजेश, राकेश यादव, मुरलीधर तिवारी, राजू, विजय यादव, दिनेश सिंह, विद्युत मिश्र, उधम सिंह आदि मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में 18 शिकायतें निस्तारित

**प्रतापगढ़।** तहसील सभागार में शनिवार को सीआरओ की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस में कुल दो सौ उन्सठ शिकायतें आयीं। जिनमें से अफसरों ने मौके पर अठारह शिकायतों का निस्तारण कराया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग से जुडी एक सौ उन्यासी व पुलिस विभाग से जुडी चौवालिस रहीं। ज्यादातर शिकायतें जमीनी विवाद व अतिक्रमण तथा छोटे मोटे विवादों से जुडी दिखीं। सीआरओ अजय कुमार त्रिपाठी ने मातहतों से शिकायतों के पारदर्शिता से निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होने सार्वजनिक रास्तों पर अतिक्रमण के साथ सरकारी सम्पत्तियों पर अवैध कब्जे की शिकायतों पर क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों को पारदर्शिता से कार्य करने के निर्देश दिये। एएसपी पश्चिमी संजय राय ने पुलिस से जुडी समस्याओं पर सुनवाई की। समाधान दिवस में एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा, सीओ आशुतोष मिश्रा, तहसीलदार गरिमा वर्मा ने भी फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ला, डा0 अरविन्द गुप्ता, एसडीओ आशुतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

## रिश्तेदार युवती से संबंध के शक में अपहृत युवक 15 दिन बाद भी लापता, परिजनों हत्या की आशंका

**किरावली (आगरा)।** थाना अछनेरा क्षेत्र के गांव साधन से एक युवक का रहस्यमयी अपहरण हुए 15 दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस अब तक खाली हाथ है। लापता युवक सुनील (17 वर्ष) के परिजनों को उसकी हत्या की आशंका है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि सुनील के अपहरण के पीछे गांव की जातीय पंचायत और रिश्तेदारों की साजिश है, जो एक रिश्तेदार शादीशुदा युवती से संबंधों को लेकर नाराज थे। पीड़ित सुभाष पुत्र बाबू सिंह ने बताया कि गांव के ही होती सिंह के घर 16 जून को पंचायत हुई थी, जिसमें आरोपियों ने 17 जून को सुनील को उठाने की धमकी दी थी। अगले ही दिन एक अज्ञात गाड़ी आई और सुनील को बुलाकर अपने साथ ले गई। इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं है। परिजनों ने जब थाने में शिकायत दी तो अछनेरा पुलिस ने सिर्फ गुमशुदगी दर्ज कर पल्ला झाड़ लिया। अब तक न तो कोई पूछताछ की गई, न ही कोई छानबीन। परिजनों ने अब इस मामले को सहायक पुलिस आयुक्त गौरव सिंह के सामने उठाया है। उन्होंने पूरी घटना सुनने के बाद अछनेरा पुलिस को तत्काल कार्रवाई और आरोपियों से पूछताछ के निर्देश दिए हैं। पीड़ित परिवार का दावा है कि अपहरण के बाद सुनील ने रोते हुए फोन पर बताया था कि उसे भरतपुर (राजस्थान) में बंधक बनाया गया है और उसकी हत्या की जा सकती है। इसके तुरंत बाद फोन कट गया और तब से नंबर बंद है। सुनील के अपहरण में जिला मथुरा के गांव आनौर निवासी छोटे, सौंपू, विष्णु, साहब सिंह, कलुआ और गांव साधन के छीतरिया समेत कई लोगों के नाम सामने आए हैं। परिजनों ने इन सभी पर अपहरण की आशंका जताई है। यह मामला इसलिए भी संवेदनशील हो गया है क्योंकि दो माह पहले नानऊ गांव से गायब एक महिला का शव एक सप्ताह बाद जंगल में मिला था, और अब यह दूसरी लापता घटना भी इसी ओर इशारा कर रही है।

## महिला थाने की पुलिस ने समझौता करा कर 2 परिवारों को बिखरने से बचाया

**सिद्धार्थ नगर।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में चलाये जा रहे परिवार परामर्श केंद्र /नई-किरण (टूटते परिवार को जोडने की एक पहल कार्यक्रम) के तहत महिला थाना द्वारा 02 परिवार के मध्य सुलह समझौता कराकर उनके परिवारो को बिखरने से बचाया गया, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के निर्देश पर 05.जुलाई को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 04 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई। जिसमें परामर्श के बाद 02 पत्रावली का सफल निस्तारण कर, 02 परिवारों को बिखरने से बचाया गया व 02 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है। 02 परिवार को बिखरने से बचाने में थानाध्यक्ष श्रीमती मीरा चौहान, उ0नि0 श्री राम नारायन शुक्ला, म0हे0का सत्या त्रिपाठी, सविता सिंह, महिला कांस्टेबल प्रियंवदा सिंह व महिला कांस्टेबल नेहा सिंह का महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है।

## सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया, गडही की जमीन पर अवैध कब्जा कर नींव डाली

**डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर।** तहसील प्रशासन ने ग्राम पंचायत देईपार में सरकारी जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। गाटा संख्या 1150 की गडही जमीन पर जंगल पुत्र हन्ने द्वारा नींव डालकर किया गया अवैध कब्जा हटाया गया। तहसीलदार रवि कुमार यादव के निर्देश पर नायब तहसीलदार विष्णु प्रसाद सिंह राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। नायब तहसीलदार ने बताया कि प्रशासन अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है। दोबारा अवैध कब्जा करने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। लेखपाल अंबिका प्रसाद के अनुसार, इसी साल 26 अप्रैल को भी इस जमीन से राधेश्याम पुत्र धर्मराज का अतिक्रमण हटाया गया था। उस समय जंगल पुत्र हन्ने ने लिखित रूप से अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया था। राधेश्याम द्वारा अतिक्रमण न हटाने की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई।

# सपा नेताओं की मासिक बैठक संपन्न




**सिद्धार्थनगर।** जिले के समाजवादी पार्टी बांसी नगर कार्यलय पर पूर्व विधायक बांसी/सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव व पूर्व नपाध्यक्ष/सपा जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इद्रीश राईनी व मोहम्मद हारून, सपा नेत्री अनिता द्विवेदी व अन्य कई नेताओं की उपस्थिति में पार्टी की मासिक बैठक संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने सपा मुखिया के निर्देश के अनुपालन एवं नितियों को पर प्रकाश डालते हुए उपलब्धि को गिनाया व जन जागरूकता अभियान पर जोर दिया गया, इस अवसर पर उपस्थित पूर्व नपाध्यक्ष/ सपा जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इद्रीश राईनी ने सपा शासन काल में जनहित में सरकारी योजनाओं उपलब्धियों को गिनाते हुए पार्टी के एक जुटता सक्रियता पर जोर दिया गया इसके अलावा भी मो 0 इद्रीश राईनी ने मतादाताओ को रिझाने एवं जन जन तक सपा के उपलब्धियों को पहुंचाने की अपील सम्बंधित सपा कार्यकताओं से किया गया, इस अवसर पर उपस्थित सपा नेत्री अनिता द्विवेदी ने महत्वपूर्ण शब्दों से सपा सरकार के कार्य व उपलब्धि को गिनाते हुए सम्बोधित किया गया, जब मोहम्मद हारून व अन्य कई नेताओं ने उक्त बताओ के भाषण एवं सम्बोधन का समर्थन किया गया(

## 4 चोर गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** एसओजी और थाना ढेबरुआ पुलिस की संयुक्त टीम ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई चोरियों के मामले में 4 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी का सामान, सोने-चांदी के आभूषण और 20,500 रुपए नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश पर चलाए जा रहे वांछित/वारंटी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। शनिवार को पुलिस टीम ने ग्राम दुधवनिया बुजुर्ग कब्रिस्तान थाना ढेबरुआ से इन चोरों को पकड़ा। ये आरोपी थाना त्रिलोकपुर, थाना गोल्हौरा और थाना खेसरहा में हुई चोरी की घटनाओं में शामिल थे। गिरफ्तार आरोपियों में नेपाल के कपिलवस्तु जिले से अनिल चौधरी और मोनू चौधरी शामिल हैं। वहीं सिद्धार्थनगर के बढनी से कलीम अहमद और विवेक चतुर्वेदी को गिरफ्तार किया गया है।

## मोहर्रम के मद्देनजर प्रशासन अलर्ट मोड में



**श्रावस्ती।** आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत जनपद में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की संयुक्त अध्यक्षता में ब्रीफिंग बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सतर्क रहने, संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने तथा जुलूस मार्गों की सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि त्योहार को सकुशल संपन्न कराने हेतु जिले में 03 सुपर जोनल, 07 जोनल व 34 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सभी अधिकारी जुलूस के दौरान भ्रमणशील रहेंगे तथा कोई भी अपने कार्यालय में नहीं रहेगा। ताजियों का आकार मानक के अनुसार सुनिश्चित किया जाएगा तथा डीजे पर ध्वनि नियंत्रण के निर्देश दिए गए हैं, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। यदि किसी प्रकार की विसंगति या आपात स्थिति उत्पन्न होती है तो तत्काल संबंधित उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाए, ताकि मौके पर ही प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में सक्रिय गश्त करने, स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर सहयोग लेने और सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मोहर्रम के दिन सादे वर्दी में महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, जिससे अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा सके। ताजियेदारों की सूची प्रत्येक थाने में तैयार कर पूरी जानकारी रजिस्टर में दर्ज करने के भी निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार उत्तम, उपजिलाधिकारी भिनगा आशीष भारद्वाज, इकौना ओमप्रकाश, जमुनहा सहित समस्त जोनल एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

# पुलिस ने किया शातिर चोरों के गैंग का खुलासा

- दो चोर गिरफ्तार, उनके कब्जे से चोरी की 2 बाइक, 8 मोबाइल फोन व चोरी के जेवरात बरामद



**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर जनपद में हुई चोरियों की घटनाओं के अनावरण हेतु जनपद में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी तुलसीपर बृजनन्दन राय के कुशल पर्यवेक्षण में बीती रात्रि प्रभारी निरीक्षक थाना तुलसीपु संजय कुमार दूवे मय हमराह द्वारा संदिग्ध वाहनों व्यक्तियों की सघन चेकिंग के दौरान बिलोहा तिराहे पर मुखविर खास द्वारा सूचना मिली कि धंधरा गांव से मध्य नगर की ओर 02 संदिग्ध व्यक्ति मोटर साइकिल से आ रहे हैं इस सूचना पर ग्राम चमरबोझिया कर्बला के पास पहुंचकर दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर नाम पता पूंछा गया तो अपना नाम केशव राम यादव पुत्र सुखराज यादव निवासी ग्राम धंधरा थाना तुलसीपुर दूसरे नें श्यामू यादव पुत्र लल्लन यादव निवासी ग्राम मनकौरा काशीराम थाना तुलसीपुर बलरामपुर हाल पता मोहल्ला कृष्णानगर थाना कृष्णानगर जिला कपिलवस्तु नेपाल राष्ट्र बताया गया संदिग्ध प्रतीत होने पर गाड़ी के कागजात मांगने पर नही दिखा सके वाहन/व्यक्ति की तलाशी ली गई तो मोटरसाइकिल की डिग्गी से 08 अदद् चोरी की मोबाइल तथा पकड़े गए व्यक्ति की जेब से पीली धातु का लाकेट बरामद हुआ गहनता से पूंछताछ की गई तो बताया गया कि यह मोटरसाइकिल, बरामद सभी मोबाइल व पीली धातु का जेवरात चोरी के है। जिसके संबंध में थाना तुलसीपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। पकड़े गए व्यक्तियों से गहन पूंछताछ की गई तो बताया कि गैंड़हवा नकटी नाला के पास 01 और चोरी की मोटर साइकिल छिपा रखी है अभियुक्तों की निशानदेही पर मोटर साइकिल होण्डा साइन सीबी भी बरामद कर लिया गया जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ करने पर बताया कि हम दोनो के अलावा हमारा एक और साथी भी है जिसका नाम रामू उर्फ राजेश कश्यप पुत्र मनोज कश्यप निवासी काशी राम कालोनी ब्लाक नं0 28 नौगढ़ थाना कोतवाली सिद्धार्थनगर जनपद सिद्धार्थनगर हाल पता मोहल्ला कृष्णानगर थाना कृष्णानगर जिला कपिलवस्तु नेपाल राष्ट्र है हम तीनों साथ मिलकर घूम-घूम कर रेकी करते हैं और मौका देखकर मोटर साइकिल और मोबाइल चुरा लेते हैं सूनसान और बंद घरों में भी चोरी कर लेते हैं, हम लोग चोरी के मामलों में कई बार जेल भी जा चुके हैं। जो मोटर साइकिल हम लोगो के पास से मिली है उसको हम तीनो लोगो ने मिलकर लगभग ढाई महीना पहले मेमोरियल अस्पताल से चोरी किया था और दूसरी मोटरसाइकिल को हम लोगों ने दिनांक 24.06.2025 को बढ़नी बाजार से चोरी किया था चोरी किए हुए मोटरसाइकिलों का असली नंबर फेंक देते है और नंबर बदलकर दूसरी नंबर प्लेट लगा लेते हैं, हम तीनो लोगों ने ही मिलकर दिनांक 27/28/.06.2025 की रात्रि में बिलोहा तिराहे पर ही एक महिला जो अपने घर के बाहर सो रही थी उसके सिरहाने से वीवो मोबाइल फोन तथा उसके गले में पहने हुये लाकेट तथा उसके कान का टप्स चुरा लिया था तथा एक मोबाइल ओप्पो को हम तीनो ने आज से लगभग 2 माह पहले शीतलापुर तुलसीपुर स्थित एक नाई की दूकान से चुराया था। इसके अलावा हम लोगो के पास से जो मोबाइले मिली है उनको हम लोगो ने अलग अलग जगहों से चोरी किया है स्थान व समय हम लोगो को याद नही आ रहा है। हम लोग भारत में मोबाइल व अन्य सामानो की चोरी करके अपने साथी रामू के माध्यम से नेपाल में अलीगढ़वा बार्डर के अन्दर ले जाकर ठीक-ठाक दामों पर बेच देते है, जो पैसा मिलता है उसे हम तीनों आपस में बांट लेते है।

## दो बाइक टकरायीं, घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, चार घायल

**आगरा।** थाना खंदौली क्षेत्र में शुक्रवार देर रात दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत में घायल हुए युवक की शनिवार सुबह एसएन मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान विकास कुमार निवासी पुरा गोवर्धन, खंदौली के रूप में हुई है। हादसे में एक दो वर्षीय बच्ची सहित चार लोग घायल हुए थे। तीन का उपचार जारी है। यह दर्दनाक हादसा खंदौली क्षेत्र के नगला चंदन स्थित चंद्रावली प्रॉपर्टी के पास शुक्रवार रात करीब 12 बजे के बाद हुआ। दोनों बाइकें शादी समारोह से लौटते समय आमने-सामने टकरा गईं। एक बाइक पर बमरौली कटारा निवासी हेमंत और उनकी दो वर्षीय बेटी रिचा सवार थे। दूसरी बाइक पर विकास कुमार और शक्ति सिंह, निवासी पुरा गोवर्धन, सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चारों सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने सभी को तत्काल एसएन मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां इलाज के दौरान शनिवार सुबह विकास कुमार की मौत हो गई। अन्य घायलों की हालत स्थिर बताई गई है।

## श्रावस्ती के आसिफ को आम महोत्सव में तीसरा पुरस्कार




**श्रावस्ती।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित अवध शिल्प ग्राम में 04 से 06 जुलाई 2025 तक आयोजित आम महोत्सव में श्रावस्ती जनपद के एक प्रगतिशील कृषक ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विकासखण्ड जमुनहा के ग्राम नंदईडीह निवासी आसिफ अजीज सिद्दीकी को अम्बिका प्रजाति के आम में तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है, जिससे जनपद श्रावस्ती को पूरे प्रदेश में गौरव प्राप्त हुआ है। यह जानकारी जिला उद्यान अधिकारी बाली शरण चौधरी ने दी। आसिफ अजीज सिद्दीकी पूर्व में सिविल इंजीनियर रहे हैं, लेकिन उन्होंने कृषि को अपनाते हुए वर्ष 2016-17 में उद्यान विभाग श्रावस्ती से 50 प्रतिशत अनुदान प्राप्त कर एक एकड़ में पाली हाउस का निर्माण किया और उसमें जरबेरा पुष्प की उन्नत खेती शुरू की। आसिफ को इससे पूर्व भी कई बार प्रदेश स्तरीय पुरस्कार मिल चुके हैं। वे अपने फार्म हाउस पर आम व अमरूद के साथ-साथ सेब के बागान भी तैयार कर चुके हैं। इसके अलावा वे रंगीन शिमला मिर्च व स्ट्रॉबेरी की व्यावसायिक खेती कर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। उनका बागवानी और आधुनिक कृषि के प्रति समर्पण जनपद के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत है।

# पर्यावरण जागरूकता का प्रतीक बना श्रावस्ती




श्रावस्ती। हम होंगे कामयाब, के तर्ज पर वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत जनपद श्रावस्ती में वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत जिले के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा की गई। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी धनराज मीणा तथा अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने मिलकर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर डीएम ने मौलश्री का पौध रोपित किया, प्रभागीय वनाधिकारी ने बरगद तथा एडीएम ने नीम का पौधा रोपित किया। साथ ही, पूर्व जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी एवं जिलामंत्री रणवीर सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी वृक्षारोपण में भाग लिया। डीएम ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ?वृक्षारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध वायु, जल और जीवन देने का माध्यम है। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल भी सुनिश्चित करे।? उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 01 से 07 जुलाई तक पूरे प्रदेश में ?वन महोत्सव? सप्ताह मनाया जा रहा है। श्रावस्ती जनपद में इस दौरान लगभग 48 लाख पौधे रोपित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से 50% पौधे वन विभाग एवं शेष अन्य विभागों द्वारा लगाए जा रहे हैं। वृक्षारोपण का कार्य पूरे जिले में तीव्र गति से जारी है और अभियान के अंत तक शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का विश्वास व्यक्त किया गया। ?वन महोत्सव की शुरुआत 1950 में भारत के तत्कालीन केंद्रीय कृषि मंत्री के.एम. मुंशी द्वारा की गई थी। इसका उद्देश्य था - आमजन को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना और अधिक से अधिक पेड़ लगवाना। यह महोत्सव हर वर्ष जुलाई के पहले सप्ताह में मनाया जाता है, क्योंकि इस दौरान मानसून की शुरुआत होती है और पौधों के जीवित रहने की संभावना अधिक होती है। वर्तमान में यह अभियान न केवल सरकारी प्रयासों तक सीमित है, बल्कि सामाजिक संगठनों, स्कूली छात्रों, किसानों और आम नागरिकों की सहभागिता से आंदोलन का रूप ले चुका है। पर्यावरणीय संकट, जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण की समस्याओं से लड़ने के लिए वन महोत्सव अत्यंत आवश्यक बन गया है। इस अवसर पर वन विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण भी मौजूद रहे। वृक्षारोपण अभियान के माध्यम से जनपद प्रशासन पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को साकार करने की दिशा में दृढ़ता से अग्रसर है।

संक्षेप

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाये

**इटावा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी, संध्या रानी बघेल ने बताया कि डीएम के आदेशों के अनुपालन में सीडीओ के दिशा निर्देशन में नवाचार करते हुये जनपद में प्रथम बार अभ्युदय योजनान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण तथा पारदर्शी चयन हेतु शिक्षकों की प्रवेश परीक्षा एवं साक्षात्कार आयोजित किया गया। इस समस्त प्रक्रिया का उद्देश्य छात्र, छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किया जाना रहा, जिसमें कुल 53 शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। परीक्षा के नोडल अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, इटावा व व्यवस्था, आयोजन, समाज कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं प्राचार्य डायट द्वारा परीक्षा आयोजन में महती भूमिका निभाई है।

## हज यात्रा 2026 के लिए करें आवेदन

**इटावा।** अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि हज पॉलिसी 2026 की घोषणा के बाद ऑनलाइन हज आवेदन हज कमेटी ऑफ इण्डिया की वेबसाइट पर हज सुविधा एप पर जुलाई के द्वितीय सप्ताह से उपलब्ध कराया जाएगा। हज की अवश्यक तैयारियों हेतु निम्न निर्देश व समय सीमा निर्धारित की गयी है इच्छुक आवेदक प्रथम किस्त के रूप में रू 1.5 लाख की व्यवस्था रखें। हज हेतु पासपोर्ट मशीन पठित होना आवश्यक है, हस्तलिखित पासपोर्ट मान्य नही होगा। हज के आवेदन हेतु पासपोर्ट की वैद्यता 31 दिसम्बर, 2026 तक होना आवश्यक है। जो इच्छुक आवेदक हज की यात्रा हेतु नये पासपोर्ट का आवेदन कर रहे है उन्हें सलाह दी जाती है कि नुसुक पोर्टल की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने पासपोर्ट में सरनेम, लास्ट नेम का कालम खाली न छोडे। इच्छुक आवेदक अपना मूल अन्तराष्ट्रीय पासपोर्ट तैयार रखें, जिनके पास 31 दिसम्बर तक की वैद्यता का पासपोर्ट उपलब्ध है।

## किसान को मारपीट कर किया घायल

**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र के ग्राम परशूपुरा में खेत मे खड़ी मक्के की फसल को जानवरो से चरवा रहे मना करने पर किसान को गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर गम्भीर रुप से घायल किया। थाना क्षेत्र के ग्राम परशूपुरा निवासी किसान बीरेन्द्र कुमार पुत्र सीताराम ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह शुक्रवार की शाम खेतो में खड़ी मक्के की फसल की रखवाली कर रहा था कि उसी समय गांव का ही एक युवक जानवर लेकर आया और खेत मे खड़ी मक्के की फसल को अपने जानवरो से चरवा रहा था जब युवक से जानवर खेत से बाहर निकाल ने को कहा तो नामजद युवक गाली-गलौज करने लगा और घर पर फोन कर अपने दो भाईयो को लाठी डंडा लेकर खेत पर आने को कहा उसके नामजद भाई मौके पर पहुँचे और गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडो से बीरेन्द्र कुमार को मार पीट कर घायल कर दिया किसान की चीख पुकार सुनकर गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए हमलावर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने पीड़ित घायल किसान को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने पीड़ित घायल बीरेन्द्र कुमार के शिकायती पत्र पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैने भारतीय जीवन बीमा निगम मे एक पॉलिसी लिया था जिसकी पॉलिसी संख्या 218900377 है उसमे मेरा नाम दिशा सिंह था किन्तु अब मेरा नाम श्रुति सिंह पुत्री मनोज कुमार सिंह निवासी ग्राम मड़ेरिका पोस्ट सरूवावा जनपद अमेठी है दोंनो नाम एक ही व्यक्ति के है। मेरे आधार संख्या 76169186 2604 मे भी श्रुति सिंह है। अतः अब मेरा नाम श्रुति सिंह ही जाना समझा जाय। मेरी पॉलिसी में मेरा नाम श्रुति सिंह कर दिया जाय।

**एम जी एस लिटिल स्माइल पब्लिक स्कूल**

नर्सरी से इंटर तक इंग्लिश मीडियम प्रवेश प्रारम्भ

प्रवेश निःशुल्क

**आवश्यकता है टीचर की**

इच्छुक टीचर निम्न नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते हैं।

प्रबन्धक
सरीफ
मो-6307024123, 9628116752

# धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप को पर्यावरणीय मंजूरी की तैयारी शुरू

### भूखंडों का आवंटन जल्द, ग्रेटर गीडा के रूप में विकसित करने की तैयारी

**गोरखपुर।** पूर्वांचल का सबसे बड़ा औद्योगिक हब बनने जा रहे धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप के लिए अब पर्यावरणीय अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) हासिल करने की दिशा में गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) ने कवायद शुरू कर दी है। इस टाउनशिप में उद्योगों की स्थापना से पर्यावरण पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों का आकलन करने के लिए गीडा ने एनवायरमेंटल इम्पैक्ट एसेसमेंट (ईआईए) कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्राधिकरण ने एक उपयुक्त संस्था की तलाश शुरू कर दी है। रिक्वेस्ट फार प्रपोजल आमंत्रित कर सात जुलाई तक आवेदन मांगे गए हैं। चयनित संस्था धुरियापार में प्रस्तावित उद्योगों के पर्यावरणीय प्रभाव का विस्तृत अध्ययन करेगी। धुरियापार टाउनशिप का मास्टर प्लान शासन से अनुमोदित हो चुका है और 600 एकड़ से अधिक भूमि का अधिग्रहण भी गीडा ने कर लिया है। अदाणी, अवाडा व केयान जैसे बड़े औद्योगिक समूहों ने यहां निवेश में रुचि दिखाई है। लेकिन, टाउनशिप में भूखंडों के आवंटन से पहले पर्यावरण मंत्रालय की अनुमति लेना अनिवार्य है। पर्यावरणीय स्वीकृति मिलने के बाद ही गीडा विज्ञापन जारी कर भूखंडों का आवंटन कर सकेगा।

धुरियापार प्रोजेक्ट को गति देने और गीडा के अन्य अधोसंरचना कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से गीडा प्रशासन ने 26 पदों पर संविदा नियुक्तियों की प्रक्रिया शुरू की है। सभी पदों पर सेवानिवृत्त कर्मियों की छह महीने की संविदा पर नियुक्ति की जाएगी। इनमें दो सहायक महाप्रबंधक, एक वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल), एक प्रबंधक (वास्तुविद/नियोजन), एक प्रबंधक (सिस्टम), स्टाफ आफिसर ग्रेड-1, सहायक प्रबंधक (सिविल) तथा इलेक्ट्रीशियन सहित अन्य तकनीकी व प्रशासनिक पद शामिल हैं। सभी नियुक्तियों के लिए गीडा सीईओ अनुज मलिक के निर्देशन में प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) की महत्वाकांक्षी परियोजना धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप को प्रदेश सरकार, ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर ग्रेटर गीडा के रूप में विकसित करने जा रही है। शासन से इस टाउनशिप का मास्टर प्लान अनुमोदित हो चुका है, जिसके बाद तैयारियों को तेजी से अंजाम दिया जा रहा है। धुरियापार टाउनशिप की खासियत इसकी जबरदस्त कनेक्टिविटी होगी। एक ओर यह क्षेत्र हाल ही में लोकार्पित गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के नजदीक है, तो दूसरी ओर इसमें रेलवे लाइन बिछाने की योजना को भी हरी झंडी मिल चुकी है। शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मास्टर प्लान में प्रस्तावित रेलवे लाइन के दायरे में आने वाले गांवों को भी अधिसूचित कर टाउनशिप में शामिल किया जाए। इससे आने वाले वर्षों में धुरियापार क्षेत्र में स्थापित होने वाले उद्योगों को सड़क के साथ-साथ रेल परिवहन की भी सुविधा प्राप्त होगी। मास्टर प्लान के तहत धुरियापार चीनी मिल से खजनी तक की सड़क को फोरलेन बनाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। साथ ही गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के जरिए पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से इस क्षेत्र को जोड़ने की योजना है, जिससे दिल्ली, लखनऊ और वाराणसी जैसे बड़े शहरों से सीधी और तेज कनेक्टिविटी संभव होगी।

# लापता छात्रा बेसुध हालत में पहुंची घर, परिजन परेशान

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र की एक नाबालिक छात्रा 2 जुलाई को घर से स्कूल के निकली थी और लापता हो गई थी। छात्रा की मां ने बेटी के लापता होने की लिखित शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराई थी। शनिवार की दोपहर को अचानक गांव के बाहर बेसुध हालत में घर पहुंची। सूचना पाकर मौके पर पहुंची, पुलिस लड़की को थाने लेकर चली गई और जांच पड़ताल करने में जुट गई है। गांव में चर्चा है कि लड़की के बाल कटे हुए थे गर्दन पर काले टीके देखा गया पछात्रा को देख पूरे क्षेत्र में तरह तरह की चचाएं हो रही हैं।

- छात्रा की हालत देख पूरे क्षेत्र में हो रही तरह तरह की चर्चाएं
- विगत 2 जुलाई को घर से स्कूल के लिए निकली छात्रा लापता हुई थी

मिली जानकारी के अनुसार लापता छात्रा की मां ने पुलिस को सौंपी तहरीर में लिखा है कि मेरी नाबालिक लड़की सरदार नगर स्थित एक बालिका इंटर कॉलेज में पढ़ाई करती है। विगत 2 जुलाई को घर से पढ़ाई करने के लिए निकली थी और देर शाम तक घर नहीं लौटी। छात्रा के लापता होने पर लड़की की मां ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई। पुलिस तहरीर के आधार पर गुमशुदगी का केस दर्ज कर लड़की कि तलाश करने में जुटी हुई थी। शनिवार को गांव के बाहर सड़क किनारे लापता छात्रा बेसुद हालत में नजर आई। लड़की को देख एक युवक ने परिजनों को जानकारी दी। छात्रा जब घर पहुंची तो देखा कि लड़की के माथे पर लाल रंग का टीका लगा हुआ है, उसके बाल काटे गए हैं, गले पर चोट के निशान हैं, गर्दन पर काला टीका का निशान देखा गया। परिजनों ने छात्रा को घर आने की सूचना तत्काल पुलिस को दी, सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा छात्रा को गाड़ी में बैठा कर थाने लेकर चले गए और मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। छात्रा के नोट बुक में काला जादू एक, काला जादू दो, टोटका जैसे शब्द लिखा हुआ मिला है। पुलिस की जांच पड़ताल में उसके घर के मोबाईल पर फोन में कैसे गायब हो सकते हैं यह बार बार सर्च किया गया है। गांव क्षेत्र में चर्चा है कि आखिर लड़की के बाल क्यों काटे गए हैं, माथे पर लाल रंग का टीका, गले पर कैसा चोट हैं तथा गर्दन पर काला टीका क्यों बनाया गया है। छात्रा की हालत देख पूरे क्षेत्र में तरह तरह की चचाएं हो रही हैं।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान चला




**इटावा।** वन महोत्सव पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जन अभियान एवं एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्ष भंडारा व पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन पीएम केंद्रीय विद्यालय, इटावा में सामाजिक वानिकी प्रभाग, जिला गंगा समिति एवं पर्यावरण समिति, इटावा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य विनय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि औद्योगिक विकास से उत्पन्न हो रहे कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने में वृक्षों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि अधिकाधिक पौधारोपण कर हरित क्षेत्र बढ़ाया जाए। विद्यालय अध्यापक देवेंद्र कुमार ने कहा कि आज रोपे गए ये पौधे भविष्य में वृक्ष बनकर हमें न केवल ऑक्सीजन प्रदान करेंगे, बल्कि पर्यावरण संतुलन में भी अहम योगदान देंगे। डीपीओ नमामि गंगे संजीव चैहान ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु मिल सके। उन्होंने सभी से एक पेड़ माँ के नाम अभियान में सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम की सफलता में वन विभाग एवं विद्यालय के स्टाफ सदस्यों जेआरएफ डॉ.संगीता, सहदेश कुमार, सुयश तिवारी, आलोक गुप्ता, देवेंद्र कुमार, शशि छाबड़ा, भोलाराम मीणा, मनोज पांडे एवं अनुज तिवारी का योगदान सराहनीय रहा।

## करणी सेना के जिलाध्यक्ष बने धितेंद्र

इटावा। करणी सेना के जिलाध्यक्ष बने धितेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गोलू ठाकुर। क्षत्रियों का एक अन्तराष्ट्रीय संगठन है करणी सेना। करणी सेना के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष है अम्मू जी। फिल्म निमार्ता संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावती के विवाद पर करणी सेना सुर्खियों में आई थी। समाज और देश के लिए संघर्ष और सेवा के भाव पर काम करता है करणी सेना संगठन। धितेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गोलू ठाकुर के समाज और देश के प्रति समर्पण और सेवा के भाव देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजीव चैहान ने इटावा जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपा। धितेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गोलू ठाकुर पहले भी कई सामाजिक संगठनों में कार्य कर चुके हैं। धितेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गोलू ठाकुर ने बताया कि संगठन की मूल भावनाओं का सम्मान करेंगे और संगठन के नेतृत्व में संगठन को निरंतर मजबूत करने का कार्य करेंगे।

## किसान की हत्या नहीं हार्टफेल से हुई मौत पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**बकेवर, इटावा।** ग्राम नगला सबसुख में नगला खांडेराव के किसान की हत्या न होकर हार्टफेल से मौत हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा मामले के नामजद व्यक्ति को पुलिस पकड़कर पूछताछ कर रही है। परिजनों ने खेत में मेड़ डालने को लेकर नगला सबसुख निवासी पुष्पेंद्र पुत्र ज्ञानी उम्र 65 के विरुद्ध डंडा मारकर हत्या कर देने का मामला दर्ज कराया था। एसपी ग्रामीण श्रीशचंद्र ने इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम नगला खांडेराव निवासी वृद्ध किसान बालभ्यासी की ग्राम नगला सबसुख के पास खेत में शुक्रवार को खेतों पर मरे पड़े मिले थे। जिसमें परिजनों के व्यक्ति के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कराया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि वृद्ध किसान की मृत्यु हार्टफेल होने से हुई थी। मृत्यु करीब पोस्टमार्टम से 18 घण्टे पहले होना बताया गया है।

## शिक्षा हासिल कर आप समाज की दुनिया बदल सकती है : चारु चौधरी

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** विकास खंड सरदारनगर के ग्राम पंचायत सरैया स्थित पंचायत भवन पर ग्रामीण महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारु चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई। तथा मौके पर उपस्थित महिलाओं से उनकी समस्या को चिन्हित कर पात्र होने पर सचिव राकेश ठाकुर से अविलम्ब अवश्यक कार्यवाही किये जाने तथा अग्रिम कार्यवाही से अवगत कराने के भी निर्देश दिए ' उक्त अवसर पर राज्य महिला आयोग के उपाध्यक्ष के पीआरो बंदना गुप्ता, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के खंड प्रेरक चेतई प्रसाद पटवा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अलोक यादव, उर्मिला यादव पंचायत सहायक गुड्डी देवी.सहित तमाम ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 40 में मात्र दो का निस्तारण

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरी चौरा तहसील सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी चौरीचौरा कुंवर सचिन सिंह की अध्यक्षता में किया गया। समाधान दिवस पर आये फरियादियों की समस्यायों को सुना गया और निस्तारण के निर्देशित किया। समाधान दिवस पर कुल 40 मामले आए जिसमें से दो मामलो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।। शेष मामलों को संबंधित विभाग को निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। समाधान दिवस पर सबसे अधिक मामले राजस्व विभाग से संबंधित आये थे। इस अवसर पर तहसीलदार निशा श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार संजय सिंह, बीडीओ ब्रह्मपुर गरिमा सिंह, बीडीओ सरदारनगर श्याम लाल, प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा, राजस्व निरीक्षक रामानंद यादव, अम्बरीष त्रिपाठी अन्य विभागों से आये कर्मचारी अधिकारी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# सिलाई कला सीख महिलाएं बनें आत्मनिर्भर

जिला संवाददाता (vol)

**सरहरी, गोरखपुर।** क्षेत्र के ग्राम सभा बलुआ स्थित पंचायत भवन पर जल शक्ति मंत्रालय द्वारा संचालित नमांमि गंगे परियोजना और भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में त्रैमासिक सिलाई मशीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य डॉ दिलीप कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि डा दिलीप कुमार सिंह ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कहा कि आज के परिवेश में जब आप हम दर्जी के पास कपड़ा सिलवाने जाते है, तो जितने का कपड़ा नहीं उससे ज्यादा सिलाई लग जाती है। इसलिए आप सभी पुरे मनोभाव से सिलाई प्रशिक्षण सीखे जो आपको स्वावलम्बी बनाएगी साथ ही आर्थिक कमी को दूर करेगी। उक्त कार्यक्रम जो जल शक्ति मंत्रालय द्वारा संचालित है। इसमें 3 महीने के लिए सिलाई मशीन प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जायेगा। उक्त अवसर पर भारतीय वन्यजीव संस्थान




व राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के सीनियर प्रोजेक्ट एसोसिएट अभिमन्यु सिंह और जलज परियोजना सहायक दीपक साहनी और फील्ड असिस्टेंट रितेश कुमार के साथ ही सिलाई प्रशिक्षिका स्नेहलता सिंह सहित स्थानीय महिलाएं और लड़कियां उपस्थित रही। अभिमन्यू सिंह ने अपने सम्बोधन में बताया कि इस सिलाई प्रशिक्षण के माध्यम से जलीय जीवों के प्रति जागरूक और जैवविविधता सरंक्षण के प्रति जागरूक किया जायेगा।

## नाबालिग लड़की को भगाने का आरोप, केस दर्ज

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र की एक नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। लड़की की मां ने एक लड़के पर अपनी नाबालिग लड़की को अपने साथ भागने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सौंपी तहरीर। पुलिस तहरीर के आधार पर आरोपित सचिन पुत्र झीनकार निवासी सरसोपार थाना बांसगांव के विरुद्ध धारा 137(2) के तहत केस दर्ज कर लड़की की तलाश में जुट गई है।

## हादसों में तीन लोग घायल, एक सैफई रेफर

**जसवंतनगर, इटावा।** क्षेत्र में शनिवार को अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी पहुंचाया गया, जहां एक की हालत गंभीर होने पर उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पहली घटना बलरई-जसवंतनगर सड़क मार्ग पर ज्वालापुर गांव के पास हुई। नगला तौर गांव की 50 वर्षीय पत्नी चंद्रपाल अपने 23 वर्षीय पुत्र देवेंद्र कुमार के साथ बाइक से जसवंतनगर जा रही थीं। सड़क पर सूख रही मक्का के कारण उनकी बाइक फिसल गई। हादसे में मां-बेटा दोनों घायल हो गए। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है वहीं दूसरी दुर्घटना केलोखर गांव के पास हुई। गांव के 49 वर्षीय पंकज पुत्र रणवीर किसी वाहन का इंतजार कर रहे थे उसी समय अज्ञात वाहन से सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें भी 108 एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# मनरेगा: फोन में रखे फोटो को किया अपलोड

यजुगेंद्र श्रीवास्तव

**गीडा, गोरखपुर।** केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना ग्रामीण लोगों की क्रय शक्ति को बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था, मुख्य रूप से गांवों में रहने वाले लोगों के लिए अर्ध-कौशलपूर्ण या बिना कौशलपूर्ण कार्य, चाहे वे गरीबी रेखा से नीचे हों या ना हों उन सभी को लाभान्वित करने के लिए चलाया गया। लेकिन अब ये महज कुछ लापरवाह अफसरों के कारण इस बहुद्देशीय योजना को पलीता लगाने में माहिर हैं।

इसकी एक बानगी पिपरौली ब्लॉक के ग्रामपंचायत अडीलापार और बेतऊवा उर्फ चनऊ में देखने को मिला। जहां मनरेगा में हुए कार्यों का अपलोड फोटो खुद बयां कर रहा है। ग्राम पंचायत अडीलापार में 2 जुलाई



को मस्टर रोल संख्याझ1786 में प्राथमिक विद्यालय, पंचायत भवन और पोखरे के चारों तरफ पौधारोपण का कार्य दिखाया गया जिसमें एक श्रमिक का फोटो उसी दिन दूसरे मस्टर रोल संख्या झ 1791 में राम जानकी मंदिर से अवधेश के घर तर पटरियों पर मिट्टी कार्य दिखाया गया। एक ही दिन में दोनों कार्यों पर एक ही युवक फोटो में दिख रहा हैं। इसी प्रकार 3 जुलाई को भी अपलोड फोटो में एक श्रमिक दो अलग अलग कार्यों के फोटों में दशार्या गया है। वही ग्राम पंचायत बेतउवा उर्फ चनऊ में 23 जून की मस्टर रोल संख्याझ 1383 में पौधरोपण के कार्य को दशार्या गया लेकिन पहले से ही मोबाइल में रखी गई फोटो को खींचकर अपलोड कर शासन के आदेशों की धज्जियां उड़ाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। ऐसे तमाम कार्य जो मनरेगा द्वारा चलाई जा रही है जो कही न कही जिम्मेदारों की उदासीनता को दशार्ती नजर आ रही हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही इस योजना को पारदर्शिता लाने के लिए प्रत्येक ब्लॉक में एपीओ की तैनाती की गई है, बावजूद इसके जिम्मेदार अनदेखी कर सरकारी योजनाओं को भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

बताते चले कि पूर्व में भी वॉयस ऑफ लखनऊ अखबार ने पिपरौली क्षेत्र में मनरेगा कार्यों में हुए भ्रष्टाचार को प्रकाशित कर चुका है तथा उच्चाधिकारियों ने जब संज्ञान लिया तो ब्लॉक के जिम्मेदार लीपापोती कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। अब देखना है कि क्या अधिकारी इस प्रकरण पर कार्यवाही करते है या पुनः लीपापोती कर मामले को मैनेज करने में जुटते हैं। इस संदर्भ में उपायुक्त मनरेगा रघुनाथ सिंह ने कहा कि प्रकरण की जांच कराई जाएगी, किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यवाही में कोई लीपापोती नहीं चलेगी, इस बार निश्चित ही दोषियों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## नौकरानी पर जेवर चुराने का आरोप, केस दर्ज

**गोरखपुर।** एम्स थाना क्षेत्र के आवास विकास कालोनी कूड़ाघाट में रहने वाले गन्ना शोध संस्थान के पूर्व वैज्ञानिक अधिकारी बलिराम राव ने घर में कामकाज देखने वाली नौकरानी पर आभूषण चुराने का आरोप लगाया है। पुलिस को दिए तहरीर में वैज्ञानिक अधिकारी ने बताया है कि उन्होंने अपनी उम्रदराज पत्नी की सेवा टहल के लिए आवास विकास कालोनी में किराए पर रहने वाली झंगहा थाना क्षेत्र की एक युवती को काम पर लगा रखा है। उन्होंने बताया कि बीते 25 मई से लेकर 3 जुलाई के बीच पत्नी की तबीयत खराब रहने के कारण वे कई चरणों में पत्नी को लेकर अस्पताल में भर्ती रहे। 3 जुलाई को डिस्चार्ज के बाद जब घर पहुचे तो पाया कि आलमारी से सोने की अंगूठी, एक जोड़ी टॉप्स व 6 चांदी का सिक्का गायब है। इस सम्बन्ध उन्होंने नौकरानी को आरोपित करते हुए उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 306 के तहत मुकदमा कायम कराया है।

## शानो शौकत से निकला हजरत कासिम की याद में मेंहदी का जुलूस



**इटावा।** कटरा सहाब खां स्थित दरगाह हजरत सैयद अबुल हसन शाह वारसी से हजरत कासिम की याद में मेहदी का जुलूस परम्परागत तरीके से शानोशौकत के साथ निकला जिसे एसडीएम विक्रम सिंह राघव व कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह, थाना सिविल लाइन विक्रम सिंह व मेंहदी जुलूस के आयोजक हसनैन वारसी उर्फ हनी वारसी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। मेंहदी का नतृत्व गुजरात से आये बाबा महबूब शाह वारसी ने किया। मेंहदी का जुलूस दरगाह वारसी से परम्परागत तरीके से उठा कटरा शहाब खां में साजिद वारसी सहित कई लोगों ने मेंहदी के जुलूस का इस्तकबाल किया जुलूस में अलम, चैकी, मेंहदी और बैंड शामिल थे। बैंडों पर शहीदाने कर्बला के मरसियों सहित इस्लाम जिंदा रहता है कर्बला के बाद, अली का दामन नहीं छोड़ेंगे, हुसैन जिंदाबाद हुसैन जिंदाबाद की धुनें बज रही थी। मेंहदी की हजारों लोगों ने जियारत कर मन्नतें मांगी। जुलूस मोहल्ला शाहकमर, उर्दू मोहल्ला, नौरंगाबाद चैराहा, पुल कहारन, तिकोनिया, कोतवाली चैराहा, पचराहा, राजागंज, तहसील चैराहा, सैदवाड़ा, साबितगंज, नया शहर, रामगंज चैराहा होकर दरगाह वारसी पर समाप्त हुआ। यहां पर आये सभी लोगों को लंगर तकसीम किया गया सबसे खास बात यह रही कि प्रशासन के निदेर्शानुसार मेंहदी का जुलूस अपने निर्धारित समय पर समाप्त हो गया। मेंहदी के जुलूस में सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल मौजूद रहा। मेंहदी के जुलूस में मुमताज चैधरी, राहत अकील, हाजी दानिश वारसी, तहसीन इलाही वारसी, जावेद हसन वारसी, हाजी शहजाद वारसी एडवोकेट, रईसद्दीन वारसी, हयातउल्लाह वारसी, जलील वारसी, फरीद वारसी, गफ्फार वारसी, अनवर वारसी, डॉक्टर अयाज अली, पत्रकार मसूद तैमुरी, इंतिजार अहमद शावेज नकवी, हाजी अजीम वारसी, नदीम वारसी सहित तमाम लोग शामिल थे।

## शावक का लालन-पालन किया जा रहा

**इटावा।** बीते 21 अप्रैल को इटावा सफारी पार्क की बब्बर शेरनी रूपा से जन्में शावक जिन्हें शेरनी के असामान्य व्यवहार के कारण मां से अलग कर दिया गया था, उनको सफारी पार्क के कीपरों द्वारा हैंड रियरिंग कर उनका लालन पालन किया जा रहा है। इन शावकों में से एक नर शावक4 जुलाई की शाम से कुछ अस्वस्थ चल रहा है। जिसका उपचार सफारी पार्क के वन्यजीव चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है तथा सफारी प्रशासन द्वारा उसकी लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। साथ ही 13 जून को ललितपुर से रेस्क्यू कर लाया गया घायल तेन्दुआ जो अपने पिछले पैरों पर खड़ा नहीं हो पा रहा है परन्तु अपना आहार एवं पानी पूर्ण मात्रा में ले रहा है, का भी उपचार सफारी के वन्यजीव चिकित्सालय में नियमित रूप से किया जा रहा है।

## कुर्मी क्षत्रिय महासभा का स्थापना दिवस 13 को

**इटावा।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा इटावा इकाई को गठित हुए तीन वर्ष होने पर, इटावा इकाई का तृतीय वार्षिकोत्सव समारोह 13 जुलाई को शहर के प्रतिष्ठित सांई उत्सव गार्डन पुरबिया टोला में मनाया जायेगा जिसमें महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. वीएस निरंजन सेवानिवृत्त आईएएस, डा. उमेश सिंह पटेल राष्ट्रीय महासचिव, एलपी पटेल राष्ट्रीय संरक्षक, लताऋषि चंद्राकर राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष, धीरज पाटीदार राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष, डीएम कटियार राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय कुर्मी महासभा, बीएल वर्मा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, पटेल शैलेन्द्र चैधरी प्रदेश अध्यक्ष, कांति सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, योगेन्द्र सचान प्रदेश महासचिव, डा. अवधेश वर्मा प्रदेश युवा अध्यक्ष, कैलाश उमराव प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अजीत सिंह प्रदेश कोषाध्यक्ष, जेएन कटियार राष्ट्रीय सदस्य, संजेश कटियार मंडल अध्यक्ष, सहित बहुत सी हस्तियां पधार रही हैं।

# डीएम-एसएसपी ने सुनीं जनता की शिकायतें

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें।

तहसील सदर में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 56 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 4 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन




से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उक्त के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा वृक्षारोपण अभियान के तहत किसानों को पौधे वितरित किए गए। उक्त अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. बृजेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## नवीं अलम का निकाला जुलूस

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में नवीं मोहर्रम अलम का जुलूस इमामबाड़े से बड़ी अकीदत के साथ उठाया गया। जिसमें बड़ी संख्या मे अकीदत मंदों ने शिरकत की है। मंगलवार को मौलाना मुराद अली जैदी ने हुसैन की याद में कहा जिस तरह कर्बला में उन्होंने कुबार्नी पेश की थी जिसकी मिशाल आज भी कायम है। जुल्म के खिलाफ हुसैन ने घुटने नहीं टेके थे। मातमदारों ने या हुसैन, या अली के नारे लगाकर नौहाख्वानो ने नौहाख्वानी करते हुए सीना जरी की है। जुलूस नगर के प्रमुख चौराहों से होते हुए इमामबाड़े में पहुंचकर देर रात समापन किया गया जिसका नेतृत्व मोहम्मद अब्बास नकवी, अलिम रजा, अकरम जैदी और रिजवान जैदी समेत बड़ी संख्या में अकीत मंद लोग शामिल हुए हैं।

## मुआवजा मांगने पर कर दी पिटाई

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली इलाके के भटपुरवा कालोनी में नष्ट हुई फसल का मुआवजा मांगे पर मारपीट हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। भटपुरवा कालोनी निवासी किसान ब्रजपाल ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि उसके खेत में खड़ी पकी हुई गेहूं की फसल पड़ोसी शिशुपाल सिंह की लापरवाही से पूरी तरह नष्ट हो गई थी। शिशुपाल द्वारा अपने खेत में मोटर से बार-बार पानी भरने से पानी बहकर ब्रजपाल के खेत में एक से डेढ़ फीट भर गया था, जिससे पूरी फसल खराब हो गई थी। घटना के बाद गांव में पंचायत कराई गई थी। जिसमें शिशुपाल ने मुआवजा देने की बात मानी थी, लेकिन बाद में वह मुकर गया। आरोप है कि 29 जून की शाम जब ब्रजपाल ने दोबारा मुआवजे की मांग की तो शिशुपाल आगबबूला हो गया और गाली-गलौज करते हुए हाथापाई की। साथ ही धमकी दी कि अगली बार मुआवजा मांगा तो जान से मार देगा। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने और मुआवजा दिलाने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 94 समितियों को किया गया कंप्यूटराइज्ड

शाहजहांपुर। जिला सहकारी बैंक के सभागार में शनिवार को एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें बैंक की 2019-20 से 2024-25 तक की वित्तीय प्रगति का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक सहकारिता, बरेली मंडल राजेश कुमार ने बताया कि बैंक की कुल पूंजी 21.19% की वृद्धि हुई है, जो 1875.65 लाख से बढ़कर 2273.18 लाख हो गई। वहीं, निवेश में 41.89% और कार्यशील पूंजी में 120.13% की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष (सभापति) डीपीएस राठौर ने बताया कि बैंक द्वारा दिए गए ऋण में 44.38% की वृद्धि हुई है, जिसमें कृषि ऋण में 58.55% बढ़त हुई। बैंक का विनियोग 290.29% बढ़ा है। सीआरएआर 2.72% घटकर अब 13.09% रह गया है। प्रशासनिक खर्च में नियंत्रण करते हुए एनपीए और बकाया में भी कमी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि जिले की 94 समितियों को कंप्यूटरीकृत किया गया है। किसानों को 1800 मीट्रिक टन डीएपी और विभिन्न माध्यमों से बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# डीएम ने स्कूलों में ली बच्चों की क्लास




जिला संवाददाता(vol)

- पहाड़े सुने, दाल चखी, टॉफी दी और लापरवाही पर जताई सख्त नाराजगी
- डीएम ने तीन परिषदीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण, लापरवाही पर प्रधान और कार्यकत्रियों को चेतावनी

लखीमपुर खीरी। शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल कुछ अलग ही भूमिका में नजर आईं। अफसर कम, एक संवेदनशील शिक्षक की तरह सीधे क्लास में पहुंचीं। बच्चों से पहाड़े सुने, गणित के सवाल हल करवाए, मिड-डे मील चखा और साफ-सफाई की हकीकत खुद देखी। निरीक्षण के दौरान जहां बच्चों को टॉफी देकर मुस्कानें बांटीं, वहीं लापरवाही पर संबंधित प्रधान और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को फटकार भी लगाई। नकहा, ईसानगर और धौरहरा ब्लॉक के तीन स्कूलों के औचक निरीक्षण से व्यवस्था में हलचल मच गई। इस दौरान डीसी मनरेगा सुशांत सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, डीपीओ भारत प्रसाद, एडीपीआरओ और संबंधित बीडीओ भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्पष्ट कहा कि परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समय पर भोजन और स्वच्छता प्राथमिकता में है। उन्होंने अफसरों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं नियमित रूप से परखी जाएं और सुधार सुनिश्चित किया जाए। डीएम सबसे पहले ब्लॉक नकहा के प्राथमिक विद्यालय लोनियनपुरवा पहुंचीं, यहां उन्होंने शिक्षण कार्य की जांच की और कक्षा तीन के छात्र-छात्राओं से किताबें पढ़वाईं। अनीता और उपेंद्र ने पुस्तक पढ़कर सुनाई, जिससे उनकी रीडिंग स्किल का आंकलन किया गया। मिड-डे मील के तहत बनी दाल-चावल की गुणवत्ता को भी डीएम ने खुद जांचा। विद्यालय में बनाए गए खेल मैदान का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र में खेल सामग्री और बर्तन के उपयोग न होने पर डीएम ने गहरी नाराजगी जताई और कार्यकत्री से जवाब तलब करने के निर्देश दिए। वहीं टोटियों में पानी न आने पर ग्राम प्रधान को चेतावनी जारी करने के आदेश दिए। इसके बाद डीएम ईसानगर ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय ऐरा पहुंचीं, यहां उन्होंने कक्षा एक और दो के बच्चों से चार और सात की पहाड़े सुने। बच्चों को टॉफी बांटी, जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे। यहां बने बैडमिंटन कोर्ट की गुणवत्ता पर असंतोष जताते हुए डीएम ने निर्माण को दोबारा बेहतर ढंग से कराने के निर्देश दिए। बच्चों से दूध, फल व भोजन मिलने की जानकारी ली गई। विद्यालय परिसर के शौचालय का दरवाजा जर्जर अवस्था में मिलने पर डीएम ने ग्राम प्रधान को चेतावनी जारी करने को कहा। यहां संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में डीएम ने बच्चों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना।

## डीएम ने पौधरोपण कर गोद भराई व पोषण पोटली का किया वितरण

निरीक्षण के तीसरे चरण में डीएम ब्लॉक धौरहरा के संविलियन विद्यालय महादेव पहुंचीं, यहां उन्होंने अधिकारियों संग छायादार, फलदार और औषधीय पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म पूरी की और सैम श्रेणी के दो बच्चों को पोषण पोटली दी गई। स्वयं सहायता समूह की 50 महिलाओं को सहजन के पौधे वितरित करते हुए डीएम ने इसके स्वास्थ्य लाभ व पोषण गुणों की जानकारी दी। विद्यालय के कक्षों में जाकर बच्चों की पढ़ाई, उपस्थिति और भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण कर संतोष जताया।

## अक्षरधाम कॉलोनी से अंटा तक नाले पर बनेगी रोड, वित्त मंत्री ने किया निरीक्षण

शाहजहांपुर। नगर निगम के विकास को लेकर एक बड़ी योजना पर काम शुरू होने जा रहा है। मोहल्ला अक्षरधाम कॉलोनी से होकर बृज विहार, अंटा चौराहा व फायर स्टेशन को जोड़ने वाले नाले के ऊंपर अब सड़क का निर्माण किया जाएगा। यह सड़क लोधीपुर से शुरू होकर अंटा तक पहुंचेगी, जिससे क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। वही रोड बनने से बाढ़ से भी मोहल्ले को राहत मिलेगी। शनिवार को प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह एवं नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्रा के साथ इस नाले और प्रस्तावित सड़क मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। फिलहाल यह नाला केवल जल निकासी का काम करता है, लेकिन इसके ऊपर सड़क बनने से न केवल ट्रैफिक का दबाव कम होगा, बल्कि आस-पास की कॉलोनियों को भी बेहतर कनेक्टिविटी मिल सकेगी। साथ ही, सड़क के निर्माण से बारिश के दौरान जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान भी हो सकेगा।

## भीरा-पलिया रेलवे लाइन के पास बाढ़ और रिसाव पर प्रशासन अलर्ट

लखीमपुर खीरी। बाढ़ की संभावनाओं को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड में है। शनिवार को एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने भीरा-पलिया के बीच रेलवे लाइन के पास जलभराव व रिसाव को गंभीरता से लेते हुए मौके पर पहुंचकर स्थिति का



जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को संवेदनशील स्थलों पर निगरानी बढ़ाने और तकनीकी उपायों को तत्काल अमल में लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ उप जिलाधिकारी पलिया रत्नाकर मिश्रा, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड इंजीनियर अजय कुमार, रेलवे विभाग के सब डिविजनल इंजीनियर, लोक निर्माण विभाग समेत कई तकनीकी और राजस्व विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने स्पष्ट कहा कि बाढ़ से निपटने के लिए हर स्तर पर सतर्कता बरती जाए। रेलवे महकमे के जिम्मेदार अफसरों को रेलवे ट्रैक और आस-पास की भूमि की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि जहां रिसाव की संभावना है, वहां तात्कालिक रूप से सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाए ताकि कोई जनहानि या व्यवधान न हो। उन्होंने कहा किबाढ़ की स्थिति में समय से पूर्व तैयारियां और विभागों के बीच समन्वय सबसे महत्वपूर्ण है। सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने दायित्वों का तत्परता से निर्वहन करें और आपदा प्रबंधन की रूपरेखा के अनुसार कार्य करें।

## विधायक ने किया शिव मंदिर कॉरिडोर का निरीक्षण



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) विधायक अमन गिरि ने शिव मंदिर कॉरिडोर का निरीक्षण कर अधिकारियों से सावन माह से पहले व्यवस्थाओं को मुकम्मल करने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को विधायक अमन गिरि ने एसडीएम युगांतर त्रिपाठी के साथ सावन मेला की तैयारी को लेकर शिव मंदिर परिक्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने सावन को लेकर प्रमुख मार्गों के दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही शिवमंदिर क्षेत्र के सभी रास्तों को सही करने के साथ वह कॉरिडोर कार्य में तेजी लाने निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर परिक्षेत्र में सावन माह के दौरान दुकान लगाने वाले तमाम दुकानदारों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा किसी भी दुकानदार का रोजगार नहीं छीना जाएगा, उचित स्थान पर उनकी दुकान लगावाने की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान जेई विवेक वाजपेयी, सचिन सिंह व तीर्थ क्षेत्र के तमाम दुकानदार मौजूद रहे।

## प्रदेश के आर्थिक हित के लिए जरूरी है पौधरोपण: सुरेश खन्ना

शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शनिवार को न्यू ककरा सिटी में ह्लएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया।

इस अवसर पर उन्होंने मौजूद लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाते हुए कहा: कि हमे वृक्ष केवल लगाने नहीं है, उन्हें जीवित और सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। हमें पेड़ ऐसी जगह लगाना चाहिए जहां उनकी देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। पेड़ लगाने का सबसे बड़ा लाभ तो पर्यावरण है, लेकिन इससे भी आगे बढ़कर यह प्रदेश के आर्थिक हित से भी जुड़ा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार करों के वितरण में राज्यों की भागीदारी तय करने के लिए एक वर्गीकरण प्रणाली का प्रयोग करती है जिसमें हरियाली, वन क्षेत्र और पर्यावरणीय पहलुओं की भी भूमिका होती है। उत्तर प्रदेश इस वर्गीकरण में अपेक्षाकृत कमजोर रहा है। यदि हम



व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण करें, और उसे टिकाऊ बनाए रखें, तो हम इस वर्गीकरण में अपनी स्थिति मजबूत कर सकते हैं, जिससे प्रदेश को केंद्र से अधिक वित्तीय लाभ मिल सकता है। इसका सीधा फायदा आम जनता को मिलेगा। खन्ना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पर्यावरणीय प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि दोनों ही नेता पर्यावरण संरक्षण को लेकर बेहद गंभीर हैं और देशभर में वृक्षारोपण अभियान को जन-आंदोलन बनाने का प्रयास कर रहे हैं। हमें उनके इन प्रयासों को और गति देनी है। यह केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। एक पेड़, एक जीवन की रक्षा जैसा है – और अगर हम हर साल एक पेड़ भी जिम्मेदारी से लगाएं और पालें, तो आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण दे सकेंगे।

## अमन ने पास की गेट परीक्षा, बीएचयू में मिला प्रवेश



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम परेली निवासी अमन कुमार ने अपने पहले ही प्रयास में गेट परीक्षा में ऑल इण्डिया 70वीं रैंक लाकर पूरे परिवार गांव समेत जिले का नाम रोशन किया है। अमन के पास देश के लब्ध प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों के प्रस्ताव आ चुके हैं। परन्तु इनका रुझान डेटा साइंस एण्ड ऑपरेशन रिसर्च की तरफ था। इसलिए इन्होंने आईआईटी बीएचयू की डिसीजन साइंस एण्ड इंजीनियरिंग ब्रांच में प्रवेश ले लिया है। इनके पिता महेन्द्र कुमार स्थानीय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में आचार्य हैं।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में निपटीं 6 समस्याएं



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) सम्पूर्ण समाधान दिवस में 50 फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखी जिसमें राजस्व विभाग की छह शिकायतों का निपटारा हो सका।

शनिवार को एसडीएम युगांतर त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ। जिसमें राजस्व एवं आपदा विभाग की 24, पुलिस विभाग की 11, सम्पूर्ण जांच के लिए छह, खाद एवं रसद विभाग की चार, बिजली और ग्राम विकास विभाग की दो- दो, नगर विकास विभाग की एक शिकायत दर्ज की। मौके पर राजस्व विभाग की 6 शिकायतों का निपटारा किया जा सका। 44 शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने को सम्बन्धित को निर्देशित किया गया है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य रूप से सीओ गवेन्द्र पाल गौतम, तहसीलदार भीम चंद, नायब तहसीलदार सर्वेश कुमार यादव, भानुप्रताप सिंह, तहसील/विकास खण्ड थाना स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## पालिकाध्यक्ष ने देखी नगर की प्रकाश व्यवस्था



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू शहर की प्रकाश व्यवस्था देखने के लिए शुक्रवार की शाम काफिले के साथ सडकों पर निकल पडे। सभी मार्गो पर रोड लाइटों का निरीक्षण कर मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। छोटी काशी में लगने वाला सावन का मेला 11 जुलाई से शुरू होगा। भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करने के लिए राज्य व देश के तमाम स्थानों से भारी संख्या में श्रद्धालु व कवाड़िए छोटी काशी पहुंचते हैं। जिससे पूरे सावन भर शहर की सड़के श्रद्धालुओं के आवागमन से गुलजार रहती हैं।

रात्रि के समय श्रद्धालुओं और कावड़ियों को कोई परेशानी न हो, उन्हें अंधेरे का सामना न करना पड़े इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू गंभीर है। नगर पालिका अध्यक्ष ने शुक्रवार की देर शाम नगर पालिका अमले के साथ शहर की सभी मार्गो, बाईपास मार्ग और मंदिर परिक्षेत्र का भ्रमण कर पथ प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया रोड लाइट का निरीक्षण किया गया है। तमाम जगह व्यवस्थाएं सही नहीं मिली है, रोड लाइट व्यवस्था को तत्काल ही सही करने के निर्देश कर्मचारियों को दिए गए हैं। छोटी काशी आने वाले किसी भी श्रद्धालु और कावड़ियों को कोई दिक्कत ना हो इसके लिए वह लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शहर की सभी मार्गो पर रोड लाइट की व्यवस्था की जा रही है। इस मौके पर अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, एसआई संदीप वर्मा, रविंद्र कटियार, शत्रुघन मिश्रा, मोहित अवस्थी, लवकुश अवस्थी सहित तमाम सभासद व पालिका कर्मी मौजूद रहे।

## एक सप्ताह में भुगतान न होने पर होगा सत्याग्रह आंदोलन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) बजाज चीनी चीनी मिल गोला, खम्भारखेड़ा और पलिया कला पर किसानों का करोड़ों रुपया बकाया होने के बावजूद अब तक भुगतान नहीं हुआ है। जिससे किसान परेशान हैं। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्री कृष्ण वर्मा का कहना है कि प्रदेश की प्रमुख सचिव गन्ना एवं चीनी विकास बीना कुमारी मीणा के निर्देश पर 9 मई 2025 को गन्ना आयुक्त प्रमोद कुमार उपाध्याय द्वारा वसूली प्रमाण पत्र जारी किए गए थे, लेकिन दो माह बीतने के बाद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि तहसील प्रशासन, गन्ना विभाग और मिल प्रबंधन की मिलीभगत से किसानों के हक को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पेराई सत्र 2021-22 में गोला मिल पर 371.31 करोड़ प्लस ब्याज बकाया था। इसके लिए पहले भी नीलामी की प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन संपत्ति कुर्क न होने के कारण वह निष्प्रभावी रही। दावा किया कि गोला मिल की कृषि भूमि पर मिल प्रबंधन हर साल करोड़ों की गन्ने की फसल उगा रहा है और उसका लाभ उठा रहा है, जबकि किसानों को उनके बकाया की एक भी पाई नहीं मिली। इसके अलावा सरकारी रिकॉर्ड में ब्याज शब्द को गलत तरीके से प्याज लिखा गया, जिससे भ्रम फैलाया गया और कार्रवाई टलती रही। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह में किसानों का बकाया भुगतान नहीं हुआ और कुर्की की कार्रवाई प्रभावी रूप से लागू नहीं हुई तो संगठन चीनी मिल प्रांगण व गन्ना समितियों के परिसर में शांतिपूर्ण सत्याग्रह शुरू करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## विधायक के आश्वासन पर दिव्यांग यूनियन का धरना खत्म

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) विधायक के आश्वासन के बाद भारतीय दिव्यांग यूनियन का धरना समाप्त कर दिया गया है। भारतीय दिव्यांग यूनियन अपनी समस्याओं को लेकर 30 जून से सदर चैराहे पर इन्द्रा पार्क में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया था। जो छठे दिन तक जारी था। दिव्यांग यूनियन ने शनिवार को लखनऊ कूच कर मुख्यमंत्री के आवास का घेराव करने ऐलान किया, तब भी किसी अधिकारी ने सुधि नहीं ली। यूनियन के लोग लखनऊ जाने की तैयारी में जुटे ही थे कि विधायक अमन गिरि ने धरना स्थल पर पहुंच दिव्यांगों की सभी मांगों को पूरा करने का वादा किया। साथ ही जिले के अधिकारियों से वार्ता कर भरोसा दिलाया कि सभी मांगों को हर हाल में पूरा कराया जाएगा। धरना स्थल पर विधायक के साथ पालिकाअध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू और कई सभासदगण भी मौजूद थे।




## शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम

लखीमपुर खीरी। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील धौरहरा के सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, विधायक विनोद शंकर अवस्थी, एसपी संकल्प शर्मा और सीडीओ अभिषेक कुमार ने एक ओर जहां फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं, वहीं दूसरी ओर जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र और किट सौंपे। मौके पर फैमिली आईडी अनुश्रवण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायत सहायकों और कंप्यूटर ऑपरेटर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

जनसुनवाई के दौरान डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की



समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण करें और भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्यवाही करे। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी स्तर की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस समाधान दिवस में कुल 82 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए, जिनमें से 06 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 26, पुलिस विभाग की 22, विकास विभाग की 06, चकबंदी की 13, समाज कल्याण विभाग की 04, नगर निकाय की 02, आपूर्ति विभाग की 03, अन्य विभाग की 06 शिकायतें शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया। इस दौरान एसडीएम शशि कांत मणि, सीओ शमसेर बहादुर सिंह, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, तहसीलदार आदित्य विशाल सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### जरूरतमंदों को मिला लाभ, कर्मठों को सम्मान

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, विधायक विनोद शंकर अवस्थी, एसपी संकल्प शर्मा और सीडीओ अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से जीरो पावर्टी लाइन के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र और किट वितरित किए। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत तीन लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र दिए गए, जबकि राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत तीन अन्य लाभार्थियों को पत्र प्रदान किए गए। वहीं खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से 20 लाभार्थियों को मधुमक्खी पालन हेतु किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक धौरहरा के फैमिली आईडी अनुश्रवण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पंचायत सहायक फरहान, अमन नाग, अमित कुमार, कल्पना वर्मा, उर्मिला राजपूत तथा कंप्यूटर ऑपरेटर मोहम्मद नसीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## पुत्र की मौत के जिम्मेदारों की गिरफ्तारी को लेकर पीड़ित परिवार का प्रदर्शन

अल्हागंज शाहजहांपुर/ससुराली जनों के उत्पीड़न से परेशान होकर ऑनलाइन फेसबुक लाइव आत्महत्या करने वाले * पुत्र को न्याय दिलाने को लेकर पीड़ित परिवार दो दिनों से कस्बा अल्लाहगंज में धरना प्रदर्शन कर रहा है उसके परिजनों ने अल्हागंज फरुर्खाबाद हाईवे बाईपास मार्ग पर पुलिस के विरुद्ध चार जुलाई को अनशन शुरू किया था जो शनिवार को भी जारी रहा जिसमें शनिवार को शाहजहांपुर जनपद से समाजवादी पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी रहीं ज्योति सना कश्यप

कस्बे के बाईपास मोहल्ला बगिया निवासी पीड़ित परिवार के साथ धरने पर बैठ गयी जिसकी खबर पाकर थाना अल्लाहगंज प्रभारी ओमप्रकाश तत्काल मौके पर पहुंचे और काफी देर तक पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने को लेकर ज्योति सना कश्यप से पुलिस की नोक झोंक होती रही सपा नेता ने कहा पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है मृतक के पिता रामनरेश राठौर ने बताया उनके पुत्र सुधीर 28 वर्ष की शादी फरुर्खाबाद के मोहल्ला नशेनी चौराहा निवासी रतीराम की पुत्री बंदना के साथ हुई थी विवाह के बाद से ही दोनों में विवाद बना रहता था।

इसी को लेकर ससुराल पक्ष की तरफ से सुधीर के परिजनों के विरुद्ध पुलिस में शिकायत की गई थी। शादी के 3 वर्ष बाद ही वंदना ने घर में ही फांसी लगा कर आत्महत्या करली थी। जिसकी रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई थी। रामनरेश के मुताबिक बाद में बंदना के पिता रतिराम ने 15 लाख रुपए लेकर समझौता कर लिया था। इसके बावजूद उन लोगों ने पुलिस में समझौता दर्ज नहीं कराया। आरोप है कि पुत्र के ससुराली जन उससे और रुपए मांग रहे थे। जिसके चलते उनका पुत्र सुधीर काफी डिप्रेशन में रहता था। बताते हैं पिछले तीन दिनों से वह काफी डिस्प्रेशन में था। इसके चलते उसने सभी को घर से निकाल दिया




और फिर बेड पर लेट कर वीडियो बनाया जिसमें उसने सास ससुर साले दोनों साडुओ पर ब्लैकमेल करने तथा अपनी मौत का जिम्मेदार बताया।

घटना के एक माह व्यतीत होने के बाद भी पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई न करने से नाराज मृतक सुधीर के पिता सहित पूरा परिवार बाईपास सड़क मार्ग पर अनशन पर बैठ गया है। अनशन में मां रामा देवी रीता देवी रितिका साधना राधा अंजुम रोली मोनिका शुभांशी सभी ( बहने ) पिता रमनरेश अनिल सुभाष रामकिशन श्याम बिहारी पंकज राजकमल राम तीरथ कमलेश तथा सहित तमाम लोग शामिल रहे। सभी की मांग है कि सुधीर को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने बालों को पुलिस तत्काल गिरफ्तार करें। दूसरी तरफ धरना स्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी ओम प्रकाश परिवार से बोले पैसा देने का मुझे कोई सबूत दो तभी कार्रवाई हो पाएगी उधर धरने पर बैठे पीड़ित परिवार ने इंस्पेक्टर पर ही उल्टा सवाल दाग दिया और परिवार की एक बेटी बोली आपने जो आरोपियों से पैसे लिए हैं उसका आपके पास वीडियो है उधर मृतक की बहन और पिता ने थाना प्रभारी निरीक्षक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहां है कि इंस्पेक्टर नाजायज रूप से राजीनामा का दबाव बना रहे हैं और कह रहे हैं कि तुम्हारा दिया हुआ पैसा वापस करा देंगे राजीनामा कर लो आपको बता दें मृतक के विरुद्ध उसके ससुरालियों दहेज हत्या का मुकदमा कायम कराया था। बाद में सुधीर ने भी लाइव आकर 18 मई को आत्म हत्या कर ली थी। जिसमें ससुरालयों पर उसने ब्लैकमेल करने दहेज हत्या मामले में समझौता करने की एवज में 25 लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाया था। उधर थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया की मृतक पर दहेज हत्या का मुकदमा चल रहा था मृतक शराबी किस्म का व्यक्ति था और मानसिक रूप से परेशान रहता था जो रुपए देने का आरोप है उसके संबंध में पीड़ित परिवार कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं करा पा रहा है विवेचना की जा रही है जल्द ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप

## राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान से हों लाभांवित

आजमगढ़। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आजमगढ़ अंकित वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निदेशो के अनुपालन में 1 जुलाई, 2025 से 30 सितम्बर, 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयो में लम्बित प्रकरणों को अधिकाधिक संख्या में निस्तारण कराना है। न्यायालय द्वारा दिनांक 01 जुलाई, 2025 से 31 जुलाई, 2025 तक मध्यस्थता हेतु उपयुक्त प्रकरणों की पहचान की जायेगी तथा पक्षकारो को सूचित कर प्रकरण को मध्यस्थता के लिय संदर्भित किया जायेगा। इस अभियान में वैवाहिक विवाद के मामले, दुर्घटना दावे के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चेक बाउन्स के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले, सेवा विवाद के मामले, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले, ऋण वसूली के मामले, सम्पत्ति के बंटवारे से संबंधित मामले, बेदखली से संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले, अन्य उपयुक्त दीवानी मामले जिनमें समाधान की संभावना प्रबल हो, को मध्यस्थता हेतु संदर्भित किया जायेगा। पक्षकार चाहे तो आनलाईन माध्यम से मध्यस्थता में प्रतिभाग कर सकते है।

## पहली बारिश में ही धंस गयीं सड़कें

जौनपुर। नगर के ओलंदगंज से मच्छरहट्टा होते हुए कचहरी जाने वाली सड़क पर प्रेम गाढ़ा के पास स्थित डाट के पुल के नीचे सड़क लगभग 10 फिट अंदर घुस गई। यही हाल सिटी स्टेशन रोड का भी हुआ है इसके पहले पॉलिटेक्निक से ओलंदगंज की सड़क लगभग 1 किलोमीटर तक धंस चुकी है अभी कुछ दिन पहले खास ओलंदगंज बाजार में भी सड़क में अचानक से 10 फिट गड्ढा हो गया था। टीचर्स कॉलोनी मुरादगंज में गली नाल में तब्दील हो चुकी है। सड़कों के निर्माण में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ आम आदमी पार्टी लगातार आवाज बुलंद कर रही है। नत्रकारों से बात करते हुए पूर्वांचल प्रांत प्रभारी डॉ0 अनुराग मिश्र ने कहा की महज 7 दिन पहले राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने लोक निर्माण विभाग के साथ समीक्षा बैठक कर यह निर्देश दिया था कि जब तक सड़के गड्ढामुक्त ना हो जाए एक्सियन, एई व जेई का वेतन रोक दिया जाए। लेकिन भ्रष्टाचार की गंगोत्री में लगातार जौनपुर की सड़क डूब रही है अमृत योजना के तहत सीवर बचाने का काम और फिर सड़क बनाने के काम में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है जिसकी परतें पहले ही बारिश में खुलने लगी है आम आदमी पार्टी इस पूरे भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच की मांग करती है। और इस पर एक बड़े आंदोलन की रणनीति तैयार कर रही है। सोम कुमार वर्मा और बंटी अग्रहरि, एच एन तिवारी मौजूद रहे और सड़क का निरीक्षण किया।

# खराब ट्रांसफार्मर को तत्काल ठीक करायें: सभापति

जिला संवाददाता(vol)



आजमगढ़। सभापति दिनेश कुमार गोयल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अभियंता विद्युत आजमगढ़ मंडल रामबाबू, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, सभी उपखंडों के सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता उपस्थित थे।

समिति ने जनपद में आबादी के हिसाब से विद्युत आपूर्ति एवं ट्रांसफार्मर की स्थिति एवं रख-रखाव की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ट्रांसफर के रख-रखाव को सुरक्षित रखते हुए खराब होने वाले ट्रांसफार्मर को तत्काल बदलने/रिपेयर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। रखरखाव के संबंध में विभाग द्वारा बताया गया कि परिवर्तकों के अनुरक्षण/परिवर्तकों का कार्य नियमित रूप से कराया जाता है। विभाग द्वारा सभापति जी को अवगत कराया गया कि पिछले वर्ष के समान अवधि में कमी आई है। समिति ने विभाग को निर्देश दिया कि प्रत्येक 3 माह में मीटर रीडरों के क्षेत्र में नियमित बदलाव करते रहें, ताकि विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे। समिति ने कहा कि सभी उपखंडों पर शिकायत रजिस्टर बनाएं, जिसमें उपभोक्ताओं की शिकायतों को दर्ज किया जाए। समिति ने कहा कि सभी अभियंता उपखडों का भ्रमण करें तथा शिकायत रजिस्टर का निरीक्षण करें।

सभापति ने कहा कि विभागीय भ्रष्टाचार तथा अन्य प्रकरणों में चेक किए जाने वाले एरिया को वहां के अधिकारियों के अलावा एरिया के अन्य अधिकारियों द्वारा सत्यता की जांच की क्रॉस चेकिंग कराया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय

**● विद्युत चोरी पर एफआईआर दर्ज करायें तथा विभागीय संलिप्तता पाये जाने पर कार्रवाई करें: सभापति**

व्यवस्था के भ्रष्टाचार मुक्त सुचारू संचालन हेतु उच्च स्तर के अधिकारियों द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय का औचक निरीक्षण किया जाए। मा0 सभापति ने कहा कि पोलों पर फैली जर्जर केबिलों/तारों से होने वाली दुर्घटना को रोकने की कार्य योजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि अनावश्यक तारों के मकड़ जाल से मुक्त करें। उन्होंने कहा कि विद्युत चोरी को रोकने के लिए विभाग एवं जनता के बीच समन्वय सही करें। उन्होंने कहा कि विद्युत चोरी पर एफआईआर दर्ज करायें तथा विभागीय संलिप्तता पाए जाने पर कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय स्तर की समीक्षा किया जाए तथा उपभोक्ताओं को सुविधा दी जाए। उन्होंने कहा कि मुख्य अभियंता प्रत्येक महीने समीक्षा करें तथा लंबित विद्युत केसों का निस्तारण करें। सभापति ने कहा कि सरकारी/अर्द्ध सरकारी कार्यालय पर बकाया विद्युत बिलों की वसूली हेतु व्यक्तिगत संपर्क करें तथा पत्राचार किया जाए। सभापति ने कहा कि विद्युत चोरी रोकने हेतु विभाग द्वारा बिजली मित्र पोर्टल चालू किया गया है। विभागीय टीम एवं विजिलेन्स द्वारा सम्बन्धित खण्डों के अधीनस्थ उपकेन्द्रों के क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग अभियान चलाकर विद्युत चोरी रोकने की कार्यवाही की की जाए एवं अवैध उपभोक्ताओं के विरूद्ध धारा 135 एवं 138 बी के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज करायी जाए तथा चोरी रोकने हेतु आर०डी०एस०एस० योजना के अन्तर्गत नंगे तारों को बदल कर ए०बी०सी० केबिलिंग किया गया है। विभागीय अधिकारियों द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि जनपद स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें उपभोक्ताओं द्वारा शिकायतें प्राप्त होती है, जिसका ससमय निस्तारण करा दिया जाता है तथा समस्त उपकेन्द्रों पर अवर अभियन्ता, उपखण्ड अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता एवं अधीक्षण अभियन्ता का मोबाईल नम्बर दीवार पर अंकित है। कन्ट्रोल रूम में त्रुटिपूर्ण बिल, खराब मीटर, नया विद्युत संयोजन, विद्युत आपूर्ति, स्मार्ट मीटर एवं सोलर रूफटाप/नेट मीटर से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त होती है, जिनका निस्तारण ससमय करा दिया जाता है। सभापति ने कहा कि स्थानीय स्तर पर विद्युत सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु जन सामान्य/उपभोक्ताओं में हेल्प लाइन नम्बर 1912 का व्यापार प्रचार सुनिश्चित कराएं, इसके संबंध में सभी उप खंडो पर पंपलेट भी चस्पा करें। साथ ही प्रत्येक सोमवार को सम्भव जनसुनवाई के माध्यम से स्थानीय स्तर पर विद्युत सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों एवं प्रतिदिन कार्यालय में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाता है एवं प्रत्येक उपकेन्द्रों पर शिकायत रजिस्टर उपलब्ध है, जिसमें उपभोक्ताओं की समस्याओं को दर्ज करने के साथ-साथ निस्तारण कराया जाता है। वर्तमान में जनपद-आजमगढ़ में कोई प्रकरण निर्धारित समय के बाहर लम्बित नही है। विगत 2 वर्षों में विभाग को सदस्यों द्वारा कुल 97 अदद शिकायती पत्र प्राप्त हुये है, जिससे 96 अदद शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है।

## पशुओं में गलाघोंटू बीमारी को लेकर प्रशासन अलर्ट

आजमगढ़। पशुओं में गलाघोंटू बीमारी को लेकर पशुपालन विभाग अलर्ट हो गया है। वर्षा ऋतु से पहले पशुओं को संक्रमण से बचाने के लिए टीकाकरण शुरू हो गया। अबकी बार पौने चार लाख पशुओं के मुफ्त टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले को 1.98 डोज वैक्सीन मिल चुकी है। टीमें घर-घर और चिकित्सालयों पर पशुओं के टीकें लगाएंगी। उत्तराखंड, बरेली, मुरादाबाद, बदायूं की सीमावर्ती गांवों पर फोकस रहेगा। क्योंकि अगर दूसरे जनपदों में वायरस फै लेगा तो सीमावर्ती गावों के पशु सुरक्षित रहेंगे। टीकाकरण अभियान शुरूआत एक जून यानी शनिवार से कर दी है, 15 जुलाई तक जारी रहेगा। उपचार के लिए एंटी बायोटिक जैसे सल्फाडीमीडीन ऑक्सीटेट्रासाइक्लीन और क्लोरोम फॉनीकोल एंटी बायोटिक के इस्तेमाल से रोगी पशु को बचाया जा सकता है।

## बदमाशों ने सात लाख का सोना-चांदी लूटा

जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर के मुहल्ला पकड़ी गोदाम न्यु शक्ति रोड निवासी शुभम सोनी की तरहठी के सुभाष नगर में प्रिया ज्वैलर्स के नाम से सराफा की दूकान है। रोज की तरह रात में वह दूकान बंद करके मोटरसाइकिल से घर आ रहे थे। सराफा व्यवसाई के शुभम्के मुताबिक रामपुर सुजनीडीह गांव के करीब पुलिया के पास पहुंचे ही थे कि दो मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने पीछे से आकर बाईक रूकवा ली और आतंकित कर डिग्गी में रखे तीस ग्राम सोना व पांच किलो चांदी के सामान लूट ले गए। सराफा व्यवसाई के मुताबिक उसे खेत में फेंक दिया गया फिर घटना को अंजाम दिया गया। करीब सात लाख के गहने बदमाश लूटने में सफल रहे। घटना की जानकारी पुलिस को मिली तो वह मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ मछलीशहर प्रतिमा वर्मा भी थाने पहुंच कर व्यवसाई से पूछताछ की। इस मामले में थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह का कहना है कि मामला संदिग्ध लग रहा है। व्यवसाई से पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है।

## नहीं मिला इंसाफ, अब भगवान की शरण में हरिशंकर




जौनपुर। जिले के मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के सरायबिका गांव निवासी हरिशंकर आज भी अपने हक की लड़ाई लड़ रहा हैकृलेकिन अब अदालतों में नहीं, बल्कि भगवान के दरबारों में। सरकारी तंत्र और न्याय व्यवस्था से निराश होकर उसने न्याय की उम्मीद अब देवालयों से लगाई है। हरिशंकर की पीड़ा सिर्फ जमीन के टुकड़े की नहीं, बल्कि सिस्टम से मिले धोखे की कहानी है। पुश्तैनी जमीन पर कब्जा करने वाले रिश्तेदारों के खिलाफ 2010 से 2013 तक उसने थाने से लेकर तहसील, डीएम से लेकर मुख्यमंत्री तक फरियाद की, लेकिन न तो जमीन मिली और न ही इंसाफ। उल्टे उस पर आत्मदाह का आरोप लगाकर जेल की सलाखों के पीछे डाल दिया गया। अब हरिशंकर ने प्रशासन की आस छोड़कर ईशवर की चौखट पर अर्जी लगानी शुरू की है। बीते 17 जून से उसने मध्यप्रदेश के इंदौर जिले स्थित कुबेरश्वर धाम से साइकिल यात्रा शुरू की है। यह यात्रा मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश होते हुए राजस्थान के प्रसिद्ध मेहंदीपुर बालाजी धाम तक जाएगी।

## 124 ग्रामों की जांच को बनेगी खण्डवार जांच कमेटी

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि 124 ग्राम प्रधानों के विरूद्ध लम्बित शिकायतों की जांच हेतु विकास खण्डवार जांच कमेटी बनायी गयी थी। उक्त के बाद 20 मई 2025 को समस्त जांच अधिकारियों के साथ बैठक की गयी तथा उन्हें जांच के बारे में स्पष्ट निर्देश दिये गये।

स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बाद भी प्रायः ऐसा देखा जा रहा है कि नामित जांच अधिकारियों द्वारा शिकायत के समस्त बिन्दु पर जांच न करके सरसरी तौर पर जांच कर आख्या दिया जाता है और उसी आधार पर शिकायत को निक्षेपित करने हेतु आप के स्तर से पत्रावली अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत की जाती है, जो कदापि उचित नहीं है। उक्त के सम्बन्ध में पूर्व में भी कई जांच पत्रावलियां, जो जिलाधिकारी के समक्ष निक्षेपित हेतु प्रस्तुत की गयी थीं, जिस पर निर्देशित किया गया था कि ह्लजांच आख्या के आधार पर प्रकरण को निक्षेपित करने के लिए संस्तुति करने से पहले शिकायत के समस्त बिन्दु के सम्बन्ध में स्थलीय सत्यापन किया गया है ह्ल, परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला पंचायत अधिकारी के स्तर से इसका प्रभावी पर्यवेक्षण नहीं हो रहा है, जिसके कारण अभी भी प्रभावी जांच नहीं हो रही है। उक्त के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने पुनः मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला पंचायत अधिकारी निर्देशित किया है कि जांच अधिकारियों के जांच आख्या की नियमित अनुश्रवण कर प्रभावी जांच हेतु विभिन्न बिन्दुओं पर अनुपालन सुनिश्चित करायें ।जिसके अंतर्गत जांच आख्या आने पर आप स्वयं पढ़कर यह देख लें कि शिकायत के समस्त बिन्दुओं के सम्बन्ध में अभिलेखीय साक्ष्य व स्थलीय भ्रमण के दौरान पाये गये स्थिति के अनुसार जांच आख्या हो, न कि ग्राम सचिवों द्वारा दिये गये मौखिक स्टेटमेंट के आधार पर। जांच आख्या में यह बात भी स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए कि व्यक्तिगत कार्य के जो लाभार्थी है, उनका कार्य पूर्ण होने के सम्बन्ध में वीडियोग्राफी में मौखिक लिखित स्टेटमेंट लिया गया है कि नहीं। ग्राम पंचायत के अन्दर कोई सार्वजनिक उपयोग का निर्माण होने पर ग्रामवासियों का स्टेटमेंट, प्रावि/जू हास्कूल में एमडीएम की शिकायत होने पर वहां पढ़ने वाले छात्रों/अभिभावक आदि का वीडियोग्राफी में मौखिक स्टेटमेंट जांच आख्या में अंकित है कि नहीं। निक्षेपित हेतु प्रस्तुत पत्रावलियों के अवलोकन से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि हैण्डपम्प मरम्मत और रिबोर की अधिक शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। ऐसी शिकायतों की जांच करते समय स्थानीय लोगों का लिखित बयान एवं वीडियोग्राफी में मौखिक स्टेटमेंट भी जरूरी है। साथ ही साथ कुछ हैण्डपम्प के रिबोर की हिस्ट्री तथा वर्तमान में ग्राउण्ड वाटर लेबल के सापेक्ष कितने मीटर तक रिबोर किया गया है, यह भी जानना जरूरी होगा। क्योंकि पूर्व में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि सबसे गहरे भूजल स्तर तक रिबोर की जाये, ताकि गर्मियों में ग्राउण्ड वाटर लेबल नीचे जाने के बाद भी हैण्डपम्प में पानी आता रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि भविष्य में उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन न कर सरसरी तौर पर प्रस्तुत जांच आख्या के आधार पर शिकायत निक्षेपित करने हेतु पत्रावली जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाती है तो यह माना जायेगा कि आप प्रधान के विरूद्ध की गयी शिकायत की प्रभावी जांच करवाने में रुचि नहीं ले रहे हैं, जो कदापित उचित नहीं है। वर्तमान में जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत पत्रावलियों में ग्राम पंचायत बरसैरवा, विकास खण्ड-लालगंज व ग्राम पंचायत देवकली तारन, विकास खण्ड-सठियांव के ग्राम प्रधान के विरूद्ध की गयी शिकायत की जांच हेतु नामित अधिकारियों द्वारा सरसरी तौर पर प्रस्तुत जांच आख्या के आधार पर शिकायत को निक्षेपित करने हेतु प्रस्तुत किया गया।

## जन शिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता

जौनपुर । जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में सदर तहसील का सम्पूर्ण समाधान दिवस प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी द्वारा गौराबादशाहपुर क्षेत्र की ज्यादा शिकायत पत्र आने पर एसओ गौराबादशाहपुर पर नाराजगी व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि एसओ गौराबादशाहपुर द्वारा शिकायतों का निस्तारण नहीं किया जा रहा होगा। इस लिए उस क्षेत्र की ज्यादा शिकायत प्राप्त हो रही है।

जिलाधिकारी के समक्ष कृष्ण मुरारी मिश्र, एडवोकेट कलेक्ट्रेट द्वारा ग्राम डमरुआ परगना करियादोस्त तहसील सदर द्वारा चकमार्ग पर पुनः मनरेगा द्वारा मिट्टी डालकर खड़ंजा लगाये जाने हेतु शिकायत दी जिसपर जिलाधिकारी ने बीडीओ सिकरारा को आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। महेन्दर पुत्र स्व0 सीताराम मौजा हमजापुर परगना हेवली सदर द्वारा दावा 24 की पैमाइस किये जाने के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी सदर को शीघ्र पैमाइस कराने, रामजीत पुत्र छब्बी निवासी तरसण्ड परगना सरेमू गौराबादशाहपुर द्वारा भूमि पर लेखपाल हल्का व राजस्व निरीक्षक द्वारा गाडे गए पत्थर को उखाडकर फेकने के सम्बन्ध में शिकायत की गयी जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी, एसएचओ गौराबादशाहपुर, राजस्वध्पुलिस की सयुक्त टीम बनाकर जॉचकर प्रकरण का निस्तारण करने के निर्देश दिये। विनय कुमार सिंह मोहल्लावासी (गिरि बस्ती) मो0 दरीबा जफराबाद द्वारा विद्युत पोल को विद्युत तार को 500 मीटर दूर बिछाये जाने के सम्बन्ध में, उम्मे रहिला अध्यक्ष नगर पंचायत जफराबाद द्वारा नगर पंचायत जफराबाद क्षेत्रान्तर्गत मो0 दरीबा में लगे विद्युत तार को खुला और जर्जर होने की शिकायती पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसपर जिलाधिकारी ने एक्सईएन विद्युत को मौके पर जाकर देखते हुए निस्तारित कराने का निर्देश दिया। तहसील के समस्त लेखपालों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता की छोटी-छोटी समस्याएँ जिनका तत्काल निस्तारण किया जा सकता है उसके लिए किसी व्यक्ति को परेशान न किया जाये।

## मछेहुआ नाले में उफान आने से तीन घंटे तक आवागमन रहा बाधित

मीरजापुर। क्षेत्र में शनिवार दोपहर में हुई बारिश से पहाड़ी नदी नालों में उफान आ गया। बबुरा रघुनाथ सिंह गांव स्थित मछेहुआ नाले में उफान आने से तीन घंटे तक आवागमन बाधित रहा। नाले के दोनों तरफ ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। तीन घंटे बाद पानी कम होने पर नाले पर फंसे लोग अपने घर पहुंचे। वहीं कुछ ग्रामीण उफनाए नाले में जान जोखिम में डालकर पार हुए। बारिश के मौसम में मछेहुआ नाले में अक्सर बाढ़ आ जाती है जिससे बबुरा रघुनाथ सिंह, करनपुर, खोदाईपुर, बबुरा कलां, मड़वा धनावल, आदि गांवों के ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण दया शंकर दुबे, देवराज सिंह, लालमणि पाल आदि ने बताया कि मछेहुआ नाले पर रपटा और पुलिया बनाए जाने के लिए जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई गई लेकिन समस्या पर ध्यान नही दिया जा रहा है। नाले पर पुलिया या रपटा बन जाने से ग्रामीणों को बारिश के दिनों में आवागमन में सुविधा होगी।



## स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली




जौनपुर। खंड शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार न्याय पंचायत स्तर पर स्कूल चलो अभियान की रैली प्राथमिक विद्यालय राजेपुर द्वितीय से निकाली गई रैली को हरी झंडी दिखाकर एआरपी मनोज कुमार यादव, विक्रांत जायसवाल, विनय कुमार यादव, के नेतृत्व में रैली का आयोजन किया गया जिसमें नोडल रामकृष्ण विश्वकर्मा प्रधानाध्यापक, दिलीप कुमार , सिनिध्य कुमार सिंह, उदय प्रताप यादव ,नवीन कुमार सिंह ,मिथिलेश कुमार सिंह ,सुनीता यादव ,रंजना तिवारी ,अमर बहादुर यादव, रमेश चंद्र यादव ,संदीप शर्मा ,कंचन देवी, सुरेंद्र कुमार यादव ,अरविंद कुमार सिंह, पूनम देवी ,सुनीता विश्वकर्मा, शिक्षक प्रमोद कुमार दुबे ,आदि लोगों ने रैली में प्रतिभा किया।

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



ड्रमंडगंज, मीरजापुर। वन महोत्सव सप्ताह के तहत वनविभाग द्वारा ड्रमंडगंज वनरेंज के बबुरा रघुनाथ सिंह गांव में शनिवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश के पूर्व गृह सचिव व भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सलाहकार सेवा निवृत्त आइएएस मणि प्रसाद मिश्र ने ग्रामीणों व वनविभाग की टीम के साथ पौधरोपण कर लोगों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने की अपील की।

पूर्व गृह सचिव ने ग्रामीणों संग मछेहुआ नाले के किनारे पीपल, आंवला, पाकड़,गूलर का पौधरोपण किया। इसके बाद वनविभाग की टीम के साथ बबुरा रघुनाथ सिंह उच्च प्राथमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय परिसर में नीम और पीपल का पौधरोपण किया। पूर्व गृह सचिव ने प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया और पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। कहा कि पेड़ पौधे हमें सिर्फ आक्सीजन ही नही देते हैं बल्कि फल, फूल, औषधि और इमारती लकड़ियां भी देते हैं। पौधारोपण और वनों को बचाकर ही पर्यावरण को संतुलित रखा जा सकता है। ग्रामीणों से कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना सबका दायित्व है। पेड़ पौधों के बिना जीवन की कल्पना नही की जा सकती है। पर्यावरण असंतुलित होने के कारण ही वर्षा कम होती है। पूर्व गृह सचिव ने पर्यावरण की सुरक्षा एवं शुद्ध प्राण वायु के लिए ग्रामीणों से संकल्पित होकर अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की। इस दौरान बाल कृष्ण मिश्र वनरक्षक अनादि नाथ तिवारी, सर्वेश्वर पटेल, वनकर्मी महेंद्र सिंह, सियाराम पाल, राजेंद्र मिश्र प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र कुमार,मदन सिंह, नृपेन्द्र सिंह, राजेंद्र चौरसिया, अमित सिंह आदि ग्रामीणों ने पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया।

## दुष्कर्म मामले में नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

लालगंज, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के एक महिला द्वारा नाम जद अभियुक्त के विरुद्ध वादी की नाबालिक पुत्री को बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के संबंध में 1 जुलाई को लिखित तहरीर दी गई थी। जिसमें मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गई विवेचना के आधार पर थाना प्रभारी लालगंज संजय कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा नाबालिक के साथ दुष्कर्म के अभियोग से संबंधित अभियुक्त को गिरफ्तार पर संबंधित धारा में मुकदमा कायम करते हुए अग्रिम बिधिक कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना अध्यक्ष लालगंज संजय कुमार सिंह को निर्देश दिया गया निर्देश के क्रम में उप निरीक्षक विजय कुमार राय मय पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर लालगंज क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त राम सजीवन उर्फ बुदुल्ली पुत्र ललई निवासी चितांग थाना लालगंज को गिरफ्तार करते हुए संबंधित धारा में मुकदमा कायम कर माननीय न्यायालय जेल भेजा गया।

# आठ सड़क परियोजना का किया शिलान्यास



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। शनिवार को खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित , मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत रूपए 206.81 लाख की लागत की आठ सड़क परियोजना का शिलान्यास किया।

जिन सड़कों का शिलान्यास किया उसमें प्रमुख रूप से वाजिदपुर दक्षिणी में वाजिदपुर तिराहे के सामने सेंट थामस कोचिंग के सामने आशादीप इलेक्ट्रॉनिक होते हुए अवधेश श्रीवास्तव के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य अनुमति लागत रु 34.93 लाख नईगंज में रामनारायण अग्रहरी के मकान से जयप्रकाश के मकान से होते हुए उमेश सोनकर के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली का निर्माण कार्य अनुमति लागत रु 24.49 लाख, परमानतपुर में मैहर देवी ओलंदगंज मार्ग पर कृष्णा बुक डिपो से अशोक नगर कालोनी होते हुए प्रताप कालोनी तक इंटरलॉकिंग व नाली का निर्माण कार्य अनुमति लागत रु 29.75 लाख, हुसैनाबाद रोडवेज के सामने से जगदीश सिंह के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य अनुमति लागत रु 13.89 लाख , उदूर्बाजार में गल्ला मंडी तिराहे से रमन श्रीवास्तव के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य अनुमति लागत रु 28.25 लाख, ईसापुर में रसूलाबाद मार्ग से रवि सोनकर व सतीश सोनकर के मकान से होते हुए शाहगंज मार्ग तक इंटरलॉकिंग व नाली का निर्माण कार्य अनुमति लागत रु 9.81 लाख , उदूर्बाजार चैराहे से डा हरिनंदन श्रीवास्तव के मकान से होते हुए बड़ी मस्जिद तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य अनुमति लागत रु 30.81 लाख , बलुआघाट में बुलबुल मौर्या के मकान से नरसिंह निषाद के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य अनुमति लागत रु 34.88 लाख, कहा कि कहा कि मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत लगभग 34 सड़क परियोजना स्वीकृत है जिसमें आज 8 सड़क परियोजना निर्माण कार्य शिलान्यास करके शुभारंभ किया जा रहा है। जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा, यदि आप लोगो कही लगता है कि निर्माण कार्य में लापरवाही हो रही है, मानक के अनुरूप निर्माण कार्य नहीं हैं तो उसकी जानकारी आप हमको दीजिए , उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए आनंद निषाद, सभासद सीपीन सिंह, विकास शर्मा, प्रदीप जायसवाल, अजय सिंह, मनीष श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## प्रार्थना पत्रों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें

मीरजापुर। शासन के निर्देश के क्रम में जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मड़िहान में मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस महानिरीक्षक आरपी सिंह एवं तहसील लालगंज में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, वष्ठि पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, मुख्य विकास



अधिकारी विशाल कुमार ने आए हुए फरियादियाओं की समस्याओं को सुना गया। तहसील मड़िहान में मण्डलायुक्त के समक्ष प्राप्त 71 प्रार्थना पत्रो में मौके पर 10 का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियों प्रेषित करते हुए निर्देशित किया गया कि प्रार्थना पत्रो का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायती प्रार्थना पत्रो की गुणवत्ता का फीडबैक शासन द्वारा फरियादियों से वार्ता करलिया जाता है अतएव अधिकारी शिकायतो के निस्तारण से पूर्व मौके पर जाते हुए दोनों पक्षों की उपस्थिति में उनकी बातो को सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि यदि गुणवत्ता खराब पाई जाती है तो सम्बन्धित विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि/रा अजय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी मड़िहान अविनाश कुमार उपस्थित रहें।

तहसील लालगंज में जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 163 प्रार्थना पत्रो में मौके पर 9 का निस्तारण शेष प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु प्रेषित किया। जिलाधिकारी ने वन विभाग की 2, चकबन्दी की 4 तथा विकास विभाग एक टीम गठित कुल 7 टीमों का गठन करते हुए निर्देशित किया कि मौके जाकर प्रार्थना पत्रो का गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक निस्तारण करते हुए आख्या उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने कार्यो में लापरवाही बरतने पर लेखपाल परमानन्द ग्राम भेड़ा को निलम्बित तथा कानून गो रामअवध को प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुए सेवा पुस्तिका में अंकन करने के साथ ही जिला मुख्यालय आईजीआरएस कार्यालय सम्बद्ध करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने सभी लेखपालो को निर्देशित करते हुए कहा कि जमीनों व चकरोड की पैमाइश में लापरवाही न बरतते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी अतएव आप सभी अपनी कार्यशैली में सुधार लाए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी लालगंज को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन लेखपालो की अधिक शिकायते प्राप्त हुई उनकी सूची बनाते हुए उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। उप जिलाधिकारी यह भी सुनिश्चित करे कि लेखपाल तहसील मुख्यालय पर निवास करते है अथवा नही यदि नही करते है ऐसे लेखपालों का वेतन अवरूद्ध किया जाए। उन्होंने सभी लेखपालो को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने राजस्व गांवो के कार्यो का रजिस्टर बनाएं। इसी प्रकार के जनपद के अन्य तहसीलों में यथा सदर में अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व देवेन्द्र प्रताप सिंह के समक्ष प्राप्त 168 प्रार्थना पत्रों में 19 का निस्तारण, तहसील चुनार में प्राप्त 94 प्रार्थना पत्रों में से 3 निस्तारण किया गया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी राकेश कुमार, तहसील लालगंज में उप जिलाधिकारी लालगंज संजीव यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सीएल वर्मा, क्षेत्राधिकारी लालगंज सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

**कार्यालय मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा**
**राजकीय संग्रहालय, डैम्पीयर नगर, मथुरा**

**सार्वजनिक सूचना**

मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत शॉकीन होटलस एण्ड रिसोर्टस प्रा.लि., अधिकृत प्रतिनिधि श्री राम कुमार शौकीन पुत्र श्री रामरूप शैकीन द्वारा खसरा संख्या-214 व 218, मौजा-वृन्दावन बांगर, वृन्दावन, तहसील व जिला-मथुरा के भूखण्ड क्षेत्रफल 2844.68 वर्ग मीटर भूमि पर पर्यटन नीति के अन्तर्गत रजिस्टेशन नं.-MAT/14/TP056/2025 Date 16.06.2025 कराकर होटल (शौकीन होटलस एण्ड रिसोर्टस) बिल्डिंग के मानचित्र की स्वीकृति हेतु ऑनलाइन मानचित्र MVDA/BP/24-25/1172 प्रस्तुत किया गया है। खसरा संख्या-2014 व 218 भूखण्ड के सम्मुख मार्ग की चौडाई महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के अनुसार 30.00 मीटर दर्शित है। मार्गाधिकार सुरक्षित रखने के पश्चात अवशेष भूमि का भू-उपयोग आवासीय दर्शित है। प्रस्तुत मानचित्र में भूखण्ड के सम्मुख मार्ग की चौड़ाई 36.00 मीटर दशार्यी गयी है। आवासीय भू-उपयोग में मथुरा-वृन्दावन महायोजना 2031 (पुनरीक्षित) के जोनिंग रेग्यूलेशन के प्रस्तर-2.13 की शर्त संख्या-23 के अनुसार (न्यूनतम 12.00 मीटर चौडे मार्ग पर केवल तीन स्टार तक) होटल की स्वीकृति सशर्त अनुमन्य है। मथुरा-वृन्दावन महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के प्रस्तर 11.1.6.1 के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग अनुमन्य किये जाने हेतु एक माह (30 दिन) की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/सुझाव उचित माध्यम से आमंत्रित किये जाने का प्राविधान है तथा प्राप्त आपत्ति/सुझाव के निस्तारण के उपरान्त ही मानचित्र की स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। आम जनता से अपेक्षा की जाती हैं कि उक्त मानचित्र के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति/सुझाव हो तो कृपया सूचना प्रकाशन की तिथि से एक माह (30 दिन) के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण, राजकीय संग्रहालय, डैम्पीयर नगर, मथुरा में उपलब्ध करा दें। निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति/सुझावों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा। प्रश्नगत प्रकरण में प्राप्त आपत्ति/सुझाव की सुनवाई दिनांक 07.08.2025 समय 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्राधिकरण कार्यालय में की जायेगी। यदि आपत्तिकर्ता उक्त दिनांक को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करता है तो प्राप्त आपत्ति निरस्त मानी जायेगी।

सचिव
म.वृ.वि.प्रा., मथुरा।

संक्षेप

## मच्छरों के लार्वा नष्ट करने को तालाबों में डाली गई गम्बूजिया

**देवरिया।** मानसूनी बारिश शुरू हो चुकी है। ऐसे मौसम में मच्छर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया व चिकनगुनिया फैलने का खतरा बढ़ गया है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में इन बीमारियों को नियंत्रित करने के लिए चल रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान व वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार को नगरीय क्षेत्र सहित चार ब्लाकों के चिन्हित हाई रिस्क क्षेत्र व गावों के तालाबों में गंबूजिया मछलियां डाली गई हैं। यह मछलियां मच्छरों के लार्वा को नष्ट करती हैं। उन्हें खुले पानी में पनपने से रोकती हैं।जिला मलेरिया अधिकारी सीपी मिश्रा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग व मत्स्य विभाग की टीम ने रामपुर कारखाना ब्लॉक के डुमरी, सिधुआ, बैतालपुर ब्लॉक के परसौना, खराइच ,सदर ब्लॉक के गोबराई गांव व नगरीय क्षेत्र के सोमनाथ, देवरही, परमार्थी पोखरा, लक्षीराम पोखरा सहित 11 तालाबों में लगभग 12 हजार गंबूजिया मछली डाली गई । जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि बरसात के मौसम में जलभराव वाले स्थानों पर मच्छर पैदा होने और उन मच्छरों के काटने से बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ए.ई.एस.,मलेरिया व डेंगू का खतरा अधिक रहता है। ऐसे में बिना कोई केमिकल इस्तेमाल किए ईको फ्रेंडली तरीके से मच्छरों को पनपने से रोका जाता है। मछलियों को तालाब में डालने से वहां का पानी तो साफ होता ही है ।

# प्रार्थना पत्रों का निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें निस्तारणः डीएम

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में आज तहसील पडरौना के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभागार में आए हुए

**● डीएम तथा एसपी की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन**

तहसील क्षेत्र के फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को एक-एक कर गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए प्राप्त करा दिये गए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण तत्काल नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की सुनवायी की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त



सभी सन्दर्भो का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिये। राजस्व व पुलिस विभाग के अधि0/कर्मचारियों को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 120 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 77 में से 08 को तत्काल निस्तारित किया गया ,पुलिस विभाग से संबंधित 19, विकास विभाग से संबंधित 14, तथा अन्य विभाग के 10 प्रकरण प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 120 में से 08 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समयांतर्गत निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया।सम्पूर्ण समाधान दिवस मे उपजिलाधिकारी पडरौना ऋषभ पुंडीर , सीएमओ डॉ अनुपम प्रकाश भास्कर, परियोजना निदेशक,तहसीलदार, बीएसए, डीआईओएस, जिला कृषि अधिकारी, क्षेत्राधिकारी,,जिला उद्यान अधिकारी डीसी मनरेगा सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारीगण एवं थानाध्यक्ष गण, कानूनगो व लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

## 168 शिकायती प्रार्थना पत्र हुए प्राप्त, 10 का निस्तारण



**देवरिया ।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में तहसील सलेमपुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने जनता की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि विवादों का समाधान तथा सार्वजनिक भूमि पर अवैध अतिक्रमणों को हटाना प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। लेखपाल अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहें और भूमि विवाद से जुड़ी समस्याओं का समाधान कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका है, उन्हें समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारित किया जाए इस दौरान दो पात्र आवेदकों को मौके पर अन्त्योदय कार्ड तथा एक आवेदक को खतौनी दुरुस्तीकरण के माध्यम से त्वरित राहत प्रदान की गई।

पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की और पुलिस अधिकारियों तथा थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का त्वरित समाधान प्राथमिकता के साथ किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 168 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 87 राजस्व विभाग, 32 पुलिस विभाग, 18 विकास विभाग और 31 अन्य विभागों से संबंधित थे। मौके पर 10 शिकायती प्रार्थना पत्रों का समाधान किया गया, जबकि शेष 158 मामलों को संबंधित विभागों को समाधान हेतु सौंपा गयाइस दौरान धारा 116 के तहत लंबित बंटवारे के मामलों के शीघ्र समाधान हेतु सुलह योजना के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामवासियों एवं राजस्व विभाग के कर्मयोगियों को सम्मानित किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी, खंड विकास अधिकारी और थानाध्यक्षों की उपस्थिति रही।

इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा ह्लवृहद वृक्षारोपण महाभियान-2025ह्व के तहत रेंज सलेमपुर में पौधा रोपण कर लोगों को अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। सलेमपुर तहसील अंतर्गत जमुआं नं०-2 में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक व्यक्तियों को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

## मानक विहीन पनीर की आशंका पर कार्रवाई, प्रयोगशाला भेजे गये नमूने



**देवरिया।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश के निदेशों के क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य), द्वितीय, देवरिया विनय कुमार सहाय के पर्यवेक्षण में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजीव मिश्र के नेतृत्व में गठित विशेष सचल दल द्वारा दिनांक 05 जुलाई 2025 को अभिसूचना आधारित प्रवर्तन कार्रवाई की गई कसया ढाला, नगरपालिका क्षेत्र देवरिया स्थित एक पनीर विनिर्माण इकाई का निरीक्षण किया गया, जहां से पनीर तथा पनीर निर्माण में प्रयुक्त हो रहे दूध के एक-एक नमूने संग्रहित किए गए। इसके अतिरिक्त बैतालपुर बाजार स्थित एक विक्रय प्रतिष्ठान पर विक्रय किए जा रहे पनीर की गुणवत्ता संदिग्ध पाए जाने पर उसका भी एक नमूना संग्रहित किया गया सभी संग्रहित नमूनों को परीक्षण हेतु राजकीय खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस विशेष प्रवर्तन टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीराम यादव, राजू पाल एवं नेहा त्रिपाठी सम्मिलित रहे।

## महिला उत्पीड़न पर जनसुनवाई 07 जुलाई को निर्धारित

**देवरिया।** जिला परिवीक्षा अधिकारी अनिल कुमार सोनकर ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य श्रीमती ऋतु शाही द्वारा दिनांक 07 जुलाई 2025 को पूर्वाह्न 10 बजे से जनपद देवरिया में महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम वी.वी.आई.पी. गेस्ट हाउस, निरीक्षण भवन स्थित मीटिंग हॉल में सम्पन्न होगा इस अवसर पर वह जनपद में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्राप्त शिकायतों की सुनवाई करेंगी तथा त्वरित कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करेंगी।कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति अपेक्षित है।

## पलटन यादव का कांग्रेसियों ने फूल मालाओ से किया जोरदार स्वागत

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** शनिवार को फाजिलनगर के कांग्रेस के मण्डल कार्यालय परनव नियुक्त कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष पलटन यादव का कांग्रेसियों ने फूलमालाओं से स्वागत किया।बीते दिनों कांग्रेस जिलाध्यक्ष रविंद्र विश्वकर्मा राधे ने ब्लाक कमेटियों का पुनर्गठन किया था जिसमें पलटन यादव को फाजिलनगर ब्लाक का दुबारा अध्यक्ष बनाया गया था। जिसके क्रम में आज वे कार्यालय आए जहां पर कांग्रेस कार्यकताओं ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत ब्लाक अध्यक्ष ने कहा कि संगठन की ताकत कार्यकर्ता है।एकता व समर्पण से कोई भी लक्ष्य मिल सकता है। कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक विरासत है। सांप्रदायिक सद्भाव हमारी नीति है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दिया है उसका पूरा निष्ठा से निर्वहन करते हुए संगठन को बुथ स्तर पर मजबूत करने का कार्य किया जायेगा।इस दौरान कांग्रेस के उपाध्यक्ष अशोक सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अजीमुल्ला उर्फ गुड्डू अंसारी, जिला महामंत्री गोरख यादव, जिला सचिव लालचंद प्रसाद व मरियम खातून, उमाशंकर आर्य, जेएन प्रसाद, प्रमोद तिवारी, युनुस अंसारी, दिनेश यादव, शोभा गुप्ता, पुरंदर शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# कृषि मंत्री ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश



**देवरिया, ।*** तरकुलवा ब्लॉक के सोनहुला रामनगर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय वन में शनिवार को भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सहभागिता करते हुए वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने छोटी गंडक नदी के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डालते हुए उसके स्वच्छता और संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम में पहुंचने पर वन विभाग के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) द्वारा कृषि मंत्री को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इसके बाद नवतप्पी इंटरमीडिएट कॉलेज, रामपुरगढ़ की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सांस्कृतिक रूप दिया गया।

कृषि मंत्री श्री शाही जी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लपेड़-पौधे मानव जीवन का आधार हैं। इनसे न केवल पर्यावरण संतुलित रहता है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और सुरक्षित जीवन भी सुनिश्चित होता है।ह्व उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अपनी मां के नाम से अवश्य लगाना चाहिए। विशेष रूप से गौशालाओं में सागौन के पौधे लगाए जाने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि इससे पशुओं को चारे के साथ-साथ पर्यावरण को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि हीट वेव (लू) जैसी आपदाओं से राहत पाने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण जरूरी है। कृषि मंत्री ने छात्राओं से अपील की कि वे अपने माता-पिता और गांव के अन्य लोगों को भी वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करें जिससे यह अभियान जन-जन तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी मिलकर अपने गांवों में एक-एक पौधा लगाएं तो अपने प्रदेश और देश को हरा-भरा कर सकते हैं।

कृषि मंत्री ने नदियों को स्वच्छ बनाए रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि नदियों में कूड़ा-कचरा डालने से बचना चाहिए। छोटी गंडक नदी का जल कई गांवों के लिए जीवनदायिनी है, इसकी स्वच्छता हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने अपील की कि सभी लोग नदियों की स्वच्छता के प्रति सजग रहें और इस संदेश को अपने घर-गांव तक पहुंचाएंकृषि मंत्री ने कार्यक्रम में नवतप्पी इंटर कॉलेज की पांच मेधावी छात्राओं – दिव्या मदेशिया, पिंकी यादव, रानी पटेल, अनुराधा चौरसिया और खुशी जायसवाल को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया।

छात्र छात्राओ तथा उपस्थित लोगों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन पंकज द्विवेदी द्वारा सुचारू रूप से किया गया। अंत में विद्यालय प्रबंधन एवं आयोजन समिति द्वारा मंत्री जी समेत सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में वन विभाग के सीओ, बस्ती जिलाधिकारी के माता पिता विजय गुप्ता व सविता गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य कुंदन जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख तरकुलवा रामाशीष गुप्ता, भाजपा तरकुलवा मंडल अध्यक्ष दुष्यंत राव, भाजपा नगर अध्यक्ष तरकुलवा जनार्दन कुशवाहा, भाजपा नेता डॉ. विनय राव, नवतप्पी इंटर कॉलेज के प्रबंधक विश्वेंदु प्रताप सिंह, भाजपा जिला महामंत्री रविंद किशोर कौशल, भाजपा नेता राजू भारती, ग्राम प्रधान सोनहुला रामनगर ओंकार राव, धीरज मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी, ग्रामीणजन, विद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# वर्ष 2025-26 के लिए विभागवार अंतिम पौधरोपण लक्ष्य निर्धारित

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने शासकीय पत्र के क्रम में बताया कि दिनांक 13.01.2025 द्वारा वर्ष 2025-26 में 35 करोड पौधरोपण का लक्ष्य कुशीनगर में निर्धारण किया गया था, परन्तु अब वर्ष 2025-26 में 37 करोड पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारण किया गया है। जिसके सापेक्ष जनपद कुशीनगर हेतु वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग एवं अन्य 26 वृक्षारोपण से सम्बन्धित विभागों का वर्ष 2025 पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारण किया गया है।जिलाधिकारी ने जिला पर्यावरण समिति द्वारा अंतिम आवंटित लक्ष्य के क्रम में बताया कि वन विभाग द्वारा 1049600, पर्यावरण विभाग द्वारा 149000, ग्राम्य विकास विभाग हेतु 1571000,राजस्व विभाग हेतु 132000,पंचायती राज विभाग हेतु 160000, नगर विकास विभाग हेतु 46000, लोक निर्माण विभाग हेतु 11000, सिचाई एवं जल संसाधन हेतु 5500, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति हेतु 5500, रेशम विभाग हेतु 42000, कृषि विभाग हेतु 513040, पशुपालन विभाग हेतु 6000, सहकारिता विभाग हेतु 7000, उद्योग विभाग हेतु 8000, ऊर्जा विभाग हेतु 4620, माध्यमिक शिक्षा विभाग हेतु 10000,बेसिक शिक्षा हेतु 16000, प्राविधिक शिक्षा हेतु 5000,उच्च शिक्षा हेतु 18000, श्रम विभाग हेतु 2300, स्वास्थ्य विभाग हेतु 9000, परिवहन विभाग हेतु 2200, उद्यान विभाग हेतु 194000, पुलिस विभाग हेतु 5740, तथा रेलवे विभाग,रक्षा विभाग, आवास विकास विभाग, औद्योगिक विकास विभाग को शून्य निर्धारित किया गया है इस प्रकार जनपद में कुल 3972500 पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने उपरोक्त निर्धारित लक्ष्य के सम्बन्ध में सभी संबंधित से अपेक्षा की है कि निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति शत-प्रतिशत सुनिश्चित करते हुए, शासनादेश में दिये गये निदेशों का कढाई से आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष अग्रिम मृदा कार्य हेतु स्थल चयन कर की सूची तत्काल प्रभागीय वनाधिकारी, सामाजिक वानिकी प्रभाग, कुशीनगर के कार्यालय को उपलब्ध कराये।

## दीर्घेश्वरनाथ मंदिर का निरीक्षण



**देवरिया ।** श्रावण मास के पावन अवसर पर जनपद में कानून-व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी देवरिया श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री विक्रान्त वीर द्वारा सलेमपुर स्थित प्राचीन व प्रसिद्ध दीर्घेश्वरनाथ मंदिर का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदया व पुलिस अधीक्षक महोदय ने मंदिर प्रांगण, प्रवेश एवं निकास मार्ग, जल व्यवस्था, स्वच्छता, पार्किंग व्यवस्था, मेडिकल सहायता केंद्र, आपातकालीन सेवाएं तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। जिलाधिकारी महोदया ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सावन मास के प्रत्येक सोमवार को मंदिर में श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। पुलिस अधीक्षक महोदय ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि मंदिर क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, महिला पुलिस व होमगार्ड लगाए जाएं। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए तकनीकी टीम को अलर्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि डॉग स्क्वाड व बम निरोधक दस्ते की मदद से मंदिर परिसर की समय-समय पर जांच की जाएगी।इसके अतिरिक्त ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु वैकल्पिक मार्ग निर्धारित करने, यातायात नियंत्रण के लिए ट्रैफिक पुलिस की तैनाती तथा पार्किंग स्थलों को चिन्हित करने के भी निर्देश दिए गए।

दोनों अधिकारियों ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे सावन मास के दौरान शासन-प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, अफवाहों से बचें तथा सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाएं ताकि श्रावण मास के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े इस दौरान एसडीएम सलेमपुर सुश्री दिशा श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक सलेमपुर श्री संतोष कुमार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# छह माह कैद हो जाती है भदिला प्रथम के लोगों की जिंदगी



**बरहज, देवरिया।** गोरखपुर जनपद की गोंद से करीब 40 वर्ष पूर्व उजड़ने के साथ बसा तहसील क्षेत्र भदिला प्रथम गांव करीब छह माह बाढ़ और बरसात के पानी से कैद हो जाता है। राप्ती नदी के पानी से घिरे बरहज के भदिला प्रथम गांव में दुश्वारियां कम नहीं है। जान जोखिम में डाल बच्चे, महिलाएं रोज नाव से नदी पार कर रहे

**● बाढ़ के पानी घिरे भदिला प्रथम में नाव ही आवागमन का साधन**
**● एक पुल बदल देगा गांव की तस्वीर**
**● बच्चे, महिलाएं जान जोखिम में डाल नाव से करते हैं सफर**

हैं। सबसे मुसीबत में स्कूल के बच्चे हैं। यहां कई बार स्कूल के बच्चों की नाव पलट चुकी है। नदी में नाव डगमगाने पर बच्चों का कलेजा कांप जा रहा है। अविभावक भी बच्चों को स्कूल भेजते समय सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं।तहसील क्षेत्र का बाढ़ प्रभावित गांव भदिला प्रथम राप्ती नदी के पानी से छह माह घिरा रहता है। बाढ़ के पानी से घिरे होने के कारण गांव बुनियादी सुविधाओं से वंचित हो गया है। शिवचंद यादव बताते हैं कि गांव में प्राथमिक और जूनियर विद्यालय है। बावजूद इसके गांव के सैकड़ों बच्चे जीस्तवलियां, पटनाघाट व कपरवार स्थित निजी विद्यालयों में पढ़ने के लिए जाते हैं। नाव से करीब दो सौ मीटर नदी के पानी को पार कर बच्चे विद्यालय पहुंचते हैं। गत वर्षों में कई बार नदी पार करते समय बच्चों से भरी नाव नदी में पलट गई थी। संयोग ही था की कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ था। घटनाओं को लेकर बच्चे, स्वजन आज भी सहमे रहते हैं। गांव के रणजीत बताते हैं कि करीब 45 वर्ष पूर्व नदी ने जब रास्ता बदला तो गांव उजड़ गया। यह एक तरह से गोरखपुर जनपद की गोद में बसा है। चारों ओर क्षारण बन गया। बाढ़ के समय क्षारण में पानी लगने से ही गांव छह माह तक चारों ओर नदी के पानी से घिर जाता है। छह माह तक बुनियादी सुविधाओं से यह के नागरिक वंचित हो जाते हैं। पानी से चारो ओर से घिरे रहने पर नाव से यात्रा करनी पड़ती है। गांव में पुल निर्माण कराने की मांग कई बार की गई बावजूद कोई ठोस पहल नहीं हुई है।

# चारागाह की भूमि संबंधित विवरण उपलब्ध कराने के दिए गये निर्देश

जिला संवाददाता




**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पशुपालन विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओ एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पशुपालन विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी मुख्य पशुचिकित्साधिकारी से लेते हुए शासन के मन्शा के अनुरूप विभागीय योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की प्रगति में सुधार हेतु निर्देश दिये गये। गृहद गो संरक्षण केन्द्र कोपजंगल फेज-1 व फेज-2 में संरक्षित गोवंशो के समुचित भरण-पोषण हेतु ससमय प्रत्येक माह निर्धारित अवधि तक धनराशि का डिमांड कर लिए जाने एवं मुख्यमंत्री निराश्रित / बेसहारा गोवंश सहभागिता योजनान्तर्गत जनपद के पशुपालको मे सुपूर्द गोवंशों के समुचित भरण-पोषण हेतु ससमय पशुपालको को भुगतान किए जाने का निर्देश दिए गए,जिससे पशुपालक प्रोत्साहित होकर मा0 मुख्यमंत्री जी निराश्रित / बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर सके। उन्होंने मुख्यमंत्री जी निराश्रित/ बेसहारा गोवंश सहभागिता पोषण मिशन योजनान्तर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी से समन्वय स्थापित कर कुपोषित बच्चों की सूची प्राप्त कर अविलम्ब सुपुदर्गी की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। जनपद में निराश्रित/ बेसहारा गोवंशो की संख्या को दृष्टिगत पूर्व में आयोजित बैठक में मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया था जिन तहसीलो में कैटिल कैचर उपलब्ध नहीं है वहाँ क्रय की कार्यवाही किया जाये, जिसका समुचित अनुपालन न होने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए अविलम्ब तहसील खड् ?डा एवं कप्तानगंज में कैटिल कैचर क्रय कर कृत कार्यवाही से अवगत कराए जाने का निर्देश संबंधित को दिए गए।जिलाधिकारी ने जनपद मे संरक्षित गोवंश के हरा चारा हेतु 1.21 हे० भूमि पर हुई बुआई, शेष कब्जा मुक्त भूमि पर संरक्षित गोवंशो के लिए हरा चारा बुआई व गोचर / चारागाह की भूमि को संबंधित गो आश्रय स्थल से मैपिंग कराते हुए जनपद के चारागाहो की विवरण ग्रामवार/विकास खण्डवार / तसहीलवार उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा दौरान जनपद के विकास खण्ड पडरौना के अन्तर्गत नव निर्मित वृहद गो संरक्षण केन्द्र कोहरवलिया के निर्माण की प्रगति से प्रतिदिन फोटोग्राफ के माध्यम से अवगत कराने हेतु मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया। इसी प्रकार जनपद में पशुओं की संख्या, संरक्षित गौ वंशों की संख्या, भूसा क्रय, पोल्ट्री, बकरी फॉर्म, पशुओं के बीमकरण, नेशनल लाइव स्टॉक योजना, वर्ल्ड फ्लू आदि बिंदुओं पर समीक्षा की गई।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी,डीसी मनरेगा राकेश, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ0 रविन्द्र प्रसाद, डीएसओ,उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तमकुहीराज, पडरौना, सुकरौली, मोतीचक, कुबेरस्थान, पिपरा बाजार, बोदरवार, सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## तस्करी कर नेपाल ले जायी जा रही 41 बोरी खाद बरामद

**बहराइच 05 जुलाई।** जनपद में उर्वरक की कालाबाजारी तथा तस्करी पर प्रभावी के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर संचालित किये जा रहे अभियान अन्तर्गत भारत नेपाल सीमा पर स्थित ग्राम लौकाही क्षेत्र में भादा नदी के निकट कृषि विभाग एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने 41 बोरी उर्वरक बरामद की गई है। गुप्तचर से सूचना प्राप्त होने पर मौके पर पहुंची टीम को देखकर तस्कर खाद की बोरी छोड़कर भाग गये। कृषि विभाग द्वारा खाद को बरामद कर थाना मोतीपुर में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जा रही है।

जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि डीएम के निर्देशन में पुलिस व एसएसबी की टीमें लगातार सीमा पर नजर रख रही है तथा बार्डर के पास स्थित दुकानों के स्टॉक व बिक्री के संबंध में नियमित जांच भी करायी जा रही है।

श्री यादव ने किसानों किसानों से अपील की है कि वह अपनी जरूरत भर की यूरिया खरीदें। जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। श्री यादव ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर सीमावर्ती क्षेत्रों में उर्वरक की तस्करी की संभावना को देखते हुए निरन्तरता के साथ छापेमारी की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने दुकानदारों को भी निर्देश दिया कि ई-पास मशीन के साथ ही नियमानुसार खाद की बिक्री करें।

## डीएम ने जनपद में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित किए जाने के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने जनपद अंतर्गत 179 ग्राम पंचायतों में स्थापित होने वाले डिजिटल पुतकालय के संबंध में अवगत कराया है कि शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु डिजिटल लाइब्रेरी योजना में रू0 454.00 करोड़ का प्राविधान किया गया। राज्य स्तर पर खोले गए नोडल खाते में पीएफएमएस पोर्टल पर एसएनए माडयूल पर मैप है। करते हुए धनराशि पीएफएमएस के माध्यम से जनपद स्तर पर, क्रेडिट लिमिट के अनुसार व्यय की जाएगी।

उन्होंने बताया कि एसएनए माड्यूल से व्यय हेतु जनपद स्तर पर मेकर के रूप में जिला पंचायत राज अधिकारी एवं चेकर के रूप में मुख्य विकास अधिकारी को अधिकृत किया गया है। जिलाधिकारी ने विवरण के क्रम में बताया कि उक्त प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष रुपए 2,00,000/- में से हार्डवेयर नेटवर्किंग, कैमरे के साथ स्मार्ट एल०ई०डी० टी०वी० एवं डेस्कटॉप कम्प्यूटर सहवर्ती उपकरण आदि हेतु लगभग रुपए 1,30,000/- एवं फर्नीचर आदि के खरीद हेतु लगभग 70,000/- रुपए तथा रुपए 2,00,000/- में से रुपए 90,000/- तक एन.बी.टी. से एवं रुपए 90,000/-से अन्य प्रकाशकों की पुस्तकें क्रय की जाएंगी। शेष धनराशि रुपए 20,000/- से डिजिटल मैटेरियल के क्रय पर व्यय किया जाएगा। जिलाधिकारी ने इस संबंध में जिला पंचायतराज अधिकारी से जानकारी लेने उपरांत निर्देशित किया है कि उक्त कार्य को प्राथमिकता के आधार पर विकास खण्ड दुदही में 05 ग्राम पंचायतों, फाजिलनगर में 14, हाटा में 19 कप्तानगंज में 13, कसया में 2, खड्डा में 11, मोतीचक में 12, नेबुआ नौरंगिया में 11, पडरौना में 16, रामकोला में 9, सेवरही में 16, शुक्रौली में 21, तमकुहीराज में 24, विशुनपुरा विकास खण्ड में 6 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी हेतु चयनित ग्रामों में प्रभावी कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें।

संक्षेप

## 21 वाहन चालकों के लाइसेंस सस्पेंड

सीतापुर। परिवहन विभाग सीतापुर द्वारा लापरवाह वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए यातायात नियमों को तोड़ने वाले 21 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड किये गये। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि सस्पेंड किये गये 21 ड्राइविंग लाइसेंसों में जनपद सीतापुर के 09 वाहन चालक तथा शेष 12 अन्य जनपद के हैं। उन्होंने बताया कि सस्पेंड किये गये वाहन चालक 01 जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 के मध्य वाहन चलाने की अनुमति नहीं होगी। उपरोक्त 90 दिन की अवधि में यदि वाहन चालक द्वारा वाहन संचालित किया जाता है तो एमवी एक्त के तहत प्रभावी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि उपरोक्त वाहन चालकों द्वारा ओवरलोडिंग, ओवरहाइट, तेज गति समेत अन्य यातायात सम्बन्धी नियमों का पालन नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि जीवन अमूल्य है सड़क पर सुरक्षित सफर के लिये यातायात के नियम बनाये गये है इनको मनना मजबूरी नहीं। बल्कि जरूरी हैं परिवहन विभाग द्वारा चालान के साथ विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।

## मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए बैठक

पाटन, उन्नाव। आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से कुछ दिन पूर्व थाना बिहार परिसर में उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी थी। बैठक में विभिन्न समुदायों के प्रबुद्ध नागरिकों, ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर त्योहार को लेकर आ रही समस्याओं को साझा किया था। जिसमे ग्राम तेवरिया के लोगों ने मुख्य मार्ग पर जलभराव की गंभीर समस्या उठाई, जिससे ताजियों के निकलने में असुविधा हो सकती थी। वहीं पकरा बुजुर्ग के निवासियों ने गांव में साफ-सफाई, नालियों की सफाई और कूड़े के निस्तारण की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की थी इसके अलावा अन्य गांवों से भी बिजली, जल आपूर्ति और सड़क मरम्मत जैसे मुद्दों को सामने रखा गया था ।बैठक में उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए सभी शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराने को कहा था। प्रशासन की सक्रियता का असर यह रहा कि कुछ ही दिनों में जलभराव की निकासी, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट मरम्मत सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त कर दी गईं है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना करते हुए सहयोग का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने भी सभी समुदायों से शांतिपूर्वक पर्व मनाने और आपसी भाईचारे को बनाए रखने की अपील की। त्योहार से पहले ही प्रशासनिक तैयारी और जनसहयोग का यह उदाहरण पूरे क्षेत्र में सकारात्मक संदेश देने वाला साबित हुआ है।

# राज्यमंत्री ने मां के नाम लगाया पौधा



सीतापुर। सामाजिक वानिकी वन प्रभाग के सीतापुर रेंज अन्तर्गत ग्राम मूसेपुर मितौली, विकासखण्ड-परसेण्डी में 5 जुलाई को वन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को भी विशेष रूप से रेखांकित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर ह्मगुरूह्म व विशिष्ट अतिथि पवन सिंह चैहान, विधान परिषद सदस्य सीतापुर ने वन महोत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, प्रभागीय वनाधिकारी नवीन खंडेलवाल, उप प्रभागीय वनाधिकारी, बिसवॉ, उप जिलाधिकारी सीतापुर, क्षेत्रीय वनाधिकारी, सीतापुर, वन कर्मी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, स्कूली छात्र और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की थीम हरिशंकरी माला अभियान रही। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों व प्रतिभागियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान मेगा वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया। जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किये तथा वृक्षारोपण कर सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दशार्या। महमूदाबाद रेंज के अन्तर्गत आयोजित वृक्षारोपण महाअभियान की मुख्य अतिथि आयुक्त डा0 रोशन जैकब, लखनऊ मण्डल, लखनऊ ने वन महोत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान जिलाधिकारी, सीतापुर, पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी, महमूदाबाद, उप प्रभागीय वनाधिकारी, बिसवॉ, क्षेत्रीय वनाधिकारी, महमूदाबाद व वन कर्मी ग्रामीण आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की थीम ह्मएक पेड़ माँ के नामह्म रही। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान आयुक्त महोदया द्वारा हरिशंकरी पौध का रोपण किया गया। इसी प्रकार महोली रेंज में वन महोत्सव के उपलक्ष्य में दिल्ली-लखनऊ मार्ग की पटरी पर ग्राम नेरी के निकट मुख्य अतिथि विधायक महोली, शशांक त्रिवेदी, उपजिलाधिकारी महोली देवेन्द्र कुमार मिश्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार सिंह, ब्लाक प्रमुख महोली जगदीश प्रसाद, ग्राम प्रधान आदि द्वारा पौधारोपण किया गया।

## नगर को प्लास्टिक मुक्त करने का नगर पंचायत ने उठाया बीड़ा

सीतापुर। आदर्श नगर पंचायत हरगांव के जिम्मेदारों ने नगर पंचायत क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त करने का बीड़ा उठाया। शहर को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए नगर नगर पंचायत के अध्यक्ष ने अधिशाषी अधिकारी के साथ मिलकर कैरी बैग का वितरण किया। जानकारी के अनुसार जिले की आदर्श नगर पंचायत हरगांव के अध्यक्ष गफ्फार खां ने नगर को प्लास्टिक मुक्त करने के उद्देश्य से अपने अधिशाषी अधिकारी के साथ नगर क्षेत्र के ठेले खोमचे वालों के बीच कैरी बैग का वितरण कर कैरी बैग का ही प्रयोग करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर अधिशाषी अधिकारी ने कहा कि किसी भी दुकान पर यदि सिंगल य्यूज प्लास्टिक थैला पाया जाता है तो उस दुकानदार के विरुद्ध विधि सम्मत कार्यवाही करते हुए उचित दंड भी लगाया जाएगा। उन्होंने सभी से कैरी बैग में ही ग्राहकों को सामान देने की बात कही। साथी नगर के सम्मानित नागरिकों से अपील की कि वह खरीदारी करते समय अपने साथ थैला लेकर अवश्य जाएं और उसी में समान खरीद कर अपने घर ले जायें। साथ ही यदि किसी दुकान पर सिंगल य्यूज प्लास्टिक थैला पाया जाए तो उसकी



सूचना जनहित स्वास्थ्य हित में नगर पंचायत को अवश्य देते हुए जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय अवश्य दें। इस अवसर पर नगर पंचायत की टीम के साथ और अभियंता शशिकांत सिंह, सभासद शोएब खान, मोहम्मद सलीम, मंसूर अली, ऋषभ गुप्ता, परवेज आलम, शारिक अली, सत्यम दीक्षित के अलावा नगर पंचायत के कर्मचारी अहिबरन लाल, दीपक कुमार, अतुल गुप्ता, ललित गुप्ता, सुशील कुमार मिश्रा मौजूद रहे।

## शाहरुख की पेरिस में प्रदर्शित हुईं पेंटिंग्स

सीतापुर। हम भी दरिया हैं हमें अपना हुनर मालूम है, जिस तरफ भी चल पड़ेंगे रास्ता हो जायेगा। मशहूर शायर बशीर बद्र का ये शेर शाहरुख अंसारी पर बिलकुल सटीक बैठता है। जिन्होंने अपने हुनर से सीतापुर का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। इनकी पेंटिंग्स फ्रांस की राजधनी पेरिस के तीन दिवसीय आर्ट एग्जिबिशन में प्रदर्शित हो रही हैं। पेरिस के गैलरिया एम में सिटी आर्ट फैक्ट्री द्वारा 4 से 6 जुलाई तक आयोजित फोर्ट्रेस ऑनसाइट फाइन आर्ट एक्जीबिशन में भारत के कुछ चुनिन्दा कलाकारों की पेंटिंग्स ही चयनित की गयीं थीं। जिसमें शाहरुख की दो पेंटिंग्स होप और मोस्की भी शामिल हैं। पुराना सीतापुर के कजियारा निवासी शाहरुख अंसारी बिहार के लखीसराय में केन्द्रीय विद्यालय में कला शिक्षक हैं। वो छात्र जीवन से ही कला के क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय से फाइन आर्ट में स्नातक करने के पश्चात उन्होंने जामिया मिल्लिया इस्लामिया से फाइन आर्ट में मास्टर डिग्री हासिल की। इससे पहले राष्ट्रीय स्तर पर उनकी कई पेंटिंग्स कई कला प्रदर्शनियों की शोभा बढ़ा चुकी हैं। कला के क्षेत्र में उनको प्रफुल्ल दहुनकर आर्ट फाउंडेशन सिटी अवार्ड से सम्मानित भी किया जा चुका है। अपनी पेंटिंग्स के बारे में शाहरुख बताते हैं कि होप नामक पेंटिंग में दुनिया में चल रही युद्ध की विभीषिका और शांति की उम्मीद को दशार्या गया है। जिससे हमारी धरोहरों को होने वाले नुकसान से दुनिया को आगाह कराना है। उनकी इस पेंटिंग के आधे हिस्से में मुस्कुराते हुई स्त्री के कान में सुन्दर पृथ्वी को देखा जा सकता ही वहीं दूसरे हिस्से में स्त्री की मायूसी और परमाणु विनाश वाली पृथ्वी को दिखाया गया है। इसके माथे में परमाणु बम और गले के हार में हथियार दर्शाए गये हैं। वहीं मोस्की नामक पेंटिंग में झरोखे से आती हुई रौशनी को कंटेम्परी स्टाइल में दशार्या गया है। शाहरुख की इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता, भाई, दोस्त और शुभचिंतकों ने उन्होंने शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बच्चों के भविष्य पर प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने का निर्णय सीधा कुठाराघातः शिवम सिंह

सीतापुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों को बंद किए जाने के निर्णय के विरोध में समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष शिवम सिंह के नेतृत्व में दर्जनों युवा कार्यकताओं ने शनिवार को बीएसए कार्यालय परिसर के मुख्य गेट पर ताला डालकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान सपा कार्यकताओं ने हाथों में डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीरें लेकर धरना दिया और सरकार विरोधी नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लगभग 5000 प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने का निर्णय गरीब और कमजोर वर्ग के बच्चों के भविष्य पर सीधा कुठाराघात है। ज्ञापन के माध्यम से कार्यकताओं ने बताया कि सीतापुर जनपद में भी लगभग 200 विद्यालय बंद किए जा रहे हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के अवसर सीमित हो जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि यह निर्णय न सिर्फ शिक्षा के अधिकार बल्कि समान अवसर के सिद्धांत के भी खिलाफ है। सपा कार्यकताओं ने धरने के दौरान राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि बंद किए जा रहे विद्यालयों को तत्काल प्रभाव से पुनः खोला जाए और बच्चों की पढ़ाई सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संसाधनों की व्यवस्था की जाए। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि चार दिनों के भीतर इस संबंध में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान छात्र सभा पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश के लाखों बच्चों को शिक्षा से वंचित करना लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है और समाजवादी पार्टी चुप नहीं बैठेगी। मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। जबकि प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## सीएमएओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहला का किया निरीक्षण





सीतापुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार द्वारा जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं के निरीक्षण निरंतर किया जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहला का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ओपीडी, भर्ती रोग इकाई, लेबर रूम मैटरनिटी आयुष्मान कक्ष टीबी कक्ष एक्सरे रूम जांच लैब समेत सभी यूनिट का अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल के रिकार्ड्स की जांच की गई। दवाइयां के इंडेंट एवं स्टॉक की स्थिति, कोल्ड चैन मैनेजमेंट का अवलोकन किया गया। जहां फ्रीजर खराब मिले इस जांच के दौरान अधीक्षक आनंद मित्रा समेत अन्य सभी डाक्टर नदारद मिले। मगर उपस्थित पंजिका में सभी की उपस्थिति दर्ज थी। अधीक्षक के उपस्थित न होने पर सीएमओ ने नाराजगी जताई। वहीं साफ सफाई व्यवस्था सही करने के निर्देश दिए। पत्रकारों द्वारा महिला डाक्टर कही नहीं आने की बात पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने लैब में 96 जांच सुविधा उपलब्ध होने की बात कही। जबकि अस्पताल में मात्रा मलेरिया सामान्य बुखार समेत कोई बड़ी जांच नहीं हो रही है। इस पर उन्होंने बीपीएम अनुपम वर्मा से पूछ तो उन्होंने लैब की बिल्डिंग नहीं होने की बात बताई। जबकि जांच मशीनें एक साल से कमरों में पड़ी कबाड़ हो रही है और नई बिल्डिंग जो दो साल पहले बनी थी। रखरखाव तथा उपयोग न होने से जर्जर हो रही है। उसमें मोटे कमीशन के चक्कर में मशीनें नहीं लगवाई का रही है। कुल मिलाकर जांच सिर्फ फौरी रही। इस मौके पहुंची डाक्टर राहुल यादव फर्माशिष्ट, मिश्रा, बीपीएम अनुपम वर्मा, आयुष्मान मित्र आशुतोष मौर्य मौजूद मिले।

## चोरी के 6 मोबाइल के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



उन्नाव। एसपी उन्नाव दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गंगाघाट पुलिस ने चोरी के 6 मोबाइल के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।आपको बता दे कि 09.05.2025 को मोहनलाल शर्मा पुत्र स्व0 बाबूलाल शर्मा निवासी मंशा खेड़ा थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव की तहरीर पर थाना गंगघाट पर मु0अ0सं0 257/25 धारा 305ए बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

शनिवार को थाना गंगाघाट पुलिस ने अभियुक्तगण शुभम धानुक पुत्र श्याम कुमार धानुक नि0 5/297 सीताराम कालोनी थाना गंगाघाट,शिवम पासी पुत्र रविशंकर पासी निवासी 8/8 सीताराम कालोनी थाना गंगाघाट को उपरोक्त अभियोग से संबन्धित चोरी के मोबाइल सहित कुल 6 मोबाइल फोन बरामद कर ठाकुर खेड़ा से पीपर खेड़ा जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2)/317(4) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।पकड़े गए अभियुक्त में शुभम धानुक का आपराधिक इतिहास भी है शुभम पर पॉक्सो एक्ट, आर्म्स एक्ट व एनडीपीएस जैसे मामले पहले से दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-उ0नि0 रविशंकर पाण्डेय, हे0का0 विजय कुमार, का0 आकाश तोमर, का0 मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## पहचान पत्र नहीं देने पर दुकानें सील करने की धमकी

सीतापुर। नगर के एनसीसी रोड में नगर पालिका द्वारा निर्मित दुकानों पर आए दिन सेना की वर्दी में आकर कुछ लोग दुकानदारों से आधार कार्ड व अन्य पहचान पत्र की मांग करते रहते है तथा कहते है कि यह जमीन सेना की है। पहचान पत्र नहीं देने पर दुकानें सील करने की धमकी भी देते है। आज एनसीसी रोड दुकानदारों ने आज इस संबंध में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जिलाध्यक्ष आदर्श व्यापार मंडल संजय मिश्रा के नेतृत्व में जिलाधिकारी से भेंटकर एक ज्ञान सौंपकर आए दिन होने वाले उत्पीड़न को रोकने व संरक्षण प्रदान करने की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि लगभग 35 साल से वो लोग नगर पालिका के किरायेदार हैं तथा यह दुकानें नगर पालिका द्वारा उन्हें आवंटित है। इस तरह के कृत्य से उनका मानसिक उत्पीड़न हो रहा है तथा व्यापार भी प्रभावित हो रहा है।

## 92 मामले समाधान दिवस में आए, पांच का निस्तारण

सफीपुर, उन्नाव। एसडीएम ने अपर पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुन उनके निस्तारण के आवश्यक



दिशा निर्देश दिए। तहसील सफीपुर में उपजिलाधिकारी शिवेंद्र वर्मा ने अपर पुलिस अधीक्षक प्रेमचंद्र व पुलिस उपाधीक्षक मधुपनाथ मिश्रा की मौजूदगी में तहसील समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमें राजस्व 51, पुलिस 15, विद्युत 5, पूर्ति विभाग 3, अन्य 15 समेत कुल 92 मामले आए। जिसमें 5 मामलों को मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम ने सभी शेष मामलों को शासन के मंशानुरूप समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान ईओ विनीत श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत छोटेलाल समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## वन महोत्सव का शुभारंभ





महोली/सीतापुर। वन महोत्सव अंतर्गत वन विभाग द्वारा ग्राम नेरी में विधायक शशांक त्रिवेदी ने पौधारोपण किया। इस दौरान एसडीएम देवेंद्र कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार सिंह ने पौधरोपण कर वहां मौजूद नागरिकों को पौधरोपण करने को कहा। इस दौरान विधायक ने कहा कि पर्यावरण का मानव कल्याण से गहरा संबंध है क्योंकि यह हमें हवा, पानी भोजन प्रदान करते हैं। हाल के दिनों में जिस तरह गर्मी और तापमान बढ़ता जा रहा है पर्यावरण का महत्व भी बढ़ रहा है। यह पृथ्वी सिर्फ हमारी धरती ही नहीं वरन हमारी माता भी है। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## 137 मामलों में राजस्व के 97 मामले आये



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में माह के प्रथम शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव की अध्यक्षता में किया गया। समाधान दिवस में कुल 137 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से राजस्व विभाग से संबंधित सर्वाधिक 97 प्रकरण रहे। इसके अलावा पुलिस से 14, विकास विभाग से 9, समाज कल्याण से 1, शिक्षा विभाग से 1, तथा अन्य विभागों से संबंधित 15 शिकायतें आईं। मौके पर 7 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अपर जिलाधिकारी ने पूर्व में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के बाद एक-एक कर उपस्थित फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर अधिवक्ता अरविंद प्रताप सिंह सहित अन्य वकीलों ने पाटन-धानीखेड़ा मार्ग के किनारे उगी कांटेदार झाड़ियों को कटवाने की मांग का ज्ञापन सौंपा। ग्राम परसंडा निवासी रामविनोद पुत्र स्व. रामकुमार ने पैतृक संपत्ति में हक दिलाने की गुहार लगाई, वहीं महेशखेड़ा की अनीता पत्नी स्व. राजेंद्र कुमार ने विधवा महिला और विकलांग बच्ची को घर से निकाले जाने की शिकायत की। देवीपुर मजरा जगतखेड़ा निवासी कोमल यादव ने प्रधान द्वारा इंटरलॉकिंग रोड को जबरन उखाड़े जाने की बात कही। ग्राम जानकीगंज बिहार की सविता पत्नी सोहनलाल व राजू पुत्र स्व. साहबदीन ने आम रास्ता बंद किए जाने की शिकायत की। ग्राम चेतरा के रजोले पुत्र परमेश्वर ने आरोप लगाया कि मनरेगा से खुदवाई गई नाली को तोड़कर जबरन उसकी जमीन से नाली निकाली जा रही है। ग्राम रुझई की कल्पना पांडे पत्नी अजीत पांडे ने आबादी की जमीन पर जबरन कब्जा करने की शिकायत दर्ज कराई।ग्राम तकिया निवासी माधुरी पुत्री रामज्यावन ने दबंगों द्वारा मकान पर जबरन स्लैब डालने का आरोप लगाया।

## मजदूर की बीमारी से मौत

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र में स्थित पी टी सी में चल रहे निर्माण कार्य में काम करने वाले एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जाता है कि वह कई दिनों से बीमार चल रहा था। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। लखीमपुर खीरी जनपद के पलिया निवासी लगभग पैंतीस वर्षीय श्रवण पुत्र प्यारेलाल पी टी सी में चल रहे भवन निर्माण कार्य में मजदूरी करता था। बीते तीन चार दिनों से बुखार व अन्य बीमारी से पीड़ित था बताया जाता है। शुक्रवार देर रात तबियत ज्यादा खराब होने पर साथी श्रवण को लेकर सी एच सी फतेहपुर चौरासी आए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। साथी कामगारों ने कहा कि शराब का लती था भाई धनीराम ने बताया कि कई दिनों से घर पर स्वास्थ्य ठीक न होने की जानकारी भी दे रहा था।

## ब्लॉक क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायत में किया गया हरी शंकरी पौधरोपण

सीतापुर। हरी शंकरी परियोजना के अंतर्गत वृक्ष तैयार करना। यह एक अत्यंत पुण्य व परोपकारी काम माना जाता है। हरिशंकरी के तीनों पौधों अर्थात पीपल, बरगद और पाकड़ को एक ही स्थान पर इस तरह रोपते हैं कि तीनों वृक्षों का संयुक्त छत्र विकसित हों। इससे तीनों पौधे विकसित होने पर एक तने के रूप में नजर आते हैं। पुराणों में भी इस पौधे का उल्लेख मिलता है। गांवों में हरिशंकरी पौधों से कम





होगी गर्मी की तपिश। धरती पर बढ़ती गर्मी का सितम कम करने के लिए हर साल करोड़ों पौधे रोपे जाते हैं, लेकिन उसमें से कुछ ही पौधे बच पाते हैं। यही कारण है कि अब तक चले पौधरोपण अभियान का खास असर नहीं दिखा। सरकार अब ऐसे पौधों को लगाने की तैयारी कर रही है। जिनका वैज्ञानिक के साथ आध्यात्मिक महत्व हो, साथ ही अकेले ही कई वृक्षों के बराबर हो। जिससे वह विपरीत परिस्थितियों में भी मुरझाने से बच जाएं। इस बार प्रत्येक गांव में पीपल, बरगद व पाकड़ के सम्मिलित रोपण वाले हरिशंकरी पौधे लगाए जाएंगे। ब्रह्म, विष्णु व महेश को प्रिय कहे जाने वाले इन पेड़ों की देखभाल ग्राम पंचायत के जिम्मे होगी। यह एक वृक्ष ही कई पेड़ों के बराबर होने से ग्रामीणों को अधिक छाया व शीतलता मिलेगी। जिससे सूरज का सितम कम होगा। खास बात यह है कि आस्था से जुड़े होने के चलते इन पौधों को संरक्षित करने में ग्रामपंचायतों को अधिक मेहनत नहीं करनी होगी। कारण ग्रामीण आज भी इनकी लकड़ी काटने व जलाने से परहेज करते हैं। इसी क्रम में सिकंदराबाद, सरैंया, कादीपुर, महारिया, अकबापुर समेत सभी ग्रामों में हरी संकरी पोधा रोपण किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान सचिव समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्थलीय निरीक्षण करें व शिकायतकर्ता को निस्तारण से अवगत करायें

सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को



सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील महमूदाबाद में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने शिकायतकताओं की शिकायतों एवं समस्याओं को एक-एक करके सुना एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। मंडलायुक्त ने महमूदाबाद तहसील परिसर में पौध रोपण भी किया। मंडलायुक्त के निर्देश पर गत समाधान दिवसों में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में शिकायतकताओं से दूरभाष के माध्यम से फीडबैक भी प्राप्त किया गया। असंतुष्ट फीडबैक वाले संदर्भों को सम्बंधित अधिकारियों को पुनः अंतरित करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि लम्बित राजस्व वादों का त्वरित निस्तारण किया जाये तथा आदेशों को अनुपालन तत्परता के साथ कराया जाये। उन्होंने कहा कि सभी लेखपाल एवं कानूनगो के स्तर पर लम्बित प्रकरणों की नियमित रूप से समीक्षा की जाये। थाना समाधान दिवस के प्रभावी आयोजन हेतु मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराये जाने का प्रयास किया जाये। थाना दिवस से संबंधित प्रकरणों में सभी पक्षों को थाना दिवस के आयोजन से पूर्व अवगत कराते हुये थाना दिवस में निस्तारण कराया जाये। मंडलायुक्त ने निर्देश दिये कि स्मार्ट मीटर लगाये जाने के बाद समय से इसकी फीडिंग सुनिश्चित कराये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी तहसील स्तर की सभी शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता अवश्य देखें। शिकायतों के संबंध में स्थलीय निरीक्षण अवश्य किया जाये तथा शिकायतकर्ता को निस्तारण से अवगत कराया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर गुणवत्तापरक निस्तारण हेतु संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी महमूदाबाद बाल कृष्ण सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील महमूदाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 77 शिकायतों में से 10 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील मिश्रिख में प्राप्त 34 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील लहरपुर में प्राप्त 61 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील महोली में प्राप्त 44 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील सदर में प्राप्त 08 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील बिसवां में प्राप्त 47 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील सिधौली में प्राप्त 49 प्रार्थना-पत्रों में से 11 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## किसी भी फरियादी को बार-बार भाग दौड़ न लगानी पड़ेः शशांक त्रिवेदी

महोली/सीतापुर। संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील परिसर में विधायक की मौजूदगी में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में कुल 44 शिकायतें आई जिसमें चार का निस्तारण किया गया वहीं राजस्व 31, पुलिस 6,विकास 4 अन्य की तीन शिकायत प्राप्त हुई। शनिवार को विधायक शशांक त्रिवेदी की व उप जिलाधिकारी देवेंद्र कुमार मिश्रा की मौजूदगी में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारी को निस्तारण हेतु प्रार्थना पत्र दिया वहीं समाधान दिवस में कुल44 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया वहीं राजस्व 31, पुलिस 6, विकास 4 अन्य की तीन शिकायतें प्राप्त हुई।

इस अवसर पर विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि जो भी समस्याएं पीड़ितों द्वारा दी जा रही हैं उनका निस्तारण अधिकारी मौके पर जाकर करें। किसी भी फरियादी को तहसील के बार-बार चक्कर न लगाने पड़े। मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि हर फरियादी की समस्या का समाधान एक छत के नीचे मिले। उप जिलाधिकारी देवेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि आईजीआरएस से संबंधित शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। भूमि विवाद के मामलों में राजस्व व पुलिस की टीम साथ जाकर समस्या का निस्तारण करके फरियादी को संतुष्ट किया जाए ।जो भी समस्याएं आई हैं उनका 7 दिन में निस्तारण अवश्य कर दें।इस दौरान क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार सिंह, नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह, शिव प्रकाश यादव, बीडीओ महोली प्रशांत शुक्ला, पिसावा अमित यादव, प्रमुख जगदीश प्रसाद सहित राजस्व व संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में कमिश्नर, डीआईजी, डीएम और एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पीड़ित को त्वरित न्याय और सुगम निस्तारण की प्राथमिकता पर शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जहां

**● अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर निस्तारण कराने के दिये निर्देश**

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने जनपद की दूरस्थ तहसील मड़ावरा पहुंचकर जनसुनवाई की और फरियादियों को भरोसा दिलाते हुए सम्बंधित अधिकारियों से समस्या का मौके पर ही निस्तारण कराया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक ही शिकायत की बार-बार पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए, अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने बाल विवाह और स्कूल से वंचित बच्चों के बारे में भी चर्चा की, उन्होंने कहा कि बाल विवाह कई समस्याओं का एक प्रमुख कारण है, बच्चियों की छोटी उम्र में शादी होने से उनकी पढ़ाई छूट जाती है, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो जाता है। ये बच्चियां पढ़-लिखकर देश के लिए बहुत कुछ कर सकती हैं, इसलिए बाल विवाह रोकने के लिए सभी जनपदवासी जिला प्रशासन का सहयोग करें और अपने बच्चों का नामांकन विद्यालयों में अवश्य करायें। उन्होंने अन्य अधिकारियों के साथ तहसील परिसर में ही वन महोत्सव एक पेड़ मां के नाम-2.0 अभियान के तहत वृक्षारोपण किया और जनपदवासियों को भी सघर वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया। तहसील तालबेहट में मण्डलायुक्त झांसी विमल कुमार दुबे एवं डीआईजी केशव कुमार चैधरी ने जनसुनवाई की और फरियादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को शेष प्रार्थना पत्र देकर स्वयं मौके पर जाकर समाधान कराने के निर्देश दिये। इस दौरान डीडीओ शेषनाथ, डीएफओ गौतम सिंह, एसडीएम मड़ावरा शैलेन्द्र चैधरी, तहसीलदार मड़ावरा, क्षेत्राधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## 196 शिकायतें मिलीं, 10 निस्तारित

**बांदा।** तहसील पैलानी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ किया जाए। समाधान दिवस में कुल 196 आवेदन मिले जिनमें राजस्व, पुलिस, विकास व अन्य विभागों से सम्बन्धित मामले अधिक रहे।

मौके पर 10 शिकायतों का निस्तारण जिलाधिकारी ने अपने सामने अधिकारियों से कराया। एक फरियादी ने ग्राम पिपरहरी में जल भराव की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने बीडीओ तिन्दवारी को समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिये। ग्राम गौरीकला में कई दिनों से विद्युत आपूर्ति बाधित होने की समस्या को निस्तारित करने के लिए जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता विद्युत को कार्यवाही के निर्देश दिये।

ग्राम पैलानी डेरा के एक फरियादी ने फर्जी पट्टा का प्रपत्र बनाकर उसकी जमीन पर लोगों के कब्जा किये जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जांच कर तहसीलदार को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कुछ फरियादियों ने केवाईसी पूर्ण न होने के कारण राशन मिलने में समस्या की शिकायत की, जिस पर उन्होंने पूर्ति निरीक्षक को शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिये। इसके बाद जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों ने तहसील परिसर में वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण के पश्चात जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जसपुरा क्षेत्र के सम्भावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र अमरा रपटा एवं डोंगर नाला का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम प्रधान एवं सम्बन्धित अधिकारियों को नाव की व्यवस्था कराये जाने तथा पक्का पुल बनाये जाने के लिए आरईडी के अधिशाषी अभियंता को सर्वे कर प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

## ओवरलोड वाहनों से क्षतिग्रस्त हो रही सड़क

**ललितपुर।** जिले के ग्राम टोड़ी, ठाठखेरा, देवरान और बस्त्रावन को जोड़ने वाली सड़क, जो कुछ माह पूर्व लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित की गई थी, अब बदहाल स्थिति में है। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा प्रदान करना था, लेकिन जगह-जगह गहरे गड्ढे, कीचड़ और टूटे किनारों ने इसे जर्जर बना दिया है। इससे राहगीरों, स्कूली बच्चों, मरीजों और वाहन चालकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन दर्जनों ओवरलोड डंपर, जो राख से भरे होते हैं, गुजरते हैं। ये डंपर सड़क की क्षमता से अधिक भार वहन करते हैं, जिससे सड़क की आयु कम हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है। हाल ही में कुछ वाहन गड्ढों में फंसकर पलट गए, जिसमें स्कूली बच्चों और एक मोटरसाइकिल सवार को चोटें आईं। भारतीय मोटर यान अधिनियम, 1988, धारा 113, 114, और 115 ओवरलोड वाहनों के संचालन गैरकानूनी है। धारा 113 राज्य सरकार को मार्ग पर वाहनों के अधिकतम वजन का निर्धारण करने का अधिकार है। धारा 114 मोटर वाहन निरीक्षक ओवरलोड वाहनों को रोककर अतिरिक्त भार हटाने का आदेश दे सकता है। धारा 194(1ए), ओवरलोड वाहन चलाने पर 20 हजार रुपये तक जुर्माना और प्रति टन अतिरिक्त भार पर 2 हजार रुपये का दंड निर्धारित है।

भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की जगह अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 लागू है।

## राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान का आयोजन 30 सितंबर को : श्रेय शुक्ला

**बिजनौर। सचिव।** / अपर जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रेय शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के तत्वाधान में एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता 30 सितंबर, 2025 (90 दिवसीय) तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान का आयोजन किया जायेगा। उक्त अभियान का उद्देश्य न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का मध्यस्थता के माध्यम से अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जाना है। उक्त अभियान में मध्यस्थता द्वारा समाधान योग्य मामले जैसे वैवाहिक विवाद, दुर्घटना के दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा मामले, आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, सम्पत्ति के बटवारे, बेदखली से सम्बन्धित मामले, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य उपयुक्त दीवानी मामले शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि उक्त अभियान में अनुभवी प्रशिक्षित मध्यस्थों को भी शामिल किया जाएगा। यह अभियान न्यायिक बोझ को कम करने और आम जनता को शीघ्र न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आइए, इस पहल का हिस्सा बनें और न्याय के इस सहज मार्ग को अपनाएं।

## जनपद कार्यकारिणी भंग, डॉ.रोहित बने प्रभारी जिला अध्यक्ष

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा. मयंक प्रताप सिंह ने जारी पत्र के माध्यम से बताया है कि प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्णयानुसार जनपद कार्यकारिणी ललितपुर को भंग कर दिया गया है।

इसके स्थान पर नवीन कार्यकारिणी के गठन होने तक आयुष चिकित्सा अधिकारी ललितपुर डा0 रोहित सहाय को जनपद शाखा ललितपुर का प्रभारी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

उनसे अपेक्षा की गई है कि वह अपनी देखरेख में जनपद ललितपुर के एनएचएम कर्मचारियों की बैठक, अधिवेशन कर पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुये शीघ्र ही एक तिथि निर्धारित कर सर्वसम्मति से जनपद ललितपुर की नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन करायेंगे एवं चयनित नवीन पदाधिकारियों की सूची प्रांतीय कार्यकारिणी को प्रेषित करेंगे।

## प्लास्टिक के विरुद्ध नगर पालिका की कार्रवाई शुरू



**बांदा।** शासन के निर्देश पर नगर पालिका की प्रतिबंधित पॉलीथीन और प्लास्टिक सामग्री के प्रयोग के विरूद्ध कार्रवाई शुरू हो गयी है। शनिवार को अधिशाषी अधिकारी श्रीचंद्र के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद की टीम ने प्रतिबंधित पॉलीथीन के विरूद्ध चलाए गये अभियान के दौरान व्यापारियों से प्रतिबंधित पॉलीथीन एवं प्लास्टिक सामग्री का भंडारण, विक्रय और प्रयोग करने वाले दुकानदारों से पॉलीथीन जब्त की गयी। व्यापारियों से प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री भंडारण, विक्रय एवं प्रयोग न करने की अपील की गयी। कुछ दुकानों में उपभोक्ताओं को थैले में सामान देने पर उनकी जांच टीम ने सराहना की। जांच अभियान में खाद्य एवं सफाई निरीक्षक हेमंत प्रसाद, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन नगरीय अभिषेक खरे, राजस्व निरीक्षक रामजस सिंह और नगर पालिका के कर एवं सफाई विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**ललितपुर।** शुक्रवार की रात्रि से शुरू हुई झमाझम बारिश ने जनपद सहित नगर आसपास के क्षेत्रों में जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। लगातार बारिश के चलते नगर में कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं कई नदी नाले उफान पर हैं। शहर से बुढ़वार मार्ग पर कई स्कूल कॉलेज बने हुए हैं। संपर्क मार्ग टूटने से छात्र-छात्राएं परेशान हैं। बुड़वार रोड स्थित पीतांबरा ग्रेनाइट के पास से निकला नाले पर पानी ऊपर से बह रहा है, जिससे नगर का गांव से संपर्क टूट गया। वहीं इसी मार्ग पर केन्द्रीय विद्यालय सहित कई स्कूल कॉलेज, आसरा कालोनी बने हुए हैं। संपर्क मार्ग टूटने से छात्र-छात्राएं परेशान हैं। नाले पर बना पुल डूब जाने से बुड़वार मार्ग पर स्थित गाव का संपर्क शहर से टूट जाने से लोगों काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## इम्प्रूवमेंट/कम्पार्टमेंट परीक्षा 11 एवं 12 जुलाई को

**ललितपुर।** विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश ने सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज के निर्देशक्रम में जानकारी देते हुये बताया है कि वर्ष 2025 की हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट/कम्पार्टमेंट परीक्षा के लिए प्रोजेक्ट आधारित प्रयोगात्मक परीक्षा, आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा तथा इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेंट प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 11 एवं 12 जुलाई को आयोजित करायी जायेगी। डीआईओएस ने बताया कि विद्यालयों के प्रधानाचार्य हाईस्कूल में आंतरित मूल्यांकन के विषयवार अंकों की सूची को तथा इण्टरमीडिएट के प्रयोगात्मक परीक्षकगण प्रयोगात्मक परीक्षा के प्राप्तांकों से संबंधित ओएमआर सीट को क्षेत्रीय कार्यालयों में 16 जुलाई तक आवश्यक रूप से उपलब्ध करायेंगे।

## सीएम राहत कोष से 748.42 लाख, विधायक ने दिए 103 लाख



**बांदा।** आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के इलाज को लेकर सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी बेहद गंभीर हैं। वह इनके इलाज के लिए सशक्त मददगार के रूप में जाने जाते हैं। उन्होने मुख्यमंत्री राहत कोष से 8 वर्ष के कार्यकाल में 748.42 लाख स्वीकृत कराने के साथ ही अपनी निधि से 103 लाख रुपये दिए हैं। सदर विधायक

**● गंभीर बीमारियों के लिए सदर विधायक रहते हैं तत्पर**

प्रकाश द्विवेदी सदर विधानसभा क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की गम्भीर बीमारियो के इलाज के लिए मजबूत सहारे के रूप में लोगों के बीच स्थापित हैं। उन्होने 8 वर्ष के कार्यकाल में अब तक जनपद के आर्थिक रूप से कमजोर 424 रोगियों के इलाज के लिए प्रस्ताव भेजकर मुख्यमंत्री राहत कोष के जरिए 748.42 लाख रुपए स्वीकृत कराये हैं और विधायक निधि विकास योजना के तहत सदर विधानसभा के 36 मरीजों के इलाज के लिए 103.00 लाख रुपए निर्गत किये हैं। सदर विधायक ने मुख्यमंत्री राहत कोष के अन्तर्गत वर्ष 2017 में 22.99 लाख, वर्ष 2018 में 42.88 लाख, वर्ष 2019 में 37.55 लाख, वर्ष 2020 में 49.18 लाख, वर्ष 2021 में 73.90 लाख, वर्ष 2022 में 82.52 लाख, वर्ष 2023 में 137.94 लाख, वर्ष 2024 में 184.82 लाख एवं वर्ष 2025 में अब तक 54 आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को 116.60 लाख स्वीकृत करा चुके हैं। सदर विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष के अन्तर्गत जो भी प्रस्ताव लोगो के इलाज के लिए भेजे जाते हैं वह व्यक्तिगत रूप से इन सभी प्रस्तावों को शासन में प्रभावी पैरवी कर जल्द से जल्द लोगों को आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए हमेशा तत्पर रहते है।

# डीएम व एसपी ने कांवड़ यात्रा को सुरक्षित संपन्न कराने के लिए रूट निरीक्षण किया



जिला संवाददाता

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के साथ कावड़ रूट का लिया जायजा। उन्होंने बिजनौर के मुरादाबाद मार्ग नूरपुर-हल्दौर-नहटौर का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधिकारियों कावड़ यात्रा के दौरान मुस्तैद रहने के लिए निर्देशित किया।

जिलाधिकारी जसजीत कौर एंव पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने शनिवार को कावड़ रूट का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिये कि कावड़ यात्रा को पूर्ण रूप से सुरक्षित एवं शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय करना सुनिश्चित करें तथा मुख्य मार्गों एवं स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे और एआई कैमरों को स्थापित कर सतत निगरानी के लिए उसकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने की व्यवस्था भी करें। इस अवसर पर उन्होंने बिजली, नगर निकाय, स्वास्थ्य, सड़क, वन, खाद्य सुरक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि श्रवण कावड़ यात्रा को सकुशल, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए उनके द्वारा दिए गए निदेशों का पूर्ण गंभीरता के साथ पालन करना सुनिश्चित करें ताकि किसी भी स्तर पर कांवड़ यात्रा के दौरान कोई असुविधा एवं समस्या उत्पन्न न होने पाए। कावड़ मार्ग के निरीक्षण के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

## प्रधानाध्यापिका फरहत खान को बीएसए ने किया बहाल, लोगों ने बतायी इंसाफ की जीत

**बिजनौर।** प्राथमिक विद्यालय द्वितीय की मुख्य अध्यापिका फरहत खान को बीएसए ने आखिरकार बहाल कर दिया गया है। सामाजिक संगठनो ने अध्यापिका की बहाली को इंसाफ की जीत बताया है। नजीबाबाद तहसील के प्राथमिक विद्यालय साहनपुर द्वितीय की प्रधानाध्यापिका फरहत खान को विद्यालय के मुख्य द्वार पर उर्दू में नाम लिखवाने पर निलंबित कर दिया गया व था, जबकि विद्यालय के मुख्य द्वार पर हिंदी और उर्दू दोनों भाषाओं में नाम लिखा हुआ था। किसी असामाजिक तत्व ने राजनैतिक रंग देकर केवल उर्दू भाषा में विद्यालय का नाम लिखे होने की साजिश रच वीडियों वायरल कर दिया था। बिना जांच पडताल किए अधिकारियों ने जल्दबाजी में मुख्य अध्यापिका फरहत खान को निलंबित कर दिया था। मामले को लेकर आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने डीएम से मुलाकात कर मामले से अवगत कराते हुए न्याय की गुहार लगाई थी। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने गाज गिरने के डर से फरहत खान को बहाल कर दिया है। शिक्षिका की बहाली के बाद आसपा नेताओं एवं अभिभावकों में खुशी का माहौल है। खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि हमारी मेहनत और जनता के समर्थन से यह जीत हासिल हुई। फरहत खान की बहाली इंसाफ की जीत मानी जा रही है।

# मध्यस्थता अभियान को लेकर जिला जज ने की बैठक



जिला संवाददाता

**बांदा।** जिला जज, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र सिंह के निर्देश पर शनिवार को राष्ट्र के लिए विशेष मध्यस्थता अभियान के तहत इसे सफल बनाये जाने के लिए सभी न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक की। जनपद न्यायाधीश ने बताया कि जनपदवासियों के लिए यह अत्यन्त प्रसन्नता की बात है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, मीडिएशन व कन्सीलेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रहित में मध्यस्थता अभियान शुरू किया है। इसके तहत मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में लम्बित ऐसे प्रकरण जिसमें सुलह समझौता के आधार पर समाधान की सम्भावना अधिक हो तो ऐसे प्रकरणों को अभियान के अन्तर्गत निस्तारण कराया जाना है। जिससे न सिर्फ वादकारियों को त्वरित न्याय मिल सकेगा बल्कि उनके धन व समय की भी बचत होगी। इस अभियान के अन्तर्गत न्यायालयों में लम्बित वैवाहिक विवाद के मामलें, दुर्घटना दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउन्स, वाणिज्यिक विवाद, शमनीय आपराधिक वाद, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, सम्पत्ति के बटवारे, बेदखली से सम्बन्धित मामले, भूमि अधिग्रहण व अन्य उपयुक्त दीवानी प्रकरणों को शामिल किया गया है। जनपद न्यायाधीश ने यह भी बताया कि यह अभियान 1 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक चलाया जायेगा। जनपद न्यायाधीश ने लोगों, वादकारियों एवं विधि व्यवसायियों से अपील की है कि वह अपने प्रार्थना पत्र सम्बन्धित न्यायालयों में माह जुलाई के अन्दर जमा कराकर इसका लाभ उठाएं और अपने मामलों का निस्तारण कराएं। बैठक में सभी न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा श्रीपाल सिंह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया और उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति द्वारा जेल अपील दाखिल किये जाने के लिए उपलब्ध कराये गये अधिवक्ताओं के सम्बंध में बन्दियों को जानकारी दी।

## रेलवे अंडर ब्रिज पिलर गिरने से किशोर की मौत

**बांदा।** रेलवे की लचर व्यवस्था के चलते अंडर ब्रिज पर बगैर सुरक्षा के चल रहे निर्माण कार्य के दौरान पिलर गिरने से किशोर की मौत हो गयी। शहर कोतवाली क्षेत्र के परशुराम तालाब मोहल्ले के पास बने अंडर ब्रिज पर रेलवे विभाग बिना सुरक्षा उपायों के निर्माण कार्य करा रहा है। किशोर छोटू 12 जब अंडर पास से गुजर रहा था तभी ऊपर से निमार्णाधीन पिलर उस पर गिर गया। पास के लोगों ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। घाल को ट्रामा सेंटर ले जाया गया लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताते चलें कि परशुराम तालाब के मार्ग में सुबह से देर रात तक भीड़-भाड़ रहती है। स्थानीय लोगों ने कई बार रेलवे कर्मचारियों को सुरक्षा के लिए चेतावनी दी थी लेकिन उन्होने कोई एहतिआत नही बरती। रेलवे के दोहरे लाइन के निर्माण कार्य में न तो सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग किया जा रहा है और न ही मार्ग को बंद किया गया है। घटना के बाद नाराज परिजनों ने शव को लेकर महाराणा प्रताप चैक पर विरोध प्रदर्शन किया। क्षेत्राधिकारी नगर राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि परिजनों को समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस दौरान जाम लगने के कारण वाहनों की कतार लग गई लेकिन पुलिस के प्रयासों के बाद जाम खुल गया और यातायात व्यवस्था शुरू हो गयी। सीओ ने बताया कि कुछ लोगों के मृतक किशोर के परिजनों को बरगलाने के लिए चिन्हित किया गया है और उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## डीएम ओर कप्तान ने किया थाना मदनपुर का आकस्मिक निरीक्षण



**ललितपुर।** तहसील मडावरा में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा थाना मदनपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, हवालात, आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये गये। मुकदमों से संबंधित मालो का विधिक निस्तारण एवं सही रखरखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। निकट भविष्य में पंचायती चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अपराधियों पर आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही कर उन्हे ज्यादा से ज्यादा धनराशि से पाबन्द कराने हेतु निर्देशित किया गया है। आगामी त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व शांति- व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## ई-रिक्शा रजिस्ट्रेशन का मिला लाभ, छात्रा का बैग वापस



**बांदा।** ई-रिक्शा सत्यापन रजिस्ट्रेशन का लोगों को लाभ मिलना शुरू हो गया है। शनिवार को हर्षिका पुत्री राम प्रकाश निवासी बबेरू एलएलबी 4 जी ईयर की एकलव्य महाविद्यालय की छात्रा है। शुक्रवार की दोपहर लगभग 3 बजे छात्रा मेडिकल कॉलेज से स्वराज कॉलोनी के लिए ई-रिक्शा पर बैठकर स्वराज कॉलोनी पहुंचते ही उतर गईं और ई-रिक्शा पर रखा हुआ अपना बैग उठाना भूल गई। घर पहुंचने के बाद उसको अपने बैग की याद आई तब तक काफी देर हो चुकी थी। रिक्शा चालक भी सवारी उतारकर जा चुका था काफी प्रयास करने के बाद वह नहीं मिला। रास्ते के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद रिक्शा पर लगा हुआ 27 नंबर का टैग दिखाई दे रहा था। यातायात प्रभारी संजय मिश्रा को इसकी जानकारी दी गई। उन्होने रजिस्टर में दर्ज नाम पता एवं कांटेक्ट नंबर के माध्यम से रिक्शा चालक से संपर्क किया। उसने बताया यह बैग छूट गया था और मैं दोबारा वापस वहां गया तो वहां कोई नहीं मिला फिर बैग अपनी गाड़ी में सुरक्षित रख लिया। यातायात प्रभारी के फोन करने के बाद वह तत्काल आया और हर्षिका को बैग वापस कर दिया। हर्षिका ने बैग मिल जाने पर सभी को धन्यवाद दिया और कहा की इस प्रकार से पुलिस प्रशासन लोगों की जो मदद कर रहा है वह तारीफ के काबिल है। छात्रा ने कहा कि वह अपने परिवार, पड़ोसियों, कॉलेज में पढ़ने वाले सभी छात्रों को इसकी जानकारी देगी कि टोकन नंबर लगे हुए ई-रिक्शों का इस्तेमाल करें और टोकन नंबर अवश्य याद रखें।

# सभी माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों की लग रही डिजिटल उपस्थिति

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश ने सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज के निर्देशक्रम में जानकारी देते हुये बताया है कि माध्यमिक

**डीआईओएस ने दिये गंभीरता के साथ अनुपालन कराये जाने के निर्देश**

शिक्षा परिषद के अंतर्गत जनपद में संचालित समस्त माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की दैनिक उपस्थिति प्रक्रिया को पारदर्शी एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाये जाने हेतु 1 जुलाई से ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि एक विशेष पोर्टल विकसित किया गया है एवं विद्यालयों की सुविधा हेतु एक मोबाइल एप्लिकेशन भी तैयार की गई है, जिसके माध्यम से विद्यालय में कक्षा 9 से 12 तक अध्ययनरत प्रत्येक छात्र-छात्रा एवं कार्यरत शिक्षकों की प्रतिदिन इसके माध्यम से उपस्थिति दर्ज की जा रही है।

डीआईओएस ने बताया कि जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालयों जिनमें राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित में यह व्यवस्था लागू की गई है। डीआईओएस ने जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से इस व्यवस्था का गम्भीरता के साथ अनुपालन कराये जाने के निर्देश दिये हैं।

## महत्वाकांक्षी ब्लॉक मड़ावरा के सहरिया बाहुल्य ग्राम पहाड़ीखुर्द में डीएम ने लगायी जनचौपाल

**ललितपुर।** जिलाधिकारी ने जिले की दूरस्त तहसील और आकांक्षात्मक विकासखण्ड मड़ावरा में जनजाति वाहुल्य ग्राम पहाड़ीखुर्द में जनचैपाल लगाकर नामांकन से छूटे बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा का महत्व समझाया और उनके द्वारा बतायी गई समस्याओं को सूचीबद्ध कराते हुए निस्तारण कराकर बच्चों का नामांकन कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पूर्व में किये गए ग्रामवार सर्वे की लिस्ट ग्रामीणों व बच्चों को दिखाकर उनसे सत्यापन कराया और यदि कोई बच्चा छूट गया हो तो उनका नाम अंकित कराने को कहा। उन्होंने एक-एक कर गांव के बच्चों को अपने पास बुलाकर उनसे प्रवेश न लेने का कारण पूछकर उनकी काउंसलिंग की और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने बच्चों के अभिभावकों से भी बात की और उनकी पारिवारिक स्थिति को जाना। बच्चों और अभिभावकों द्वारा धन का अभाव, विद्यालय की अधिक दूरी, साधनों का अभाव, बाल विवाह जैसे कई आर्थिक, सामाजिक व अन्य कारण बताए, जिन्हें जिलाधिकारी ने सूचीबद्ध करवाते हुए उनका निस्तारण कराकर बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि सहरिया जनजाति की बालिकाएं जो अधिक दूरी के कारण नामांकन नहीं करा पा रही हैं, उन्हें साईकिल की व्यवस्था की जाए। जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिये गए कि आर्थिक रुप से कमजोर अभिभावकों व बालिकाओं को कन्या सुमंगला योजना सहित सरकार की आर्थिक रुप से समृद्ध करने वाली विभिन्न योजनाओं से आच्छादित किया जाए।

## रिटायर जेई ने कुत्ते को मारी गोली, गिरफ्तार

**बिजनौर।** जिले में एक सेवानिवृत्त कनिष्ठ अभियंता को अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से गली के एक कुत्ते को गोली मारने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। नजीबाबाद के क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि सावित्री एन्क्लेव निवासी सेवानिवृत्त कनिष्ठ अभियंता राजवीर सिंह ने शुक्रवार शाम को अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से कॉलोनी में घूम रहे एक कुत्ते को गोली मार दी। गोली लगने से कुत्ते की मौत हो गई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसकी रिवॉल्वर जब्त कर ली गई।इस बीच, एनिमल फ्रेंड्स क्लब की सदस्य अनुराधा माथुर और ज्योति शर्मा ने आरोपी का शस्त्र लाइसेंस रद्द करने की मांग की और कहा कि सीसीटीवी फुटेज में आरोपी हाथ में रिवॉल्वर लहराते और कुत्ते को गोली मारते हुए दिखाई दे रहा है।

आरोपी के पड़ोसी डॉ. एलएस बिष्ट और राजकुमार कालरा के मुताबिक, कुत्ता आरोपी के घर के ही बाहर बैठता था। पड़ोसियों ने यह भी बताया कि आरोपी ने कुत्ते का पीछा कर उसे कथित तौर पर पांच गोलियां मारी।

# मां के नाम एक पेड़ लगाकर विधायक ने दिया संदेश



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। सदर ब्लाक स्थित प्रभागीय वन अधिकारी परिसर में शनिवार को वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत एक पेड़ मां के नाम विहत पौधारोपण कार्यक्रम मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे के नेतृत्व में पौधारोपण कर पर्यावरण बचाओ मां के नाम पेड़ लगाओ दिया गया एक संदेश।

वहीं सदर विधायक भूपेश चौबे ने बताया कि वन महोत्सव कार्यक्रम के साथ पर्यावरण संरक्षण व पर्यावरण बनाए रखने के लिए हर व्यक्ति को बढ़-चढ़कर अपने घरों के आसपास अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करना परिवार रूप से सुनिश्चित करें जिससे कि आने वाली पीढ़ियों को हरे भरे पर्यावरण के साथ एक संदेश दिया जा सके। वहीं सदर विधायक ने बताया कि वन विभाग द्वारा वन महोत्सव के तहत 1 जुलाई से 7 जुलाई तक विशेष पखवाड़ा के तहत रोपण कार्यक्रम किया जा रहा है जो बेहद ही महत्वपूर्ण है आज के प्रवेश में आम जनमानस के साथ मिलकर इस महोत्सव को बेहतर तरीके से सफल बनाने के लिए हम सभी को एक पेड़ मां के नाम पौधा लगाकर उसके संरक्षण के साथ वातावरण के लिए संदेश देने का काम करें जिससे समाज में एक मैसेज जाए और हर धर्म के व्यक्ति पौधारोपण के साथ एक संदेश देने का काम करें। वही उप प्रभागीय वनाधिकारी चूर्क विनीत कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि का पौधा देखकर या स्वागत बताया कि हमारे समाज में हर व्यक्ति अगर एक-एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण कर ले तो निश्चित रूप से एक बहुत बड़ा जिले से संदेश मां के नाम देने का काम किया जा सकता है इसके लिए विभाग के साथ अन्य विभागों से मिलकर या अभियान चलाया जा रहा है इस मौके पर पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव,उप प्रभागीय वनाधिकारी रामगढ़ शत्रुघन त्रिपाठी, अनामिका गौतम क्षेत्रि वन अधिकारी रावटसगंज ,नवीन राय,मनीषा मौर्या, दीपशिखा जयसवाल वन दरोगा, रामकृष्ण मिश्रा वन दरोगा, अनूप तिवारी, विकास सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जनता दर्शन में सुनी फरियाद, दिए निर्देश



सोनभद्र। रावटसगंज सदर विधायक कैंप कार्यालय पर शनिवार को जनता दर्शन के दौरान क्षेत्र से आए आम जनमानस की समस्याओं को गंभीरता से लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को सदर विधायक भूपेश चौबे ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

वहीं सदर विधायक भूपेश चौबे ने बताया कि जनता दर्शन में आए दूर धार क्षेत्र से पीड़ित आम जनमानस की शिकायतों को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देशित कर दिया गया है तत्काल उनकी समस्याओं का निस्तारण करते हुए अवगत कराया जाए वहीं सदर विधायक ने बताया कि ज्यादातर मामले पुलिस थाना वह बरसात से संबंधित हम जनमानस के माध्यम से प्राप्त हुई जिसको लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देशित कर दिए गए हैं किसी प्रकार से लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी जिससे आम जनमानस परेशान हो आम जनमानस की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए कार्य कराया जाएगा इस मौके पर चूर्क मंडल अध्यक्ष दिलीप चौबे, संजय श्रीवास्तव मनोज सोनकर विमलेश पटेल विकास मिश्रा अमन वर्मा आदि लोग मौजूदरहे ।

## मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में लगी गोली, दो गिरफ्तार

जौनपुर। केराकत कोतवाली पुलिस, सर्विलांस व स्वाट की संयुक्त टीम से बदमाशों की शुक्रवार की रात मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक अंतर्जनपदीय लुटेरे के पैर में गोली लगने से घायल हो गया।पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार कर कब्जे से एक चोरी की बाइक, एक तमंचा, एक खोखा कारतूस, दो जिन्दा कारतूस, एक मोबाइल व लूट का 4.400 ग्राम गला हुआ सोना बरामद किया।पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर कुसरना में चैन स्नैचिंग की घटना के अभियुक्त को पूरनपुर मजार के पास नहर पुलिया के चैराहे के पास रोकने का प्रयास किया गया। बदमाश रुके नहीं और पुलिस से घिरा देखकर फायरिंग करने लगे। पुलिस द्वारा गोली चलाने पर बदमाश चंद्रदीप चन्द्रदीप पटेल पुत्र शिवालाल पटेल निवासी दनियालपुर थाना शिवपुर जनपद वाराणसी के बायें पैर में गोली लगी जिससे वो घायल हो गया।पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर सीएचसी केराकत भेजवाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। मौके पर एक अभियुक्त लवकुश पाल पुत्र जयहिन्दर पाल निवासी दनियालपुर थाना शिवपुर जनपद वाराणसी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है तथा पुलिस मुठभेड़ में घायल अभियुक्त चन्द्रदीप पटेल द्वारा पूछताछ में बताया कि उक्त लूट की चैन हमलोगों ने किशन ज्वैलर्स कांशीराम आवास शिवपुर पर बेचा था जिसके आधार पर व मोबाइल नम्बर लोकेशन के आधार पर संजय सेठ निवासी थानागद्दी थाना केराकत को गिरफ्तार किया गया।

## एनीमिया व कैंसर मरीज के लिए 2 यूनिट ब्लड किया दान

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी ब्लड डोनेट एक्सप्रेस टीम लगातार जरूरतमंदो के लिए ब्लड डोनेट करने एवं करवाने के कार्य में जुड़े हुए हैं। प्रगति फाउंडेशन के तत्वावधान में चल रहे ब्लड डोनेट टीम को सरकारी अस्पताल में आए जरूरतमंदो की जानकारी जैसे ही होती हैं तो तत्काल टीम सक्रिय होकर रक्तदान करने और करवाने में जुट जाते हैं। शनिवार को दुद्धी सरकारी अस्पताल में भर्ती एक एनीमिया से ग्रसित गर्भवती को ब्लड की कमी बतायी गई, जिसको लेकर परिजनों ने प्रगति फाउंडेशन के विकास अग्रहरि से सम्पर्क किया। विकास अग्रहरि ने बताया कि उक्त महिला के पूर्व में तीन बार खून की कमी के कारण सुरक्षित प्रसव नही हो पाया और तीनों बार बच्चे मृत हो गए इसलिए परिजन काफी परेशान थे क्योंकि ब्लड 7 के करीब था। महिला की जरूरत को देखते हुए मैंने ब्लड डोनेट टीम को सूचना दिया। सूचना मिलते ही दुद्धी निवासी कुंदन कुमार ने स्वयं आकर निःशुल्क ब्लड दान किया तब जाकर महिला को ब्लड चढ़ाया गया इसके बाद उक्त महिला के परिजनों ने राहत की सांस ली।वहीं दूसरे कैंसर मरीज के लिए अमित कुमार चौरसिया ने रक्तदान किया और तब जाकर कैंसर से पीड़ित मरीज को ब्लड चढ़ाया गया। मरीज एवं मरीज के परिजनों ने दुद्धी ब्लड डोनेट टीम की भूरी भूरी प्रशंसा की हैं।

## विद्यालय का मर्जर शिक्षा के लिए अभिशाप

जौनपुर। परिषदीय विद्यालयों में कम छात्र संख्या को आधार मानकर विद्यालयों के किए जा रहे मर्जर के विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय संयुक्त महामंत्री / जिलाध्यक्ष अमित सिंह व जिला कोषाध्यक्ष रोहित यादव



जौनपुर के नेतृत्व में शिक्षक पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मछलीशहर की विधायक डॉ रागिनी सोनकर को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने ज्ञापन के माध्यम से पेयरिंग की कार्यवाही को शिक्षा के अधिकार कानून का हनन बताया है। उन्होंने विधायक को अवगत कराया कि इस आदेश से सबसे ज्यादा प्रभावित हमारे गांव के गरीब घरों की बेटियां हो रही हैं जिनका विद्यालय बंद कर उन्हें दूर दूसरे गांव के विद्यालय में पढ़ने जाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करना उसका मौलिक अधिकार है। आप एक महिला नेत्री हैं इसलिए आपसे हम सभी को अत्यधिक उम्मीद है कि सदन में इस बात को मजबूती से उठाते हुए इस काले आदेश के खिलाफ इन बच्चों की आवाज बनेंगी।वहीं विधायक डॉ रागिनी सोनकर ने शिक्षकों को आश्वासन देते हुए कहा कि पेयरिंग मुद्दे पर हमारी पार्टी अत्यंत ही गम्भीर व चिंतित है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस पर अपना विरोध भी जताया है। इस मुद्दे पर बच्चों के भविष्य की चिंता करते हुए हम गम्भीरता से लेते हुए सदन सहित हर उस मंच पर इसके लिए आवाज उठाऊंगी जहाँ से इस समस्या का समाधान सुगम हो सके। जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि विद्यालय पेयरिंग के शासन के तानाशाही पूर्ण आदेश के खिलाफ हमारा आंदोलन के दूसरे चरण में तीन जुलाई से 15 जुलाई तक है पेयरिंग के विरोध में ज्ञापन देकर इसको निरस्त करने के लिए समर्थन लेने का अभियान चल रहा है, उसी कड़ी में विधायक मछलीशहर को ज्ञापन दिया गया।

## बाइकों के टकराने से दो जख्मी

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव भुइंहरा के पास दो बाईकों के आमने-सामने टकरा जाने से दो लोग गंभीर रूप से घायलों में जिन्हें इलाज के लिए एंबुलेंस से सीएचसी पर भर्ती कराया गया जहां एक की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल पर किया गया है। शनिवार बजे करीब गांव भुइंहरा निवासी सुमित अपनी बाइक से मोहम्मदी के लिए निकला गांव के बाहर पहुंचते ही हृदय मिश्रा अपनी बाइक से गांव जाते समय आमने-सामने टकरा गए जिससे दोनों लोग घायल हो गए थे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पर भर्ती कराया गए जहां सुमित की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया गया है।

संक्षेप

## स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश साक्षात्कार 11 से

दुद्धी, सोनभद्र। भाऊ राव देवरस राजकीय पीजी कॉलेज दुद्धी में वर्ष 2025-26 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आवेदन फार्म भर चुके छात्रध्छात्राओं का साक्षात्कार 11 जुलाई 2025 से 14 जुलाई 2025 तक होगा। महाविद्यालय के सूचना पट्ट पर मेरिट सूचि चस्पा कर दी गई हैं। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ रामसेवक सिंह यादव ने बताया कि छात्र/छात्राएं अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं एक सेटे छाया प्रति के साथ (हाई स्कूल अंकपत्र, इण्टरमीडिएट अंक पत्र, टी०सी०, चरित्र प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र इत्यादि) प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रवेश समिति के समक्ष साक्षात्कार हेतु उपस्थित होकर अपना प्रवेश सुनिश्चित करा लें। निर्धारित समय/तिथि के पश्चात अभ्यर्थी का अभ्यर्थन तथा दावा स्वतः ही समाप्त हो जायेगा, जिसको समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी को होगी। उन्होंने बताया कि दुद्धी महाविद्यालय अब मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मिजार्पुर से संबद्ध हो गई हैं इसलिए जिनका भी रजिस्ट्रेशन समर्थ पोर्टल पर नहीं हुआ है उनका प्रवेश सम्भव नहीं होगा, इसलिए सभी छात्र /छात्राएं समर्थ पोर्टल पर जाकर 7 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन अवश्य करा लें।

## आरोग्य मंदिर और पब्लिक हेल्थ यूनिट का शुभारंभ

मोहम्मदी खीरी। कस्बा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मोहम्मदी और पसगवां ब्लॉक पर बनाए गए आयुष्मान आरोग्य मंदिर और पब्लिक हेल्थ यूनिट के शुभारंभ को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पंचायती राज सभापति लोकेंद्र प्रताप सिंह और विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतोष गुप्ता रहे। संचालन डॉक्टर सुशील शुक्ला ने किया है। शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने मां वीणा पाणि के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मंत्रो उच्चारण के साथ फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया है। चिकित्सा अधिकारी ने बताया 10 आयुष्मान मंदिर और एक पब्लिक हेल्थ यूनिट मोहम्मदी ब्लाक और 8 आयुष्मान मंदिर पसगवां ब्लॉक क्षेत्र में निर्मित किए गए हैं। मुख्य अतिथि ने सभी नवनिर्मित आरोग्य मंदिरों का शुभारंभ कर जनता को समर्पित किया है। उन्होंने सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा शासन की मंशा के अनुरुप समाज के हर व्यक्ति को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं देने की योजना को धरातल पर उतारा जा रहा है जिससे किसी को इलाज के अभाव में जान न गवानी पड़े। इस मौके पर सी एच सी अधीक्षक मयंक मिश्रा, अश्वनी वर्मा और अतुल रस्तोगी, कमलेश वर्मा, मनोज गुप्ता और राममोहन रस्तोगी समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## आकस्मिक चिकित्सा के लिए एंबुलेंस की मांग

पासवान खीरी । बरवर के समाजसेवी व पत्रकार महताब आलम सोनू ने बरवर क्षेत्र में हो रही दुर्घटनाओं को मद्देनजर रखते हुए क्षेत्रीय विधायक व दर्जा राज्यमंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह से बरवर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए एम्बुलेंस की मांग की है आपको बताते चलें की बरवर नगर की आबादी तकरीबन पचास हजार व क्षेत्र की आबादी तकरीबन दो लाख के आसपास है नगर पंचायत बरवर स्थिति एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है उस पर एम्बुलेंस सुविधा नहीं है क्षेत्र से निकले नेशनल हाईवे पर आयें दिन सड़क हादसे होते रहते हैं जिसको देखते हुए बरवर नगर के पत्रकार व समाजसेवी महताब आलम सोनू ने शनिवार को क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह से मिलकर एक प्रार्थना पत्र प्रेषित कर बरवर क्षेत्र के लिए आकस्मिक चिकित्सा हेतु एंबुलेंस की मांग की है जिसको मद्देनजर रखते हुए क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने आश्वासन दिया और कहा तत्काल ही जल्दी बरवर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर एंबुलेंस की व्यवस्था करा दिय जाये गी आपको बताते चलें बरवर क्षेत्र से मोहम्मदी सोलह किलोमीटर की दूरी पर है वहीं पसगवां भी लगभग पंद्रह से बीस किलोमीटर की दूरी पर है जब तक यहां से एम्बुलेंस आती है तब तक दुर्घटना में घायलों की समस्या और बढ़ती जाती है कुछ की तो समय से प्राथमिक उपचार न मिल पाने से मृत्यु भी हो जाती है इस सब को मद्देनजर रखते हुए पत्रकार महताब आलम सोनू ने क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह को पत्र लिखकर एम्बुलेंस की मांग की विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने जल्द ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरवर पर एंबुलेंस देने का आश्वासन दिया और प्रार्थना पत्र पर विभाग को जल्द ही एम्बुलेंस के लिए आदेशित किया।

## सावन में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए की जा रही तैयारियों का लिया जायजा



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने शनिवार को शिवद्वार धाम घोरावल में पहुंचकर सावन मास में आने वाले श्रद्धालुओं हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लिये, जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मंदिर परिसर से दूर किला के पास वाहन पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये, सावन मास के दौरान भारी संख्या में जलाभिषेक करने हेतु शिवद्वार धाम घोरावल में आने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लिया।

श्री सिंह ने कहा कि शिवद्वार धाम में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन की व्यवस्था किला के पास की जाये, मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के दर्शन व जलाभिषेक हेतु महिला व पुरूष हेतु अलग-अलग लाईन लगाकर दर्शन कराने की व्यवस्था की जाये, जहां पर भी बैरिकेटिंग व्यवस्था की आवश्यकता हो, वहां पर बैरिकेटिंग की जाये, उन्होंने कहा कि सी0सी0टी0वी0 कैमरे संचालित रहें और उसकी निगरानी हर समय की जाये, हाईमास्ट लाईट व स्ट्रीट लाईट के मरम्मत का कार्य अधिशासी अभियन्ता विद्युत द्वारा सुनिश्चित की जाये, नगर पालिका व नगर पंचायत के माध्यम से मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये, जिससे कि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या न हो,

उन्होंने कहा कि जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा मंदिर परिसर के पास-पास साफ-सफाई की व्यवस्था सफाई कर्मियों के माध्यम से सुनिश्चित करायी जाये, उन्होंने कहा कि शिवद्वार मंदिर के पास स्थित प्राथमिक विद्यालय घोरावल में श्रद्धालुओं को ठहरने हेतु वाटर प्रूफ टेन्ट जिला पंचायत के माध्यम से लगाया जाये, सड़कों की मरम्मत, गढ्ढा मुक्ति का कार्य अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड द्वारा कराया जाये। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश कुमार, उप जिलाधिकारी घोरावल प्रदीप कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## महोत्सव का आयोजन कर लगाये गये 14 हेक्टेयर में पौधे



म्योरपुर/सोनभद्र। म्योरपुर वन रेंज के ग्राम पंचायत परनी के वन क्षेत्र में शनिवार को 14.75 हेक्टेयर में पौध रोपण कर वन महोत्सव का आयोजन किया गया, ।मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मान सिंह गोंड रेंजर जबर सिंह यादव,वन दरोगा विजेंद्र सिंह,आदि ने पौध रोपण के बाद आयोजित कार्यक्रम में विचार रखे। प्रमुख श्री गोंड ने कहा कि प्रकृति के सरंक्षण से ही वन्य जीव और मनुष्य का जीवन खुशहाल होगा।हमे जंगलों को बचाने के साथ एक बच्चे के पालन पोषण की तरह पौधे को भी बचाना होगा।जंगल बचेंगे तभी हम बचेंगे ।कहा कि यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य है और आदिवासी जंगल प्रेमी है इसका इतिहास गवाह है हमे उस संस्कृति और परम्परा को जीवित रखना है। रेंजर ने कहा कि यह क्षेत्र डैम से लगा हुआ है।इसमें जैव विविधता की झलक मिलती है।जंगल में हिरन, बारहसिंगा, खरगोश, लकडबग्घा, मोर,तोता, और सांप के साथ जड़ी बूटी,पाए जाते है।इसको संरक्षित कर हम पर्यावरण सरंक्षण में अपना योगदान दे सकते है।ग्रामीणों की भालगीदारी से ही जंगल को और घना बनाया जा सकता है।मौके पर बिहारी, पांडेय, सर्वेश सिंह यादव, गोविंद शाह, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खिलाड़ियों को किया सम्मानित

पलियाकलां-खीरी। गुरुकुल ऐकेडमी, पलिया कलाँ खीरी में आज प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में बच्चों को सम्मानित किया गया। दिनांक क चार व पाँच जुलाई 2025 को एल. पी० एल०, लखीमपुर में ताइक्वांडो मार्शल आर्ट की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। गुरुकुल समेत विभिन्न टीमों के लगभग पचास खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की। बोर्ड द्वारा आयोजित जोनल लेवल की इस प्रतियोगिता में गुरुकुल के नौनिहालों ने भिन्न-भिन्न वर्गों में में अपनी योग्यता सिद्ध की। कक्षा 7 की अग्रिमा मौर्य व आर व माहेश्वरी, कक्षा दस के वरदान गुप्ता व कक्षा ग्यारह के कृष्णा वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। उसी जगह कक्षा हैः की भाव्या गुप्ता ने दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता। विजयी खिलाड़ियों को प्रार्थना सभा में सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधक मुकेश अग्रवाल व अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला ने टीम कोच वंश भदौरिया को बधाई दी तथा सभी खिलाड़ियों के प्रयासों को सराहा। उन्होंने कहा कि रुचिकर क्षेत्रों में बच्चों के विकास के अवसर उपलब्ध कराने हेतु विद्यालय सदैव तत्पर है। डिसिप्लिन इंचार्ज बृजमोहन मिश्रा ने बच्चों को बधाई दी व तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## दबंगों ने आदिवासियों की बोई फसल को ट्रैक्टर से रौंदा

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मड़कुड़ी में दबंगों ने आदिवासियों की बोई फसल को ट्रैक्टर से जुताई कर रौंद दिया। मना करने पर गाली देते हुए जान मारने की धमकी दी। पुलिस द्वारा कोई कर्रवाई न किए जाने पर आदिवासियों ने शनिवार को रॉबर्ट्सगंज तहसील पर विरोध प्रदर्शन किया और अपनी मांगों का शिकायती पत्र संपूर्ण समाधान दिवस में सीओ सदर को सौंप गुहार लगाई। सीओ ने मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया।

दिए प्रार्थना पत्र में आदिवासियों रामकुमार, छोटेलाल, कलवंती, बुद्धू, केशरी, सुरसती, निर्मला आदि ने अवगत कराया है कि वे अनुसूचित जनजाति गौंड़ विरादरी के हैं। 4 जून 2025 को सुबह 10 बजे दबंगों शिवमूरत, अमरनाथ, अमृतलाल व जमुनी एकराय होकर उनकी पुश्तैनी जमीन जिसमें अरहर, मक्का की फसल बोई गई थी को ट्रेक्टर से जुताई कर फसल को रौंद दिया। जब मना किया गया तो गंदी गंदी गालियां देते हुए जान मारने की धमकी देने लगे। जब चैकी पुलिस को शिकायती पत्र देने की बात कही गई तो कहा कि दिवान जी के कहने पर हमलोग खेत जोते हैं। इतना ही नहीं कुछ दिन पूर्व अपने रिश्तेदार तेजबली निवासी लौका खाड़ी कचनरवा, थाना कोन, जिला सोनभद्र के साथ साजिश करके सहखातेदार पारसनाथ से छल कपट, धोखाधड़ी, कूटरचना कर अपूर्णनीय क्षति करने का कार्य किया गया है। 10 रुपए के स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर बनवा कर 4 विस्वा जमीन के बदले सभी आदिवासियों की 5 बीघा जमीन हड़पने की फिराक में हैं। सीओ ने मामले की जांच करवाने एवं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।



## गुरु दर्शन के लिए भगवान भी होते हैं लालायित



सोनभद्र। गुरु दर्शन के लिए भगवान भी लालायित रहते हैं और इसका साक्ष्य हमें पुराने से प्राप्त होता है गुरु वशिष्ठ, गुरु विश्वामित्र, इत्यादि महापुरुषों के बताए गए पदचिन्हों पर चलकर ईश्वर पथ की दूरी तय करा देते हैं। उक्त बातें गुजरात से आए हुए स्वामी निर्मल महाराज और आश्रम के वरिष्ठ संत नारद महाराज तथा संत आशीष बाबा ने इस गुढ़ रहस्य को भक्तों के साथ साझा किय।52 सौ वर्ष के लंबे अंतराल के बाद योगेश्वर श्री कृष्ण की वाणी गीता पुनः प्रकाश में भारतवर्ष में आया श्रीमद् भागवत गीता भाष्य यथार्थ गीता का चार बार तत्वदर्शी महापुरुष के सानिध्य में रहकर अनन्य भक्त के साथ आध्यात्मिक ज्ञान की लौ प्रस्फुटित करें। वैसे तो गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व सभी भक्तों के लिए किसी ऐतिहासिक क्षण से कम नहीं है इस दिन भक्त अपनी आराध्य योगेश्वर महाप्रभु शाश्वत तत्वदर्शी योगिजन के समक्ष स्वयं को समर्पित करते हुए आध्यात्मिक पथ में एक कदम आगे बढ़ाए।

स्वामी निर्मल महाराज जी ने मीडिया से कहा कि यह शरीर ही क्षेत्र है और जो इसको जानता है इसका पार पा लेता है ,आगे उन्होंने क्षेत्र का विस्तार बताया जिसमें 10 इंद्रियां मन, बुद्धि ,अहंकार, पांचो विकार (ज्ञानेंद्रियों की पांच तन्मात्राएं-रूप ,रस ,गंध ,शब्द और स्पर्श-यही इंद्रियों के पांच विषय हैं) और तीनों गुणों का वर्णन है शरीर ही क्षेत्र है, एक अखाड़ा है इसमें लड़ने वाली प्रवृत्तियां दो हैं-दैवी संपद और आसुरी संपद स्वामी नारद महाराज जी ने कहा गीता मनुस्मृति है और भगवान श्री कृष्ण के अनुसार गीता ही धर्मशास्त्र है। अन्य कोई शास्त्र नहीं , कोई अन्य स्मृति नहीं है। गीता एक परमात्मा को ही सत्य मानती है उसमें विलय दिलाती है, स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज द्वारा रचित विश्व धर्म ग्रंथ यथार्थ गीता पूरे विश्व पटल पर जन -जन में यह धर्म संदेश पहुंचता है तो पूरे विश्व में आध्यात्मिक शांति सदगुरुदेव भगवान की कृपा से अवश्य ही प्राप्त होगा। महापुरुषों ने जिसमें भगवान महावीर, भगवान गौतम बुद्ध, गुरु नानक ,कबीर सभी ने एक परमात्मा का चिंतन एवं भजन करने पर जोर दिया है भक्तों की अपार भीड़ का आकलन करने के उद्देश्य से आश्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक मिजार्पुर में भी पूरी सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी के साथ निरीक्षण भी किया और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। पूरे आश्रम में भक्ति का वातावरण निरंतर सुशोभित हो रहा है ,योगेश्वर महाप्रभु स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज की कृपा सर्वत्र बरस रही हो, गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है भक्तों एवं देश के कोने-कोने से आए हुए महात्माओं में गुरु दर्शन के प्रति दृढ़ इच्छा शक्ति बढ़ती ही जा रही है।

## महिला जन सुनवाई कार्यक्रम 9 को

सीतापुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक आवेदकों की सुगमता की दृष्टिगत प्रदेश के विभिन्न जनपदों यथा सीतापुर, में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा महिला जनसुनवाई निरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उक्त के क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा जनपद सीतापुर में महिला उत्पीड़न की समस्याओं के निराकरण हेतु नामित सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश सुजीता कुमारी की अध्यक्षता में 9 जुलाई को पूर्वान्ह 10 बजे सदर तहसील सभागार सीतापुर में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उसके पश्चात महिलाओं सम्बन्धी विभिन्न योजनाओं के संबंध में विभिन्न विभागों के साथ जागरूकता चैपाल का आयोजन मिश्रिख विकासखंड में किया जाएगा।

## एनसीएल ने डीएवी एक्सटेंशन बिल्डिंग का किया शुभारंभ



सोनभद्र। शनिवार को सिंगरौली स्थित भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने निगाही परियोजना स्थित डीएवी एक्सटेंशन बिल्डिंग का शुभारंभ किया। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान एनसीएल के निदेशक (मानव संसाधन), मनीष कुमार, निदेशक (वित्त), रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी), सुनील प्रसाद सिंह, श्रमिक संघ से जेसीसी सदस्य सीएमएस से अजय कुमार, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, बीएमएस से श्यामधर दुबे, एचएमएस से बी. एन. सिंह, सीएमओएआई से सर्वेश कुमार सिंह, क्षेत्रीय महाप्रबन्धक (निगाही), सुमन सौरभ, ए. आर. ओ. (डी.ए.वी.) एमपी जोन, अमिताभ श्रीवास्तव एवं परियोजना से अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी व विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

वर्तमान में निगाही परियोजना स्थित डी. ए. वी. विद्यालय में 1500 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। विद्यालय के इस भवन विस्तार से अब 680 और विद्यार्थियों को नामांकन का अवसर मिलेगा। एनसीएल द्वारा नवनिर्मित एक्सटेंशन बिल्डिंग में 24 आधुनिक कक्षाएँ एवं प्रयोगशालाएँ शामिल हैं। इस दौरान अपने उद्बोधन में श्री मनीष कुमार ने शिक्षा को समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाने का माध्यम बताते हुए कहा कि एनसीएल द्वारा डीएवी विद्यालय के भवन विस्तार से और अधिक जरूरतमन्द बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होगी एवं उनका सर्वांगीण विकास होगा। एनसीएल द्वारा उक्त विद्यालय के भवन विस्तार से सिंगरौली परिक्षेत्र के शैक्षिक परिदृश्य में सुधार होगा। इसके अतिरिक्त इस से बच्चों की नामांकन संख्या में वृद्धि के साथ स्थानीय समुदाय को सामाजिक और शैक्षिक रूप से भी लाभ पहुंचेगा। गौरतलब है कि एनसीएल अपने 11 वित्त पोषित विद्यालयों के माध्यम से कर्मियों के बच्चों सहित स्थानीय क्षेत्र के 14,000 से अधिक बच्चों को शिक्षा प्रदान कर उनका भविष्य संवार रही है।

संक्षेप

## जिला स्तरीय जूनियर प्रतियोगिता 09 जुलाई से

**बहराइच** । क्रीड़ा अधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2025-26 अन्तर्गत जिला खेल कार्यालय इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम बहराइच में 09 जुलाई 2025 से बालक/बालिका वर्ग की जिला स्तरीय जूनियर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 09 जुलाई को आयोजित होने वाली तैराकी प्रतियोगिता में 12 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक/बालिका, 14 व 15 जुलाई को बालक वर्ग की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 15 से 16 वर्ष आयु वर्ग, 14 जुलाई को बालक वर्ग की तीरन्दाजी एवं बालक/बालिका वर्ग के लिए आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगों में अण्डर 20 तथा 15 जुलाई को बलाक वर्ग की फुटबाल में 15 से 16 वर्ष आयु वर्ग तथा बालिका वर्ग की हाकी प्रतियोगिता में 16 से 20 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाएं सक्षम स्तर से निर्गत आयु प्रमाण-पत्र के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकती है। उन्होंने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी मो.न. अथवा 9580242764 पर सम्पर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# त्रिलोदकी गंगा के किनारे मुख्यमंत्री करेंगे पौधरोपण



जिला संवाददाता

**सोहावल-अयोध्या।** आगामी 9 जुलाई को मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर प्रशासनिक अमले में तेजी आ गई है। शनिवार को कमिश्नर आईजी जिलाधिकारी एस एस पी के साथ दर्जन भर विभागों से जुड़े आला अधिकारी कर्मचारी गंगा के उद्गम स्थल पंडितपुर पहुंचे।

नव सृजित हुई इस गंगा के किनारे मुख्यमंत्री के हाथों पौधरोपण कार्यक्रम कराया जाना यहीं से जिले में वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत होगी। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री सभा को भी संबोधित करेंगे। इसके नजरिए से सभा स्थल हेलीपैड आदि का स्थान तय कर दिया गया और आला अधिकारियों ने संबंधित विभागों को समय से सारे कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। ऋषि रमणक मुनि की तपो

**● मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक अमले में आई तेजी**

स्थली मानी जाने वाली इस भूमि से लगी इस नव सृजित गंगा को पुनर्जीवित कर इसके महत्व को दुनिया के सामने लाने के लिए पिछले 2 साल से कवायद चलती रही है।

जिसे इस वर्ष अमली जामा पहनाया जा सका और शासन ने भी भारी भरकम धनराशि आवंटित की है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगभग ढाई सौ सफाई कर्मी और मजदूर बुलडोजर के साथ सभा स्थल पर लगे हुए हैं। इसकी निगरानी की जिम्मेदारी उप जिलाधिकारी सोहावल अभिषेक सिंह को सौंपी गई है। जिन्होंने पूछे जाने पर बताया कि मुख्यमंत्री कार्यक्रम की संभावित तिथि 9 जुलाई बताई गई है।

मिनट टू मिनट कार्यक्रम का आना अभी शेष है। सुरक्षा और शांति को देखते हुए सभी तरह के एहतियातन कदम उठाए जा रहे हैं।

शासन से मिले दिशा निर्देशों के क्रम में आयोजन के लिए सभी उपाय किए जा रहे हैं।

## शिक्षा की गुणवत्ता व अनुशासन से नहीं किया जायेगा समझौताः रोली सिंह

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने बीकापुर क्षेत्र के पं. जवाहर लाल इंटर कालेज, खजुराहट, प्राथमिक विद्यालय नुवावां बैदरा तथा शेरपुर पारा का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार पाण्डेय मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से वार्ता कर जानकारी ली। कक्षाओं में जाकर छात्रों के शैक्षिक स्तर को भी परखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों के परिसर में पौधरोपण किया। पं. जवाहर लाल इंटर कालेज खजुराहट का संचालन जिला पंचायत द्वारा किया जाता है। यहां निरीक्षण के उन्होंने छात्रों की उपस्थिति कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। निर्देशित किया कि पंजिका के अनुरूप छात्र विद्यालय में उपस्थित रहें। कम छात्र संख्या पर उन्होंने छात्र संख्या बढ़ाने जाने पर बल दिया। कक्षा छ से आठ तक कम छात्र संख्या होने के कारण एक ही सेक्शन चलाए जाने को कहा। गणित के अध्यापक न होने पर वैकल्पिक व्यवस्था करने का निर्देश दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक से फोन पर वार्ता कर गणित के अध्यापक की रेगुलर नियुक्ति के लिए कहा। लापरवाह शिक्षकों को अल्टीमेटम देते हुए एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। विद्यालय परिसर में पाकड़, पीपल, नीम, बरगद के ग्यारह पौधे रोपित किया। प्राथमिक विद्यालय नुवावां बैदरा तथा शेरपुर पारा में निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिड-डे-मील की गुणवत्ता परखी। बच्चों को दिए जा रहे भोजन के मेन्यू के बारे में पूछा। कक्षाओं में जाकर बच्चों से वार्ता की तथा उनके शैक्षिक स्तर को परखा। विद्यालयों में कई छात्र बिना यूनीफार्म के थे। उन्होंने अभिभावकों से सम्पर्क कर बच्चों को यूनीफार्म में ही विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करने को कहा। दोनों विद्यालय परिसर में पौधे रोपित किए। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा शिक्षा की गुणवत्ता और अनुशासन से समझौता नहीं किया जाएगा। बच्चों को बेहतर वातावरण मिले, यह हम सबकी जिम्मेदारी है। स्कूलों में पौधरोपण कर बच्चों में प्रकृति के प्रति लगाव भी विकसित करना आवश्यक है। शिक्षकों को चेतावनी दी गई है कि कार्य में लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं होगी। जपंअ प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, खण्ड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

## 22 लोगों ने रक्तदान कर महादानी बनने का किया गौरव हासिल



**बाराबंकी।** लायंस क्लब बाराबंकी पारिजात द्वारा जिला अस्पताल ब्लड बैंक मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे मुख्य अतिथि खाद्य एंव रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान से ही हम एक-दूसरे की मदद कर लोगो की जान बचा सकते है। रक्तदान करने से लोगो के शरीर मे एक नई ऊर्जा का संचार होता है। शिविर मे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक वी0पी सिंह की देख-रेख मे 22 लोगो रवि नाग, संजय अरोरा, अरुण जायसवाल, अरुण गुप्ता, हर्षित गुप्ता, चंद्रकांत मौर्य, निशा वर्मा, पूनम बाथम, देवेंद्र वर्मा, प्रखर शुक्ला, आतिफ किदवई, विशाल वर्मा, बृजेश वर्मा ने रक्तदान कर महादानी बनने का गौरव हासिल किया। इस अवसर पर क्लब डायरेक्टर विनोद कुमार गाबा, संदीप बाथम, धीरेंद्र वर्मा, श्याम मोहन वैश्य, हिमांशु वर्मा, राजू पटेल, अरुण कुमार अग्रवाल, अश्विनी कुमार गुप्ता, दीप कुमार जायसवाल, सरदार चरनजीत सिंह मौजूद रहे।

## ईपीएस 95 समिति प्रतिनिधि मण्डल ने कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया को सौंपा ज्ञापन



**बाराबंकी।** ई0पी0एस0 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति प्रतिनिधि मण्डल ने पेशन योजना को पुन बहाल किये जाने की मांग को लेकर काग्रेस सांसद तनुज पुनिया को 4 सूत्रीय ज्ञापन सौपा। जिस पर काग्रेस सांसद श्री पुनिया ने कहा कि मानसून सत्र में ही कर्मचारी पेंशन योजना की आवाज सदन में विधवत चर्चा कर पुरानी पेंशन योजना को पुनः बहाल करके उन हजारों लाखों कर्मचारियों का जो उनका संवैधानिक अधिकार है उसकी लड़ाई मैं जमी से सदन तक लड़ूंगा। ज्ञापन देने वालों में के0एस0 तिवारी, राजशेखर नागर, उमाकान्त विशेन, ए0पी0 सिंह, अशोक बाजपेयी, डी0डी0 यादव, राम दरश चैधरी, जे0पी0 खरे, सतीश अग्निहोत्री, नरेश राव, ओमकार मिश्रा मौजूद रहे।

## महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में प्रवर्तन दल ने किया बसों का पंजीयन



जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** स्कूली छात्रो को ढोने वाले अनफिट वाहनो के विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा 1 से 15 जुलाई

**● चेकिंग आपरेशन में 2 सीज, 12 स्कूली वाहन के अन्य अभियोगो में चालान**

तक चलाये जा रहे विशेष संघन चेकिंग अभियान के अन्तर्गत आज शनिवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला, यात्री/मालकर अधिकारी रविचन्द्र त्यागी की संयुक्त टीम ने पत्रावलियो की जांच करते हुये 2 वाहनो को सीज एंव 12 स्कूली वाहनो के अन्य अभियोगो मे चालान किये।

इसके उपरान्त एआरटीओ श्रीमती शुक्ला एंव यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने लखपेड़ाबाग स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कालेज मे पहुंच परिसर मे खड़े वाहनो का निरीक्षण करते हुये अग्निशमन उपकरण, स्पीड़ गवर्नर, फर्स्ट एंड बाक्स, आपातकालीन द्वार आदि मानको की जांच की।

# अगले माह तक तैयार हो जायेगा 110 बेड का ट्रामा सेंटर

**अयोध्या।** प्रदेश की योगी सरकार अयोध्या को न केवल आध्यात्मिक, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी सशक्त बनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। इस कड़ी में दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज

**● स्थानीय निवासियों व श्रद्धालु को मिलेंगी सभी सुविधाएं**
**● 33 करोड़ की लागत से बन रहा भवन, 80 फीसदी कार्य पूरा**



परिसर में 110 बेड के अत्याधुनिक ट्रामा सेंटर का निर्माण अंतिम चरण में है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को कार्यदायी संस्था 31 अगस्त तक हैंडओवर कर देगी। यह ट्रामा सेंटर 33 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तैयार किया जा रहा है और इसके संचालन के बाद अयोध्या के निवासियों और श्रद्धालुओं को एक ही छत के नीचे सभी आकस्मिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। योगी सरकार का यह प्रयास अयोध्या को आयुष्मान अयोध्या के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ट्रामा सेंटर का निर्माण राजकीय निर्माण निगम द्वारा किया जा रहा है, जिसमें अब तक 80 फीसदी से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। कार्यदायी संस्था ने 31 अगस्त तक भवन को पूर्ण कर प्रशासन को सौंपने का लक्ष्य रखा है। यह ट्रामा सेंटर तीन मंजिलों में बनाया जा रहा है, जिसमें 50 बेड का ट्रामा सेंटर और 60 बेड का इमरजेंसी मेडिसिन विभाग शामिल है। इस सुविधा के शुरू होने से गंभीर मरीजों को लखनऊ या अन्य बड़े शहरों में रेफर करने की आवश्यकता कम होगी। नए ट्रामा सेंटर में एक्स-रे, सीटी स्कैन, ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू, और अन्य आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी, जिससे मरीजों को त्वरित और प्रभावी उपचार मिल सकेगा। वर्तमान में मेडिकल कॉलेज के पुराने भवन में संचालित ट्रामा सेंटर में मरीजों को जांच के लिए अलग-अलग भवनों में जाना पड़ता है, जिससे समय और संसाधनों की बबार्दी होती है। नया सेंटर इस समस्या का समाधान करेगा।

योगी सरकार ने अयोध्या के साहबगंज में रामपथ पर 300 बेड के सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निर्माण के लिए 48 करोड़ रुपये की पहली किस्त भी जारी की है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या में स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए कई अन्य परियोजनाएं भी चल रही हैं। श्रीराम चिकित्सालय, जिला अस्पताल, और 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर इमरजेंसी सेवाएं पहले से उपलब्ध हैं। नए ट्रामा सेंटर के शुरू होने से अयोध्या में स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर और ऊंचा होगा। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा ने बताया कि यह ट्रामा सेंटर मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक है।

## कई मांगों को लेकर वकीलों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**बाराबंकी।** जिला बार एसोसिएशन के तत्वाधान में अधिवक्ताओ ने विभिन्न मांगो को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह को सौपा। ज्ञापन कहा गया है कि जनपद मे पड़ने वाले हाइवे टोल टैक्स पर अधिवक्ताओ को टोल टैक्स फ्री किये जाने, जनपद बाराबंकी को लखनऊ मण्डल मे सम्मिलित किये जाने, रूदौली तहसील को जनपद बाराबंकी मे शामिल किये जाने की पुरजोर मांग की। ज्ञापन देने वालो मे बार अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्र, महामंत्री रामराज यादव, उपाध्यक्ष प्रथम पवन कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष द्वितीय मनोज कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अनुराग शुक्ला, संयुक्त मंत्री प्रकाशन प्रभारी नवीन कुमार रस्तोगी, गौरव कुमार गुप्ता, हिमालय जायसवाल, मदनलाल यादव, सतीश पाण्डे, दारा सिंह, दिलीप मिश्रा, कुलदीप सैनी, देवेन्द्र यादव, अनूप कल्याणी, रमनलाल द्विवेदी, सी0बी सिंह आदि मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न



जिला संवाददाता

**बहराइच** । तहसील पयागपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, एसडीएम पयागपुर अश्वनी पाण्डेय, सीएमओ डॉ संजय कुमार, डीडीओ राजकपूर, पीडीडीआरडीए अरूण कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान अंश निर्धारण, पैमाईश, धारा 34, चकबन्दी, खतौनी इत्यादि मामलों की गहन समीक्षा करते हुए डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जितने प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है उसका मौके पर जाकर निस्तारण किया जाय तथा 75 प्रतिशत समस्याओं का निराकरण न कराने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। थाना विशेश्वरगंज के ग्राम झुरीकुंईयां लखनपुर के विनय शंकर पाण्डेय का बैंक से 1.70 लाख रुपए निकल जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने एलडीएम को इस प्रकरण की जांच कराये जाने के निर्देश दिये।

इसी प्रकार से सम्पूर्ण समाधान में आने वाले अन्य फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए डीएम द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को सचेत किया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में अनावश्यक हीला-हवाली को अत्यन्त गम्भीरता के साथ लिया जाएगा। डीएम ने निर्देश दिया कि न्यायालय द्वारा निर्णित प्रकरणो में समय से पैमाइश सुनिश्चित की जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि अतिक्रमण से मुक्त कराये गये मार्गों, सार्वजनिक स्थानों इत्यादि पर दोबारा कब्जे की शिकायत मिलने पर सम्बन्धित के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाय। डीएम ने कहा कि रास्ते के विवाद से सम्बन्धित मामलों का थाना दिवस के माध्यम से पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावी निस्तारण किया जाय।

इस अवसर पर डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बी.पी. सत्यार्थी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, तहसीलदार रविकान्त द्विवेदी व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 48 में 06, पयागपुर में 55 में 11, नानपारा में 43 में 07, महसी में 32 में 02, मिहींपुरवा में 12 में 02 तथा तहसील सदर में प्राप्त 19 प्रार्थना-पत्रों में से 03 का निस्तारण मौके पर किया गया।

## किसानों को मानक के अनुसार उर्वरक का वितरण सुनिश्चित करायें अधिकारीः डीएम

**बहराइच** । जनपद के कृषकों को निर्धारित दर पर उनके जोत बही के अनुसार संस्तुत मात्रा में गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों, थोक/फुटकर उर्वरक विक्रेताओं, बफर स्टाकिस्ट एवं समस्त उर्वरक आपूर्तिकर्ता कम्पनी (निजी एवं सहकारिता क्षेत्र) के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जिसमें समस्त उप जिलाधिकारियों द्वारा वर्चुअली प्रतिभाग किया गया। डीएम मोनिका रानी ने समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद मे क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान उर्वरक प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण के समय यह अवश्य देखा जाय कि फुटकर उर्वरक विक्रेता द्वारा जो भी उर्वरक कृषकों मे बिक्री की जा रही है उसका विवरण बिक्री रजिस्टर मे अंकित किया जा रहा है अथवा नहीं।

निरीक्षण के समय विक्रेता के बिक्री रजिस्टर का अवलोकन करें कि यदि कोई कृषक द्वारा 05 बोरी उर्वरक या उससे अधिक बोरी क्रय किया गया हो तो रैण्डम जांच कर यह पुष्टि कर ली जाय कि कृषक द्वारा बिक्री रजिस्टर के अनुसार उर्वरक क्रय किया गया है अथवा नहीं। साथ ही साथ नेपाल सीमा पर एसएसबी का सहयोग प्राप्त कर सघन निगरानी की जाय ताकि उर्वरकों की तस्करी, कालाबाजारी व जमाखोरी पर अंकुश लगाया जा सके। उर्वरकों की उपलब्धता के सम्बन्ध में जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि सहकारिता विभाग मे यूरिया 1203.71 मै.टन व डीएपी 226.05 मै.टन तथा निजी क्षेत्र मे यूरिया-20140.00 मै.टन व डीएपी 1626.71 मै.टन जनपद के उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर उपलब्ध है। डीएम मोनिका रानी द्वारा सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता बहराइच को निर्देशित किया गया कि क्षेत्रीय भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें कि जनपद की साधन सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा मे उर्वरक उपलब्ध रहे यदि किसी समिति पर उर्वरक उपलब्ध नहीं हो तो उन समितियों पर उर्वरक की आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें ताकि जनपद के कृषकों को ससमय उर्वरक प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि अपने स्तर से जनपद की समस्त समितियों के सचिव को निर्देशित करें कि दिवस निर्धारण रोस्टर के अनुसार समिति पर सचिव का नाम, मोबाइल नम्बर व समिति खुलने का दिवस व समय स्पष्ट अक्षरों मे अंकित करें ताकि कृषकों को उर्वरक क्रय करने मे कोई परेशानी न हो। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी, वरिष्ठ प्राविधक सहायक ग्रुप-ए(कृषि) ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, क्षेत्र प्रबन्धक इफको सर्वजीत वर्मा, क्षेत्र प्रबन्धक पीसीएफ कमलेश कुमार व अन्य अधिकारी, जनपद के उर्वरक आपूर्तिकर्ता कम्पनियों के प्रतिनिधि व थोक/फुटकर उर्वरक मौजूद रहे।

## 11 संदिग्ध ठिकानो पर दबिश, बरामद की 35 लीटर कच्ची शराब



**बाराबंकी।** कच्ची शराब की तस्करी व सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने वालो के खिलाफ जनपद के आबकारी विभाग ने युद्ध स्तर पर अभियान छेड़ा है। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के नेतृत्व मे आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट लक्ष्मीचन्द्र पाल एंव आबकारी निरीक्षक हैदरगढ़ की टीम ने थाना असन्द्रा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दुनौली, अकबरपुर, पजावां समेत कुल 11 संदिग्ध ठिकानो मे दबिश दी। दबिश के दौरान 35 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया गया। मौके पर 2 अभियुक्तो के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। मौके पर 200 किलो तैयार लहन को नष्ट किया गया। इसके साथ ही टीम द्वारा क्षेत्रान्तर्गत पडने वाली देशी-विदेशी, बीयर दुकानो को निरीक्षण किया गया। दबिश देने वाली टीम में आबकारी हेड़ दीवान दीप नारायण, सिपाही विशाल सिंह, दीपक मिश्रा, महिला सिपाही माधुरी तिवारी मौजूद रहे।

## जनपद की समस्त तहसीलों में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस



जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** फारियादियो को समस्याओ का प्राथमिकता के साथ निस्तारण कराये जाने को लेकर जनपद की समस्त तहसीलो मे सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे सभी तहसीलों में विभिन्न

**● 81 शिकायतों का हुआ मौके पर निस्तारण**

संदर्भो से संबंधित कुल 648 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

मौके पर 81 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। तो वही तहसील रामसनेहीघाट मे जिलाधिकारी शाशंक त्रिपाठी की अध्यक्षता मे सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने अधिकारी को शिकायत कताओं से सहजता से बात करने और स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण व ससमय समस्याओं का निस्तारण किये जाने को लेकर निर्देशित किया। तहसील रामसनेहीघाट में जिलाधिकारी के समक्ष कुल 256 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। जिसमें से 32 प्रकरणों का तत्काल निस्तारण कराया गया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी एंव पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने तहसील परिसर में कचनार व महोगनी का पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस मौके पर एसडीएम रामसनेहीघाट अनुराग सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित जनपद के समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

# नायब तहसीलदार कोर्ट से गायब पत्रावली एक साल बाद भी नहीं मिली

**सोहावल-अयोध्या।** तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे एडीएम एफ आर के सामने लगभग दस वर्ष से न्याय के लिए चक्कर काटने और एक ही मामले में दोहरा मापदंड अपनाने के साथ नायब तहसीलदार की कोर्ट से जमीन से संबंधित वाद की फाइल गायब होने का मामला सामने आया। सोहावल तहसील क्षेत्र के पलिया गोवा निवासी राजेश कुमार का आरोप है कि नायब तहसीलदार के कोर्ट में जमीन विवाद बनाम रघुबीर के साथ चल रहा था। विगत एक वर्ष से पत्रावली संख्या 202204230/634

**● तहसील समाधान दिवस पर आई शिकायत पर तहसील प्रशासन का दोहरा माप दंड बना चर्चा का विषय**



न मिलने से दफ्तरी बाबुओं के चक्कर काट रहा हूं। लेकिन निस्तारण नहीं हो पाने की स्थिति में पुनः फाइल बनवाकर वाद दाखिल करने की ताकीद दी जा रही है। मुस्तफाबाद के मजरे सहजौरा निवासी हरिश्चन्द्र मौर्या का रास्ते का लगभग दस वर्ष से चल रहे विवाद का निपटारा नहीं हो सका। तहसील प्रशासन द्वारा कार्यवाही में दोहरा माप दंड अपनाने का मामला सामने आया। शिकायतकर्ता मो0 इरफान पुत्र मो0 रजा का आरोप है कि उक्त भूमि पर अतिक्रमण कर मकान बना लिया। गरीब लोहार दलित तबके के लोगों पर हल्का लेखपाल की रिपोर्ट के आधार पर धारा 67 में मुकदमा दर्ज मसौधा ब्लाक के दौलतपुर में गाटा संख्या 829 तालाब की लगभग पांच बीघा जमीन पर अतिक्रमण पर कर लिया गया। वही दो बड़े रसूकदार के अतिक्रमण पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी। तीसरा मामला पोरा दतौली निवासी जगदेव प्रसाद पुत्र भगवती का रहा। पीड़ित के अनुसार शासन द्वारा शौचालय के लिए अनुदान चार साल पूर्व मिला। अपनी पुश्तैनी जमीन पर शौचालय का निर्माण शुरू करते ही विपक्षी ने विरोध शुरू कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि हल्का लेखपाल की पुपुश्तैनी जमीन होने के बावजूद विपक्षी के भाई के कारण दबाव में उक्त शौचालय का निर्माण नहीं होने दिया जा रहा है।

## करंट से वृद्धा की मौत

**गोसाईंगंज-अयोध्या।** गोसाईंगंज कोतवाली इलाके के वीरशाहपुर मजरे मेदापुर गांव में रात्रि में बाग में आम बीनने गयी बृद्ध महिला की करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी। गांव निवासी बृद्ध महिला चंद्रावती पत्नी शिवशंकर शुक्रवार की रात्रि में बाग में आम बीनने गयी थीं। बाग में विद्युत तार टूट कर गिरा हुआ था। बृद्ध महिला उसकी चपेट में आ गयी और उसकी मौत हो गयी। बृद्ध महिला जब घर वापस नही लौटी तो परिजन उसकी खोज में निकले, सुबह उसका शव बाग में मिला और इसकी जानकारी पुलिस को दी गयी। एसआई अमितकुमार के मुताबिक शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** शनिवार को नगर पंचायत कुमारगंज के शिवनाथपुर वार्ड में स्थित श्री राम मेमोरियल मेडिकल सेंटर में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्वर्गीय करमैता देवी की पुण्यतिथि पर आयोजित किया गया। निशुल्क चिकित्सा शिविर में मरीजों की वीपी, शुगर, थायराइड व अन्य बीमारियों की निशुल्क जाँच भी की गई। अस्पताल के प्रबंधक डॉ राम मूर्ति ने बताया कि निशुल्क चिकित्सा शिविर में डॉ कुलदीप यादव व डॉ संदीप कुमार यादव द्वारा शिविर में आए मरीजों की जॉच कर उन्हें निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की। इस मौके पर अस्पताल के प्रबंधक द्वारा गरीब, असहाय लोगों को अंग वस्त्र भी वितरित किया गया। डॉ राम मूर्ति ने बताया कि निःशुल्क चिकित्सा शिविर में लगभग 150 मरीजों की निःशुल्क जॉच कर उन्हें निःशुल्क दवाएं दी गई। इस मौके पर पूर्व प्रधान राम उजियार पांडेय, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य संजय तिवारी, बैजनाथ यादव, तेजबली पांडे, महिपाल सिंह, राम लखन अग्रहरि, दिनेश यादव, संतराम विश्वकर्मा सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व संभ्रांत लोग मौजूद रहे। शिविर के आयोजन का उद्देश्य क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना और स्वर्गीय करमैता देवी की स्मृति को सम्मान देना था।

संक्षेप

## सड़क दुर्घटना में दो की दर्दनाक मौत

**जगदीशपुर, अमेठी।** तेज रफ्तार आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो लोगो को टककर मार दिया जिससे दोनो की ही मौके पर ही मौत हो गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अयोध्या रायबरेली रोड पर स्थित मंगौली गाँव के निकट घटना उस वक्त घटी जब साहिल उम्र लगभग 20 वर्ष व फैजान उम्र लगभग 15 वर्ष गांव मंगरौरा थाना कमरौली निवासीगण दोनो बाइक द्वारा किसी कार्यवश अयोध्या की ओर जा रहे थे अचानक तेज रफ्तार आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक क्षतिगर्स्त होकर दोनों युवक लहूलुहान होकर मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के पश्चात शवो का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर वाहन की तलाश जारी है।

## सामान लेने के बाद भी पैसे न भेजने की शिकायत

**लालगंज, रायबरेली।** सामान लेने के बाद आनलाईन पैसे न भेजने की षिकायत कोतवाली पुलिस से की गई है। क्षेत्र के सुआखेड़ मजरे युसुफपुर गांव निवासी जयप्रकाष पुत्र राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि उसकी जनता बाजार में दुकान है। जहां पर गौरा रूपई गांव का रहने वाला एक युवक उसकी दुकान में आया और 15 हजार रुपए वायरिंग का सामान लेकर आनलाईन पैसे भेजने की बात कही। लेकिन उसके खाते में पैसे नही पहुचे तो उसने अपने पैसे मांगे। जयप्रकाष का आरोप है कि अब पैसे मांगने पर आरोपी उसके साथ अभद्रता व मारपीट पर उतारू है। उसने पुलिस से पैसा दिलाये जाने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बच्चों के लिए मां का दूध सर्वोत्तम आहार

**अमेठी ।** शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण सुबह 10 बजकर 25मिनट पर किया ।निरीक्षण के दौरान स्टाफ नर्स सौम्य द्विवेदी और राजेश सिंह फार्मासिस्ट अनुपस्थित मिले बाकी सभी स्टाफ उपस्थित रहा वार्ड का निरीक्षण करने पर एक नवजात शिषु को उसकी दादी गाय का दूध कटोरी चम्मच से पिला रही थी मना किया बच्चे का वजन रिकॉर्ड में 2525 था मगर मैंने अपने सामने वज न कराया



तो बच्चा 2370 का मिला कम वजन के बच्चे को ठइरव में रखना था का "ल्लॅ१४ड्ढ्रॅ३ैश्ल्ृ१ॅशी देना था सब बताया और भविष्य में माँ का ही दूध पिलाने के निर्देश दिया । मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने यह भी बताया कि बच्चों को मां का दूध पिलाना चाहिए जो सर्वोत्तम आहार है । उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों को बार-बार हिदायत दी जाती है कि अपनी ड्यूटी में लापरवाही ना बढ़ाते समय से आए और समय से जाएं लेकिन फिर भी अनुपस्थित पाए जाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ।

# अदिति सिंह ने सघन जनसंपर्क कर जनता से किया सीधा संवाद



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने सदर विधानसभा क्षेत्र के भदोखर, पूरे पासिन, एक्सना, खानपुर, कोरचंदामऊ, और भखरवारा गांवों में सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, अपेक्षाओं, और विकास से जुड़ी आवश्यकताओं को समझा। अदिति सिंह ने ग्रामीणों के साथ खुलकर बातचीत की और क्षेत्र में चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित मुद्दों को उठाया, जिन्हें विधायक ने गंभीरता से सुना और त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। अदिति सिंह ने कहा, जनता का विश्वास और समर्थन हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यह जनसंपर्क अभियान न केवल लोगों की समस्याओं को समझने का अवसर देता है, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक ठोस रणनीति तैयार करने में भी मदद करता है। यह अभियान रायबरेली सदर विस क्षेत्र में विकास को गति देने व जनता से मजबूत रिश्ता कायम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय लोगों ने विधायक के इस प्रयास की सराहना की और क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जताई।

**विधायक अदिति सिंह ने गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में टेका मत्था :** सदर विधायक अदिति सिंह ने गुरुनानक नगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में नगर अध्यक्ष पश्चिमी नवजीत सिंह सलूजा के नेतृत्व में मत्था टेका। उन्होंने समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरमंदर सिंह, महामंत्री बलबीर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरभेज सिंह, कोषाध्यक्ष गुरमीत सिंह से भेंट की। विधायक ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उनके कार्यकाल की सफलता की कामना की।

## बैसड़ा गांव को किया जायेगा हाईटेक रूप में विकसित

**अमेठी।** विकासखंड भेटुआ के बैसड़ा गांव को हाईटेक गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। गांव में ग्रामीणों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर, कृषि हेतु पट्टा, शुद्ध पेयजल, अमृत सरोवर, सोलर लाइट, इंटरलॉकिंग आदि योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा बैसड़ा गांव में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, जिसको लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा आज बैसड़ा गांव का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि विगत दिनों हुए अग्निकांड में इस गांव के 16 घर क्षतिग्रस्त हो गए थे जिसमें पीड़ित परिवारों को शासन द्वारा दैवीय आपदा के तहत रुपए 4 हजार की सहायता राशि उपलब्ध करा दी गई है जिससे यह 16 लोग मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हो गए जिसमें इनको मुख्यमंत्री आवास योजना की प्रथम किस्त दी जा चुकी है आवास के साथ ही इन लोगों को शौचालय की भी सुविधा दी जाएगी। साथ ही इन लोगों को सोलर रूफटॉप, कैटल शेड, बायोगैस प्लांट की भी सुविधा दी जाएगी साथ ही इस गांव को पुनर्वासित किया जाएगा जिसमें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से इस गांव में नए सिरे से कॉलोनी विकसित की जाएगी साथ ही उन्होंने बताया कि भूमिहीन परिवारों को कृषि आवंटन योजना के तहत कृषि पट्टा भी दिया जा रहा है विधायक निधि योजना से यहां पर सोलर लाइट लगवाई जाएंगी, जल जीवन मिशन के तहत पाइप पेयजल परियोजना से हर घर नल की सुविधा उपलब्ध कराते हुए शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जा रहा है तथा जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क को भी पुनः मरम्मत कराया जाएगा, इसके साथ ही जल भराव की समस्या को देखते हुए क्षेत्र पंचायत योजना से तालाब को खुदवा कर अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया जाएगा, ओपन जिम, सार्वजनिक शौचालय का भी निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही शासन द्वारा संचालित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्राम वासियों को देकर उनका जीवन बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यह गांव पूरी तरह से जीरो कार्बन उत्सर्जन वाला गांव बनेगा। डीएम ने कहा कि अभी तक इस प्रकार की सुनियोजित कॉलोनी कहीं और विकसित नहीं की गई है अमेठी के बैसड़ा गांव को शासन की सभी योजनाओं से अच्छादित करते हुए सुनियोजित तरीके से विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश



**अमेठी।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील अमेठी में कुल 40 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 05 का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील गौरीगंज में 60 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 05 का निस्तारण किया गया, तहसील तिलोई में 27 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया, तथा तहसील मुसाफिरखाना में 24 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सावन मेले व बाढ़ की तैयारियों का जायजा लेने गेंगासो पहुंचीं डीएम व एसपी

**रायबरेली।** गंगा के लगातार बढ़ रहे जलस्तर व उससे निपटने के साथ सावन मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिये जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डा. यषवीर सिंह ने गेंगासो गंगा तट का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां फैली गंदगी को देखकर उन्होंने मातहतों को कड़ी फटकर लगाई। पत्रकारों से संवाद करते हुए उन्होंने बताया कि लगातार बढ़ रहे जलस्तर पर नजर रखी जा रही है। घाटों पर बैरीकेटिंग लगाकर लोगों को जागरूक करने के निर्देष दिये जा रहे हैं। श्रीमती माथुर ने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिये सभी प्रकार की आवष्यक इंतजाम कर लिये गये है। एसपी ने बताया कि सावन माह में षिवालयों में भक्तों की भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के लिये खास रणनीति बनाई जा रही है। घाट से लेकर मंदिर व रास्तों में पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। इस मौके पर तहसील प्रषासन के साथ जिले के आला अधिकारी मौजूद रहे।

## एडीएम (प्रशासन) व एएसपी ने कावड़ यात्रा को लेकर घाटों का किया निरीक्षण

**रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ व अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने सावन मास व कावड़ यात्रा के दृष्टिगत डलमऊ व गोकना घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये पुलिस बल की तैनाती और घाटों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये, घाटों और आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई का विशेष प्रबंध किया जायें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी डलमऊ अहमद फरीद खान, उपजिलाधिकारी ऊंचाहार राजेश श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुण कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## हुसैन के छः माह के बच्चे हजरत अली असगर का निकाला गया झूला



**सुलतानपुर।** अमहट में आठ मोहर्रम को हुसैनिया बख्शी खान में रात एक मजलिस हुई, जिसको मौलाना शमशाद हुसैन ने पढ़ा। इसके बाद आठवीं का जुलूस अंजुमन जीनतुल अजा कदीम की तरफ से हुसैनिया बख्शी खान से उठा कर जामा मस्जिद अमहट पर समाप्त हुआ। नौ मोहर्रम की सुबह हुसैनिया नौ तामीर अमहट की मजलिस मौलाना सिब्तैन अब्बास रिजवी कुम ईरान ने पढ़ी। उन्होंने पढ़ा कि करबला का सबसे नन्हा शहीद हुसैन का छःमाह का बच्चा अली असगर था जो तीन दिन का भूखा प्यासा था। यह बच्चा इतना प्यासा था कि जिस तरीके से मछली को पानी से निकाल दिया। जाय तो मुँह खोलती और बन्द करती है वही हालत उस बच्चे का था। हुसैन उस बच्चे को लेकर मैदान में आये यजीदी फौज की तरफ बच्चे को करके हुसैन ने कहा अगर तुम्हारी नजर में मैं खतावार हूँ तो इस बच्चे ने कोई खता नही किया है इसे थोड़ा पानी पिला दो लेकिन किसी ने पानी न दिया एक जालिम जिसका नाम हुरमुला था। उसने बच्चे के गले पर तीन फाल का तीर मार कर शहीद कर दिया हुसैन ने बच्चे का खून चुल्लू में लिया और चेहरे पर मल लिया इसके बाद बेटे के लाश को खैमे में ले आये खैमे में कोहराम मच गया उसी याद में आज के दिन झूला निकाला जाता है।

# जेडीयू ने आयोजित की मासिक बैठक, की चर्चा



**सुलतानपुर।** जनता दल यूनाइटेड की मासिक बैठक पयागीपुर स्थित पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डा. सन्तोष पाठक ने किया। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष कल्पनाथ वर्मा ने कहा कि पंचायत चुनाव के लिए आप लोग लग जाइए, जिस किसी को चुनाव लड़ना या लड़वाना है वो अभी से तैयारी शुरू कर दें, पार्टी का शीर्ष नेतृत्व आपकी मदद करेगा। प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश उपाध्याय ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के विचारों व नीतियों से लोगों को अवगत कराया। बुन्देलखण्ड प्रभारी योगेश सोनी ने भी पदाधिकारियों को पार्टी को विस्तृत करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में जिलाध्यक्ष ने दर्जनों लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई और पार्टी व्यापकता पर चर्चा की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, पूनम अग्रहरि, तबस्सुम बानो जिला सचिव आरबी शर्मा, विवेक यादव, किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जय प्रकाश पाण्डेय, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डा. राजेश गौतम, जिला प्रवक्ता सिराज अहमद, कुड़वार ब्लाक प्रभारी धीरज सिंह, महिला जिलाध्यक्ष ममता शर्मा, उपाध्यक्ष अमरेश यादव, सचिव बीना श्रीवास्तव व आसिया बानो, जगराम यादव, राजेश मिश्रा समेत आदि मौजूद हरे। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष एडी सिंह ने किया।

## मकान पर जबरन कब्जा किये जाने की शिकायत

**रायबरेली।** फर्जी दस्तावेजों के सहारे बिजली कनेक्सन लेने के साथ मकान पर जबरन कब्जा किये जाने की शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मदुरी गांव निवासी शिवषंकर यादव पुत्र अयोध्या प्रसाद ने पुलिस को दिये गये षिकायती पत्र में बताया कि उसका लालगंज कस्बे के साकेत नगर में एक मकान है। जिसे उसने एक विधवा महिला को किराये पर रहने के लिये दिया था। महिला ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे बिजली का कनेक्सन अपने नाम करा लिया। जिसके बाद से वह अपने ही मकान में नहीं घुस पा रहा है। षिवषंकर का आरोप है कि जब वह अपने मकान में जाने की कोशिश करता है तो महिला अभद्रता करने लगती है।

# तहसील दिवस में देर से आना और जल्दी जाना बन गयी है अधिकारियों की आदत



**लालगंज, रायबरेली।** भले ही योगी सरकार ने तहसील और थानों में संपूर्ण समाधान दिवस के आयोजन और उसमें जनता की समस्याओं के निस्तारण का आदेश दे रखा हो लेकिन जिले के आला अधिकारी भी योगी सरकार के आदेश पर खरे नहीं उतर रहे हैं। तभी तो लालगंज में संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी मात्र 2 घंटे ही रहे। डीएम और एसपी शनिवार को समाधान दिवस में करीब 11बजे आए और एक बजे चले गये। हालांकि 1 बजे के बाद जिले के आला अधिकारियों ने गेंगासो पहुंच कर गंगा घाट का भी निरीक्षण किया और कावड़ यात्रा व सावन माह को लेकर घाट दुरुस्त कराने सहित सतर्क रहने का निर्देश दिया। डीएम व सपा ने बाल्हेश्वर मंदिर का भी निरीक्षण किया और प्रभारी निरीक्षक पी के सिंह को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देशदिए।

तहसील के अधिकारियों ने 85 शिकायतों में से 9के निस्तारण का दावा किया है। संपूर्ण समाधान दिवस में व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, अप्पू शर्मा ,शिवम गुप्ता ,अनिल सिंह के नेतृत्व में महारानीगंज में व्यापारी की हुई हत्या के मामले के खुलासे के लिए मृतक की दोनों पुत्रिया रागिनी और अदिति भी तहसील दिवस पहुंची और एसपी से मिलकर हत्यारों को पकड़ने की मांग की। पुलिस अधीक्षक में सोमवार को रायबरेली कप्तान ऑफिस बुलाया है। ग्राम प्रधान पलिया बिरसिंहपुर दीपक कुमार ने गांव के ही दो लोगों के खिलाफ सार्वजनिक रास्ते के निर्माण में अवरोध पैदा किए जाने की शिकायत की जिस पर डीएमी ने पुलिस को संज्ञान लेने का निर्देश दिया। बसावनखेड़ा के हरिमोहन पुत्र नाथू ने बिजली विभाग के खिलाफ शिकायत करते हुए कहा कि उसके खेत में नीचे तक बिजली के नंगे तार लटके हुए हैं जिसके चलते वह खेती नहीं कर पा रहा है। डीएम ने एसडीओ को बुलाकर तुरंत बिजली के तार ठीक कराने का निर्देश दिया। भाजपा के शक्ति केंद्र प्रमुख श्याम प्रसाद दीक्षित ने डीएम से शिकायत करते हुए कहा कि तहसील प्रशासन उनकी जमीन की नाप जोख नहीं कर रहा है। विपक्षी के कहने पर उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कर दिया गया है।

खजूर गांव के पवन कुमार सिंह ने गांव के ही विशाल पुत्र अब्दुल कयूम के खिलाफ उसकी भूमिधरी में अवैध खनन किए जाने की शिकायत की है। पूरे बेचू कुम्हरौड़ा निवासी विजय प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए कहा कि उनके गांव के तालाब की डेढ़ बीघे भूमि पर लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है जिसको हटाया जाना जनहित में है। सूदन खेड़ा लालगंज के पवन कुमार ने जिलाधिकारी से गुहार लगाते हुए कहा कि उनके मोहल्ले में 8 -10 परिवार बिजली की समस्या से पीड़ित है। बिना खंबे के पास बल्ली के सहारे कनेक्शन दिए गए हैं जिसके कारण आए दिन समस्या बनी रहती है। बिजली के खंभे लगाए जाने की मांग की गई है। जिलाधिकारी ने अन्य प्राप्त शिकायतों को एक सप्ताह के अंदर निस्तारण का आदेश संबंधित अधिकारियों को दिया है। जिलाधिकारी के साथ-साथ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित शिकायतों को सुना और लोगों को निस्तारण का भरोसा दिलाया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह, नायब तहसीलदार शंभू शरण पांडे, शिवम राठौड़, चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अमल पटेल,प्रभारी निरीक्षक लालगंज प्रमोद कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक गुरबक्सगंज संजय कुमार सिंह,खीरो संतोष कुमारसिंह, लेखपाल प्रियम पांडे मनमोहन पांडे ,उमाकांत तिवारी सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सदर तहसील में कुल 90 मामले आए जिनमें से 11 का तत्काल निस्तारण करा दिया गया। महराजगंज तहसील में 36 मामले आए छः का मौके पर निस्तारण हुआ। ऊंचाहार तहसील में 36 मामलों में तीन का तत्काल निस्तारण किया गया।

## हमारा देश सभी धर्मों का समान आदर करता है : तारकेश्वर सिंह



**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में असेम्बली के दौरान स्टूडेंट्स को मोहर्रम के उपलक्ष्य में जानकारी से अवगत कराया गया। इस सम्बन्ध में स्कूल की छात्रा अलीशा ने सहपाठियों को बताया कि मुहर्रम इस्लामी कैलेण्डर का पहला महीना है, जिसे शोक और गम के रूप में मनाया जाता है। यह महीना इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मनाया जाता है, जो कर्बला की लड़ाई में शहीद हुए थे। मोहर्रम का दसवां दिन जिसे आशूरा कहा जाता है, इमाम हुसैन की शहादत का दिन है। मोहर्रम के ही विषय में स्कूल के टीचर उमैर अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि शिया समुदाय मुहर्रम को एक महत्वपूर्ण धार्मिक अवसर के रूप में मनाता है, और इस दौरान मजलिस, जुलूस और ताजियादारी की जाती है। ताजिया इमाम हुसैन के मकबरे का प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व है, जिसे जुलूस में ले जाया जाता है और फिर दफनाया जाता है। इस प्रकार मुहर्रम एक महत्वपूर्ण इस्लामी महीना है, जो हमें सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश सभी धर्मों का समान आदर करता है। मुहर्रम इस्लामिक धर्म का पवित्र महीना है, जो हमें सच्चाई, त्याग, न्याय और बलिदान की शिक्षा देता है। हमें हमेशा अन्याय और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए, चाहे परिणाम कुछ भी हो। यह त्योहार हमें भाईचारे और एकता का संदेश देता है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कटका क्लब ने गुलाब के फूल से दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** कटका क्लब सामाजिक संस्था ने यातायात को चुस्त दुरुस्त बनाने के लिए शनिवार अयोध्या प्रयागराज मार्ग पर द्वारिकागंज चौकी के निकट आने जाने वाले हेलमेट पहने बाइक सवार लोगों को गुलाब का फूल देकर स्वागत किया। और लोगों से हेलमेट लगाने की अपील की। वहीं बिना हेलमेट गाड़ी चालकों से द्वारिकागंज चौकी इंचार्ज द्रिवेश त्रिवेदी ने हेलमेट लगाने की अपील करते हुए यातायात नियमों को बताया ,इस दौरान संस्था ने नियमों का पालन करने वाले सैकड़ों लोगों लोगो को गुलाब का फूल भेंट किया। लोगों से नियमित हेलमेट, सीट बेल्ट एवं यातायात से संबंधित नियमों का पालन करने की अपील संस्था ने की। चौकी इंचार्ज द्रिवेश त्रिवेदी ने लोगो से वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की अपील की, बताया कि उल्लंघन करने पर चालान के साथ-साथ ड्राइविंग लाइसेंस भी तीन माह के लिए निलंबित किया जा सकता है। चौकी इंचार्ज ने आम जनमानस से जुड़े इस अभियान से लोगों को जागरूक करने के लिए संस्था की सराहना करते हुए सहयोग की बात कही। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्र, साहित्यकार सर्वेश कांत वर्मा, शिवांगी पांडे, तुषार वर्मा, राजेश पांडेय, वृजेन्द्र मिश्र, प्रज्वल मिश्र, अंकित मौर्य, उप निरीक्षक एनामुल हक, हेड कांस्टेबल अयूब खान, पप्पू कुमार, सिपाही ओम प्रकाश सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

● राहगीरों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

# 6 माह से इंसाफ के लिए भटक रही पीड़िता की डीएम से गुहार

**अमेठी।** डीएम संजय चौहान अपनी तेज तर्रार कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं आज वह अमेठी तहसील में समाधान दिवस में जनसुनवाई के लिए पहुंचे थे तभी एक पीड़ित वृद्धा उनके पास पहुंची और उसने अपना दर्द बताया डीएम ने तत्काल जांच और कार्यवाही का आदेश किया। पीड़ित महिला की कहानी बहुत दर्द भरी है महिला रो-रोकर अपनी बातों को बयां कर रही है बताया जाता है कि महिला बहुत ही गरीब है पीड़िता कमला देवी ने डीएम को लिखे शिकायत पत्र में कहा है वह अत्यंत गरीब, असहाय ,निर्बल विधवा है उसके एकमात्र पुत्र जंग जीत जो मानसिक रूप से काफी समय से बीमार चल रहा है वह मुराई का पूर्व जंगल रामनगर की रहने वाली है कमला देवी ने बताया उनके बेटे का इलाज काफी समय से तमाम अस्पतालों में चलता आ रहा है। कमला देवी ने डीएम को बताया कि उनके मानसिक रूप से बीमार बेटे से 16 नवंबर 2024 को श्याम रती पत्नी राकेश कुमार पासी निवासी जंगल रामनगर निकट देवी पाटन मंदिर गलत तरीके से भ्रमित करके बेईमानी से मेरे पुत्र जंग जीत को प्रालोभन देकर उसकी बेस कीमती जमीन नंबर 3432 / 0. 3650 हेक्टेयर में से 0. 0250 हेक्टेयर अपने पक्ष में विक्रय निष्पादित कर



लिया कहीं किसी से इस संबंध में पर चर्चा करने पर जान से मार डालने की धमकी दिया जिससे प्रार्थनी का पुत्र काफी विक्रांत व मानसिक रूप से बीमार चल रहा है इस गंभीर फर्जी कृत के अनुक्रम में श्याम रती पत्नी राकेश कुमार पासी ने खड्यंत्र पूर्वक उक्त फर्जी क्रय कि जमीन में से 18 नवंबर 2024 को कंचन पुत्री मोतीलाल पत्नी चंद्रशेखर निवासिनी ग्राम कडेर गांव परगना व तहसील अमेठी जनपद अमेठी के पक्ष में 0. 0125 हेक्टेयर निष्पादित कर दिया ।

विदित है कि कंचन पत्नी चंद्रशेखर अस्थाई रूप से ग्राम मुराई का पुरवा मजरे जंगल रामनगर थाना अमेठी में रहती हैं कमला देवी ने आरोप लगाया कि प्रॉपर्टी डीलर इस संपूर्ण फर्जी जालसाजी घटना में संलिप्त हैं इस जालसाजी विक्रय विलेख की समुचित जांच विवेचना कराने पर इस प्रकरण में संलिप्त अपराधी वआपराधिक भूमाफियाओं की धोखाधड़ी जालसाजी गतिविधियों का पदार्फाश हो जाएगा। मीडिया से बात करते हुए पीड़िता ने अपने बयान में भाजपा नेता महेश सोनी का भी जिग्र किया और कहा कि उनके द्वारा षड्यंत्र के तहत जमीन खरीदी गई और जबरन उसपर कब्जा किया गया पीड़िता ने कहा कि उसने डायल 112 पर काल कर पुलिस की मदद मांगी पुलिस के लोग आये आरोपी को थाने लेकर गये पर निर्माण कार्य नहीं रोकवाया और जबरन कब्जा कर लिया गया। पीड़िता कई महीने से न्याय के लिए चक्कर काट रही है और अब वह 6 महीने बाद जिले की न्याय की अंतिम कुर्सी तक पहुंच गई है देखना यह है कि पीड़िता को जिले की सबसे बड़ी इंसाफ की कुर्सी से न्याय मिलेगा या यहां भी सियासी चक्र में पत्रावली पर औपचारिकता पूरी कर समाधान की रिपोर्ट लगा दी जाएगी जो अमेठी तहसील में होता चला आ रहा है आम चर्चा पर ध्यान दिया जाए तो लोग कहते हैं अगर इस मामले की गंभीरता से जांच हुई तो जालसाजी और षड्यंत्रो के तहत जमीन खरीदने व बेचने के बड़े मामलो का पदार्फाश हो सकता है।

# मोहर्रम के जुलूस में आपत्तिजनक नारे को लेकर बवाल

**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे अंडी मजरे कुढ़ा में मुहर्रम के जुलूस में शुक्रवार की शाम नारेबाजी को लेकर बवाल हो गया। जिसमें समुदाय विशेष के करीब डेढ़ सौ लोगों ने भानु प्रताप तिवारी के घर व ईंट भट्ठे पर हमला बोल कर गाली गलौज की और तोड़ फोड़ की। घर के लोगों ने भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई। हमलावरों की गिरफ्त में आए विजय शुक्ल को हलकी चोट भी आई है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। भानु प्रताप तिवारी ने थाने में तहरीर दी । शुक्रवार को शाम लगभग सात बजे पड़ोस के गांव पूरे फाजिल थाना गौरीगंज जिला अमेठी के लोग मुहर्रम का जुलूस घर के सामने से निकल रहा था। जुलूस में लोग नारेबाजी कर रहे थे और जुलूस रोककर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर बहसबाजी होने लगा। कुछ देर बाद फूलबाबू, साजिद अली, सोनू, , अमरोज, सोनू सहित 150 लोग लाठी, डंडा, , बल्लम फरसा लेकर घर व ईंट भट्ठे पर हमला कर दिया। जिससे विजय शुक्ला के चोटे आई। बाइक, ट्रैक्टर व आटो में तोड़ फोड किया । बवाल की सूचना पर थाना प्रभारी कमलेश कुमार राजभर, उपजिलाधिकारी चंद्र प्रकाश, सीओ सलोन यादवेंद्र बहादुर और सीओ गौरीगंज पुलिस फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और स्थिति पर काबू किया। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस और बटलियन पीएसी तैनात कर दिया। शनिवार को दोपहर उपजिलाधिकारी सलोन व सीओ सलोन गांव पहुंचे और मौके का मुआयना किया। प्राथमिक विद्यालय तारापुर में बैठक कर ग्राम प्रधान मोहम्मद इस्लाम व हिंदू और मुस्लिम दोनों संप्रदाय के लोगों से बातचीत करके आपसी सौहार्द पूर्वक त्योहार मनाने की अपील की। एहतियातन गांव में अभी पुलिस फोर्स तैनात है। थाना प्रभारी कमलेश कुमार राजभर ने बताया कि भानु प्रताप तिवारी की तहरीर 6 नामजद व 150 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

संक्षेप

## कालीन गोदाम में लगी आग

**आगरा।** सिकंदरा के मोहम्मदपुर स्थित कपिल मिरचंदानी के कालीन गोदाम में शुक्रवार रात भीषण आग लग गई। गोदाम पर तैनात गार्ड ने रात करीब 12 बजे धुआं और लपटें देखीं। उसने तुरंत मालिक को सूचना दी, जिन्होंने पुलिस को खबर दी। आग लगने की इस घटना की सूचना मिलते ही शास्त्रीपुरम, संजय प्लेस और ईदगाह फायर स्टेशन से कुल 6 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, हालांकि देर रात तक ठंडा करने का कार्य चलता रहा। आग गोदाम के भूतल पर लगी थी जबकि भवन दो मंजिला है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। गोदाम के आसपास स्कूल और फैक्ट्री भी स्थित हैं, जिससे समय रहते आग पर काबू पाना जरूरी था। फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया, हालांकि लाखों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

## डीएम-एसएसपी व सीडीओ ने किया पौधरोपण

मथुरा। डीएमचंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने जिला कारागार मथुरा का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने जिला कारागार परिसर में आयोजित वनमहोत्सव के अवसर पर वृक्षारोपण किया। उन्होंने जेल का निरीक्षण करते हुए बंदियों के संख्या की जानकारी ली। उन्होंने भोजनालय, चिकित्सालय, बन्दी गृह आदि को चैक किया। उन्होंने बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को बरकरार रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला कारागार में उपलब्ध मूल-भूत सुविधाओं का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को जिला कारागार में विभिन्न प्रजातियों के पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। देश के एक मात्र महिला फांसी ग्रह के समीप जिलाधिकारी सीपी सिंह ने कदम्ब बरिष्ठ अधीक्षक शलोक कुमार ने हारसिंगार मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा ने अशोक का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कैदियों से आव्हान किया कि वो अपनी खुशहाल जिंदगी जीने के लिए पौधारोपण और उनकी देखभाल का भी कार्य करे। एस एसपी श्लोक कुमार ने कहा कि वृक्ष बचेंगे तो जीवन भी बचेगा। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा ने कहा वर्तमान मौसम में पौधारोपण हमारे लिए जीवन दायिनी साबित होता है।

## जिपंअ ने दी विकास कार्यों की सौगात

**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि देवी सिंह एवं उनके सुपुत्र पार्थ चौधरी ने बछगांव पंचायत का छोटा सा मजरा नगला चेतनगढ़ में पंचायत निधि से 22 लाख लागत से बनने वाली सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ नारियल फोड़ कर किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान और ग्रामीणों ने जिपंअ प्रतिनिधि का चांदी का मुकुट एवं माला पहनाकर व साफा बांधकर स्वागत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने बताया कि गांव से गांव जुड़ें, पंचायत से पंचायत जुड़े यही मेरा सपना है, जनसेवा मेरा संकल्प है, मथुरा का विकास मेरी प्राथमिकता शुरू से रही है।

# लोहे की छड़ों से लहूलुहान होकर या हुसैन के नारे के साथ किया मातम

## कत्ल की रात में शहर के सभी ताजियों ने परम्परागत क्षेत्रों में रात भर गश्त किया

जिला संवाददाता (vol)



**मथुरा।** मोहर्रम कमेटी शहर व सदर मथुरा के तत्वावधान में हजरत इमाम हुसैन की याद में परम्परागत क्षेत्र आगा मिर्जा इमामबाड़ा नक्कारची टीला से सैय्यद मोहम्मद हैदर रिजवी पुत्र रहीस हैदर रिजवी के नेतृत्व में बड़े दुलदुल का जुलूस निकाला गया।

जुलूस आगा मिर्जा इमामबाड़ा नक्कारची टीला से मातमी माहोल में प्रारम्भ होकर चैक बाजार पहुंचा वहां पर शिया समुदाय के मौलाना ने हजरत इमाम हुसैन की शान में तकरीर की और नोहे पढ़ते हुए जोरदार जंजीर और लोहे की छड़ों से मातम किया गया। पूरा चैक बाजार या हुसैन की गूंज से गुंजायमान हो उठा। फिर घीया मंडी, भरतपुर गेट पर पहुंच कर मौलाना ने हजरत इमाम हुसैन की याद में कसीदे पढ़े और तकरीर की और लोहे छड़ों से व लोहे की जंजीरों से जोरदार मातम किया गया फिर दुलदुल के साथ मातमी जुलूस खारी कुआं, मनोहरपुरा, मटिया दरवाजा, बरवार पाड़ा, मंडी रामदास, गली चैबदारान, ठेक नारनौल, खिड़की बिसारती, हालनगंज, वृन्दावन गेट, गऊ घाट, हनुमान टीला, कुशक गली, काजी पाड़ा, इमामबाड़ा, मानिक चैक, नक्कारची टीला, इमामबाड़ा आगा मिर्जा पहुंच कर समाप्त हुआ। मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष मौहम्मद यूनुस गाजी एवं सचिव अबरार खान वारसी ने बताया कि आज रात में शहर व सदर आदि के सभी छोटे बड़े ताजिये अपने अपने इमामबाड़ों से उठकर परम्परागत क्षेत्रों में रात भर गश्त करेंगे। इसके बाद जामा मस्जिद के पीछे होकर चैक के चैराहे पर बड़े ताजिये निकालने के लिए जमा होंगे। फिर वहां से अपने अपने इमामबाड़ों पर प्रातः 06 बजे तक पहुंच जायेंगे। और चाह कठोती व गली पीर पंच के ताजिये होली गेट, छत्ता बाजार आदि बाजारों से होते हुए चैक बाजार पहुंच कर शहर के ताजियों में मिल जायेंगे। गहवारे ताजिये के साथ कुशक का अखाड़ा आते हैं दोनों अखाड़े के उस्ताद खलीफाओं ने दो दो घण्टे चैक में अपनी कला का जोरदार प्रदर्शन कर अपने अपने करतब दिखाए।

जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिन्होंने हजरत इमाम हुसैन की याद में नारे लगाए और मातम किया। जुलूस के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, जिससे जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया। मोहर्रम कमेटी शहर व सदर मथुरा के अध्यक्ष मौहम्मद यूनुस गाजी और सचिव अबरार खान वारसी ने लोगों से अपील की है कि वे जुलूस के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखें और हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में अपनी भावनाएं व्यक्त करें। इस मौके पर अध्यक्ष मौहम्मद यूनुस गाजी, सचिव अबरार खान वारसी, भूरा शेख, हाजी सूफी सईद हसन, जहीर अब्बास जैदी, शारिक अली एडवोकेट, शबनम कुरैशी, बबलू कुरैशी, आरिफ कुरैशी, यासीन शाह, आबिद कुरैशी, अली अब्बास, मौ० फईम, अमजद खान, नईम अब्बासी, परवेज आलम, सादान वारसी मीडिया प्रभारी शाहिद कुरैशी आदि मोहर्रम कमेटी पदाधिकारी एवं पुलिस बल जुलूस के साथ साथ चल रहे थे।

## मेजर जनरल ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**मथुरा।** लखनऊ भर्ती जोन मुख्यालय के जोनल रिक्रूटिंग ऑफिसर मेजर जनरल मनोज तिवारी ने झांसी आगरा और मथुरा में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा केंद्रों का गत दिन निरीक्षण किया। निरीक्षण कार्यक्रम का संचालन सेना भर्ती कार्यालय आगरा की निदेशक कर्नल रेशमा सरीन ने किया। श्री तिवारी के दौरे का उद्देश्य अग्निवीर भर्ती के ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा केंद्रों की संचालन प्रक्रिया की जांच करना तथा निर्धारित मानकों एवं प्रक्रियाओं के पालन की पुष्टि करना था। बताते चलें की अग्निवीर के विभिन्न श्रेणियों की ऑनलाइन लिखित परीक्षा 30 जून से चल रही है जो 10 जुलाई तक चलेगी। ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा भारतीय सेवा की 2 वर्ष पूर्व शुरू की गई एक पहल है जो अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में एक क्रांतिकारी परिवर्तन है। इसके लागू होने के बाद से इस प्रणाली ने भर्ती प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित किया है। श्री तिवारी ने अभ्यर्थियों को परीक्षा की कठिनाई के स्तर पर अपने विचार सांझा करने और सुधार के लिए सुझाव देने के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने सेना की निष्पक्ष प्रभावशाली और मेरिट आधारित भारतीय प्रक्रिया के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया।

## एक पेड़ प्रकृति के नाम लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**फिरोजाबाद।** जन आधार कल्याण समिति द्वारा शिक्षा विभाग वन विभाग जिला स्वास्थ्य व परिवहन विभाग सहित विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर सिविल लाइन दबरई स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ समाज सेविका नंदिनी यादव एवं एसआरजी जया शर्मा और चर्चित फाउंडेशन कोषाध्यक्ष कश्मीर सिंह सहित विजय वर्मा विवेक शर्मा सौरभ अग्रवाल पायल कुशवाहा व अन्य संस्था सदस्यों और विद्यालय की सभी छात्राओं ने रेड टेप मूवमेंट व पौध रोपण कर एक पेड़ प्रकृति के नाम लगाया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान टीबी रोग के उपचारित बच्चों को पौष्टिक आहार किट भी प्रदान की गई और मिशन शिक्षा प्रगति पथ का शुभारंभ व बैनर का लोकार्पण भी किया गया। वरिष्ठ समाज सेविका नंदिनी यादव ने रेड टेप मूवमेंट व पौध रोपण करते हुए सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा बच्चों को बेहतर भविष्य व बेहतर जीवन जीने का तरीका सिखाती हैं। जिला पीपीएम समन्वयक मनीष कुमार ने टीबी रोग के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि यदि किसी को भी 2 हफ्ते से अधिक समय तक खांसी रहती है, लगातार वजन कम होता जा रहा है, रात के समय हल्का बुखार रहता है तो, अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं। एसआरजी जया शर्मा ने शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करना है, जिसमें ज्ञान, कौशल और चरित्र का विकास शामिल है। इसका उद्देश्य छात्रों को न केवल जानकारी प्रदान करना है, बल्कि उन्हें जीवन की चुनौतियों का सामना करने और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए भी तैयार करना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जन आधार कल्याण समिति सचिव प्रवीन कुमार शर्मा आरआई अखिलेश यादव पौधशाला प्रभारी रामवीर सिंह विद्यालय की वार्डन अरशद परवीन, लता शर्मा मीना शर्मा प्रतिमा अदिति, प्रियंका नजमा व अन्य शिक्षिकाएं और स्टॉफ उपस्थित रहा।

## यूपी 112 की पीआरवी टीमों के जांबाज पुलिसकर्मी सम्मानित

**आगरा।** लोगों की जान बचाने जैसे मानवीय कार्यों में तत्परता दिखाने वाले आगरा पुलिस कमिश्नरेट के पीआरवी पुलिसकर्मियों को शुक्रवार को सम्मानित किया गया। यूपी-112 लखनऊ मुख्यालय द्वारा प्रदान किए गए प्रशस्ति पत्रों को पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने कमिश्नरेट कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में इन पुलिसकर्मियों को सौंपा। कमिश्नर दीपक कुमार ने इन पुलिसकर्मियों की तत्परता और संवेदनशीलता की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी ने न केवल ड्यूटी का निर्वहन किया, बल्कि एक मिसाल भी पेश की है। बसेरा एंक्लेव, थाना न्यू आगराः पति-पत्नी ने की आत्महत्या की कोशिश की। तारीखः 18 जून 2025। पीआरवी-6511 टीम। कमांडर होमगार्डः नरेश कुमार और चालक होमगार्डः बेताल सिंह। 112 पर सूचना मिलते ही पीआरवी-6511 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और नसें काट चुके पति-पत्नी को तुरंत अस्पताल ले गई। समय रहते इलाज मिलने से दोनों की जान बच गई। झरना नाला, थाना खंदौलीः स्कूटी सवार युवक नाले में गिरा। तारीखः 20 जून 2025। पीआरवी-6146 टीम। कमांडर आरक्षीः मो. शादाब, सब कमांडर होमगार्ड : शैलेंद्र कुमार और चालक होमगार्डः गजेंद्र शर्मा। युवक को गंभीर रूप से घायल अवस्था में नाले से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका समय पर इलाज हो सका। न्यू आगराः युवक ने खुद पर किया जानलेवा हमला। तारीखः 29 जून 2025। पीआरवी-4971 टीम। कमांडर आरक्षीः भुवनेश कुमार और चालकः पंकज कुमार। नशे की हालत में खुद पर हमला कर रहे युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई। शमसाबाद रोड फ्लाईओवरः युवक कर रहा था आत्महत्या की कोशिश। तारीखः 1 जुलाई 2025। पीआरवी-0046 टीम। कमांडर मुख्य आरक्षीः अरविंद प्रताप सिंह, सब कमांडर मुख्य आरक्षीः अजय कुमार, सब कमांडर होमगार्डः रोतान सिंह और आरक्षी चालकः गजेंद्र सिंह। इनर रिंग रोड फ्लाईओवर से कूदने जा रहे युवक को खींचकर समय रहते बचा लिया गया। इस मामले में पुलिस कमिश्नर का कहना था कि इन जवानों ने जिस संवेदनशीलता से आमजन की जान बचाई, वह कर्तव्यनिष्ठा और मानवता का अद्भुत उदाहरण है। इनका सम्मान हम सभी के लिए प्रेरणा है।

## मुड़िया मेले में दिख रहा श्रद्धा-भक्ति का अद्वितीय संगम



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** गिर्राज की नगरी में विश्व प्रसिद्ध मुड़िया पूर्णिमा मेला श्रद्धा और भक्ति के अद्वितीय संगम के साथ हुआ। देर रात से ही श्रद्धालुओं की भीड़ में बढ़ने लगी। शनिवार सुबह से तेज धूप ने 21 किमी में विराजे गोवर्धन महाराज की परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं का रास्ता रोकने का प्रयास किया लेकिन फिर बादल छाए तो श्रद्धालुओं के चेहरे भी मुस्कुरा उठे। गिर्राज की नगरी रंग-बिरंगी रोशनी की झिलमिलाहट और भक्तों के जयकारों से पूरा ब्रजमंडल राधे-राधे की ध्वनि में डूब गया। चार जुलाई से 11 जुलाई तक चलने वाले विश्वप्रसिद्ध मुड़िया मेले का प्रारंभ शुक्रवार को हुई। मेले में करीब एक करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, ऐसे में प्रशासनिक व्यवस्थाएं भी उसी स्तर की हुई हैं। देर रात से दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचने लगे।

दानघाटी मंदिर पर मत्था टेकते और फिर गिरिराज जी को दंडवत प्रणाम कर परिक्रमा लगाते। दोपहर को तेज धूप हुई, लेकिन सिर पर गमछा डालकर श्रद्धालु परिक्रमा लगाते रहे। दोपहर में कई बार बादल छाए तो शीतलता का भी अहसास हुआ। राधाकृष्ण के नाम की गूंज, हाथों की तालियां और प्रभु की झलक पाने की ललक हर चेहरे पर साफ दिखी। 21 किमी का परिक्रमा मार्ग भक्ति की महक से सराबोर रहा, श्रद्धालुओं की संख्या और उमंग देख भक्ति में मस्ती समाहित हो गई। श्रद्धालु जब तलहटी में दंडवत हुए और ब्रजरज मस्तक पर सजाई, तो हर चेहरा प्रभु के चरणों में अर्पित नजर आया। मुड़िया पूर्णिमा मेला सिर्फ आयोजन नहीं, बल्कि भावों की तीर्थयात्रा है। सूर्यदेव का ताप भी नंगे पैरों को रोक नहीं सका, भक्त परिक्रमा पथ पर चलते रहे, न थके, न रुके। आज एकादशी है, ऐसे में देर शाम से ही श्रद्धालुओं की संख्या कई गुणा बढ़ गई। गिर्राज जी के मंदिर दीपों और लाइटों से ऐसे दमक उठे जैसे स्वर्ग का सौंदर्य धरती पर उतर आया हो। हीरे मोती की पोशाक में सजे प्रभु मुकुट मुखारबिंद, दानघाटी, जतीपुरा मंदिरों में दर्शन देते हुए भक्तों को अभिभूत कर रहे थे। अपलक नेत्रों से प्रभु की मुस्कान निहारते श्रद्धालु अपने आप को धन्य मान रहे थे। सुबह से ही प्रभु के अभिषेक का क्रम शुरू हो गया। मुकुट मुखारबिंद, दानघाटी और जतीपुरा मुखारबिंद मंदिरों पर दूध की धाराएं बहती रहीं। जिलाधिकारी सीपी सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार एक्शन मोड़ में आ गये है।

## दहेज के लिए उत्पीड़न और तलाकनामे पर जबरन दस्तखत, नवविवाहिता ने 7 ससुरालियों पर किया केस

**किरावली (आगरा)।** थाना किरावली क्षेत्र के अभैदौपुरा गांव की रहने वाली एक नवविवाहिता ने अपनी ससुराल में शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न, अतिरिक्त दहेज मांग और जबरन तलाकनामे पर हस्ताक्षर कराने जैसे संगीन आरोपों में पति समेत सात ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता अनीता पुत्री भगवान सिंह का विवाह 4 फरवरी 2019 को ग्राम श्रीनगर, थाना रूपवास, जिला भरतपुर (राजस्थान) निवासी वीरेन्द्र सिंह पुत्र भगवान सिंह के साथ हुआ था। वीरेन्द्र भारतीय रेलवे में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। अनीता ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही उसे लग्जरी गाड़ी, सोना-चांदी, घरेलू सामान और नकदी दहेज में देने के बावजूद, ससुरालीजन 10 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग करने लगे। विरोध करने पर शारीरिक प्रताड़ना, तानों और बर्बर मारपीट का सामना करना पड़ा। सबसे चौंकाने वाला आरोप यह है कि ससुरालियों ने अनीता से 100 रुपये के स्टांप पेपर पर तलाकनामे पर जबरन दस्तखत करवा लिए। जब उसने विरोध किया तो जान से मारने की भी कोशिश की गई। पीड़िता जैसे-तैसे अपनी जान बचाकर ससुराल से भाग निकली और थाना किरावली में न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने अनीता की तहरीर पर पति वीरेन्द्र सिंह, ससुर भगवान सिंह, सास कमलेश, जिठानी रंजीता, देवर दीपक, जेठ हरेंद्र और देवेन्द्र सिंह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, शारीरिक हिंसा और अन्य संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष केवल सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

## वकील ने कांग्रेस कार्यालय में महिला से रेप किया

**आगरा।** जनपद में वकील ने अपनी महिला क्लाइंट को पिस्टल दिखाकर कांग्रेस कार्यालय में रेप किया। इसके बाद पीड़िता के घर पर जबरन आना शुरू कर दिया। धर्म परिवर्तन कराने और रोजे रखने का दबाव बनाने लगा। उसके घर में ही नमाज पढ़ने लगा। जब पीड़ित महिला ने इसका विरोध किया तो उस पर चाकू से हमला कर दिया। पीड़ित ने आरोपी वकील के खिलाफ रेप सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। घटना शाहगंज थाना क्षेत्र की है। पुलिस का कहना है कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा है। आरोपी की अभी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। थाना शाहगंज क्षेत्र की रहने वाली पीड़ित महिला ने बताया- जुलाई 2019 में भाइयों से मेरा विवाद हो गया था। इसके बाद मैं दीवानी कचहरी गई थी। वहां मेरी मुलाकात जलालुद्दीन से हुई। जलालुद्दीन ने अपने आप को वकील बताया। मैंने जलालुद्दीन को अपनी समस्या बताई। जलालुद्दीन ने मेरी मदद करने का भरोसा दिया। जलालुद्दीन पुत्र स्व सिराजुद्दीन निवासी सगीर फातिमा गर्ल्स इंटर कॉलेज परिसर अभी ताजगंज में रहता है। मैंने भरोसा करके जलालुद्दीन से सम्पर्क शुरू कर दिया। जलालुद्दीन ने मुझे अपने प्रेम जाल में फंसाना शुरू कर दिया। मेरे ऊपर पर बुरी नजर रखने लगा। 6 साल पहले मुझे दवा दिलाने के बहाने एमजी रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय पर ले गया। पिस्टल दिखाकर मेरे साथ रेप किया। कहा कि अब तेरी इज्जत मेरे हाथ में है। अगर तूने पुलिस को बताया तो मैं तुझे बदनाम कर दूंगा। समाज में रहने लायक नहीं छोड़ूंगा। मैंने डर व बदनामी की वजह से घटना की जानकारी अपने दिव्यांग पति और परिवार में किसी को भी नहीं दी। इसके बाद जलालुद्दीन बदनामी का डर का दिखाकर मेरे साथ आए दिन घर आकर रेप करता रहा। मुझ पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव डालने लगा। मेरे साथ शादी करने के लिए कहने लगा। मैंने मना कर दिया। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष अमित सिंह का कहना है कि जलालुद्दीन ने महिला के साथ शादी की है। वो उनके साथ 4 साल से रह रहे थे। महिला ने जो आरोप लगाए हैं, उनकी जांच हो जाए। आरोप सिद्ध हो जाएंगे तो उन पर पार्टी कार्रवाई करेगी। इसके अलावा जिसे कार्यालय बताया जा रहा है, वो पार्टी का पूर्व में कार्यालय था। अब कार्यालय राजामंडी में है। महिला ने बताया कि मेरे पति दिव्यांग हैं और गुजरात में रहते हैं। शाहगंज में मैं अपनी बेटी और मां के साथ रहती हूं। इसका फायदा उठाकर जलालुद्दीन मेरे घर में आने लगा। घर में जब कोई नहीं होता तो वह मेरे साथ रेप करता। मेरी मां की मौत के बाद जलालुद्दीन ने मेरे घर पर कब्जा जमा लिया। वह मेरे घर में ही नमाज पढ़ता था। मुझसे रोजे रखवाता था। उससे निकाह करने और धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाता था। मैंने जब विरोध किया तो 1 जनवरी दोपहर 3:20 बजे जलालुद्दीन ने मेरे ऊपर चाकू से हमला किया। मैं किसी तरह बच गई, जिसकी रिकार्डिंग भी मेरे पास है।

**● पीड़िता के घर पर कब्जा जमाया, धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाता था**

## डीएमऔर एसएसपी ने किया मुड़िया पूर्णिमा मेला को लेकर परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा प्रशासनिक/पुलिस अधिकारियों के साथ विश्व प्रसिद्ध राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला 2025 के दृष्टिगत परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया गया। उन्होंने पैदल तथा ई-रिक्शा के माध्यम से छोटी परिक्रमा मार्ग पर की गई विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने दानघाटी मंदिर पर भीड़ प्रबंधन के दृष्टिगत की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने परिक्रमा मार्ग, विभिन्न गलियों एवं मंदिरों पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों के ड्यूटी प्वाइंटों को चेक किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति को चेक करते हुए निर्देश दिए कि अपनी अपनी ड्यूटी का निर्वहन जिम्मेदारी से करे। मेला बहुत महत्वपूर्ण है तथा करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं यहां परिक्रमा लगाने आयेंगे। किसी को भी असुविधा नहीं होनी चाहिए। हमे अपने व्यवहार में विनम्र रहना है। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सौंख स्थित महमदपुर चैराहा पर सुगम यातायात एवं रोड़वेज व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित रहने हेतु जायजा लिया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। कंट्रोल रूम से सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात आदि व्यवस्था हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, उप डीएम गोवर्धन नीलम श्रीवास्त व तहसीलदार गोवर्धन मनीष कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जसराना में भाजपाइयों ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म दिन



**फिरोजाबाद।** जसराना विधानसभा के खैरगढ़, फरिहा एवं अवंतीवाई मंडल में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस पर कार्यक्रम के आयोजन कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर मण्डल स्तरीय विचार गोष्ठी आयोजित की गयी जिसमें उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया है। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि धारा 370 डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान के बाद मोदी सरकार में समाप्त हो सकी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने नारा दिया था दो निशान दो विधान दो प्रधान नहीं चलेंगे। डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष रहे कोलकाता विश्वविद्यालय के भारत में सबसे कम आयु के वाइस-चांसलर रहे जम्मू-कश्मीर में परमिट शिष्टम के विरोध में आंदोलन किया वह हिन्दू महासभा के अध्यक्ष रहे व चुनाव लड़कर हिन्दू महासभा के सांसद चुने गये आजादी के बाद पहली सरकार बनी जो कि सम्बिद ? सरकार थी। उसमें भारी उद्योग मंत्री भी रहे और मंत्रि मंडल से त्यागपत्र देकर 21अक्टूबर 1951 भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी। कार्यक्रमो के दौरान मण्डल अध्यक्ष देशदीपक चौहान, सुरेन्द्र सावन झा, अरविंद राघव, भागीरथ लोधी, प्रभंजन जैन, देवेन्द्र कश्यप, उमाशंकर लोधी, मण्डल अध्यक्ष खैरगढ़, अतुल शुक्ला, राघवेन्द्र सिंह, राजेश चौहान, विष्णू चौहान, अभिषेक बघेल, सुरजीत सिंह राजावत, संदीप राजावत, कुलदीप तिवारी ओपी राजपूत, मण्डल अध्यक्ष राम प्रकाश लोधी, पूरन लोधी, डोरीलाल राजपूत, जगदीश भाटिया, धीरज बघेल, सुरेश कठेरिया आदि लोग मौजूद रहे।

## भाजपा की पूर्व जिलाध्यक्ष मधु शर्मा का सांसद पर तीखा हमला

**मथुरा।** बीजेपी की पूर्व जिला अध्यक्ष मधु शर्मा ने मथुरा की सांसद हेमा मालिनी के हालिया बयान पर जोरदार पलटवार करते हुए तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि जो बाहर से आया है, वह वापस जाएगा, और जो ब्रजवासी है, वह इसी मिट्टी में समा जाएगा। ज्ञात रहे कि सांसद ने अभी हाल में कहा था कि जिन्हें वृंदावन में दिक्कत है, वे यहां से चले जाए। इदस पर पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि एक महिला और सांसद जैसे गरिमामय पद पर रहते हुए, ब्रजवासियों को उनके ही घर से बाहर जाने वाला बयान देना शर्मनाक है। यह न सिर्फ असंवेदनशीलता है, बल्कि ब्रज की संस्कृति और स्वाभिमान पर सीधा प्रहार है। मधु शर्मा ने हेमा मालिनी के 11 साल के संसदीय कार्यकाल पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा, ग्यारह साल से सांसद होने के बावजूद आपने ऐसा कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं किया, जिसे जनता याद रख सके। जो सांसद अपने क्षेत्र की जरूरतों और दर्द को न समझ सके, वह सेवा नहीं कर सकता। उन्होंने यमुना नदी की सफाई को लेकर भी हेमा मालिनी को आड़े हाथों लेते कहा कि सांसद ने दावा किया था कि यमुना में गिरने वाले सभी नाले टेप कर दिए गए हैं और सफाई अभियान चल रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि आज भी नाले सीधे यमुना में गिर रहे हैं। क्या आपने कभी खुद जाकर निरीक्षण किया? उन्होंने आगे कहा कि बरसात में जब सड़कें डूब जाती हैं और वाहन बहने लगते हैं, तब सांसद कहीं नजर नहीं आतीं। ब्रजवासियों की पीड़ा से आंखें चुराने वालों को यहां के लोग माफ नहीं करेंगे। मधु शर्मा ने दो टूक कहा कि जो ब्रजवासियों को ब्रज छोड़ने की सलाह दे रहे हैं, उन्हें खुद यहां से जाने की जरूरत है। ब्रज किसी के रहमोकरम पर नहीं टिका, यह तो एक आस्था, एक भाव और एक संस्कृति है जिसे कोई भी बाहरी आकर डिगा नहीं सकता।

# आयीं 91 शिकायतें, 10 का हुआ मौके पर निस्तारण




**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन के निर्देशन में सीडीओ शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में व समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर में आयोजित किया गया, इस दौरान सीडीओ ने सदर तहसील के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतों को सुना उनमें से कुछ का मौके पर टीम भेजकर निस्तारण कराया, जबकि कुछ का निस्तारण शीघ्र करने का आश्वासन दिया, इस दौरान सामान्य जन-जीवन से जुड़ी वह शिकायतें सामने आई जिसे सामान्य जनता का सामना दिन-प्रतिदिन होता है, उन्होने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता और तत्परता दोनों दिखाएं, सीडीओ ने कहा कि हर अधिकारी जनता की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक निस्तारण करें, तो बहुत सारी समस्याओं का समाधान अपने आप हो जाएगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता धर्मवीर सिंह पुत्र हुब्बलाल निवासी ग्राम विलहना तहसील फिरोजाबाद ने घरेलू बिजली का गलत बिल आने के संबंध में अवगत कराया, उसने बताया कि उसके नाम एक घरेलू लाइट कनेक्शन है, उस लाइट कनेक्शन से घर में पंखा, एलईडी बल्ब का प्रयोग करता है, लेकिन मीटर रीडिंग जब ली जाती है तब जो बिल आता है वह अत्यधिक आता है, वह गरीब व्यक्ति है जो दिहाढ़ी मजदूरी करता है, इस पर सीडीओ ने एक्सईएन विद्युत ग्रामीण को निर्देशित किया कि यह जो गलत बिल आने की अधिकतम शिकायतें आ रही हैं इसको गंभीरता से निस्तारण कराया जाए।

इसी प्रकार संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान खुशबू पत्नी रमन कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि उसने मेहनत मजदूरी करके एक प्लॉट तुरकिया मक्खनपुर में खरीदा है, जिस पर उसने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवेदन किया है परंतु डूडा विभाग में तैनात सीएलटीसी द्वारा उसकी शिकायत का निस्तारण गलत तरीके से किया है जिसको मुख्य विकास अधिकारी ने गंभीरतापूर्वक लेते हुए परियोजना निदेशक को निर्देशित किया कि मामले को गुणवत्तापूर्ण जांच कर कार्रवाई कर निस्तारित करें, इसी प्रकार शिकायतकर्ता राजबहादुर शुक्ल निवासी ग्राम रहना ने बताया कि उसका नाम खतौनी में गलत हो गया है उसको सही करने के लिए उसने प्रार्थना पत्र दिया है जिस पर सीडीओ ने तहसीलदार सदर को निर्देशित किया की जांच कर कार्रवाई कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। इसी तरह कुछ मामले जल भराव को लेकर आए, विद्युत की समस्या एवं साफ सफाई को लेकर आए, सीडीओ ने इन समस्त शिकायतों से संबंधित अधिकारियों को त्वरित निवारण करने के आदेश दिए, इस दौरान 91 शिकायतें आई और मौके पर 10 का निस्तारण किया गया।

## मोहर्रम को लेकर तहसीलदार ने किया निरीक्षण




**टूंडला।** मोहर्रम को लेकर तहसीलदार टूंडला के नेतृत्व में स्टेशन रोड से लेकर करबला मोहम्मदाबाद का निरीक्षण किया गया। तथा करबला में व्यवस्थाएं देखी। आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तहसीलदार टूंडला राखी शर्मा ने मोहर्रम को लेकर स्टेशन रोड से लेकर मोहम्मदाबाद करबला तक निरीक्षण किया। इस दौरान नीचे झूलते तारों को दुरुस्त कराए जाने के दिए निर्देश। करबला पर दफन होने वाले ताजियों के लिए खोदे गए गड्ढे और समतल हो रही भूमि को देखा। और आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर बीडीओ प्रभात रंजन, नायब तहसीलदार सरिता, एसडीओ दुष्यंत कुमार, ईओ आशुतोष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# अपनी ताकत के दम पर बात करेगा भारत

## नयी प्रौद्योगिकियां भारत की विकास गाथा को करेंगी परिभाषित : गोयल

एजेंसी

बेंगलुरु। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत समयसीमा के तहत नहीं, बल्कि अपनी ताकत के दम पर बातचीत करता है। उन्होंने कांग्रेस पर संप्रग सरकार के दौरान ऐसे समझौतों पर बातचीत और हस्ताक्षर करने का आरोप लगाया, जो राष्ट्रीय हित में नहीं थे। इससे पहले लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका व्यापार सौदे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला किया था। उन्होंने दावा किया था कि प्रधानमंत्री ट्रंप प्रशासन द्वारा निर्धारित शुल्क समयसीमा के आगे विनम्रतापूर्वक झुकेंगे। गोयल ने एक दिन पहले कहा था कि भारत, अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को तभी स्वीकार करेगा, जब यह पूरी तरह से अंतिम रूप ले लेगा और राष्ट्रीय हित में होगा।

गोयल ने कहा भारत समयसीमा के तहत बातचीत नहीं करता। हम राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए बातचीत करते हैं और दुनिया भर में हमारे सभी जुड़ावों में राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद, हमने मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और चार देशों के समूह ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और अब पिछले महीने ब्रिटेन के साथ भी समझौता किया गया।



उनके अनुसार भारत 27 देशों के यूरोपीय संघ, अमेरिका, ओमान, पेरू और चिली सहित अन्य विकसित देशों के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ना चाहता है। उन्होंने कहा आज, भारत अपनी ताकत के दम पर बातचीत करता है। हम आत्मविश्वासी हैं और दुनिया में किसी से भी प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। आज कांग्रेस और संप्रग के समय की तरह कमजोर भारत नहीं है, जिसने ऐसे समझौते किए जो राष्ट्रीय हित में नहीं थे। राहुल गांधी ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया, पीयूष गोयलजितना चाहें अपनी छाती पीट सकते हैं, मेरे शब्दों पर गौर करें, ट्रंप की शुल्क संबंधी समयसीमा के सामने मोदी आसानी से झुक जाएंगे। गोयल ने गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा अब कोई भी राहुल गांधी को गंभीरता से नहीं लेता, क्योंकि वह, उनकी पार्टी और उनके साथी लगातार नकारात्मकता फैला रहे हैं। मुझे लगता है कि वे अपना लक्ष्य खो चुके हैं। उन्होंने भारत के लोगों का विश्वास खो दिया है। गोयल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी देश के विकास के लिए कोई सकारात्मक एजेंडा नहीं बना पाई।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास एलुमनाई एसोसिएशन के संगम 2025 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा भारत का विज्ञान, आपकी प्रौद्योगिकी, इस जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी, अनुसंधान एवं विकास तथा नवाचार के साथ मिलकर भारत के भविष्य की विकास गाथा को आकार देंगे। गोयल ने कहा कि भारत नौकरी चाहने वाले देश से नौकरी देने वाले देश में बदल रहा है। उन्होंने कहा बेशक, कुछ छोटे उपायों में, हमने स्टार्टअप पारिस्थितिकी और इसका समर्थन करने के लिए विभिन्न अन्य पहलों का हिस्सा बनने की कोशिश की है, साथ ही आईआईटी मद्रास जैसे संगठनों ने जो काम किया है, उसका भी हिस्सा बनने की कोशिश की है।

# हिमाचल : 2028 में पूरी होंगी परियोजनाएं

## 2,593 किलोमीटर लंबे राजमार्गों का 38,000 करोड़ से किया जा रहा निर्माण

एजेंसी

शिमला। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने शनिवार को बिलासपुर में कहा कि हिमाचल प्रदेश में चार में से तीन राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण कार्य उन्नत चरण में है और इसके प्रमुख कार्य अगले दो वर्षों में पूरे हो जाएंगे।

राज्य में करीब 2,593 किलोमीटर लंबे चार राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण लगभग 38,000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से किया जा रहा है। संवाददाताओं को संबोधित करते हुए नड्डा ने केंद्र सरकार द्वारा आवंटित धन का उपयोग नहीं करने के लिए राज्य सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण का कार्य उन्नत चरण में है और प्रमुख कार्य वर्ष 2026 और वर्ष 2027 में पूरे हो जाएंगे, जबकि जिस परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा रही है, वह



वर्ष 2028 में पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि शिमला-मटौर राष्ट्रीय राजमार्ग को छोड़कर, जिसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा रही है और जिसे वर्ष 2028 में पूरा करने की योजना है, परवाणू-शिमला, कीरतपुर-मनाली और पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग वर्ष 2026 और वर्ष 2027 में पूरे हो जाएंगे। नड्डा ने राज्य सरकार द्वारा सड़कों के निर्माण को उद्योगों के समान मानने, हर साल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) अनिवार्य करने का मुद्दा उठाया, जिससे काम में देरी होती है और तर्क दिया कि कशर लगाना और मेटलिंग के लिए लकड़ी का कोयला जलाना अस्थायी है और काम पूरा होने के बाद बंद हो जाता है। नड्डा ने कहा केंद्रीय परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी पहले ही राज्य सरकार के साथ इस मुद्दे पर चर्चा कर चुके हैं और मैं मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ भी इस मामले को उठाऊंगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर ब्यास नदी की ड्रेजिंग नहीं की गई, जो राज्य सरकार की जिम्मेदारी है, तो एनएचएआई द्वारा बनाए गए राजमार्गों को भारी नुकसान होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को कहा था कि बड़ी कंपनियों को अक्सर केवल उनकी मशीनरी के आधार पर ठेके दिए जाते हैं, लेकिन उन्हें राज्य के नाजुक पहाड़ी इलाकों की समझ नहीं होती।

संक्षेप

### राजमार्ग पर यौन हमला दो लुटेरे गिरफ्तार

पुणे। महाराष्ट्र में पुणे जिले के दौंड तालुका में राजमार्ग पर 17 वर्षीय एक लड़की के साथ यौन उत्पीड़न और लूटपाट के पांच दिन बाद, पुलिस ने शनिवार को इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह चौंकाने वाली घटना सोमवार तड़के दौंड में भीगवान के समीप राजमार्ग पर उस समय हुई जब लोगों का एक समूह कार से पड़ोसी सोलापुर जिले धार्मिक नगरी पंढरपुर जा रहा था। पुणे ग्रामीण के एक अधिकारी ने कहा हमने इस मामले के सिलसिले में दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। दो मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों ने लड़की का यौन उत्पीड़न किया तथा तीन महिलाओं से स्वर्णाभूषण लूट लिए।

### मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान से मादक पदार्थों की तस्करी कर भारत में लाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ कर उसके उसके चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। राज्य पुलिस के शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से पांच किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमृतसर के धनोई कलां निवासी रेशम सिंह और गुरपिंदर सिंह तथा सेहनेवाली निवासी रूपप्रीत सिंह और शुभकर मंजीत सिंह के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि पांच किलोग्राम हेरोइन के अलावा पुलिस ने आरोपियों से मादक पदार्थ की खेप ले जाने में इस्तेमाल की जा रही एक एसयूवी और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। उन्होंने बताया कि जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी काका नामक एक पाकिस्तानी तस्कर के निर्देश पर काम कर रहे थे, जो सीमा पार से मादक पदार्थों की खेप गिराने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करता रहा है।

### बाजार में हेरफेर बर्दाश्त नहीं : सेबी

मुंबई। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को स्पष्ट किया कि बाजार में हेरफेर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। न्यूयॉर्क स्थित हेज फंड मैनेजर जेन स्ट्रीट के खिलाफ अंतरिम आदेश के अगले दिन पत्रकारों से बात करते हुए पांडेय ने कहा कि नियामक और शेयर बाजार स्तर पर निगरानी बढ़ा दी गई है। यह पूछे जाने पर कि क्या अन्य विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के साथ भी इसी तरह के रुझान देखे गए हैं, पांडेय ने कहा, मैं बस इतना कह सकता हूं कि बाजार में हेरफेर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सेबी ने शुक्रवार को अमेरिकी ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट को प्रतिभूति बाजारों से प्रतिबंधित कर दिया और कंपनी को 4,843 करोड़ रुपये के अवैध लाभ को वापस करने का निर्देश दिया। यह भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा निर्देशित अब तक की सबसे अधिक वसूली गई राशि हो सकती है।

## रोजमर्रा की जरूरत के सामान पर मौसम का असर, राजस्व दर घटने का अनुमान

एजेंसी

नयी दिल्ली। रोजमर्रा की जरूरत का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों का अनुमान है कि जून तिमाही में उनकी राजस्व वृद्धि प्रभावित होगी। उनका कहना है कि बेमौसम बारिश, गर्मियों की अवधि कम होना और प्रमुख कच्चे माल पर मुद्रास्फीति का दबाव जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण ऐसा हो सकता है।

हालांकि, एफएमसीजी उद्योग ने तिमाही के दौरान मांग में क्रमिक सुधार देखा, जिसमें विशेष रूप से शहरी बाजारों में मात्रा के लिहाज से बिक्री तेजी से बढ़ी। मैरिको, डाबर और गोदरेज कंज्यूमर जैसी प्रमुख एफएमसीजी कंपनियों का मार्जिन मानक स्तर से नीचे रहा, और उनका अनुमान है कि अप्रैल-जून में मात्रा के लिहाज से कम एक अंकों की वृद्धि होगी। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स को उम्मीद है कि जून तिमाही में भारत के कारोबार से उसका मार्जिन मानक सीमा से नीचे रहेगा, लेकिन मात्रा के लिहाज से बिक्री बढ़ने के कारण उच्च एक अंकों की मूल्य वृद्धि हो सकती है। दूसरी ओर डाबर के एकीकृत राजस्व में पेय पदार्थों की बिक्री उम्मीद से कम रहने के कारण कम एक अंकों की वृद्धि होने का अनुमान है।

## ओडिशा : भगवान जगन्नाथ की बहुड़ा यात्रा शुरू

एजेंसी

पुरी। अपनी मौसी के घर श्री गुंडिचा मंदिर गए भगवान जगन्नाथ शनिवार को औपचारिक रूप से बड़े भाई बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा के साथ वापसी के लिए बहुड़ा यात्रा पर रवाना हुए। वापसी यात्रा में हजारों भक्तों ने पोहंडी के बाद भगवान बलभद्र के तलध्वज के रथ को खींचा और गजपति महाराजा दिव्यसिंह देब ने छेरा पोहरा (बुहारना) अनुष्ठान किया।

कार्यक्रम के अनुसार रथ खींचने की शुरुआत शाम चार बजे होनी थी लेकिन यह तय समय से काफी पहले अपराह्न 2.45 बजे जय जगन्नाथ, हरिबोल के जयघोष और झांझ-मंजीरों की ध्वनि के बीच शुरू हो गयी। देवी



सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के रथ भगवान बलभद्र के तालध्वज के पीछे चलेंगे। इससे पहले, भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के विग्रहों को क्रमशः तालध्वज, दर्पदलन और नंदीघोष रथों पर ले जाया गया, जिसे पोहंडी कहा जाता है। पोहंडी शब्द संस्कृत शब्द पदमुंडनम से आया है, जिसका अर्थ है पैर फैलाकर धीमी गति से चलना। तीनों देवताओं की पोहंडी की शुरुआत चक्रराज सुदर्शन से हुई, उसके बाद भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और अंत में भगवान जगन्नाथ की पोहंडी की रस्म हुई। हालांकि पोहंडी की रस्म पहले दोपहर 12 बजे शुरू होनी थी, लेकिन यह बहुत पहले यानी पूर्वाह्न 10 बजे शुरू हो गई। इस रस्म में करीब दो घंटे लगे, जिसके बाद देव विग्रहों को रथों पर बैठाया गया। भव्य रथ - तलध्वज (बलभद्र), दर्पदलन (सुभद्रा) और नंदीघोष (जगन्नाथ) को श्रद्धालु श्री गुंडिचा मंदिर से खींचकर 12वीं शताब्दी के मंदिर, भगवान जगन्नाथ के मुख्य स्थान, तक ले जाएंगे, जो लगभग 2.6 किलोमीटर की दूरी है।

### घटिया हेलमेट बेचने वालों पर करें कार्रवाई : केन्द्र

नयी दिल्ली। केंद्र ने राज्यों से दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए घटिया हेलमेट बेचने वाले विनिर्माताओं और खुदरा विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्वाई करने को कहा है। शनिवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया, उपभोक्ता मामलों के विभाग और भारतीय मानक ब्यूरो देश भर के उपभोक्ताओं से केवल बीआईएस-प्रमाणित हेलमेट का उपयोग करने की अपील करते हैं। विभाग ने बीआईएस प्रमाणीकरण के बिना हेलमेट के विनिर्माण या बिक्री के खिलाफ सख्त कार्वाई करने का भी आह्वान किया। भारतीय सड़कों पर 21 करोड़ से अधिक दोपहिया वाहन हैं।

## ईवाई पर लगा कदाचार का आरोप

एजेंसी

नयी दिल्ली। इंजीनियरिंग एवं मेडिकल क्षेत्र की परीक्षाओं की तैयारी कराने वाली कंपनी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज ने परामर्श कंपनी ईवाई, उसके साझेदारों और अधिकारियों को कानूनी नोटिस भेजा है। आकाश ने इसमें उन पर हितों के टकराव और पेशेवर कदाचार में प्रतिद्वंद्वियों को सलाह देने का आरोप लगाया है।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने आरोप लगाया है कि ईवाई 2021 से उसके वित्तीय कार्यों में गहराई से शामिल थी, जिसमें बायजू ब्रांड के स्वामित्व वाली थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड के साथ प्रस्तावित विलय पर सलाह देना भी शामिल था। आकाश ने कहा कि ईवाई,



डिबेंचर की संरचना और इक्विटी में रूपांतरण में शामिल रही है और अब यह बात सामने आई है कि ईवाई ने एईएसएल के प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धी एलन कैरियर इंस्टीट्यूट के लिए अनन्य वित्तीय सलाहकार और आधिकारिक परिणाम सत्यापनकर्ता के रूप में भी काम किया है। एईएसएल ने बयान में कहा, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज ने वरिष्ठ अधिवक्ता सी वी नागेश के माध्यम से अर्न्स्ट एंड यंग एलएलपी (ईवाई) के कई साझेदारों और अधिकारियों को दूसरा कानूनी नोटिस भेजा है, जिसमें फर्म पर कर्तव्य के टकराव और पेशेवर कदाचार का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में सवाल पूछने के लिए ईवाई को भेजी गई ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला। बयान में कहा गया, कानूनी नोटिस में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि इस साल 12 अप्रैल, छह मई और 17 मई को ईमेल के माध्यम से एईएसएल के बार-बार अनुरोध के बावजूद, ईवाई प्रमुख लेनदेन से संबंधित दस्तावेज और संचार प्रदान करने में विफल रहा है, जिससे महत्वपूर्ण जानकारी को छिपाने का संकेत मिलता है। एईएसएल ने आरोप लगाया कि यह इनकार एईएसएल के निर्णय लेने और लेनदेन के निष्पादन में ईवाई की पर्याप्त भागीदारी के विपरीत है।

### रिलायंस का बाजार मूल्य 50 अरब डॉलर बढ़ेगा

नयी दिल्ली। नवीन ऊर्जा और कृत्रिम मेधा (एआई) बुनियादी ढांचे में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निवेश से कंपनी के बाजार मूल्य में अनुमानित 50 अरब डॉलर की वृद्धि होने की उम्मीद है। वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली के विश्लेषकों ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। अरबपति मुकेश अंबानी द्वारा संचालित तेल से लेकर दूरसंचार और खुदरा क्षेत्र की यह कंपनी मूल्य सृजन के अपने अगले चरण के लिए कमर कस रही है। वर्तमान में 240 अरब डॉलर से अधिक मूल्य की रिलायंस की भविष्य की वृद्धि इसके विविध कार्यक्षेत्रों, विशेष रूप से नवीन ऊर्जा और एआई के विस्तार पर निर्भर करती है। सृजन से जुड़ी (जेन) एआई रिलायंस के लिए अगला मोर्चा है क्योंकि यह जामनगर ऊर्जा परिसर को अपने ऊर्जा उत्पादन का मौद्रिकरण करने के लिए फिर से तैयार कर रहा है।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कर रहे वार्ता

एजेंसी

नयी दिल्ली। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने शनिवार को आगाह किया कि प्रस्तावित व्यापार समझौते के तहत अमेरिका से आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) कृषि उत्पादों को अनुमति देने से भारत पर प्रभाव पड़ेगा क्योंकि इससे यूरोपीय संघ (ईयू) जैसे क्षेत्रों में देश के कृषि निर्यात पर असर पड़ सकता है।

भारत और अमेरिका एक अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जिसकी घोषणा नौ जुलाई से पहले होने की उम्मीद है। जीटीआरआई ने कहा कि पशु आहार के लिए सोयाबीन भोजन और डिस्टिलर्स सूखे अनाज के साथ घुलनशील (डीडीजीएस) जैसे जीएम उत्पादों के आयात की अनुमति देने से ईयू को भारत के कृषि निर्यात प्रभावित होंगे, जो भारतीय निर्यातकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य है।

डीडीजीएस एथनॉल उत्पादन के दौरान बनाया गया एक उप-उत्पाद है, जो आमतौर पर मकई या अन्य अनाज से बनता है। यूरोपीय संघ में जीएम लेबलिंग के सख्त नियम हैं और जीएम से जुड़े उत्पादों के प्रति उपभोक्ताओं में सख्त प्रतिरोध है। भले ही जीएम फ़ीड की अनुमति है, लेकिन कई यूरोपीय खरीदार पूरी तरह से जीएम-मुक्त आपूर्ति शृंखलाओं को प्राथमिकता देते हैं। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत की खंडित कृषि-लॉजिस्टिक्स और पृथक्करण बुनियादी ढांचे की कमी क्रॉस-संदूषण की संभावना को बढ़ाती है, जिससे निर्यात खेपों में जीएम की मौजूदगी का खतरा है। उन्होंने कहा, इससे निर्यात रद्द हो सकता है, जांच की लागत बढ़ सकती है और भारत की जीएमओ-मुक्त छवि को नुकसान पहुंच सकता है, खास तौर पर चावल, चाय, शहद, मसाले और जैविक खाद्य पदार्थों जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में।

मजबूत ट्रेसेबिलिटी और लेबलिंग सिस्टम के बिना जीएम फ़ीड आयात यूरोपीय संघ में भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को नुकसान पहुंचा सकता है। आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलें, पौधे के डीएनए में विशिष्ट जीनों को सम्मिलित करके बनाई जाती हैं, जो अक्सर बैक्टीरिया, विषाणु, अन्य पौधों या कभी-कभी जानवरों से प्राप्त होते हैं, ताकि नए गुण, जैसे कीट प्रतिरोध या शाकनाशी सहिष्णुता, उत्पन्न किए जा सकें।

## पेज एक का शेष

### गिल ने तोड़ा

25 रन बनाकर गिल का साथ निभा रहे थे। दोनों पांचवें विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी निभा चुके हैं। गिल ने उप कप्तान ज षभ पंत (58 गेंद में 65 रन) के साथ 110 रन की साझेदारी की जिन्होंने शानदार स्ट्रोक्स लगाए लेकिन बशीर की गेंद को पार्क से बाहर करने के प्रयास में अपने बल्ले पर नियंत्रण खो बैठे। सुबह के सत्र में इंग्लैंड के गेंदबाज गिल पर हावी थे तो दूसरे सत्र में भारतीय कप्तान ने विपक्षी खेमे पर दबाव बनाने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली। जोश टंग ने सत्र के शुरु में गिल के खिलाफ शॉर्ट गेंद डालने की कोशिश की और गिल दो मौकों पर इसे फाइन लेग के ऊपर से पुल करने में सफल रहे। भारत ने एक विकेट पर 64 रन से आगे खेलना शुरू किया और सुबह के सत्र में केएल राहुल (55 रन) और करूण नायर (26 रन) के रूप में दो विकेट गंवाए। राहुल ने कुछ शानदार कवर ड्राइव लगाकर अर्धशतक पूरा करने के बाद जोश टंग की खूबसूरत गेंद पर विकेट गंवा दिया लेकिन भारत ने पहले सत्र में तीन विकेट पर 177 रन बना लिए। 13 ओवर पुरानी गेंद से बादलों भरे हालात में कुछ मदद मिलने की उम्मीद थी और इंग्लैंड के तेज गेंदबाज खासकर ब्रायडन कार्स ने इसका पूरा फायदा उठाया।

### बौद्ध व सिख

'तख्त साहिब' स्थल की यात्रा कराई जाएगी। बता दें कि सिख पंथ के लिए पवित्र पंच तख्त स्थलों में 'श्री आनंदपुर साहिब, पंजाब, श्री अकाल तख्त साहिब, अमृतसर, पंजाब, श्री दमदमा साहिब, तलवंडी साबो, पंजाब, श्री तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, नांदेड़, महाराष्ट्र, श्री हरमंदिर जी साहिब (पटना साहिब), बिहार' शामिल हैं। प्रस्तावित दोनों ही योजनाओं में प्रति व्यक्ति न्यूनतम 10,000 की राशि अनुदान के रूप में प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि दोनों योजनाओं के लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी जानी चाहिए, श्रद्धालुओं के चयन में पूरी पारदर्शिता के साथ कमजोर आय वर्ग के लोगों को वरीयता दी जानी चाहिए। दोनो ही योजनाएं आईआरसीटीसी के सहयोग से संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ये दोनों योजनाएं श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और धार्मिक आस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लागू की जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि ये योजनाएं प्रदेश की समावेशी विकास नीति और 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना को और सशक्त करेंगी। प्रदेश की धार्मिक सहिष्णुता और पर्यटन को नया आयाम देंगी, साथ ही 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को भी मूर्त रूप प्रदान करेंगी।

### अब फूल

प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की 171वीं बैठक में लिए गए इस निर्णय के बाद अब फूल की खेती करने वाले किसानों को मंडी परिसर से बाहर व्यापार करने पर कोई शुल्क नहीं देना होगाए जबकि मंडी परिसर में उनसे मात्र प्रयोक्ता शुल्क लिया जाएगा। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडी परिषद केवल एक संस्थागत निकाय नहीं, बल्कि किसानों के आत्मसम्मान, अधिकार और आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने दो टूक कहा कि मंडियों की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए, जहां किसान सुविधाजनक, सुरक्षित और सम्मानजनक ढंग से अपनी उपज का विक्रय कर सके। मुख्यमंत्री ने मंडियों को उत्तरदायी, पारदर्शी और तकनीक-सक्षम बनाते हुए इन्हें राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने मंडी परिषद की सभी प्रधान कृषि मंडी स्थलों में 'शबरी कैंटीन' स्थापित करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि इन कैंटीनों का उद्देश्य केवल भोजन उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि सेवा भावना के साथ सस्ता, स्वास्थ्यवर्धक और स्वादिष्ट भोजन सुनिश्चित करना होना चाहिए। भूमि मंडी परिषद द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाए और संचालन गैर सरकारी या स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा किया जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि इस योजना का मूल भाव 'सेवा' हो, 'व्यापार' नहीं। इससे मंडियों में आने वाले किसानों, श्रमिकों और आगंतुकों को बड़ी राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि प्रदेश में आवश्यकता के अनुसार नई मंडियों की स्थापना की जाए और इसके लिए पीपीपी मॉडल पर संभावनाएं तलाश कर योजनाएं बनाई जाएं। साथ ही, लखनऊ के विकल्प खंड, गोमतीनगर में एग्रीमॉल के निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि अनावश्यक देरी पर जिम्मेदारों पर नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मंडी परिषद की कुल आय 1994.55 करोड़ रही है, जो कि 2023-24 की तुलना में 16.2 प्रतिशत अधिक है। यह परिषद की आर्थिक स्थिति में सुधार का स्पष्ट संकेत है। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मंडी एवं उपमंडी स्थलों के निर्माण, उन्नयन और जीर्णोद्धार के लिए 195.30 करोड़ की योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इसके अतिरिक्त 242.27 करोड़ की लागत से नए संपर्क मार्गों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडी परिषद के पास लगभग 20,000 किलोमीटर लंबी सड़कें हैं। किसानों की सुविधा सुनिश्चित करते हुए मंडी परिषद द्वारा नई सड़कों का निर्माण एफडीआर तकनीक से कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी मंडियों में पेयजल, सड़क, शौचालय, विश्रामगृह, विद्युत जैसी मूलभूत सुविधाएं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाएं।

### आतंकवाद के

कि प्रधानमंत्री मोदी की त्रिनिदाद एवं टोबैगो की ऐतिहासिक यात्रा दोनों देशों के बीच गहरे द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करेगी। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर भारत के लोगों के प्रति त्रिनिदाद एवं टोबैगो के मजबूत समर्थन व एकजुटता की सराहना की। विदेश मंत्रालय ने कहा दोनों नेताओं ने आतंकवाद से लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रधानमंत्री मोदी ने त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू से भी मुलाकात की। मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि भारत और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के बीच दोस्ती को नयी गति मिली है। उन्होंने कहा त्रिनिदाद एवं टोबैगो को धन्यवाद। यहां बिताए गए पल कभी भुलाए नहीं जा सकेंगे। हमने भारत-त्रिनिदाद एवं टोबैगो मैत्री को नयी गति दी है। राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू, प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर, सरकार और इस अद्भुत देश के लोगों के प्रति मेरा आभार। मोदी ने कहा मैं हमारी साझेदारी को एक बड़े वैश्विक ढांचे में भी देखता हूं। दुनिया में तेज और अभूतपूर्व गति से परिवर्तन हो रहा है।

### अर्जेंटीना पहुंचे

से पहले एक बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री की द्विपक्षीय यात्रा भारत और अर्जेंटीना के बीच बहुमुखी रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करेगी। मोदी ने कहा कि अर्जेंटीना लैटिन अमेरिका में एक प्रमुख आर्थिक साझेदार और जी 20 में एक करीबी सहयोगी है और वह राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के साथ चर्चा करने के लिए उत्सुक हैं, जिनसे उन्होंने पिछले साल मुलाकात की थी। वह त्रिनिदाद और टोबैगो की अपनी दो दिवसीय यात्रा पूरी करने के बाद यहां पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी की त्रिनिदाद और टोबैगो की यात्रा के दौरान दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए। अपनी यात्रा के चौथे चरण में मोदी 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील जाएंगे, उसके बाद राजकीय यात्रा करेंगे। अपनी यात्रा के अंतिम चरण में मोदी नामीबिया जाएंगे।

### एक मंच पर

हासिल करेंगे। मुंबई के प्रतिष्ठित नगर निकाय को शिवसेना अपना गढ़ और गृहक्षेत्र मानती है, तथा अन्य नगर निकाय चुनाव आगामी महीनों में होने वाले हैं। उद्धव से पहले रैली को संबोधित करते हुए राज ने चुटकी ली और कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दोनों चचेरे भाइयों को एक साथ लाकर वह काम कर दिया है जो शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे और अन्य लोग नहीं कर सके। चचेरे भाई के साथ मतभेदों के कारण शिवसेना छोड़ने के बाद राज ठाकरे ने वर्ष 2005 में मनसे का गठन किया और इसे भूमिपुत्रों के हितों के सच्चे हिमायती के रूप में पेश किया। इस अवधि के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महाराष्ट्र के राजनीतिक परिदृश्य में अपना विस्तार किया और 2022 में शिवसेना को विभाजित करने वाले एकनाथ शिंदे और अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ हाथ मिलाया। पिछले चार महीनों में ठाकरे बंधुओं के एकसाथ आने की मांग तेज हो गई थी। दोनों ठाकरे बंधुओं के साथ आने के लिए त्रि-भाषा नीति और तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को शामिल करने के मामले में राज्य सरकार का ढुलमुल रवैया एक साझा आधार साबित हुआ।

### उम्मीद पोर्टल

औकाफ के रजिस्टर के रखरखाव और वक्फ के मुतवल्ली के खातों के रखरखाव और प्रस्तुत करने, ऑडिट रिपोर्ट के प्रकाशन और अधिनियम की धारा 48 के तहत कार्यवाही और ऑर्डर बोर्ड के प्रयोजनों के लिए एक पोर्टल उम्मीद और डेटाबेस स्थापित किया गया है। अधिसूचित नियमों में कहा गया है कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव एवं वक्फ प्रभाग के प्रभारी पोर्टल और डेटाबेस के पर्यवेक्षण और नियंत्रण के लिए जिम्मेदार होंगे।

पोर्टल और डाटाबेस में वे सभी जानकारियां और विवरण शामिल होंगे जो वक्फ अधिनियम में बताए गए हैं। इसमें वक्फ संपत्तियों की निगरानी और प्रबंधन तथा इससे जुड़ा डेटा, अदालत के मामले, विवादों का समाधान और वक्फ व उससे जुड़ी संपत्तियों की जानकारी दर्ज करने के लिए जरूरी अन्य जानकारियां भी होंगी। नियमों में कहा गया है कि प्रत्येक राज्य सरकार कम से कम संयुक्त सचिव स्तर के एक अधिकारी को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त करेगी और केंद्र सरकार के परामर्श से एक केंद्रीकृत सहायता इकाई की स्थापना करेगी, जो वक्फ और उसकी संपत्तियों के विवरण अपलोड करने, पंजीकरण, खातों के रखरखाव, ऑडिट और वक्फ और बोर्ड की अन्य संबंधित गतिविधियों को सुव्यवस्थित करने में सहायता प्रदान करेगी।

### सीएम धामी

धामी ने कहा कि कृषक न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था के स्तंभ हैं, बल्कि वे हमारी परंपराओं, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षक भी हैं। राज्य सरकार किसानों के सम्मान और हित में निरंतर कार्य कर रही है और खेती को सिर्फ जीविका का नहीं, बल्कि संस्कृति और गौरव का प्रतीक मानती है। खेत में रोपाई के बाद मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड की लोक परंपराओं का स्मरण करते हुए हुड़किया बौल की मधुर लय पर भूमिया देव, इंद्र देव और मेघ देव का आह्वान किया। उनकी यह सांस्कृतिक प्रस्तुति वहां मौजूद किसानों और ग्रामीणों के दिल को छू गई। हुड़क की थाप पर मुख्यमंत्री को मिट्टी से जुड़े देख जनसमूह में अपार उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री की इस सादगी और आत्मीयता का हृदय से स्वागत किया। वे बोले, हमारे बीच मुख्यमंत्री नहीं, आज एक बेटा खेत में उतरा है। मुख्यमंत्री धामी की यह पहल उत्तराखंड की सांस्कृतिक और कृषि परंपराओं को मजबूती देने की दिशा में एक सशक्त संदेश है। यह प्रयास युवाओं को अपनी जड़ों से जुड़ने, खेती को सम्मान देने और राज्य की विरासत को सहेजने की प्रेरणा प्रदान करता है। उनके इस भावात्मक और सामाजिक योगदान ने यह सिद्ध कर दिया कि नेतृत्व केवल निर्णयों से नहीं, जुड़ाव और संवेदनाओं से भी चलता है।

### बिहार : प्रसिद्ध

इस बात पर जोर दिया कि कानून व्यवस्था राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और लापरवाही बरतने पर पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्वाई की चेतावनी दी गई। बयान में कहा गया, नीतीश ने संबंधित अधिकारियों को खेमका की हत्या के मामले की जांच जल्द से जल्द पूरी करने का निर्देश दिया।




# भारत के तीन विकेट पर 484 रन की बढ़त

## भारत ने पहली पारी में 587 रन और इंग्लैंड ने पहली पारी में 407 रन बनाये

एजेंसी

बर्मिंघम ।बर्मिंघम, पांच जुलाई (भाषा) कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 100) ने चार पारियों में अपना तीसरा शतक जड़ा जिससे भारत ने शनिवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन चाय तक दूसरी पारी में चार विकेट पर 304 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 484 रन तक पहुंचा दी। गिल ने लंच ब्रेक के बाद गियर बदलते हुए स्कोरिंग गति बढ़ाई और फिर चाय से तुरंत पहले मैच का अपना दूसरा शतक पूरा किया।



भारत ने दूसरे सत्र में 30 ओवर में 127 रन जोड़े। गिल ने चाय के ब्रेक से पहले शोएब बशीर के ओवर में एक रन लेकर एक मैच में दो शतक जड़ने की उपलब्धि हासिल की। पहली पारी में गिल ने दोहरा शतक जड़ा था। दूसरी पारी में शतक जड़ने के बाद उन्होंने ज्यादा जश्न नहीं मनाया क्योंकि उनकी निगाहें श्रृंखला बराबरी करने पर लगी हैं। इस प्रक्रिया में गिल ने किसी भी भारतीय के एक टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा रन जुटाने के मामले में महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 1971 में पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ एक टेस्ट में 344 रन बनाए थे। चाय के ब्रेक तक रविंद्र जडेजा 25 रन बनाकर गिल का साथ निभा रहे थे। दोनों पांचवें विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी निभा चुके हैं। गिल ने उप कप्तान ज्षभ पंत (58 गेंद में 65 रन) के साथ 110 रन की साझेदारी की जिन्होंने शानदार स्ट्रोक्स लगाए लेकिन बशीर की गेंद को पार्क से बाहर करने के प्रयास में अपने बल्ले पर नियंत्रण खो बैठे। सुबह के सत्र में इंग्लैंड के गेंदबाज गिल पर हावी थे तो दूसरे सत्र में भारतीय कप्तान ने विपक्षी खेमे पर दबाव बनाने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली। जोश टंग ने सत्र के शुरु में गिल के खिलाफ शॉर्ट गेंद डालने की कोशिश की और गिल दो मौकों पर इसे फाइन लेग के ऊपर से पुल करने में सफल रहे। भारत ने एक विकेट पर 64 रन से आगे खेलना शुरू किया और सुबह के सत्र में केएल राहुल (55 रन) और करूण नायर (26 रन) के रूप में दो विकेट गंवाए। राहुल ने कुछ शानदार कवर ड्राइव लगाकर अर्धशतक पूरा करने के बाद जोश टंग की खूबसूरत गेंद पर विकेट गंवा दिया लेकिन भारत ने पहले सत्र में तीन विकेट पर 177 रन बना लिए। 13 ओवर पुरानी गेंद से बादलों भरे हालात में कुछ मदद मिलने की उम्मीद थी और इंग्लैंड के तेज गेंदबाज खासकर ब्रायडन कार्स ने इसका पूरा फायदा उठाया। राहुल ने कुछ शानदार कवर ड्राइव खेले। लेकिन टंग की एक गेंद ने उन्हें चकमा दे दिया और यह भारतीय बल्लेबाज के मिडिल स्टंप उखाड़ गई। भारत ने नायर (46 गेंद में 26 रन) के रूप में दिन का पहला विकेट गंवाया। कार्स ने उन पर लगातार दबाव बनाया और नायर को ड्राइव करने के लिए लुभाना जारी रखा जिसका उन्हें फल भी मिला। कार्स की गेंद नायर के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर के हाथों में चली गई। लंबे कद के इस गेंदबाज ने पहली पारी में भी नायर को आउट किया था। उनकी एक खतरनाक बाउंसर नायर के हेलमेट पर लगी जिसके लिए कनकशन जांच भी की गई। पंत 30वें ओवर में आए और उन्होंने शुरू से ही आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने टंग की गेंद पर चौका और छक्का लगाकर अपने इरादे जाहिर कर दिए। इसके बाद उन्होंने बेन स्टोक्स की गेंद पर एक पिक अप शॉट खेला।

दर्शकों ने पंत की बल्लेबाजी का पूरा लुत्फ उठाया। पहले सत्र के अंत में पंत ने टंग की गेंद पर जोरदार स्लॉग शॉट मारने की कोशिश की, लेकिन बल्ला उनके हाथ से फिसल गया। भारत ने शनिवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन लंच तक दूसरी पारी में तीन विकेट पर 177 रन बना लिए जिससे उसकी कुल बढ़त 357 रन की हो गई। लंच के समय कप्तान शुभमन गिल 24 रन और विकेटकीपर बल्लेबाज ज्षभ पंत 41 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। भारत ने सुबह एक विकेट पर 64 रन से आगे खेलना शुरू किया। सुबह के सत्र में भारत ने केएल राहुल (55 रन) और करूण नायर (26 रन) के रूप में दो विकेट गंवाए। भारत ने पहली पारी में 587 रन और इंग्लैंड ने पहली पारी में 407 रन बनाए थे। केएल राहुल ने कुछ शानदार कवर ड्राइव लगाकर अर्धशतक पूरा करने के बाद जोश टंग की खूबसूरत गेंद पर विकेट गंवा दिया लेकिन भारत ने शनिवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन लंच तक दूसरी पारी में तीन विकेट पर 177 रन बना लिए जिससे उसकी कुल बढ़त 357 रन की हो गई। पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले कप्तान शुभमन गिल 24 रन बनाकर खेल रहे हैं।

## हम्पी की निगाह कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने पर



बातुमी (जॉर्जिया)। भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी को यहां होने वाले फिडे विश्व महिला शतरंज कप में चौथी वरीयता दी गई है और वह खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। इस प्रतियोगिता में पहले तीन स्थान पर रहने वाली खिलाड़ी कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी। चीन की लेई टिंगजी, जिनर झू और झोंगयी टैन शीर्ष तीन वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। हम्पी के साथ वे एशियाई चुनौती का नेतृत्व करेंगे।

इस प्रतियोगिता में पिछले कुछ समय से एशियाई खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिल रहा है। कैंडिडेट्स में विजेता को अगली विश्व चैंपियनशिप में चीन की मौजूदा महिला चैंपियन वेनजुन जू को चुनौती देने का अधिकार मिलेगा। इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक रेटिंग वाली 21 खिलाड़ियों को वरीयता दी गई है।

इनमें भारत की चार खिलाड़ी हम्पी, डी हरिका, आर वैशाली और दिव्या देशमुख शामिल हैं। यह एक दिलचस्प प्रारूप है, जिसमें 86 खिलाड़ी नॉकआउट चरण में चुनौती पेश करेंगे जिसमें जीत दर्ज करने वाले 43 खिलाड़ी अगले दौर में वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों के साथ शामिल हो जाएंगे। इस तरह से मुख्य टूर्नामेंट में कुल 64 खिलाड़ी भाग लेंगे।

## सील्स ने ऑस्ट्रेलिया को दिए शुरुआती झटके

सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने ऑस्ट्रेलिया के दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट करके दूसरी टेस्ट क्रिकेट मैच को रोमांचक बनाए रखा। अपनी पहली पारी में 286 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 12 रन बनाए हैं और इस तरह से उसकी कुल बढ़त 45 रन की हो गई है।

## संक्षेप

### बालाजी व रेयेस-वारेला की जोड़ी विम्बलडन से बाहर

लंदन। भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस-वारेला ने शनिवार को विम्बलडन पुरुष युगल के दूसरे दौर में चौथी वरीयता प्राप्त मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस की जोड़ी को कड़ी टक्कर दी लेकिन सीधे सेटों में हार गए। स्पेन-अर्जेंटीना की जोड़ी ने गैर वरीयता प्राप्त बालाजी और रेयेस-वारेला को एक घंटे 20 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-4 से हराया। हालांकि ग्रास कोर्ट मेजर में भारतीय चुनौती अभी बरकरार है जिसमें युकी भांबरी और रित्विक बोलिपल्ली दूसरे दौर का मुकाबला खेलेंगे। इस बीच लड़कों के एकल में कृष त्यागी चेक गणराज्य के जान कुमर्स्टेट के खिलाफ 3-6, 3-6 से हारकर पहले दौर से बाहर हो गए।

### सबालेंका ने स्थानीय दावेदार राडुकानु को दी शिकस्त

लंदन। शीर्ष रैंकिंग वाली एरीना सबालेंका ने विम्बलडन में स्थानीय दावेदार एम्मा राडुकानु के शानदार सफर को विम्बलडन में 7-6(6) 6-4 की जीत के साथ रोक दिया। ऑल इंग्लैंड क्लब में दो बार की सेमीफाइनलिस्ट सबालेंका ने शुक्रवार रात को दोनों सेटों में 2021 यूएस ओपन चैंपियन के खिलाफ जोरदार वापसी की। राडुकानु 18 साल की उम्र में यूएस ओपन में एक क्वालीफायर के रूप में अपने खिताब के बाद से अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेल रही थीं। राडुकानु 74 मिनट के पहले सेट में एक समय 4-2 से आगे थी लेकिन सबालेंका ने अगले 12 में से 11 अंक हासिल कर 5-4 की बढ़त बना ली। राडुकानु इसके बाद टाईब्रेकर में भी 6-5 से आगे थी लेकिन सबालेंका ने शानदार वापसी कर अंतिम तीन अंक को जीत कर बढ़त कायम की। तीन बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका ने इसके बाद दूसरे सेट में ब्रिटेन की खिलाड़ी को ज्यादा मौके नहीं दिये। सबालेंका पिछले लगातार तीन ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचीं, जिसमें उन्होंने पिछले साल सितंबर में यूएस ओपन जीता था।

### इंग्लैंड की कप्तान नैट सिवर ब्रंट बाहर

मैनचेस्टर। इंग्लैंड महिला टीम की कप्तान नैट सिवर-ब्रंट शनिवार को भारतीय महिला टीम के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के शेष दो मैचों से चोटिल होने के कारण बाहर हो गईं। उन्हें बाईं जांघ में चोट लगी है। इंग्लैंड टीम प्रबंधन ने बताया कि टैमी ब्यूमोंट श्रृंखला के बाकी दोनों मैचों में टीम की कमान संभालेंगी। ब्यूमोंट ने ब्रिस्टल में तीसरे मैच के दौरान भी सिवर-ब्रंट के मैदान से बाहर रहने के दौरान टीम की अगुवाई की थी। सिवर ब्रंट की जगह टीम में शीर्ष क्रम की बल्लेबाज माइया बाउचियर को शामिल किया गया है।

## बैडमिंटन : श्रीकांत कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में

एजेंसी



कैलगरी। भारत के किदाम्बी श्रीकांत ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीय चोऊ टिएन चेन पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व चैंपियनशिप के पूर्व रजत पदक विजेता और इस साल मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचने वाले श्रीकांत ने शुक्रवार रात को 43 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी चेन को 21-18, 21-9 से हराया। वर्तमान में विश्व में 49वें स्थान पर काबिज श्रीकांत का फाइनल में जगह बनाने के लिए अब जापान के तीसरे वरीय केंटा निशिमोटो से मुकाबला होगा। इससे पहले 2022 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम ने 79 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में निशिमोटो से 15-21 21-5 17-21 से हारने से पहले उनके सामने कड़ी चुनौती पेश की। महिला एकल में श्रीयांशी वलिसेट्टी का प्रभावशाली प्रदर्शन डेनमार्क की अमाली शुल्ज से हारने के बाद समाप्त हो गया। श्रीकांत ने चेन के खिलाफ शानदार शुरुआत करते हुए 5-0 की बढ़त हासिल की लेकिन चीनी ताइपे के खिलाड़ी ने वापसी करके स्कोर 16-16 से बराबर कर दिया। श्रीकांत ने हालांकि अगले छह में से पांच अंक लेकर गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में श्रीकांत ने इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली और इसके बाद भी अपना दबदबा कायम रखते हुए 19-7 की बढ़त बनाकर मैच आसानी से अपने नाम कर लिया। श्रीकांत का निशिमोटो के खिलाफ 6-4 का रिकॉर्ड है।

## इंग्लैंड ने रोमांचक जीत से रोका भारत का विजय अभियान

एजेंसी



लंदन। भारत की बल्लेबाजी अंतिम क्षणों में लड़खड़ा गई जिससे इंग्लैंड ने तीसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच रन से करीबी जीत दर्ज करके पांच मैच की श्रृंखला को जीवंत रखा। किया ओवल में शुक्रवार की रात को खेले गए मैच में इंग्लैंड बल्लेबाजी के पतन और खराब क्षेत्ररक्षण के बावजूद भारत को जीत की हैट्रिक लगाने और श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने से रोकने में सफल रहा। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।

सोफिया डंकले (75) और डैनी व्याट-हॉज (66) ने पहले विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी करके उसे शानदार शुरुआत दिलाई, लेकिन इंग्लैंड ने 25 गेंदों में 31 रन के अंदर नौ विकेट गंवा दिए और इस तरह से आखिर में नौ विकेट पर 171 रन बनाए। इसके जवाब में भारत एक समय अच्छी स्थिति में दिख रहा था। स्मृति मंधाना (56) और शेफाली वर्मा (47) ने कई जीवनदान का फायदा उठाकर पहले विकेट के लिए 85 रन जोड़े, लेकिन इसके बाद भारत की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई। लॉरेन फाइलर (30) ने 16वें ओवर में मंधाना को आउट करके इंग्लैंड की जीत की नींव रखी। सोफी एक्लेस्टोन (24), लॉरेन बेल (37) और इस्सी वोंग (36) ने एक-एक विकेट लेकर भारत को 20 ओवर में पांच विकेट पर 166 रन पर रोक दिया। भारत को अंतिम गेंद पर छह रन की जरूरत थी। कप्तान हरमनप्रीत कौर (23) बेल की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में आउट हो गई। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा मैच 16वें ओवर तक हमारी पकड़ में था लेकिन हम इसका फायदा नहीं उठा पाए। ओस का भी असर पड़ा। हमने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन हमें काफी कुछ सीखने को मिला। उन्होंने कहा हमारे गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया और क्षेत्ररक्षकों ने हमारा साथ दिया। उनकी अच्छी शुरुआत के बाद हमने शानदार वापसी की। उन्होंने अपनी रणनीति को बहुत अच्छे से अंजाम दिया। आखिर में हम सिर्फ एक बाउंड्री से चूक गए। भारत की निगाहें इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार टी20 सीरीज जीतने पर टिकी थीं, लेकिन डंकले और वायट-हॉज ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। डंकले ने 53 गेंदों की अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया जबकि व्याट-हॉज ने अपनी 42 गेंद की पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाए। दीप्ति शर्मा (27) ने 16वें ओवर में डंकले को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। अरुंधति रेड्डी (32) ने 17वें ओवर में एलिस कैप्सी (02), वायट-हॉज और एमी जोन्स (00) को आउट करके इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठाने दिया। टैमी ब्यूमोंट (02) को राधा यादव (15) ने बोल्ड किया। श्री चरनी (43) ने पैगे स्कोल्फील्ड (04) और वोंग (00) को जबकि दीप्ति ने एक्लेस्टोन (10) और फाइलर (00) को आउट किया।

## भारतीय टीम के बांग्लादेश दौरे 2026 तक स्थगित

नयी दिल्ली। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को आपसी सहमति से बांग्लादेश और भारत के बीच अगस्त 2025 में प्रस्तावित सफेद गेंद की श्रृंखला को सितंबर 2026 तक स्थगित करने पर सहमति व्यक्त की। पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक भारतीय टीम को चटगांव और ढाका में 17 से 31 अगस्त तक तीन एकदिवसीय और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों को खेलना था। बीसीसीआई ने एक विज्ञप्ति में कहा, दोनों बोर्डों के बीच चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है। इसमें दोनों टीमों की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रतिबद्धताओं और कार्यक्रम की सुविधा को ध्यान में रखा गया है। बीसीबी ने कहा कि श्रृंखला का नया कार्यक्रम उचित समय पर घोषित किया जाएगा। विज्ञप्ति में कहा गया है बीसीबी इस बहुप्रतीक्षित श्रृंखला के लिए सितंबर 2026 में भारत का स्वागत करने के लिए उत्सुक है। दौरे के लिए संशोधित तारीखों और कार्यक्रमों की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। दोनों बोर्डों ने श्रृंखला को टालने का कारण कार्यक्रम में असुविधाओं को कारण बताया लेकिन पीटीआई ने चार जुलाई को रिपोर्ट दी थी कि बीसीसीआई बांग्लादेश में सुरक्षा स्थिति को लेकर आशंकित है और इस श्रृंखला के कार्यक्रम को फिर से निर्धारित करना चाहता है। समझा जाता है कि बीसीसीआई चाहता है।

## चेल्सी क्लब विश्व कप के सेमीफाइनल में

एजेंसी



फिलाडेल्फिया। चेल्सी ने मालो गुस्टो के 83वें मिनट में लगाए गए शॉट पर आत्मघाती गोल होने से पाल्मेरास को 2-1 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बना ली। कोल पामर ने शुक्रवार की रात को खेले गए मैच में 16वें मिनट में गोल करके चेल्सी को बढ़त दिला दी, लेकिन 18 वर्षीय एस्टेवाओ ने 53वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया।

शॉर्ट कॉर्नर किक के बाद गुस्टो का शॉट डिफेंडर अगस्टिन गिया और गोलकीपर वेवर्टन से टकराकर गोल में चला गया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। फीफा ने इसे वेवर्टन का आत्मघाती गोल करार दिया। चेल्सी सेमीफाइनल में मंगलवार को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी में फ्लूमिनेंस का सामना करेगा। स्थानापन्न खिलाड़ी हरक्यूलिस ने 70वें मिनट में गोल करके शुक्रवार के पहले क्वार्टरफाइनल में फ्लूमिनेंस को अल हिलाल पर 2-।से जीत दिलाई।

**भारतीय मूल के खिलाड़ियों के बारे में सरकार का रुख सकारात्मक इरादा दर्शाता है: एआईएफएफ**

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने विदेश में रहने वाले भारतीय मूल के खिलाड़ियों को देश के लिए खेलने के लिए प्रोत्साहित करने के सरकार के रुख को उचित माना है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए उम्मीद की किरण है, लेकिन उन्होंने नीति को लागू करने में आने वाली कठिनाइयों को भी रेखांकित किया। नयी खेलो भारत नीति (राष्ट्रीय खेल नीति) को एक जुलाई को कैबिनेट की मंजूरी मिली और यह सरकार के पहले के रुख से अलग होने का संकेत देती है कि केवल भारतीय पासपोर्ट रखने वाले खिलाड़ी ही देश का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। चौबे ने एक बयान में कहा जब राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन की बात आती है तो नीति में एक ऐसी बात है जिस पर हमने सक्रिय रूप से काम किया है जो भारत की प्रवासी प्रतिभाओं तक पहुंच की है। मुझे खुशी है कि नीति में इसका संदर्भ शामिल है।

उन्होंने कहा यह सकारात्मक बयान है। एआईएफएफ फीफा और सरकार के साथ मिलकर राष्ट्रीय टीम को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास करना जारी रखेगा। चौबे ने कहा कुछ वर्षों से राष्ट्रीय टीम में ओसीआई (ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया - भारतीय मूल के नागरिक) कार्ड वाले खिलाड़ियों को शामिल करने की मांग उठ रही है। हमने देखा है कि वियतनाम, श्रीलंका, बांग्लादेश, मलेशिया, हांगकांग, सिंगापुर, मध्य पूर्वी देश और यूरोप के देश अपनी टीमों को मजबूत करने के लिए दोहरी नागरिकता वाले खिलाड़ियों का लाभ उठाते हैं। वर्ष 2008 में ओसीआई कार्ड धारकों के देश का प्रतिनिधित्व करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया जिससे कई खिलाड़ियों को भारत के विकास में योगदान करने से रोक दिया गया। खेलो भारत नीति के 20 पन्ने के दस्तावेज में कहा गया है कि खेल भारतीय प्रवासियों और देश के बीच एक मजबूत सेतु का काम कर सकते हैं जिससे भावनात्मक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंध बढ़ते हैं।

## नीरज चोपड़ा बने एनसी क्लासिक के विजेता

एजेंसी

बेंगलुरु। भारतीय भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने 86.18 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ एनसी क्लासिक 2025 का खिताब जीत लिया। केन्या के जूलियस येगो ने चौथे प्रयास में 84.51 मीटर सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया। वहीं, श्रीलंका के रुमेश पथिरागे 80.10 मीटर सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक जीतने में कामयाब रहे। भारतीय भालाफेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने शनिवार को नीरज चोपड़ा क्लासिक (एनसी क्लासिक) के पहले सत्र का खिताब जीत लिया। बंगलुरू के कांतीरवा स्टेडियम में हुई विश्व स्तरीय टूनार्मेंट में नीरज ने लगातार तीसरा खिताब जीता। उन्होंने इससे पहले पेरिस डायमंड लीग (20 जून) और पोलैंड के ओस्ट्रावा में गोल्डन स्पाइक (24 जून) में खिताब जीता था।

नीरज ने अपने तीसरे प्रयास में 86.18 मीटर की दूरी के साथ एनसी क्लासिक 2025 का खिताब अपने नाम किया। केन्या के 2025 विश्व चैंपियन जूलियस येगो 84.51 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि श्रीलंका के रुमेश पथिरगे (84.34 मीटर) ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता को जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से आयोजित किया गया था। इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने मंजूरी दी थी। नीरज चोपड़ा क्लासिक प्रतियोगिता में 12 भाला फेंक खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें सात शीर्ष अंतरराष्ट्रीय भाला फेंकने वाले खिलाड़ी शामिल थे। इसमें चोपड़ा सहित पांच भारतीय खिलाड़ियों ने भी चुनौती पेश की। विश्व एथलेटिक्स ने एनसी क्लासिक को श्रेणी ए का दर्जा दिया है। चोपड़ा ने इस साल मई में 90 मीटर की बाधा को पार किया था। उन्होंने एनसी क्लासिक से पहले ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2025 में 85.29 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ खिताब जीता था। नीरज चोपड़ा ने शनिवार को अपने शानदार करियर में एक और उपलब्धि हासिल की जब वह किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में मेजबान के रूप में भाग लेने वाले पहले भारतीय बन गए। उन्होंने यहां कांतीरवा स्टेडियम में जोश से भरे माहौल में अपना दबदबा बनाया। हरियाणा के पानीपत के खंडरा गांव के 27 वर्षीय चोपड़ा ने अपने खेल का हर सम्मान हासिल किया है। स्टेडियम में मौजूद दर्शकों की नजरें उन पर ही टिकी थी।



# सहकारी विवि खत्म करेगा भाई-भतीजावाद

## भारत के पहले राष्ट्रीय सहकारी विश्वविद्यालय की अमित शाह ने रखी आधारशिला

एजेंसी



आणंद। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि गुजरात में सहकारी क्षेत्र के लिए बनने वाला देश का पहला राष्ट्रीय विश्वविद्यालय भाई-भतीजावाद को समाप्त करने का काम करेगा क्योंकि भविष्य में इस क्षेत्र में केवल प्रशिक्षित व्यक्तियों को ही नौकरी मिलेगी। शाह आणंद कृषि विश्वविद्यालय के परिसर में जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान के परिसर में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय (टीएसयू) की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय का नाम दिवंगत त्रिभुवनदास किशीभाई पटेल के नाम पर रखा गया है, जो भारत में सहकारी आंदोलन के प्रमुखों में से एक थे और जिन्होंने अमूल की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। टीएसयू का निर्माण 500 करोड़ रुपये की लागत से 125 एकड़ पर किया जाएगा। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय इस क्षेत्र में लगने वाले भाई-भतीजावाद के आरोपों को दूर करने का काम करेगा। अतीत के विपरीत भविष्य में केवल प्रशिक्षित लोगों को ही इस क्षेत्र में नौकरी मिलेगी। पहले लोगों को काम पर रखा जाता था और फिर प्रशिक्षित किया जाता था। शाह ने कहा कि विश्वविद्यालय इस क्षेत्र में प्रशिक्षण की कमी को पूरा करेगा जिससे देश का हर चौथा व्यक्ति या कहें कि लगभग 30 करोड़ लोग जुड़े हुए हैं। शाह ने विश्वविद्यालय का नाम श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन के नाम पर न रखे जाने संबंधी कुछ लोगों की टिप्पणियों पर कहा कि सहकारी क्षेत्र में उनकी भूमिका को कभी नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा पटेल साहब (त्रिभुवन पटेल) ने सहकारी आंदोलन की अलख जगाई यह उनकी ही दृष्टिकोण था कि यह क्षेत्र आज मजबूती से खड़ा है। शाह ने कहा कि कांग्रेस के नेता जो इस तरह के सवाल उठा रहे हैं, उन्हें नहीं पता कि पटेल उनकी पार्टी से ही थे और उस समय भाजपा का अस्तित्व ही नहीं था।

# चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार व अनुसंधान समय की मांग है : लोकसभा अध्यक्ष



नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान समय की मांग है तथा उभरती स्वास्थ्य चुनौतियों के समाधान के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में तेजी से हो रही प्रगति का लाभ उठाया जाना चाहिए। बिरला ने यहां इनोवेटिव फिजिशियन फोरम के सातवें वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, अध्यक्ष ने कहा कि भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और किफायती है।

बिरला का यह भी कहना था कि भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सफलतापूर्वक बढ़ाया गया है और इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि ये सेवाएं प्रत्येक देशवासी के लिए उपलब्ध हों। उन्होंने कहा आज जहां विकसित देश बढ़ती स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, वहीं भारतीय डॉक्टर नवाचार और अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाकर विश्व में अपनी प्रतिष्ठा बढ़ा रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की सशक्त वैज्ञानिक प्रतिभा, सुदृढ़ अनुसंधान सुविधाएं और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में न केवल देश की जरूरतों को पूरा किया जा रहा है, बल्कि वैश्विक चुनौतियों के समाधान पर भी काम हो रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ने चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान के महत्व पर जोर देते हुए इसे समय की मांग बताया। बिरला ने कहा उभरती स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करने और रोगियों की देखभाल में सुधार के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में तेजी से हो रही प्रगति का लाभ उठाया जाना चाहिए। नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना और चिकित्सा अनुसंधान में निवेश करना नये उपचार विकसित करने, रोगों की रोकथाम को बढ़ाने और समग्र स्वास्थ्य सेवा तंत्र को मजबूत करने के लिए आवश्यक है।

## संक्षेप

### भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध पर नीरव मोदी का भाई गिरफ्तार

नयी दिल्ली। अमेरिकी अधिकारियों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के प्रत्यर्पण अनुरोधों के आधार पर भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के छोटे भाई निहाल मोदी को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अमेरिकी अधिकारियों ने भारत को सूचित किया कि निहाल मोदी को शुक्रवार को हिरासत में ले लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मामले की सुनवाई की अगली तारीख 17 जुलाई है और उस सुनवाई में निहाल जमानत का अनुरोध कर सकता है, लेकिन अमेरिकी अभियोजक इसका विरोध करेंगे। प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई द्वारा संयुक्त रूप से किये गये प्रत्यर्पण अनुरोध पर यह कदम उठाया गया। अमेरिकी अभियोजकों द्वारा प्रत्यर्पण की कार्यवाही दो आरोपों पर की गई, जिसमें धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 3 के तहत धन शोधन का एक मामला और दूसरा भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) व 201 (फरार होने) के तहत आपराधिक साजिश का मामला शामिल है। निहाल (46) पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े कथित 13,000 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले में आरोपी है।

# टेक्सास में बाढ़ से 27 की मौत, 23 लड़कियां लापता

एजेंसी

न्यूयॉर्क। अमेरिका में दक्षिण-मध्य टेक्सास में आई भीषण बाढ़ के बाद एक समर कैंप से कम से कम 23 लड़कियां शुक्रवार को लापता हो गईं।

चिंतित परिजनों ने सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें साझा कर गुमशुदा लड़कियों के विषय में जानकारी देने की लोगों से अपील की है। केर काउंटी के शेरिफ लैरी लीथा ने बताया कि टेक्सास हिल कंट्री में बारिश के कारण शुक्रवार को कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई और कई लोग लापता हो गए। बाढ़ के लिहाज से संवेदनशील इलाकों में वर्षों से समर कैंप आयोजित किए जाते हैं जहां प्रतिवर्ष हजारों बच्चे आते हैं। लेफ्टिनेंट गवर्नर डैन पैट्रिक ने बताया कि हंट इलाके में ग्वाडालूप नदी किनारे के मिस्टिक कैंप की 23 लड़कियां लापता हैं।

बचाव दल नाव और हेलीकॉप्टर से उनकी तलाश कर रहे हैं। अधिकारियों ने यह अनुमान लगाने से इनकार कर दिया कि क्षेत्र में कितने लोग लापता हैं, लेकिन कहा कि व्यापक खोज अभियान जारी है और अब तक 237 लोगों को बचा लिया गया है।

# हथियार डीलर संजय भंडारी आर्थिक अपराधी घोषित

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर शनिवार को ब्रिटेन में रह रहे हथियार कारोबारी संजय भंडारी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित कर दिया।

अदालत ने भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 के तहत भंडारी को भगोड़ा घोषित किया। इस आदेश से संघीय जांच एजेंसी को मजबूती मिली है, क्योंकि अब ईडी भंडारी की करोड़ों रुपये की संपत्ति कुर्क कर सकेगी। जिला न्यायाधीश (तीस हजारी) संजीव अग्रवाल ने अपने आदेश में कहा कि अदालत इस बात से संतुष्ट है कि संजय भंडारी, पुत्र दिवंगत आर के भंडारी, भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 की धारा 12(1) के तहत एक भगोड़ा आर्थिक अपराधी है और उसे भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 के उपरोक्त प्रावधान के तहत ऐसा घोषित किया जाता है। भंडारी की कानूनी टीम ने उसे भगोड़ा अपराधी घोषित करने के ईडी के कदम का विरोध करते हुए दावा किया कि उसके मुवक्किल के ब्रिटेन में रहने को अवैध नहीं कहा जा सकता, क्योंकि उसे ब्रिटेन में रहने का कानूनी अधिकार है और भारत सरकार ब्रिटेन की अदालत के फैसले से बंधी हुई है। भंडारी कानूनी रूप से वहां रह रहा है और ऐसी स्थिति में उसे भगोड़ा घोषित करना कानूनी रूप से गलत है। अदालत ने कहा प्रत्यर्पण का प्रयास भले ही विफल हो गया हो, लेकिन इससे अभियुक्त भारतीय कानूनों के उल्लंघन के लिए अभियोजन से मुक्त नहीं हो जाएगा।

# जांच की जद में आये लोगों को भारत को प्रत्यर्पित करने में आपत्ति नही : बिलावल

एजेंसी



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा है कि उनके देश को विश्वास बहाली के उपाय के रूप में जांच के दायरे में आए व्यक्तियों को भारत को प्रत्यर्पित करने में कोई आपत्ति नहीं है बशर्ते नयी दिल्ली इस प्रक्रिया में सहयोग करने की इच्छा दिखाए।

डॉन अखबार की खबर के अनुसार, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल ने शुक्रवार को अल जजीरा के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की। खबर में कहा गया कि लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) प्रमुख हाफिज सईद और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) प्रमुख मसूद अजहर को संभावित समझौते और सद्भावनापूर्ण रुख के तहत भारत को प्रत्यर्पित करने के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए बिलावल ने यह टिप्पणी की। बिलावल ने कहा पाकिस्तान के साथ एक व्यापक वार्ता के हिस्से के रूप में, जहां आतंकवाद उन मुद्दों में से एक है जिन पर हम चर्चा करते हैं, मुझे यकीन है कि पाकिस्तान इनमें से किसी भी चीज का विरोध नहीं करेगा। राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक प्राधिकरण (नैक्टा) के अनुसार, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद दोनों को पाकिस्तान ने प्रतिबंधित कर रखा है, जबकि 26/11 मुंबई आतंकी हमले का मुख्य षड्यंत्रकारी हाफिज सईद वर्तमान में आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए 33 साल की सजा काट रहा है। इसी तरह संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक आतंकवादी घोषित अजहर को भी नैक्टा ने प्रतिबंधित कर रखा है। बिलावल ने कहा कि इन व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमे वाले मामले पाकिस्तान से संबंधित थे, जैसे कि आतंकवादी गतिविधियों का वित्तपोषण। हालांकि, उन्होंने कहा कि सीमा पार आतंकवाद के लिए उन पर मुकदमा चलाना मुश्किल था क्योंकि दिल्ली की ओर से बुनियादी चीजों का अनुपालन नहीं किया गया। उन्होंने कहा भारत कुछ बुनियादी चीजों का पालन करने से इनकार कर रहा है जिसकी दोषसिद्धि के लिए आवश्यकता होती है। यह महत्वपूर्ण है इन अदालतों में सबूत पेश करना, लोगों को भारत से गवाही देने के लिए आना, जो भी जवाबी आरोप लगेंगे उन्हें सहन करना। बिलावल ने कहा अगर भारत इस प्रक्रिया में सहयोग करने को तैयार है, तो मुझे यकीन है कि किसी भी जांच के दायरे में आए व्यक्ति को प्रत्यर्पित करने में कोई बाधा नहीं आएगी।

# कांग्रेस ने एजेएल को फिर से सक्रिय करने का किया प्रयास

एजेंसी

नयी दिल्ली। नेशनल हेराल्ड धनशोधन मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता आर एस चीमा ने शनिवार को दलील दी कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की संपत्ति बेचने की कोशिश नहीं कर रही है, बल्कि उस संस्था को बचाने का प्रयास कर रही है, जो स्वतंत्रता आंदोलन का हिस्सा था। चीमा ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा लगाए गए आरोपों के खिलाफ अपनी दलीलें पेश करते हुए प्रसिद्ध अंग्रेजी लेखक मार्क ट्वेन और उर्दू कवि वसीम बरेलवी को उद्धृत किया।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, उनके बेटे राहुल गांधी, दिवंगत कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस, साथ ही सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और एक निजी कंपनी



❍ राहुल के वकील चीमा ने अदालत को बताया

यंग इंडियन पर, नेशनल हेराल्ड अखबार प्रकाशित करने वाली एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की 2,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियों का धोखाधड़ी से अधिग्रहण करने की साजिश और धन शोधन करने का आरोप लगाया है। चीमा ने सवाल किया, क्या मेरे मित्र (ईडी के वकील) मुझे बता सकते हैं कि वे एजेएल के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन (एमओए) को रखने में क्यों झिझक रहे थे? एजेएल की स्थापना 1937 में जवाहरलाल नेहरू, जे. बी. कृपलानी, रफी अहमद किदवई और अन्य लोगों द्वारा की गई थी।

मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन (एमओए), कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत किसी कंपनी के गठन के लिए आवश्यक है। चीमा ने कहा एजेएल के एमओए में कहा गया था कि एजेएल की नीति कांग्रेस की नीति होगी। एजेएल को कभी मुनाफा नहीं हुआ। आजादी के बाद की अवधि में यह कभी भी व्यावसायिक संस्था नहीं रही। उन्होंने कहा हम (अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी) एक ऐसी संस्था को पुनः सक्रिय करने का प्रयास कर रहे थे।

### तुर्किये में तीन शहरों के महापौर गिरफ्तार

इस्तांबुल। दक्षिणी तुर्किये के तीन प्रमुख शहरों के महापौरों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। सरकारी मीडिया की खबर में यह जानकारी दी गई है। मार्च में इस्तांबुल के महापौर को जेल में डाले जाने के बाद से हिरासत में लिए गए विपक्षी नेताओं की संख्या बढ़ती जा रही है। समाचार एजेंसी अनादोलु की खबर के अनुसार अदियामन के महापौर अब्दुर्रहमान टुटडेरे और अदाना नगरपालिका के प्रमुख जेदान करालार को सुबह छापेमारी में हिरासत में लिया गया। दोनों मुख्य विपक्षी दल रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी या सीएचपी के सदस्य हैं।

## इंटरटेनमेंट...

# 'धुरंधर' का फर्स्ट लुक आज होगा रिलीज



मुंबई। डायरेक्टर आदित्य धर इस साल रणवीर सिंह का जन्मदिन खास बनाने की तैयारी में थे। रणवीर सिंह का जन्मदिन 6 जुलाई को होता है और आदित्य धर का प्लान था कि जिओ स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज की अगली फिल्म 'धुरंधर' की एक खास यूनिट रणवीर को सरप्राइज गिफ्ट के तौर पर लॉन्च की जाए।

लेकिन यह खबर लीक हो गई और रणवीर तक पहुंच गई। रणवीर ने खुद आदित्य से पूछा कि क्या यह सच है। पहले आदित्य ने इस सवाल को टालने की कोशिश की, लेकिन रणवीर के बार-बार पूछने पर आदित्य ने मान लिया और उनसे कहा कि मुझ पर भरोसा करें और आधिकारिक फर्स्ट लुक के अनावरण तक इंतजार करें। प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक, आदित्य इस सरप्राइज को लेकर बहुत उत्साहित थे। उन्होंने इसे पूरी तरह गुप्त रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी। रणवीर ने 'धुरंधर' की शुरूआती झलकें देखी हैं, लेकिन जो फाइनल और दमदार फर्स्ट लुक उनके जन्मदिन पर रिलीज होना है, वह पूरी तरह गुप्त रखा गया है।

❍ डायरेक्टर ने रणवीर के जन्मदिन के लिए रखा था सरप्राइज

एक सूत्र ने कहा, रणवीर को लग रहा है कि कुछ खास आने वाला है, शायद एक सच्चा सिनेमा जैसा तोहफा, लेकिन उन्होंने फाइनल कट नहीं देखा है। सूत्र ने आगे कहा, यह आदित्य का खास तरीका है जिससे वह रणवीर का जन्मदिन यादगार ही नहीं, बल्कि आइकॉनिक बनाना चाहते हैं। रणवीर अभी 'धुरंधर' की शूटिंग में व्यस्त हैं रणवीर का 15 साल का फिल्मी करियर रहा है। उन्होंने 'बैंड बाजा बारात', 'पद्मावत', 'सिंबा', 'बाजीराव मस्तानी', 'लूटेरा' और 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' जैसी फिल्में की हैं। फिलहाल वह आदित्य धर की एक्शन-ड्रामा फिल्म 'धुरंधर' की शूटिंग में व्यस्त हैं।

# दर्द भरे नग्मों से रोमांटिक गीतों की ओर बढ़ रहा हूं : नौटियाल



मुंबई। गायक जुबिन नौटियाल के मुताबिक अब वह दर्द भरे नगमों से हटकर उत्साहजनक और रोमांटिक संगीत की ओर रुख कर रहे हैं। नौटियाल को रातां लम्बियां, लुट गए हमनवा मेरे, तुझे कितने चाहने लगे हम और तुम ही आना जैसे लोकप्रिय गीतों के लिए जाना जाता है।

नौटियाल ने को दिए साक्षात्कार में कहा पहले अलग-अलग संगीत विधाएं बहुत जटिल मानी जाती थीं। लेकिन पिछले 10 वर्षों में गाते-गाते मैंने यह सीखा कि जब भी मैं कोई गाना रिकॉर्ड करता हूं, तो बस यही सोचता हूं कि क्या मैं इसे कर पाऊंगा। मैंने हर बार कोशिश की, चाहे वह सफल हो या असफल। उन्होंने कहा कि वह अब गायकी में नए आयाम तलाश रहे हैं। नौटियाल ने कहा मैं अब ऐसी विधाओं में भी गा पा रहा हूं जिनके बारे में मैंने कभी सोचा नहीं था। लोग अब मेरे रोमांटिक अंदाज को पसंद कर रहे हैं और मुझे नए रोमांटिक गीत गाने का मौका मिल रहा है। उन्होंने बताया एक समय था जब मुझे दर्द भरे नगमों के साथ जोड़ा जाने लगा था। लेकिन अब मुझे इश्क मेरा और बर्बाद जैसे रोमांटिक गाने में प्रस्तुति देने का अवसर मिल रहा हैं।

### मैं अपने काम पर गर्व करना चाहती हूं : प्रियंका

लंदन। पूरी दुनिया में मशहूर अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस ने कहा है कि वह अपने काम पर गर्व महसूस करना चाहती हैं और यही कारण है कि वह हमेशा सार्थक भूमिकाएं निभाने का प्रयास करती हैं। प्रियंका हॉलीवुड शो सिटाडेल के साथ-साथ बेवॉच, ए किड लाइक जेक, द मैट्रिक्स रिसरेक्शंस और लव अगेन जैसी फिल्मों में अपने अभिनय से धूम मचा रही हैं। प्रियंका की ओटीटी मंच प्राइम वीडियो पर नयी फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट आई है। यह एक एक्शन कॉमेडी फिल्म है, जिसमें वह हॉलीवुड सितारों इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ अभिनय करती हुई नजर आ रही हैं।

# 'बैटल ऑफ गलवान' का मोशन पोस्टर जारी

मुंबई। सलमान खान की नेक्स्ट मच अवेटेड फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम पर मोशन पोस्टर को शेयर करते हुए, कैप्शन में गलवान वैली लिखा है। 'बैटल ऑफ गलवान' के पोस्टर में वो बिल्कुल नए अवतार में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में सलमान का चेहरा खून में लथपथ है। वो बड़ी मूंछें के साथ गुस्से में दिख रहे हैं। बैकग्राउंड में बर्फ से ढके पहाड़ नजर आ रहे हैं। ये फिल्म 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुई खतरनाक झड़प पर आधारित है। जो बिना

❍ सलमान खान दमदार लुक में आए नजर, गलवान की ऐतिहासिक जंग पर आरधारित है फिल्म

एक भी गोली चलाए लड़ी गई थी। ये जंग 15,000 फीट की ऊंचाई पर लड़ी गई थी। इस फिल्म को सलमान खान फिल्म्स प्रोड्यूस और अपूर्व लाखिया डायरेक्ट करेंगे। इसमें सलमान के अपोजिट अभिनेत्री चित्रागंदा सिंह नजर आएंगी। साथ ही फिल्म में कई नए चेहरे भी दिखेंगे। फिल्म में सलमान कर्नल बी.संतोष बाबू की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का म्यूजिक हिमेश रेशमिया देने वाले हैं। सलमान के पोस्ट पर उनके फैंस अब जमकर प्यार लुटा रहे हैं। उन्हें एक्टर का इंटेंस लुक काफी पसंद आ रहा है। एक यूजर ने लिखा- 'उम्मीद है कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बफीर्ला तूफान लाएगी'। एक्टर के दूसरे फैंस ने लिखा- 'टाइगर वापस आ रहा है।




